वहतु सा रमणी रमणीयता- १०/३५
वहन्तमुद्दामभुजङ्गमङ्गं ३१/५
वह्निशीतकरघर्मरश्मयो १४/६
वाचां तवाचान्तशुचां शुभाना- २६/२६
वाचाममी न विषये विषयेषु येषु ९/३२
वारांनिधेरिव सुधा तव दुर्निवारा ३०/५०
वारि वारितभवार्ति मूर्ध्नि ते १४/१५
वासः क्षीणदशं वयश्च करणग्रामं ९/८१
विचिन्तयञ्जीवनमेव जीवनं ७/२३
विजयजयप्रदाय शबराय वराय नमः २/३०
विजितं मया जगदमोहतया २५/७
विजृम्भमाणे तमसि प्रगल्भे १२/४
वितन्वती भक्तिमतां समानतां २९/२६
वितर नदीरमणं शमनं २४/१३
वितरणाभरणा भरणाभय- ३०/२७
विदलयितुं यमृते भवतालं ३१/१४
विद्यामविद्यामपि तां यया त्वा- २६/२९
विद्याविहीनमिव सत्कुलजस्य ११/१००
विधौ जगत्सर्गविधौ यदाहितं २/२६
विनतानन्दनं नाग- २/२२
विनयशोभि यशोभिरतं मनः २७/३१
विभुं विरिञ्चोऽपि न वेद नाम यं २९/२२
विभुमाश्रये विगलदङ्गलतः २५/२१
विभो भवद्भालविलोचनाऽनल- १२/१८
विमत्सराणां सदसद्विवेकिनां ३८/२०
विमर्शशून्येन मया निरर्थकः ३८/३
वियदियति महस्विमण्डले कः १३/९
विशदशोभयशोभय शोभय ३०/३०
विश्रान्तिर्न क्वचिदपि विपद्ग्रीष्म- ११/१२७
विषमरोषमरोः पथि पातय- २७/२१
विषमविषाग्निशिखाविकरालं ३१/१३
विषयपन्नगपाशवशीकृतं १०/५९
विषयान्प्रति प्रयतमानमदः २५/११
विषयैर्मुखे वरद कामधुरै- २५/६
विषयोपभोगरहितः ३७/१५
विस्रब्धं विलसन्त्युपस्कृतपदन्यासा ५/३३
विस्रम्भमम्भसि भजे भगवन्नगाधे ११/७८
वहितं मयि चारु चिरं २३/७
वृषलक्ष्मणः प्रणतलोकबन्धवः १६/१
वृत्तं क्व ते सकलवाङ्मनसातिवृत्तं ९/५०
व्यक्तिर्न यस्य न मतिर्न गतिर्न शक्ति- ११/९२
व्यक्तोज्ज्वलालिकचितं मुखमायताक्षं ८/३२
व्यापारय स्वपुरुषं पुरुषं परेषु ९/६७
व्योम प्रचण्डभुजदण्डविघट्यमान- २०/१३
व्योम्नीव नीरदभरः सरसीव वीचि- ३/२
शंभोरदभ्रशरदभ्रतुषारशुभ्रं ३/१०
शकलितकलितर्ष सप्रकर्ष १३/१०
शङ्का भृशं का भृतकप्रियश्चे- २६/१८
शब्दार्थमात्रमपि ये न विदन्ति तेऽपि ५/१७
शमनाय शुचां त्वमुमेश मनाक् ३०/६१
शमयितुमलमग्निमग्निरेव १३/१३
शमितसङ्गमसज्जनतापदं ३०/७२
शमिषु कामिषु कारुणिकेषु वा २७/४
शम्भो दम्भो दहति कुहकारम्भ-१७/१२
शयशयननिविष्टं वक्त्रमापाण्डुगण्डं १८/१३
शरीरं नीरोगं नवमपि वयः १०/८४
शशिशकलशिखण्ड त्वत्प्रसादेन धन्याः १८/८
शाणोपलोत्कषणशुद्धनवेन्द्रनील- १९/१३
शाणोल्लीढनवेन्द्रनीलमहसि- ३/५९
शान्तं मनो यदि यमैर्नियमैः किमन्यै- ९/३४
शान्ताकृतिर्द्विजपतिर्विमलः ११/४३
शारदीमिव नदीं प्रसादिनी- ३०/१
शिखरं द्युनदीलहरीतरलं ३१/१८

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

शिरसि स्रजेव विधुरोचितया २५/२०
शिव शिव शङ्कर शङ्कर ३७/४
शिवस्तवकृतो मधौ मलयवायुवेल्लल्लता- १०/८६
शिवेन देव्या जगृहे करोहित- २९/२
शीतस्निग्धं परिमलसुखं घानसारं २८/२१
शुभरतो भरतोऽप्यभवद्द्विषद्- २७/९
शुभवता भवता भवतारिणा ३०/२९
शुभ्रं बिभ्रत्तरुणकरुणाऽऽक्रान्तम१०/८२
शूलाधिरोहणपराभवमन्धकस्य ८/७
शृङ्गी यत्र स्फटिकशिखरी यत्र ११/१२६
शृङ्गी विवेकरहितः पशुरुन्मदोऽयं ११/५३
शैलादिवादितमृदङ्गलयानुयात- २०/१२
शैवी शिवं दिशतु शीतमरीचिलेखा ३/२३
शोकोद्रेकादविरल- गलद्बाष्पपूर्णे- १५/३५
शौर्यानलस्य परशुव्यजनेन दीप्तिं ८/५
श्मशानैकस्थानव्यसनमनलोत्तालनयनं ११/१२४
श्यामाकामुकमाधवादिविरसं ३३/६
श्रद्धानुबन्धविहितव्रतहोमदान- २०/२९
श्रयतां नवनविधौ तव २३/५
श्रीकण्ठस्य सकृत्तिकार्तभरणी मूर्तिः ३/५३
श्रीकम्बुकौस्तुभसुधांशुविषामृतानां ४/१
श्रीखण्डचन्दननिघृष्टकुरङ्गनाभि- ९/२१
श्रीमानकल्पत न कल्पतरुर्यदाप्त्यै ३/४३
श्रीर्देवी जयति यया कटाक्षितानां १३/४२
श्रुतनयास्तनयास्तनुमध्यमा २७/५
श्रेयः प्रयच्छतु परं सुविशुद्धवर्णा ३/३१
श्रोत्राण्यनर्गलगलन्मधुबिन्दुगर्भ- ५/४
श्वेतं विधोरुदयहेतुमवेत्य पक्षं ८/१६
श्वेतस्य कण्ठपुलिनात्समवर्तिपाश- ८/६
श्वेते सुदर्शनसमर्पणतत्परस्य ११/८४
श्वेतेऽमृतं यदसृजद्रविजे च वह्नि- १९/२१
षट्चक्रस्थः षडध्वप्रसरसरभसः ३४/३
संख्येष्वसंख्येष्वपि यो भटानां २६/८
संपन्नसम्पन्नवसिद्धिहेतुं २६/१७
संयोगमेत्य परमर्थपरिष्कृतस्य ५/२३
संरक्षन्भक्तवर्गं यमभटभयतः ३४/५
संसारदारुणदवानलदह्यमान- ८/३
संसारमारवपथप्रथमानखेद- ५/२०
संसाराब्धेः प्रथमलहरी १७/२०
संसारेऽस्मिन्नसारे परमिह कुशलं कर्म ३२/३७
स एष गौरीश्वर- ७/११
स जयति जगदीशशक्तिपात- १३/७
स त्वदायतनदेहलीतले १४/१०
स मा समाहितं हितं ३०/३७
स यत्र गुहबर्हिणो भवभुजङ्ग- ३/४५
स यस्य चापात्सपदि च्युतोऽच्युतः ७/३
स यस्य पादद्वयमिद्धशासनः ७/५
स यस्य पृष्ठे चरणार्पणं वृषा ७/४
स सकलासु कलासु विचक्षणः २७/२१
सकलकलिमलपटलपन्नगनिगडखण्डन-३१/२७
सकलशं सकपालमलङ्कृत- ३०/७५
सकलशंसकपालमलं कृत- ३०/७६
सखे! सखेदस्य धनार्जनं प्रति ७/३२
सञ्जीवनौषधमिदं हरहुंकृताग्नि- २०/२६
सञ्जीवनौषधिरवैमि नवा भवाग्नि- ११/४
सत्त्वधाम वरलाभयाचित १/४
सत्यं कलां वहसि बिभ्रदुमां यदर्धे ११/२१
सत्यं नश्यत्यवश्यं घनमघपटलं ३४/८
सत्यं प्रसादसमये चपलत्वमेति १९/२३
सत्यं महार्घगुणरत्न निधानमेत- १९/४
सत्येव दृग्विलसिते करुणामृतौघ- १९/२०
सदय मोदय मोदयमोक्षदं ३०/२३
सदयं यदुदारमते २३/११
सदा नगोपाहितबन्धुरस्थितिं २९/११
सदानवारिद्विरदा वरूथिनी ३०/१७
सद्यः संन्यस्तगर्वग्रहमहतमहस्त्यक्त- ३४/७
सद्विद्याभ्यसनः सभानिवसनः ३३/९
सन्तः स्मरन्ति शशिखण्ड- ७/३८
सन्तापसंपदपहारपटूनि सिद्ध- ८/२९
सन्त्यन्याः कृतिनामनामयगिरः का २४/२८
सपदि पीठविलोठितमूर्तिभि- १०/३०
सभाजनेऽनल्परतेर्नृपस्य ३०/१३
समजनि जनितस्पृहः स एक- १३/११
[illegible]मर्दन दुरिततर्दनलोलुभं ३२/५

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

समदने मदनेन वशीकृता १०/४२
समयासिषुः क्व न विकासमयाः ३०/६४
समरसमरजोभिः स्वान्तमन्तर्वहद्भि- १८/२०
समरे विकीर्णगजराजघटे २५/१०
समाश्रितस्त्वां करुणापराऽज यः २९/२०
समुचितसदसद्विचारचर्या- १३/१२
समुदेति यदश्रु शोकजं १५/२३
समुद्रजन्मानमुपादधत्करे २९/१३
समुद्रजालिङ्गितकण्ठपीठं २९/२३
सम्भ्रमभ्रमदमन्दमन्दर- १४/७
सरति सरतिरन्तर्घस्मरो मारवीर- १८/१६
सरस्वतीवेन्दुकलोद्गता करैः ३८/२
सरस्वतीसौभगसारसम्भृत- ७/२१
सर्पत्कन्दर्पदर्पज्वरभरहरणव्यग्रवर्चः ३४/१
सर्वज्ञ सर्वमवगच्छसि भूतभावि ११/६९
सर्वज्ञशम्भुशिवशङ्करविश्वनाथ- १/८३
सर्वस्वमेव मम दत्तमहाप्रहारा ९/४१
सर्वः किलायमवशः पुरुषाणुकर्म- ३/४
सर्वापहाररतिरुन्मदवक्रवक्त्र- ११/६१
ससुरासुरमानुषं जग- १५/८
सहसाऽर्क इवाऽस्मि कृतः सहसा- ३०/५९
सहस्रचरणं रविं नयनपङ्कजान्तः२०/४१
सहस्रपत्रैरिव पल्वलोदकं ३८/१३
सहस्रशीर्षा पुरुषः पुनातु वः ३८/१
सहो मयाद्यैरपि यस्य दुर्धरं ३०/१५
सा त्वं महार्घगुणरत्नसमुद्रवेला- २०/३७
साधु नाथ नुतिरीप्सया मया ३०/५
सानन्द सा नन्दनभूस्तृणं ते २६/१९
सानुग्रहोत्तमगणाश्रितपादमूलं ८/३५
सान्द्रानन्दकरे धृतामृतकरे नास्त्येष ५/३०
सान्द्रानन्दस्तिमितकरणः पुण्यनैपुण्यभागी १०/७४
साभोगं घननिबिडं नितम्बबिंबं २१/५
सामात्यभूपसदसीक्षितसूक्तिसामा ३०/५४
सारासहाऽपि मम धीस्त्वयि मन्दसारा ३०/५३
सारासारविदः सतां भयभिदः ३३/११
सिद्धं सम्यगभीष्टं ३७/१८
सिन्दूरिताऽमरमतङ्गजकुम्भशोभि १९/९
सुकृती तव भववारण- २३/२५
सुखाकरोति क्लमहन्न माधव- २९/४
सुतोऽभवद्रत्नधरः शिरोमणि- ३९/४
सुधामधुरवारुणीरसकषायकण्ठोद्भव- १०/८९
सुमनःसुलभे तथा न नाके १३/४१
सुरभिगन्धि-सहास-मुखाम्बुजा १०/२०
सुरभिर्न मम स्पृहास्पदं १५/२२
सुरमुकुटविटङ्करत्नरोचिः १३/२
सुरवरनुतधैर्या वैरिदुर्वारवीर्या १८/११
सुरसिन्धुरोधसि गृहीतकेतकी- १६/१०
सुरसुन्दरीषु रमणीयतमा २५/१८
सुरस्रोतःस्वत्यास्तटविटपिपुष्पौघ-१०/७२
सुर्दुर्लभोऽयं भवति ग्रहः पुन- १२/१३
सूक्तिं शुचिं श्रवणयोरमृतं स्रवन्तीं ८/२६
सूक्ष्मार्थदर्शनविमर्शवशप्ररूढ- ५/१६
सेवानमन्निखिलखेचरमौलिरत्न- ३/७
सेव्यन्ते भगवन्नपास्य कलितोल्लासं २८/५
सोऽयं सर्वजगत्प्रभोरशरण-३३/२९
सौवर्णः करकमले यथैव वामे २१/१५
स्तब्धा द्वारि यदास्महे क्षितिभुजां - १०/७७
स्तम्भं विजृम्भयति दम्भमयं भ्रमं च ११/७६
स्तवावलीढौकनकार्पणच्छला- ३८/२१
स्तवास्तवाऽऽहिता हिता ३०/३४
स्तुत्यस्त्वमेव स्तुतिकृत्त्वमेव १२/२
स्तोतुं वाञ्छसि संश्रितं मरकतश्यामं २८/१६
स्तौम्येव तत्राऽपि पुनः पुनस्त्वां १२/३
स्थाणुः स यत्र विभुरस्य वधूरपर्णा ११/११७
स्थानाऽस्थाननियन्त्रणाविरहितो १५/३९
स्थिरमगारमगात्मजया श्रितं २७/३
स्थिरविभा रविभातिरिवोन्मदं २७/१४
स्फारेण सौरभभरेण किमेणनाभे- ५/१९
स्फुटविकटविकस्वरप्रदीप्त- १३/३१
स्फुरितारुणचारुचक्षुषा १५/१६
स्रगिवाऽर्प्यते कलितसारसना २५/३
स्वच्छन्दस्य यदृच्छया गमयतः- ८/५१
स्वर्भानुगीर्णमिव पूर्णशशाङ्कबिम्बं ११/९८
स्वस्थावस्थैर्भृशमशुचिताशङ्किभि- १५/३६

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

स्वापः सचिन्तमनसो निशि मे दुरापो ११/३६
स्वामिनः स्थिरगुणा सवक्रिमा १/२
स्वामिन् मृडस्त्वमुरुदुःखभरार्दितोऽहं ११/६७
स्वामिन् यस्तव पादपङ्कजयुगं ३३/१८
स्वामिन् रजःपरिचितं चपलस्वभावं ९/१३
स्वामिन् वाङ्मयदेवता भगवती ३३/२
स्वामिन् सौमनसं निबध्य वपुषि ३३/१७
स्वामिन्नबान्धवतया बत या तवेयं ९/५९
स्वामिन्नमी तव भुजा भुजगाधिराज- १९/१०
स्वामिन्नसन्तमिव तत्र ९/२०
स्वामिन्निसर्गमलिनः ११/१०७
स्वामिन्नुदार-घनसार- २०/४०
स्वामिन्विचित्रचरितस्य तवाऽपदान- ९/१०
स्वामिन्सुधावदवदातरुचिस्तवेय- १९/२५
स्वामी प्रसादमुपकारिषु सेवकेषु ११/३३
स्वावभासमयमेव मायया, १/१०
स्वे धाम्नि मे हृदि कृतस्थितिमुक्तिदेवीं ११/१६
स्वेच्छाविकल्पितमदृष्टविशिष्टपाकं ११/२८
स्वैरं कैरविणीकुटुम्बकलिकालङ्कार ३३/३
स्वैरेव यद्यपि गतोऽहमधः कुकृत्यै- ११/३८
हंसाय दीर्घदोषान्त- २/१३
हन्तापहन्तापदुपद्रवाणां २६/१
हन्ताऽयमार्तिमपि नारकिणां ११/४०
हन्ताऽहन्ता प्रथयति १६/२७
हन्ताऽहन्तावृतानां मह इव रजनी २८/२७
हरचरणसरोजद्वन्द्वभक्तिप्रसादा- १८/६
हरमुपेत रसादमलं घनं ३०/७१
हरिणैः कुशाग्रकवलाभिलाषिभि- १६/११
हर्षोत्कर्षविविर्द्धिनीः परिणतक्षौद्रद्रव- ३३/८
हस्तं सदा वहति दानजलावसिक्तं ११/६२
हारीकृतोल्बणफणीन्द्रफणेन्द्रनील- ३/३२
हारोपि भार इव यत्र कुचद्वयं त- २०/२१
हालाहलाक्तमिव दुग्धमहाब्धिनीरं ११/९१
हिमकरकिरणसमूहसितं २४/७
हिमकरमकरध्वजौ न रूपं १३/३२
हिमहिमकरहारि वारि गाङ्गं १३/२५
हीनार्धनाभिनलिनालयसङ्कटत्व- ४/५
हृदय भावय भावमनाविलं १०/३९
हृद्गुहागहनगेहगूहितं, १/११
हृद्यः सुहृद्यः सुकृतोर्जिताना- २६/३
हेयोऽस्म्यसेवकतया तव चेद् ग्रहेषु ११/६३
हेलावलन्मलयमारुतकम्पितानां ९/२६
हेलावलीढभुवनत्रितयेन येन ८/१५
ह्लादवद्भिरमलैरनर्गलै १/१

○

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

स्तुतिकुसुमाञ्जलि के स्तोत्रों में प्रयुक्त छन्दों का क्रम

१. रथोद्धता १-२२, औपच्छन्दसक २३, वसन्ततिलका २४-२७, पृथ्वी २८, मन्दाक्रान्ता २९-३०, औपच्छन्दसक ३१

२. अनुष्टुप् १-२४, वंशस्थ २५-२९, नर्कुटक/नर्दटक तथा कोकिलक (न ज भ ज ज ल गा) ३०

३. वसन्ततिलका १-४४, पृथ्वी ४५, मन्दाक्रान्ता ४६-४७, शार्दूलविक्रीडित ४८, वसन्ततिलका ४९, शार्दूलविक्रीडित ५०-६०

४. वसन्ततिलका १-८

५. वसन्ततिलका १-२३, हरिणी २४, शिखरिणी २५-२७, शार्दूलविक्रीडित २८-३६

६. पृथ्वी १-८

७. वंशस्थ १-३३, वसन्ततिलका ३४-३८, पृथ्वी ३९-४०, मन्दाक्रान्ता ४१-४२

८. वसन्ततिलका १-४९, शार्दूलविक्रीडित ५०-५२

९. वसन्ततिलका १-८०, शार्दूलविक्रीडित ८१-८२

१०. द्रुतविलम्बित १-६४*, वसन्ततिलका ६५-६६, शिखरिणी ६७-७३, मन्दाक्रान्ता ७४, हरिणी ७५, शार्दूलविक्रीडित ७६-८१, मन्दाक्रान्ता ८२, शिखरिणी ८३-८४, पृथ्वी ८५-९१

११. वसन्ततिलका १-१२३, शिखरिणी १२४-१२५, मन्दाक्रान्ता १२६-१२८, पृथ्वी १२९-१३०, शार्दूलविक्रीडित १३१-१४३

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

१२. उपजाति (इन्द्रवज्रा+उपेन्द्रवज्रा) १-११, वंशस्थ १२-२१, वसन्ततिलका २२-३१, मञ्जुभाषिणी ३२

१३. पुष्पिताग्रा १-३७, औपच्छन्दसक ३८-४१, प्रहर्षिणी ४२, वसन्ततिलका ४३

१४. रथोद्धता १-१९, उपेन्द्रवज्रा २०-२२, वंशस्थ २३-२५,

अतिरुचिरा (ज भ स ज गा ४, ९=१३) २६, मन्दाक्रान्ता २७, शार्दूलविक्रीडित २८

१५. वियोगिनी १-३०, वसन्ततिलका ३१-३२, मन्दाक्रान्ता ३३-३६, शिखरिणी ३७, गीतिका (१४+१२=२६ मात्रा) ३८, शार्दूलविक्रीडित ३९, मञ्जुभाषिणी ४०

१६. मञ्जुभाषिणी १-२६, मन्दाक्रान्ता २७

१७. मन्दाक्रान्ता १-२६, स्रग्धरा२७-२८, शार्दूलविक्रीडित २९, स्रग्धरा ३०

१८. मालिनी १-२१, हरिणी २२-२३, पृथ्वी २४-२५

१९. वसन्ततिलका १-३०, मालिनी ३१

२०. वसन्ततिलका १-४०, पृथ्वी ४१

२१. प्रहर्षिणी १-१७, मञ्जुभाषिणी १८, वसन्ततिलका १९-२२, उपजाति (इन्द्रवज्रा+उपेन्द्रवज्रा)२३, शार्दूलविक्रीडित २४

२२. रथोद्धता १-११, वसन्ततिलका १२

२३. आर्या १-२७

२४. सुमुखी (न ज ज ल गा) और शशिलेखा (न ज य) की उपजाति (विषम पादों में १४ और सम पादों में १२ वर्ण) १-२५, वंशस्थ २६, पृथ्वी २७, शार्दूलविक्रीडित २८

२५. मञ्जुभाषिणी १-२५, वंशस्थ २६, द्रुतविलम्बित २७

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

२६. इन्द्रवज्रा १-३४, मालिनी ३५

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

२७. द्रुतविलम्बित १-३३, वसन्ततिलका ३४

२८. शार्दूलविक्रीडित १-२०, मन्दाक्रान्ता २१-२५, स्रग्धरा २६-२७

२९. वंशस्थ १-२४, द्रुतविलम्बित २५, वंशस्थ २६, वैतालीय (प्रथम-तृतीय पादों में १४ मात्रा और द्वितीय चतुर्थ पादों में १६ मात्रा, अन्त में रगण (ऽ।ऽ), ल (।) गा (ऽ) २७, वंशस्थ २८, द्रुतविलम्बित २९, वंशस्थ ३०-३२, जलोद्धतगति ३३-३४, मन्दाक्रान्ता ३५, शार्दूलविक्रीडित ३६

३०. रथोद्धता १-५, उपेन्द्रवज्रा ६, रथोद्धता ७-८, द्रुतविलम्बित ९, मञ्जुभाषिणी १०, वसन्ततिलका ११, पुष्पिताग्रा १२, उपजाति (इन्द्रवज्रा+उपेन्द्रवज्रा) १३, उपेन्द्रवज्रा १४, वंशस्थ १५-२१, उपजाति (इन्द्रवज्रा+उपेन्द्रवज्रा) २२, द्रुतविलम्बित २३-३०, प्रमाणिका ३१-३८, द्रुतविलम्बित ३९, तोटक ४०-४१, वसन्ततिलका ४२-५८, तोटक ५९-६१, प्रमिताक्षरा (स ज स स) ६२-६७, चण्डी (न न स स गा) ६८, सुपवित्रा (न न न न गा गा) ६९, वसन्ततिलका ७०, द्रुतविलम्बित ७१-७३, उपेन्द्रवज्रा ७४, द्रुतविलम्बित ७५-७६, तोटक ७७, पृथ्वी ७८, पञ्चचामर ७९, स्रग्धरा ८०-८१

३१. उपेन्द्रवज्रा १, उपजाति (५+३) २-४, वंशस्थ ५, प्रमिताक्षरा ६-१०, तामरस (न ज ज य) ११-१५, तोटक १६-२०, शशिकला (न न न न स) २१-२५, गीतिका (१४, १२=२६) २६-३०

३२. गीतिका १-८

३३. शार्दूलविक्रीडित १-२९, स्रग्धरा ३०-४५

३४. स्रग्धरा १-१३

३५. शिखरिणी १-२२, शार्दूलविक्रीडित २३-२५

३६. वसन्ततिलका १-३१, मन्दाक्रान्ता ३२-४१

३७. आर्या १-२०

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

३८. वंशस्थ १-२१, हरिणी २२, वसन्ततिलका २३-२५, नर्कुटक/नर्दटक तथा कोकिलक २६, पृथ्वी २७, मालिनी २८-२९, द्रुतविलम्बित ३०

३९. कविवंशवर्णनम् : वंशस्थ १-८, वसन्ततिलका ९-११, मन्दाक्रान्ता १२, शार्दूलविक्रीडित १३-१६

* १०/२७A प्रक्षिप्त रूप में है। जिसको योग में जोड़ा गया है।

O

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

'स्तुतिकुसुमाञ्जलि' में प्रयुक्त छन्दों में निर्मित पद्यों की संख्या तथा छन्दों के लक्षण

(छन्दों के लक्षण वृत्तरत्नाकर (वृ.र.), छन्दःकौस्तुभ (छ.कौ.) तथा छन्दःप्रभाकर (छ.प्र.) से लिये गये हैं।)

१. **रथोद्धता** - १/१-२२; १४/१-१९; २२/१-११; ३०/१-५; ३०/७-८ = ५९

लक्षण - रान्नराविह रथोद्धता लगौ (वृ. र. 3/38)

२. **औपच्छन्दसिक** - १/२३, ३१; १३/३८-४१ = ०६

लक्षण - पर्यन्ते र्यौ तथैव शेषं त्वौपच्छन्दसिकं सुधीभिरुक्तम्।। (वृ.र. 2/13)

३. **वसन्ततिलका** - १/२४-२७; ३/१-४४, ४९; ४/१-८; ५/१-२३; ७/३४-३८; ८/१-४९; ९/१-८०; १०/६५-६६; ११/१-१२३; १२/२२-३१; १३/४३; १५/३१-३२; १९/१-३०; २०/१-४०; २१/१९-२२; २२/१२; २७/३४; ३०/११, ४२-५८, ७०; ३६/१-३१; ३८/२३-२५; ३९/९-११ = ४८४

लक्षण - उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ गः। (वृ.र. 3/79)

सिंहोन्नतेयमुदिता मुनिकाश्यपेन। (वृ.र.3/80)

उद्धर्षिणीयमुदिता मुनिसैतवेन। (वृ.र.3/81)

४. **पृथ्वी** - १/२८; ३/४५; ६/१-८; ७/३९-४०; १०/८५-९१; ११/१२९-१३०; १८/२४-२५; २०/४१; २४/२७; ३०/७८; ३८/२७ = २७

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

लक्षण - जसौ जसयला वसुग्रहयतिश्च पृथ्वी गुरुः। (वृ.र.3/94)

५. **मन्दाक्रान्ता** - १/२९-३०; ३/४६-४७; ७/४१-४२; १०/७४, ८२; ११/१२६-१२८; १४/२७; १५/३३-३६; १६/२७; १७/१-२६; २८/२१-२५; २९/३५; ३६/३२-४१; ३९/१२ = ६०

लक्षण - मन्दाक्रान्ता जलधिषडगैम्भौं नतौ ताद् गुरू चेत् (वृ.र. 3/97)

६. **अनुष्टुप्** - २/१-२४ = २४

७. **वंशस्थ** - २/२५-२९; ७/१-३३; १२/१२-२१; १४/२३-२५; २४/२६; २५/२६; २९/१-२४, २६, २८, ३०-३२; ३०/१५-२१; ३१/५; ३८/१-२१; ३९/१-८ = ११९

लक्षण - जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ। (वृ.र.3/46)

८. **नर्कुटक/ नर्दटक तथा कोकिलक** - २/३०; ३८/२६ = २

लक्षण - यदि भवतो नजौ भजजलागुरु नर्कुटकम्। (वृ.र.3/98)

मुनिगुहकार्णवैः कृतयति वद कोकिलकम्। (वृ.र.3/99)

९. **शार्दूलविक्रीडित** - ३/४८, ५०-६०; ५/२८-३६; ८/५०-५२; ९/८१-८२; १०/७६-८१; ११/१३१-१४३; १४/२८; १५/३९; १७/२९; २१/२४; २४/२८; २८/१-२०; २९/३६; ३३/१-२९; ३५/२३-२५; ३९/१३-१६ = १०७

लक्षण - सूर्याश्वैर्मसजस्तताः सगुरवः शार्दूलविक्रीडितम्। (वृ.र.3/101)

१०. **हरिणी** - ५/२४; १०/७५; १८/२२-२३; ३८/२२ = ५

लक्षण - रसयुगहयैर्न्सौम्रौ स्लौ गो यदा हरिणी तदा। (वृ.र.3/96)

११. **शिखरिणी** - ५/२५-२७; १०/६७-७३, ८३-८४; ११/१२४-१२५; १५/३७; ३५/१-२२ = ३७

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

लक्षण - रसै रुद्रैश्छिन्ना यमनसभलागः शिखरिणी। (वृ.र. 3/93)

१२. **द्रुतविलम्बित** - १०/१-६४*; २५/२७; २७/१-३३; २९/२५, २९; ३०/९, ३९, ७१-७३, ७५-७६; ३८/३० = १०९

लक्षण - द्रुतविलम्बितमाह नभौ भरौ। (वृ.र. 3/49)

१३. **उपजाति (इन्द्रवज्रा और उपेन्द्रवज्रा)** - १२/१-११; २१/२३; ३०/१३, २२, २३-३०; ३१/२-४ = २५

लक्षण - अनन्तरोदीरितलक्ष्मभाजौ पादौ यदीयावुपजातयस्ताः। (वृ.र.3/30)

१४. **मञ्जुभाषिणी** - १२/३२; १५/४०; १६/१-२६; २१/१८; २५/१-२५; ३०/१० = ५५

लक्षण - स ज सा जगौ भवति मञ्जुभाषिणी। (वृ.र. 3/74)

१५. **पुष्पिताग्रा** - १३/१-३७; ३०/१२ = ३८

लक्षण - अयुजि नयुगरेफतो यकारो युजि च न जौ जरगाश्च पुष्पिताग्रा। (वृ.र. 4/10)

वदन्यपरवक्त्राख्यं वैतालीयं विपश्चितः।
पुष्पिताग्रामिधं केचिदौपच्छन्दसिकं तथा।। (वृ.र. 4/11)

१६. **प्रहर्षिणी** - १३/४२; २१/१-१७ = १८

लक्षण - म्नौ ज्रौ गस्त्रिदशयतिः प्रहर्षिणीयम्। (वृ. र. 3/70)

१७. **उपेन्द्रवज्रा** - १४/२०-२२; ३०/६, १४, ७४; ३१/१ = ७

लक्षण - उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ। (वृ.र. 3/29)

१८. **अतिरुचिरा** - १४/२६ = १

लक्षण - चतुर्ग्रहैरतिरुचिरा जभस्जगाः (वृ. र. 3/38)

१९. **वियोगिनी/ सुन्दरी** - १५/१-३० = ३०

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

लक्षण - विषमे ससजा गुरुः समे सभारंल्गा च तदा वियोगिनी

अयुजोर्यदि सौजगौ युजोः सभराल्गौ यदि सुन्दरी तदा (शब्दकल्पद्रुम 483)

२०. **गीतिका - १५/३८; ३१/२६-३०; ३२/१-८ = १४**

लक्षण - (14, 12 = 26 मात्रा अन्त में ।ऽ) मुख्य नियम तो यह है कि इस छन्द की तीसरी, दसवीं, सत्रहवीं और 24वीं मात्रामें सदा लघु रहती हैं। अन्त में रगण कर्णमधुर होता है।

२१. **स्रग्धरा - १७/२७-२८, ३०; २८/२६-२७; ३०/८०-८१; ३३/३०-४५; ३४/१-१३ = ३६**

लक्षण - म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयम् (वृ.र 3/105)

२२. **मालिनी - १८/१-२१; १९/३१; २६/३५; ३८/२८-२९ = २५**

लक्षण - ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः। (वृ.र. 3/87)

२३. **आर्या - २३/१-२७; ३७/१-२० = ४७**

लक्षण - लक्ष्मैतत्सप्त गणा गोपेता भवति नेह विषमे जः।
षष्ठोऽयं नलघू वा प्रथमेऽर्धे नियतमार्यायाः॥

षष्ठे द्वितीयलात्परके न्ले मुखलाच्च्वसयतिपदनियमः।
चरमेऽर्धे पञ्चमके तस्मादिह भवति षष्ठो लः॥

त्रिष्वंशकेषु पादो दलयोराद्येषु दृश्यते यस्याः।
पथ्येति नाम तस्याश्छन्दोविद्भिः समाख्यातम्॥ (वृ.र. 2/13)

२४. **सुमुखी + शशिलेखा की उपजाति - २४/१-२५ =२५**

लक्षण - न ज जलगैर्गदिता सुमुखी। (वृ.र. 3/32)

शशिलेखा (न ज य) (हेमचन्द्राचार्य छन्दोनुशासन)

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

२५. **इन्द्रवज्रा - २६/१-३४ = ३४**

लक्षण - स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः। (वृ.र.3/28)

२६. **वैतालीय - २९/२७ = ०१**

लक्षण - षड्विषमेऽष्टौ समे कलास्ताश्च समे स्युर्नो निरन्तराः।

न समाऽत्र पराश्रिता कला वैतालीयेऽन्ते रलौ गुरुः।। (वृ.र.2/12)

२७. **जलोद्धतगति - २९/३३-३४ = ०२**

२८. **प्रमाणिका - ३०/३१-३८ = ०८**

लक्षण - प्रमाणिका जरौ लगौ।

२९. **तोटक - ३०/४०-४१, ५९-६१, ७७; ३१/१६-२० = ११**

लक्षण - इह तोटकमम्बुधिसैः प्रथितम्। (वृ.र. 3/48)

३०. **प्रमिताक्षरा - ३०/६२-६७; ३१/६-१० = ११**

लक्षण - प्रमिताक्षरा सजससैरुदिता। (वृ.र. 3/60)

३१. **चण्डी - ३०/६८ = ०१**

लक्षण - प्रभवति ननससगैरिह चण्डी (छ.कौ. 2/88)

३२. **सुपवित्रा - ३०/६९ = ०१**

लक्षण - (न न न न गा गा) न चहु गगरि धरि तिय सुपवित्रा (छन्दः प्रभाकर पृ. 168)

३३. **पञ्चचामर - ३०/७९ = ०१**

लक्षण - प्रमाणिकापदद्वयं वदन्ति पञ्चचामरम् (छ.कौ. 2/123)

३४. **तामरस - ३१/११-१५ = ०५**

लक्षण - इह वद तामरसं न ज जा याः (छ.कौ. 2/73)

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

३५. शशिकला - ३१/२१-२५ = ०५

लक्षण - द्विहतहयलघुरथ गिति शशिकला। (वृ.र. 3/84)

* १०/२७A प्रक्षिप्त रूप में है। जिसको योग में जोड़ा गया है।

O

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

परिशिष्ट

॥श्रीः॥

स्तुति-कुसुमाञ्जलि

की हिन्दी टीका

टीकाकार :

भट्ट श्री मथुरानाथ शास्त्री 'मञ्जुनाथ'

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

जयन्ति कृतिनः कवरेमृतसारसिक्ताक्षरा
विकस्वरशरत्सुधाकरकरानुकारित्विषः।
पुरारिपदपङ्कजस्तवपवित्रचित्रक्रमाः
समुन्मिषितमालतीमुकुलकोमलाः सूक्तयः॥

– स्तुतिकुसुमाञ्जलिः १०/८५

श्रीशंकर के चरणकमल की स्तुति के कारण पवित्र और सुन्दर है क्रम (परिपाटी) जिनकी, अमृतसार से सींचे हैं अक्षर जिनके, शरत्काल के पूर्णचन्द्रमा की किरणों के समान कान्ति वाली, खिलती हुई जो मालती की कली उसके समान कोमल, ऐसी सूक्तियाँ (सुन्दरवाणी, रचना) किसी भाग्यवान् कवि की ही सर्वोत्कृष्ट (विजय पाने योग्य) होती हैं।।

(भट्ट श्री मथुरानाथ शास्त्री 'मञ्जुनाथ' कृत हिन्दी टीका से)

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

सम्पादकीय

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान ने जब मेरे द्वारा सम्पादित **'स्तुतिकुसुमाञ्जलिः'** के मूल पाठ के प्रकाशन का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया तो मुझे स्मरण आया कि कुछ वर्षों पूर्व जयपुर में आयोजित पुण्यश्लोक स्व. भट्ट श्री मथुरानाथ जी शास्त्री 'मञ्जुनाथ' से सम्बद्ध संगोष्ठी में यह ज्ञात हुआ था कि उन्होंने 'स्तुति-कुसुमाञ्जलि' की कोई टीका भी लिखी थी। मैंने उनके आत्मज और मेरे आदरणीय मित्र देवर्षि डा. कलानाथ शास्त्री जी से फोन पर सम्पर्क साधा। इस काम में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के मुक्तस्वाध्यायपीठ के निदेशक डा. रमाकान्त पाण्डेय ने मेरी सहायता की। उन्होंने अपने मोबाइल फोन से उनसे मेरी बात करा दी। मैंने उनसे कहा कि स्तुतिकुसुमाञ्जलि के मूल पाठ की वर्णयोजना लगभग पूरी हो चुकी है। यदि आप पं. जी की टीका प्रकाशन के लिए दे सकें तो उसे इस संस्करण में जोड़ दिया जाये। शास्त्री जी ने इसे कृपापूर्वक स्वीकार कर लिया। दुबारा फोन करने पर उन्होंने सूचना दी कि टीका का लिफाफा मिल गया है। वे उसे डाक द्वारा भेजने को तैयार थे किन्तु मैंने उसे किसी व्यक्ति के हाथ ही मँगाना उचित समझा। संस्थान में कनिष्ठ शोध अध्येता श्री रौनक कुमार ने जयपुर से टीका की पाण्डुलिपि लाना स्वीकार कर लिया। अगले ही दिन वे जयपुर जाकर उसे ले आये। शास्त्री जी से मैंने यह भी अनुरोध किया कि इस टीका के लेखन काल और संक्षिप्त इतिहास पर भी लिखित रूप में प्रकाश डालने की कृपा करें। 3 जून 2013 को उनका पत्र मुझे मिला। उस पत्र की स्कैन प्रति इस टीका के अन्त में संयोजित की जा रही है तथा हस्तलिखित पत्र की टंकित प्रति टीका के प्रारंभ में दी जा रही है।

टीका वर्णयोजना के लिए दे दी गयी। पहले सोचा था कि प्रत्येक श्लोक के नीचे उसकी टीका दी जायेगी। किन्तु बाद में ज्ञात हुआ कि यह टीका बारहवें स्तोत्र तक ही है। तब यह सोचा गया कि इसे परिशिष्ट रूप में ही प्रकाशित किया जाय। 13.6.2013 को मैंने राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के कुलपति प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी जी से अनुरोध किया कि इस टीका को मूलपाठ संस्करण के परिशिष्ट के रूप में प्रकाशित करने की अनुमति दे दें। उन्होंने कृपापूर्वक अनुमति दे दी और उसी दिन शोध-प्रकाशन-विभाग से मुझे प्रेस कॉपी देने का पत्र मिल गया।

भट्ट मथुरानाथ शास्त्री 'मञ्जुनाथ' जी ने इस टीका की रचना जोधपुर राजवंश के गुरु योगिराज स्वामी माधवानन्द जी के अनुरोध पर 1953 ई. में प्रारम्भ की। उन्होंने इसकी रचना सम्भवतः संस्कृत के विद्वानों और विद्यार्थियों के उपकार के लिए की होगी। इसीलिए टीका पद्धति से समासों का विग्रह, कहीं दण्डान्वय और कहीं खण्डान्वय का अनुसरण, यथास्थान अलंकारों निर्देश और संगति यह सब दिखाया गया है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

देवनागरी लिपि में उन दिनों संयुक्त पंचमाक्ष ें का उपयोग होता था, अतः शास्त्री जी ने भी गङ्गा, चञ्चल आदि वर्तनी स्वीकार की हैं। प्रयुक्त हिन्दी भाषा में दैं, करैं, करौ होओ आदि क्रिया रूपों का प्रयोग किया है। कोष्ठकों में कतिपय शब्दों के अर्थ दिये हैं। टीका की शैली ऐसी है जैसे कोई संस्कृत पण्डित किसी को ग्रन्थ समझा रहा हो। इस टीका का भाषागत और शैलीगत अध्ययन अपने में एक रोचक शोध-विषय हो सकता है। मैंने टीका के पाठ की यथावत् वर्ण-योजना करा दी है। कुछ स्थलों पर जहाँ अनिवार्य प्रतीत हुआ, सम्पादन कर दिया है। इस टीका का आज की हिन्दी भाषा और प्रचारित लिपि में पुनःसंस्करण यदि आवश्यक होगा तो उस पर आगे विचार किया जा सकता है। यहाँ तो प्रायः यथावत् टीका दी जा रही है। टीका के दो पन्ने- जो दस्ते के फुलस्केप साइज पर लिखे हुए हैं, भी यहाँ दिये जा रहे हैं जिससे टीकाकार के लेख से पाठक परिचित हो सकें।

टीकाकार ने यह टीका बीच में क्यों छोड़ी- यह एक विचारणीय प्रश्न है। हो सकता है कि टीका लिखते समय उन्हें यह ज्ञात हो गया हो कि 1938 में पं. प्रेमवल्लभ त्रिपाठी जी का हिन्दी अनुवाद के साथ 'स्तुतिकुसुमाञ्जलि' का संस्करण प्रकाशित हो गया है। अतः आगे टीका लिखने क़ा कोई विशिष्ट प्रयोजन नहीं है। अथवा कोई और कारण रहा हो। बहरहाल, यह टीका द्वादश स्तोत्र तक ही 113 पृष्ठों में लिखी प्राप्त हुई है।

संस्थान के कुलपति, विश्रुत कवि, आचार्य, सम्पादक और संशोधक प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी जी का मैं विशेष आभारी हूँ जिन्होंने संस्थान से इसका प्रकाशन अनुमत किया।

मैं इस टीका को प्रकाशन के लिए सात्त्विक भाव से सुलभ कराने के लिए आदरणीय देवर्षि कलानाथ शास्त्री जी – जो टीकाकार के ज्येष्ठ सुपुत्र और प्रसिद्ध संस्कृत कवि, विद्वान्, अध्यापक और यशस्वी सम्पादक हैं – का आभारी हूँ। साथ ही शास्त्री जी से त्वरित सम्पर्क सधाने के लिए डा. रमाकान्त पाण्डेय, जयपुर से पाण्डुलिपि लाने के लिए श्री रौनक कुमार (जो अब संस्थान छोड़कर दीव में संस्कृत के प्राध्यापक होकर संस्कृत का अध्यापन कर रहे हैं) तथा वर्ण- योजना में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करने के लिए श्री विपिन द्विवेदी को धन्यवाद देता हूँ।

(डा. रमाकान्त शुक्ल)
सम्पादक

'रमालय'
आर 6, वाणी विहार
नई दिल्ली- 110 059

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

कुसुमाञ्जलि की यह हिन्दी टीका

उमापति आशुतोष भगवान् शिव की स्तुति में लिखे गए शतशः काव्य, भुजङ्गप्रयात आदि हृदयावर्जक छन्दों में लिखे गए शतशः स्तोत्र सहस्राब्दियों से इस देश में विख्यात हैं। रावणकृत शिवताण्डवस्तोत्र और पुष्पदन्त कृत महिम्नः स्तोत्र तो जन-जन के कण्ठहार बन गए हैं किन्तु विद्वज्जनों में जगद्धरकृत स्तुतिकुसुमाञ्जलि की प्रतिष्ठा अनेक कारणों से पिछली सदियों में बनी रही। प्रमुख कारण तो संभवतः यह रहा कि इसमें उनका वरद, आशुतोष, सौम्य और कृपालु स्वरूप प्रमुखतः प्रतिफलित रहा, दूसरे इसकी शैली सरस, प्रसाद गुण युक्त और प्राञ्जल है जो तत्काल हृदय को आवर्जित कर देती है। यही कारण रहा कि उत्तर भारत में लिखा गया यह स्तोत्र दक्षिण भारत के अनेक विद्वानों को प्रायः कण्ठस्थ था, शैव मनीषी इसका पाठ कर आह्लादित होते थे।

आधुनिक संस्कृत के युगपुरुष प्रमुख पत्रकार विद्वत्प्रवर कविशिरोमणि भट्टमथुरानाथशास्त्री ने अपने ग्रन्थ जयपुरवैभवम् में लिखा है कि उनके गुरु वैयाकरणमूर्धन्य, शिक्षाशास्त्री महाराजा संस्कृत कालेज जयपुर के प्रधानाचार्य पं. लक्ष्मीनाथशास्त्री दक्षिणभारत के शिखरस्थ विद्वान् थे किन्तु अवकाश के क्षणों में स्तुतिकुसुमाञ्जलि के पद्यों को सस्वर गाते हुए भावविभोर हो जाते थे।

यस्य शस्य महसो निरर्गलं योगमाप्य चरणादजरेणुभिः।
अद्भुतां दधति नीरजस्कतां तं जगत्पतिमुमापतिं नुमः।

यह पद्य उनके शिष्यों को कण्ठगत हो गया था। काव्य प्रतिभा के निखार के लिए अनेक कवि स्तुतिकुसुमाञ्जलि का अनुशीलन करते थे यह मेरे पिता भट्टमथुरानाथशास्त्री बतलाते रहते थे। अतः वे कुसुमाञ्जलि के प्रारंभ से ही प्रशंसक थे।

आधी सदी से भी अधिक पहले की बात है। भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हो गई थी किन्तु देशी रियासतों का विलय नहीं हुआ था। पाकिस्तान का बटवारा हो रहा था। उस समय जोधपुर आदि कुछ रियासतें हिन्दुस्तान में मिलें या पाकिस्तान में यह दुविधा राजवंशों में हो रही है ऐसी अफवाह फैल गई थी। हैदराबाद आदि कई रियासतों के प्रमुखों की ऐसी दुविधा इतिहास को विदित ही है। उस समय जोधपुर राजवंश के गुरु योगिराज स्वामी माधवानन्द जी का प्रभाव अनेक रियासतों पर था (जिनमें ईडर भी शामिल है)। वे विद्वान् थे, तंत्रशास्त्रमर्मज्ञ थे, विवेकी थे। वे इस विवाद में प्रमुख भूमिका अदा कर रहे थे यह बात प्रसिद्ध थी। उनके सत्परामर्श से अनेक राजवंश पाकिस्तान में मिलने या अलग राज्य बने रहने की नीति छोड़कर भारत गणराज्य में सहर्ष आ मिले यह बात भी उन दिनों प्रचारित हो रही थी। ये ही स्वामी माधवानन्दजी राजस्थान की रियासतों के एकीकरण और संयुक्त राजस्थान राज्य के गठन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद राजस्थान के राज्यों का भ्रमण करते हुए जयपुर आए। यहाँ ईडर के नरेश के संयोजन में अनेक संस्कृत विद्वानों से मिले। संस्कृत रत्नाकर सम्पादक कवि शिरोमणि भट्टमथुरानाथ

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

शास्त्री से भी मिले। उनके ग्रन्थ वे पढ़ ही चुके थे। उसी समय उन्होंने भट्टजी से कहा कि जगद्धर कृत स्तुतिकुसुमाञ्जलि आपका प्रिय एवं अत्यन्त ललित स्तोत्र है किन्तु इसकी हिन्दी टीका मुझे अब तक नहीं मिली है आप यथा शीघ्र इसकी हिन्दी टीका लिखें जिसे मूल सहित प्रकाशित कराया जा सके।

स्वामी माधवानन्द जी के इस आग्रह पर भट्टजी ने 1953 में इसकी हिन्दी टीका का लिखना प्रारम्भ किया। ग्रन्थ विशाल था अतः कुछ समय लगना स्वाभाविक था। टीका पूरी हुई। इसका भली भाँति अवलोकन करें इससे पूर्व ही स्वामी माधवानन्दजी का असमय ही 'देवलोक' हो गया। तब से टीका की पाण्डुलिपि भट्टजी के संग्रह में ही पड़ी रही, प्रकाशित नहीं हुई। इसका कारण क्या रहा यह पूर्णतः मुझे ज्ञात नहीं है। या तो उन्हें कहीं से यह पता लगा हो कि इसकी हिन्दी व्याख्या आदि पहले छप चुकी है या वे अन्य काव्यलेखन, सम्पादन आदि में व्यस्त हो गए हों। इस कारण यह पाण्डुलिपि ज्यों की त्यों रखी रही।

हाल ही में भट्टजी की सम्पूर्ण ग्रन्थावली का जो प्रकाशन राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान ने किया उसमें मेरे सहयोगी सहसम्पादक डा. रमाकान्त पाण्डेय (वर्तमान में संस्थान के दूरस्थ शिक्षा केन्द्र के निदेशक) ने सूचित किया कि राष्ट्रपति सम्मानित पत्रकारप्रवर पद्मश्री डा. रमाकान्त शुक्ल स्तुतिकुसुमाञ्जलि का सम्पादन और प्रकाशन कर रहे हैं, उसके साथ भट्टजी की यह हिन्दी टीका प्रकाशित हो यह शुक्लजी की इच्छा है। शुक्लजी स्वयं भट्टजी के प्रशंसक रहे हैं, उनके पिता विद्वत्प्रवर ब्रह्मानन्द शुक्ल (खुर्जा निवासी) भट्टजी के प्रिय सुहृद् रहे हैं। शुक्लजी ने सोत्साह भट्टजी की इस हिन्दी टीका का प्रकाशन मूल के साथ करने का निश्चय कर मुझसे आग्रह किया कि तत्काल यह टीका उन्हें भेजी जाए। उन्होंने तत्काल स्वयं अपने प्रतिनिधि श्री रौनक श्रीमाली से व्यक्तिशः टीका की पाण्डुलिपि मँगवाई। यह आपके हाथों में है। इसमें सरल शैली में मूल पद्यों का आशय बतलाया गया है, उसमें जहाँ श्लेष आदि है उन शब्दों के सभी अर्थों को समझाया गया है। अन्त में अलंकार निर्देश भी है। यह संक्षिप्त टीका पाठक को मूल पद्य का आशय समझने में पर्याप्त सहायता कर देती है। इसके प्रकाशन के लिए डा. रमाकान्त शुक्लजी को शतशः धन्यवाद समर्पित हैं।

देवर्षि कलानाथ शास्त्री

(देवर्षि कलानाथ शास्त्री)
(महामहोपाध्याय, राष्ट्रपति सम्मानित)
अध्यक्ष, आधुनिक संस्कृतपीठ,
जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय,
प्रधान सम्पादक 'भारती' संस्कृत मासिक, भूतपूर्व अध्यक्ष,
राजस्थान संस्कृत अकादमी तथा निदेशक संस्कृत शिक्षा एवं
भाषा विभाग, राजस्थान सरकार।

दिनांक - 01 जून 2013

C/8 पृथ्वीराज रोड सी. स्कीम, जयपुर - 302001

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

जगद्धरकृत

स्तुतिकुसुमाञ्जलि

स्तुतिप्रस्तावनात्मकं प्रथमं स्तोत्रम्

(१)

यह मेरी वाणी स्तुतियों के कारण आठों देव के लिए श्रीशंकर के मन को शोक सकती है। क्योंकि ये स्तुतियाँ अलौकिक आनन्द देनेवाली, निर्दोष, बिना तत्वज्ञ के भवों बढ़ानेवाली, संसार में जीवन देनेवाली, तथा पाप सन्तापों को दूर करनेवाली हैं ॥१

ओज, प्रसाद आदि गुणयुक्त, श्लेष आदि अलंकारों से विचित्रता-वाली, कानों में अमृत बरसाती हुई यह मेरी वाणी भावतरङ्ग आने वाले स्वामी के उनको आठों देव के लिए स्थिर कर सकती है ॥२

(रचनी अच्छी) सुन्दर रचनावाली, निर्दोष, प्रसाद आदि गुणों से युक्त, सुन्दर छन्दों से मनोहर, रस और अलंकारों से ~~[illegible]~~ अलंकृत यह मेरी वाणी - सुन्दर अक्षरवाली, लावण्य आदि गुणवती, उत्तम चरित्र से प्रशंसनीय जनों से अलंकृत, अनुराग (प्रेम) वाली किसी प्रणयिनी की तरह स्वामी के मन को प्रसन्न करे ॥३

बरसात प्राणी के योग्य सुन्दर अक्षरवाली, किन्तु काल (यमराज) के भय से डरी हुई यह मेरी वाणी, सत्वगुण के भाव, तथा निर्मल हो भगवान् शंकर के मन में प्रवेश करे ॥४

मेना नामकी अपनी माता से शिक्षित (समझायी हुई) सर्वमङ्गला (श्रीपार्वती) ने अपना चाहा हुआ पति पाने के लिए जैसे भक्तिपूर्वक भगवान् शंकर की अपनी बुद्धि से आराधना की उसी तरह निरवद्यात्म होने के कारण सब प्रकार से मङ्गल [शुभ विशेष] मेरी इस बुद्धि से प्रेरित यह मेरी वाणी अपना अभीष्ट वर प्राप्त करने की इच्छा से भक्तिपूर्वक शंकर की आराधना करना चाहती है ॥५

हृदयाकाश से उत्थित होकर ब्रह्मरन्ध्र में अनाहत ध्वनि करनेवाले, जिसके कि भीतर समस्त वाङ्मय (चतुर्दश विद्या) लीन हैं, सत्य और सनातनस्वरूप परमेश्वर के ज्योतिःस्वरूप उस ॐकार की मैं प्रथम उपासना करता हूँ ॥६

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

उद्योग
मे मनङ्कुर हुए प्रमादी इस आपको दृष्टिपातने पहले काम (कामदेव) के भङ्ग (भस्म) को कैसे स्वीकार किया? [यहाँ भी — जो कामभङ्ग का अङ्गीकार नहीं करता वही कामभङ्ग करता है, यह आश्चर्य है। काम का अर्थ अभिलाष और कामदेव दोनों हैं। यहाँ भी वही अलङ्कार ॥ २८ ॥२८

सुमेरु, मन्दर प्रभृति पर्वत अपनी ऊँचे अपने मस्तकों (शिखरों) से इतना बड़ा गर्व (अभिमान) क्यों धारण करते हैं। चन्द्रमा जिनका आभूषण है ऐसे शम्भु के प्रणाम के लिये नीचा हुआ यह मेरा मस्तक संपूर्ण जगत् को जीतता है। इन ऊँचे मस्तकों से नीचा हुआ यह मेरा मस्तक ही धन्य है ॥ २९

हे प्रभु! यह मस्तक और और अङ्गों की अपेक्षा अतिशय सूचन करने वाला 'अनमाङ्क' (उत्तम अङ्ग, मस्तक) यह नाम धारण करता है, यह इस लिये नमस्कार करने योग्य है अर्थात् नमस्करणीय है। क्योंकि यह आपके चरणारविन्द के तलमें प्रणाम में तत्पर है [प्रणाम के कारण उत्तमाङ्ग है अन्यथा और अङ्गों की अपेक्षा कोई विशेषता नहीं] ॥ ३०

हे स्वामी! आप 'भीषण' (पहले स्वर्ण-मोहरूपी लक्ष्मी से भरे-भरे पूरे हैं, तो भी 'अनुगत' प्राणियों की प्रार्थना पहुँचे हुए हैं, प्रणामस्वरूप हैं। जो 'भीषण' (कुरूप) हैं वह 'अनुगत' नायवादी होते हैं, किन्तु आप भीषण होकर भी 'अनुगत' हैं, यह विरोध। किन्तु श्लेष से दूसरा अर्थ होने से परिहार। आप उमा (श्रीपार्वती) के 'भव' (पति) हैं, तो भी 'जनार्दन' नहीं [जनों को अर्द न पीडन नहीं करते)। जो माधव है वह 'जनार्दन' (जना, माया का अर्दन, विष्णु) होता है। आप माधव होते हुए भी जनार्दन नहीं, यह विरोध। किन्तु 'भिन्न - उमाधवः' यों पदच्छेद से उमाधव अर्थ लेकर उसका परिहार।

हे स्वामी! आप 'गजारि' (गजासुर के वैरी) हैं तो भी 'नगजा प्रिय' (नग-पर्वत-पुत्री पार्वती के प्रिय हैं। जो गज का अरि वैरी है, वह 'न गजाप्रिय' अर्थात् गज का अप्रिय ही होता है, प्रिय नहीं। किन्तु श्लेष से 'नगजा' प्रिय पार्वती यह अर्थ होने से इसका परिहार। अथवा- यह सब कुछ नहीं, सर्वसमर्थ आपकी यह अलौकिक स्वतन्त्रता है ॥ ३१

हे स्वामी! प्रभात समय के समान अरुण (लाल) कान्ति से भर कर दिया है 'भीतरीचित्त' (नेत्र) जिसने, तथा प्रकाशित है 'अलिक' ललाट जिसमें, ऐसा आपका मस्तक लोचन देखकर ऐसा अन्धकार यह तम (अज्ञान) कव नाश को प्राप्त होगा? प्रभात का सभी ऐसा है कि — 'अरुण' (अर्थात् सूर्य) की द्युति से स्थगित (बन्द) कर गया है चन्द्रमा जिसने। और प्रकटीकृत हैं 'अलि' जिसमें ऐसे हैं कमल जिसमें। अर्थात् प्रभात होते ही रात्रि के कमल में बन्द हुए भौंरे प्रकट हो जाते हैं। प्रभात में तम (अन्धकार) नाश हो जाता

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

॥श्रीः॥

स्तुति-कुसुमाञ्जलि

की हिन्दी टीका

टीकाकार : भट्ट श्री मथुरानाथ शास्त्री 'मञ्जुनाथ'

स्तुतिप्रस्तावनाख्यं प्रथमं स्तोत्रम्

(१)

❀❀❀

यह मेरी वाणी स्तुतियों के कारण थोड़ी देर के लिए श्री शंकर के मन को रोक सकती है। क्योंकि ये स्तुतियाँ अलौकिक आनन्द देने वाली, निर्दोष, बिना रुकावट के आगे बढ़ने वाली, संसार में जीवन देने वाली, तथा पाप संतापों को दूर करने वाली है।।1।।

ओज, प्रसाद आदि गुणयुक्त, श्लेष आदि अलंकारों से विचित्रता वाली कानों में अमृत बरसाती हुई यह मेरी वाणी नानातरफ जाने वाले स्वामी के चञ्चल मन को थोड़ी देर के लिए स्थिर कर सकती है।।2।।

सुन्दर रीतिवाली, निर्दोष, प्रसाद आदि गुणों से युक्त, सुन्दर छन्दों से मनोहर, रस और अलंकारो से अलंकृत यह मेरी वाणी सुन्दर व्यवहारवाली, लावण्य आदि गुणवती, उत्तम चरित्र से प्रशंसनीय, गहनों से अलंकृत, अनुराग (प्रेम) वाली ऐसी प्रणयिनी की तरह स्वामी के मन को प्रसन्न करै।।3।।

वरदान प्राप्ति के योग्य सुन्दर अक्षरवाली, किन्तु काल (यमराज) के भय से डरी हुई यह मेरी वाणी, सत्त्वगुण के धाम, तथा निर्मल ऐसे भगवान् शंकर के मन में प्रवेश करै।।4।।

मेना नाम की अपनी माता से बोधित (समझाई हुई) सर्वमङ्गला (श्रीपार्वती) ने अपना चाहा हुआ पति प्राने के लिए जैसे भक्तिपूर्वक भगवान् शंकर की अपनी

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

बुद्धि से आराधना की उसही तरह शिवपरायण होने के कारण सब प्रकार से मङ्गल (मे अनया धिया) मेरी इस बुद्धि से प्रबोधित यह मेरी वाणी अपना अभीष्ट वर प्राप्त करने की इच्छा से भक्तिपूर्वक शंकर की आराधना करना चाहती है।।5।।

हृदयाकाश से उत्थित होकर वक्षस्थल में अनाहत ध्वनि करने वाले, जिसके कि भीतर समस्त वाङ्मय (चतुर्दश विद्या) लीन हैं, सत्य और सनातन रूप परमेश्वर के ज्योतिःस्वरूप उस ॐकार की मैं प्रथम उपासना करता हूँ।।6।।

सूर्य, चन्द्र और अग्नि से दूर नहीं होने वाला अविद्या रूपी हृदय का अन्धकार जिससे तत्काल ही दूर हो जाता है ऐसे उस शिवात्मक परम तेज की आराधना करता हूँ।।7।।

बंसी, ढोल आदि के छिद्रों में आकाश की तरह, जल के तरङ्गों में सूर्य के बिम्ब की तरह, जो परात्पर एक ही ज्योति जड़ और चेतनों में अनेक की तरह प्रतीत होती है उस परम ज्योति की मैं उपासना करता हूँ।।8।।

'इस सृष्टि को कौन कैसे उत्पन्न करता है' इत्यादि तर्कनावाणियों से जो अगोचर है, जिसमें अपने आत्मा का अनुभव ही साक्षी है. जिससे समस्त संकल्प विकल्प (चिन्ताजाल) दूर हो जाते हैं, ऐसी उस पारमेश्वर ज्योति की मैं उपासना करता हूँ।।9।।

नानारङ्गवाले इन्द्रधनुष को मेघपंक्ति के द्वारा जिस तरह सूर्य प्रकाशित करता है, वैसे ही अपने से प्रकाशित होने वाले इस जगत् को मायातत्त्व के द्वारा जिसने नानारूप प्रकाशित किया है उस तेजःस्वरूप की मैं उपासना करता हूँ।।10।।

हृदय-गुफारूपी-इस गंभीर घर में जो छुपा हुआ है तौ भी जिसने समूचे तीनों लोकों को प्रकाशित कर रक्खा है, नाभि के अधोभाग रूपी गुफामुख से निकल कर ऊपर की तरफ उठते हुए प्राणवायु ने जिसकी स्थिति को स्थिर कर दिया है, जिसमें बाल्य, जवानी आदि अवस्थाएं नहीं होतीं, जिसकी उत्पत्ति और अन्त नहीं होता, रूपरहित, बिना किसी आश्रय के स्थिर रहने वाले, निरञ्जन (निर्लेप) तथा जहाँ नेत्र आदि इन्द्रियाँ नहीं पहुँचती, ऐसे जिस परमेश्वर को ऋषिगण अद्भुत-दीपक बताते है मैं उस परमेश्वर तत्त्व की स्तुति करता हूँ। दीपक छुपा रहने पर बाहर की चीज प्रकाशित नहीं करता, किन्तु यह हृदय में गुप्त रहने पर भी तीनों लोकों को प्रकाशित करता है। लौकिक दीपक वायु से

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar, New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

बुझ जाता है, किन्तु यह दीपक प्राणवायु से स्थिर है। दीपक में दशा अर्थात् बत्ती रहती है किन्तु इसमें दशा (बाल्य आदि कोई अवस्था) नहीं रहती। दीपक की उत्पत्ति और नाश है यहाँ नहीं। दीपक में रूप है और भींत आदि किसी आश्रय पर ठहरता है, परन्तु यहाँ न रूप है न आश्रय। दीपक में अञ्जन (काजल) होता है यह निरञ्जन (निर्लेप), दीपक नेत्र आदि इन्द्रियों से दिखता है, यह नहीं। अतएव यह अद्‌भुत दीपक है। विरोधाभास अलङ्कार॥11-12॥

प्रशंसनीय तेजवाले (जिन शंकर के) चरण कमल के रज (पराग) के संसर्ग पाकर भक्त लोग रजोगुण (तमोगुण) से छूट जाते हैं, उन जगत्पति श्री उमा (पार्वती) पति की मैं स्तुति करता हूँ। रज से संपर्क होने पर भी नीरजस्कता विरुद्ध है। किन्तु रजोगुण शून्यता यह परिहार है। विरोधालंकार॥13॥

हम एक अद्भुत नीलकण्ठ (महादेव और मयूर) की स्तुति आरम्भ करते हैं। महादेव कैसे हैं- जो 'चारुचन्द्रकलया' उपशोभित। सुन्दर जो चन्द्रमा की कला उससे उपशोभित हैं। भोगी जो सर्प उनसे स्नेहभाव जिनने अङ्गीकार किया है। तथा घन (प्रचण्ड) काल (अन्तक, मृत्यु) के साथ जिनने शत्रुता स्वीकार की है, ऐसे हैं। नीलकण्ठ (अर्थात् मयूर) इस अर्थ में अद्भुतता यही है कि- वह सुन्दर जो 'चन्द्रक' (मोर पंख के चँदुवे) उनके लय अर्थात् नाश से उपशोभित नहीं हो सकता, किन्तु चँदवों से सुशोभित रहता है। भोगी जो सर्प उनसे मित्रता नहीं रखता। प्रत्युत वह उनको खा जाता है। और वह घनकाल अर्थात् वर्षा समय के साथ शत्रुता नहीं रखता किन्तु उसमें प्रसन्न रहने के कारण मित्रता रखता है। व्यतिरेक अलंकार॥14॥

अपने शक्ति तत्त्व से युक्त ऐसे शिव की हम स्तुति करते हैं। जो अपनी इच्छाशक्ति से ही दो सौ चौबीस (224) भुवनों को उत्पन्न करते हैं। तथा जिनका उपकरण अर्थात् लोकों के उपकार (हित) में आग्रह है, तौ भी -'उपकरण' अर्थात् भुवनों के बनाने में जो साधन है वे प्रिय नहीं है। अर्थात् कारीगर काष्ठ पाषाण आदि साधनों से ही भुवन निर्माण करता है किन्तु श्रीशिव उपकरणों (साधनों) की अपेक्षा के बिना ही सब भुवनों की इच्छा मात्र से ही उत्पत्ति करते हैं। विरोधालंकार॥15॥

हम शंकर के उन चरण कमलों की स्तुति करते हैं, ब्रह्मा जिनको अपने हाथ से दाबते हैं। अर्थात् पगचंपी करते हैं। विष्णु ने जिनके ऊपर अपना नेत्ररूपी कमल चढाया है। और जो सूर्य देव के मुकुट के किरणों से नानारङ्ग वाले दिखाई देते हैं॥16॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

जो शंकर-इन्द्र के मस्तक में धारण की हुई मालाओं से सुशोभित चरण युगल, भस्म से रञ्जित वक्षःस्थल, चन्द्रमा के किरणों से उज्ज्वल मुकुट, धारण करते हैं, हम उनही शंकर की उपासना करते हैं।।17।।

हम-समुद्रमंथन के समय त्रिलोकी की रक्षा के लिए विष को पीने वाले, सदा आनन्द स्वरूप, उन शंकर का आश्रय लेते हैं जो मस्तक में चन्द्रकिरण की तरह सुन्दर कान्तिवाली, जल फेन के समान स्वच्छ हास्य वाली, प्राणियों के त्रिविध तापों को हरने वाली विशाल गंगा तथा ऐसे ही देह को धारण करते हैं। क्योंकि शंकर का देह भी मस्तक में धारण किये हुए चन्द्रमा के किरणों से सुन्दर है, तथा उसका हास्य भी पयः फेन की तरह सुन्दर है। तथा (आपका) शरीर भी प्राणिमात्र के त्रिविध संतापों को दूर करता है।

'जिन शंकर का सेवक सबके मनको आश्चर्यचकित करता है, क्योंकि वह (सेवक) शान्त हो गया है नया विग्रह (वैर) जिसका ऐसा होने के कारण 'शान्त-नव-विग्रह' है तो भी भीष्मता अर्थात् भयंकरता और विचित्रवीर्यता (अर्थात् जिसके चित्त से वीरता चली गई हो ऐसी स्थिति) धारण नहीं करता। जो 'शान्तनवविग्रह' शंतनु राजा से पैदा हुआ है विग्रह (शरीर) जिसका ऐसा है, वह भीष्मपितामह तथा विचित्रवीर्य (तन्नामक राजा) अवश्य होना चाहिये। (महाराज शंतनु के भीष्म और विचित्रवीर्य दो पुत्र थे)। किन्तु शंकर के सेवक में यही विचित्रता है कि 'शान्तनवविग्रह' होने पर भी भीष्मता और विचित्रवीर्यता को धारण नहीं करता। विरोध अलंकार।।

जिन शंकर ने आते हुए यम (यमराज) को अयम (संयम शून्य-हक्का बक्का अथवा- अयत्न, लाचार), तथा 'सविग्रह' विग्रह याने वैर सहित होने पर भी 'अविग्रह' (अर्थात् जला देने के कारण देह रहित) कर दिया और जिनने दर्पक (अर्थात् कामदेव) को 'अदर्पक' अहंकार रहित कर दिया, हम ऐसे श्री शंकर का आश्रय लेते है। वही अलंकार।।18, 19, 20।।

हम प्राणियों का शुभ करने वाले उन शंकर का भजन करते हैं जो गगन (आकाश) रूपी वस्त्र से वेष्टित हैं, अर्थात् आकाश के सिवाय उनके कोई वस्त्र नहीं (दिगम्बर)। प्राणियों को जीवन देने वाले गंगा के जल से युक्त हैं तथा जो भुजाओं में लपटे हुए भोगियों (सर्पो) से विभूषित हैं। यहाँ अम्बर और गगन। जीवन और वारि। भोगी और भुजग। ये शब्द एकार्थक से दिखते हैं, अतएव पुनरुक्त की शंका होती है, किन्तु उनका अर्थ दूसरा हो जाने से दोष चला जाता है और 'पुनरुक्तवदाभास' नामका अलंकार हो जाता है।।21।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

हम भगवान् शंकर के तीनों लोचनों की उपासना करते हैं, जिनमें एक-पावक अर्थात् पवित्र करने वाले अग्नि से शोभित है। दूसरा श्वेत कान्ति वाले चन्द्रमा से भासित है। तीसरा देदीप्यमान सूर्य से विराजित है। यहाँ भी पावक और शिखी। सितरुक् और हिमांशु। भास्वत् और रवि। एकार्थक से दिखते हैं किन्तु तात्पर्य दूसरा होने से 'पुनरुक्तवदाभास' अलंकार है।।22।।

हम भगवान् शंकर के तीनों नेत्र तथा त्रिशूल की तीनों शिखाओं को नमस्कार करते हैं (आगे दोनों में समानता दिखाता है) क्योंकि तीनों नेत्र 'अभय' (प्राणियों को निर्भयता) करने वाले स्वरूप को धारण करते है। त्रिशूल भी 'अभयम्' 'करमाश्रितम्', दूसरों से सदा निर्भय, तथा 'करम् आश्रितम्(शंकर के कर (हाथ) में आश्रित है। तीनों नेत्र उत्कट जो संपूर्ण धाम (तेज-सूर्य चन्द्र अग्निरूप) उनके योग (संयोग) वाले हैं। त्रिशूल की शाखात्रय भी प्रचण्ड जो संपूर्ण तेज उनके योग वाला है (अर्थात् पूर्ण तेज से युक्त है)। शंकर का नेत्रत्रय शुचि अर्थात् पवित्र हैं तारका (आँखों के डेले) जिसमें ऐसा है। तथा त्रिशूल का शाखात्रय भी शुचि अर्थात् पवित्र है, तथा 'तारकम्' दैत्यों के युद्ध समुंद्र से देवताओं को तराने वाला है।।23।।

बड़े भाग्यवाले सज्जन- ध्यान के समय मूँद लिए नेत्रों से उत्पन्न हुए प्रेमाश्रु प्रवाह से जिनका कपोल भाग नहा गया (भींग गया) है ऐसे होकर- चन्द्रमा की कला को मस्तक का भूषण बनाने वाले भगवान् श्री शंकर की 'हे शंकर हे शंकर' इस तरह स्तुति करते हैं।।24।।

मैं दुःखमय इस कलियुग के समय में दिशाओं को भूलकर, व्यर्थ ही बड़े लम्बे कुरस्तों में (शंकरोपासना से अन्य मार्गो में) भूल रहा हूँ। अब शिवकी स्तुति रूपी नन्दनवन में विश्राम करके वह मेरा समग्र खेद (संताप) समाप्त होता है।।25।।

पूर्णिमा के चन्द्रकिरण की तरह सुन्दर अपने वाहन हंस के साथ रहने वाली श्रीवाग् देवी (वाणी, सरस्वती) भी जो हमारे मैले मन में विश्राम कर रही है वह श्रीचन्द्रशेखर भगवान् शंकर का सौभाग्य (महिमा) है (नानापापों से मलिन मेरा मन कहाँ, और सदा स्वच्छ रहने वाली वाग्देवी कहाँ? परन्तु भगवान् शंकर की महिमा से मेरे मनमें सरस्वती विश्राम करती है, जिससे कि मैंनें शंकर की स्तुति निर्माण किया। यह कवि का विनय निवेदन हैं)।।26।।

संयम को धारण करने वाले हे चित्त! सर्वसुन्दर जिन शंकर को 'अहीनभोगाः' ('अहीन्' सर्वश्रेष्ठ वासुकि आदि सर्पो के 'भोग' शरीर भूषित करते हैं, और

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

जिन शंकर की स्तुति करके भक्त लोग 'न हीना भोगाः येषां अर्थात् परिपूर्ण भोग (मनोरथ) वाले होते है, उन शंकर को छोड़कर अपनी वाणियों को परत्र (और जगह 'मही-नभोगाः) पृथ्वी और आकाश आदि में जाने वाली करना उचित नहीं। यह ही खेद की बात है। यहाँ चारों चरणों के अन्त में एक से पद आने के कारण 'पादान्तयमक' नामक अलंकार है।।27।।

प्रशस्त गुणों से जगत् में गौरव को प्राप्त करके जो चन्द्रशेखर भगवान् शंकर का ध्यान करते हैं उनकी वाणी सफल होती है। इसलिए उमा (पार्वती) के साथ महान् विलास करने वाले (उन शंकर) के प्रति मैंने मेरी निर्मल बुद्धि अब स्तुति में लगा दी है।।28।।

इस संसार में इने गिने धन्य लोग- इस मर्त्यलोक को सुकृत का मित्र (अर्थात् पुण्यों से मिलने वाला), अतएव दुर्लभ मानकर तथा संपूर्ण व्यसनों को दूर करने वाले विवेकरूपी एक मित्र को प्राप्त करके, निर्मल और मधुर तथा भक्तिरूपी अमृत से सिंचे, अपने वचनों से चन्द्रकला को अपने मस्तकका भूषण बनाने वाले हंस (परमात्मस्वरूप) उन शंकर की स्तुति करते हैं।।29।।

जो काव्य भीतरसे शून्य हो अर्थात् जिसमें लक्ष्यार्थ व्यङ्ग्यार्थ न हो, ओजः प्रसाद आदि गुण युक्त न हो, तथा रस शून्य और सर्गबन्ध रहित हो, वह स्थल में पैदा हुए कमल की तरह सुन्दर मन वाले चतुरों के लिये हृद्य (हृदयंगम, मनोहर) नहीं होता। स्थलकमल भी शून्य (पोला) गुण यानी तन्तुओं से रहित नीरसंसर्गहीन (स्थल में पैदा होने के कारण नीर अर्थात् पानी के संसर्ग से रहित) होता है। ऐसा होने पर भी अविच्छिन्न प्रगाढ प्रेम के कारण उत्पन्न हुई भक्ति से वह सर्वगुणयुक्त, अतएव अगर्ह (निन्दाकर योग्य नहीं)। अतएव ईश (सर्वैश्वर्य के सागर) भगवान् उसको कान के समीप लाने के योग्य हैं। अर्थात् मेरा काव्य गुण रहित है तो भी एक दृढ आसक्ति के कारण भगवान् शंकर उसको कृपया सुन सकते हैं। यह यहाँ विनय का भाव है।।30।।

अथवा-अमृत बिन्दुओं को बरसाने वाली, अमन्द आनन्द देने वाली चन्द्रमा की कान्ति जिस तरह चन्द्रकान्तमणि को आर्द्र (गीला) कर देती है। इस ही तरह दृढ आसक्ति के कारण - अमृत बरसाने वाली, सहृदयों को अमन्द आनन्द देने वाली, इन्दु (चन्द्र) की तरह कान्तिवाली यह मेरी वाणी इन्दु (चन्द्र) के समान सुन्दर श्रीगिरिजानाथ (शिव) को निश्चय ही कृपा से आर्द्र कर देगी।।31।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

पशुपतिसेवाकुञ्ज मञ्जुनाथकरकञ्जकृत।
कुसुमाञ्जलिसुमपुञ्ज मृत्युञ्जयरञ्जक प्रथम॥

भट्ट श्री मथुरानाथ शास्त्री मञ्जुनाथ कृत हिन्दी टीका का
प्रथम स्तोत्र समाप्त।

O

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

नमस्कारस्तोत्राख्यं द्वितीयं स्तोत्रम्

(२)

❀❀❀

जो परम पुरुषार्थ (मोक्षस्वरूप) होने के कारण आनन्दरूप हैं। अथवा- जो वास्तव में एकरूप (असाधारण) हैं। जिनने अपनी इच्छा से यह भेदप्रपञ्च (द्वैत-अर्थात् अपने से अलग देव-मनुष्य-पशु आदि) दिखलाया है, किन्तु आप उससे अलग हैं। अतएव परमात्मा (चिदानन्दघनस्वरूप), ऐसे भगवान् शंकर को प्रणाम हो।।1।।

जहाँ अविद्या-अस्मिता-रागद्वेषादि संपूर्ण क्लेशों का अभाव है। सत्त्व-रजस्तमरूप तीन गुणों की गाँठ पड जाने से दुर्भेद (अति कष्ट से खोला जाय) ऐसे संसार बन्धन को दूर करने वाले भगवान् शिव को नमस्कार हो।।2।।

जिनके चरणों को संपूर्ण देवताओं के मुकुट स्पर्श करते हैं, जगत् रूपी नगर की निर्माण-क्रीडा ही जिनका सुखदायक कार्य है (अर्थात् जिनने क्रीडामात्र से जगत् का निर्माण कर दिया) ऐसे भगवान् को नमस्कार।।3।।

चन्द्रमा की कला से जिनका मस्तक सुशोभित है, त्रिविध (आध्यात्मिक आधिदैविक आधिभौतिक) ताप तथा मोहरूप अन्धकार से जो वैराग्य खेद उसको जानने वाले, अर्थात् भक्तों के खेद को जान कर दूर करने वाले श्री शिव को नमस्कार।।4।।

भक्तजनों के इस लोक, परलोक संबन्धी समस्त मनोरथों के लिये कल्पवृक्ष (अर्थात् पूरण करने वाले), चन्द्रमा की कला से जिनका जटा जूट मण्डित है, ऐसे भगवान् शम्भु को नमः।।5।।

अज्ञान से हारे हुए (अर्थात् भटके हुए) प्राणिवर्ग पर दया करने वाले, सूर्य-चन्द्र-अग्निरूप तीन नेत्रवाले श्रीशिव को नमस्कार।।6।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

यमराज के हुंकार से डरे और पीडित प्राणियों को हर्ष देने वाले, संसार रूपी दावानल से व्याकुल दीनों पर अमृत बरसाने वाले, श्री शिव को नमस्कार।।7।।

मदमत्त कामदेव के अभिमानरूपी ज्वर को दूर करने वाले, संसार रूपी कठिन रोग को दूर करने वाले अपूर्व वैद्य श्रीशिव को नमस्कार।।8।।

जन्म-जरा (बुढापा)-मृत्यु, के डर से दुःखित हुओं की रक्षा करने वाले, दयारूपी अमृत के कारण कोमल अन्तःकरण वाले-कपालधारी श्रीशिव को नमस्कार।।9।।

स्वभाव से ही विघ्नरहित ऐसे प्रसन्नतारूपी अमृत के समुद्र। संसार रूपी मरुभूमि (निर्जल प्रदेश के संतापो से सताये हुओं के बन्धु ऐसे श्री शिव को नमः।।10।।

कृपारूपी अमृतवर्षा और अभयदान रूपी गर्जना करने वाले, भयंकर ताप देने वाले संसार रूपी ग्रीष्म काल के खेद को दूर करने वाले महाकाल (कल्पान्त में संहारकर्ता श्री शिव) रूपी महाकाल (मेघसमय रूपी महान काल, वर्षा समय) को नमः।।11।।

वाणी और मन से भी जिनकी महिमा वर्णन नहीं की जा सकती, सत्त्वरजस्तम तीन गुण वाले, बुद्धि-सुख-आदि आठ गुण वाले, तथा अनन्तगुण वाले, किं वा किसी भी गुण से रहित कार्य के लिए ब्रह्मा का रूप धारण करने वाले श्री शिव को नमः।।12।।

बड़े दोष रूपी जो दोषा (रात्रि) उसके अन्त करने वाले, हृदय रूपी आकाश में विचरने वाले, तथा अपने तेज रूपी महिमा से समस्त अज्ञानरूपी तम (अन्धकार) को दूर करने वाले ऐसे हंस अर्थात् परमात्मस्वरूप हंस (अर्थात् सूर्य) श्री शिव को नमः।।13।।

जो सुन्दर रङ्ग वाले चन्द्रमा से, गणपति से तथा स्वामिकार्तिक से अपूर्व प्रभु शोभा को धारण करते हैं, ऐसे कामदेव को जीतने वाले उन शंकर को नमः। यहाँ सुवर्ण-चन्द्र-इत्यादि सब ही सुवर्णवाचक शब्द होने से पुनरुक्त से दिखते हैं किन्तु उनका तात्पर्य दूसरा हो जाने से पुनरुक्तवदाभास अलंकार है।।14।।

अपने अङ्ग का भङ्ग करके भी जो भक्तों पर अनुग्रह करते हैं (पहले मुनिशाप से शंकर के लिङ्ग का भङ्ग हो गया था, भगवान् उसके पूजन से ही भक्तों पर दया करने लगे)। जिनने वज्र चलाते हुए इन्द्र के भुजरूपी स्तम्भ (खंभे) को स्तम्भित कर दिया (रोक दिया) उन शम्भु को नमः।।15।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

जो असाधारण (बेजोड़) हैं, पूज्य हैं, न्यायमार्ग का उपदेश देने वाले हैं, ब्रह्मादि सब देवताओं में मस्तक स्थानीय है, दीनों को अभीष्ट देने वाले है, तथा धन्य हैं, उन स्वामी (श्रीशिव) को नमस्कार।।16।।

जिनने काल (मृत्यु) का भी संहार कर दिया। जिनके गले की कान्ति काले लोहे के समान है। (विषपान के कारण), जिनके जटाजूट को गङ्गा ने धो दिया है। जिनकी कला (शक्ति) का अपाय (नाश) कभी नहीं होता, ऐसे श्रीशिव को नमः।।17।।

लोकों को जीतने वाले इन्द्र ने, सर्वसमर्थ श्रीविष्णु ने, तथा ब्रह्मा ने भी वेद और उपनिषदों से जिनकी स्तुति की, ऐसे स्वामी श्रीशिव को नमस्कार।।18।।

आठ कुल पर्वत जिसके पत्ते हैं, संपूर्ण सुमेरु जिसकी कर्णिका (बीच की डोडी), शेष नाग जिसका नाल है, ऐसे कमलरूपी आसन पर बैठे हुए ब्रह्मारूपी श्रीशंकर को नमः।।19।।

जो बिना किसी कारण के ही अर्थात् केवल दया के वश होकर ही सपङ्क (पङ्क-पापसहित) जनको अभयदान देने को प्रवृत्त हैं, उन पङ्कजनाभि (विष्णु) रूपी प्रभु, श्रीशंकर को नमस्कार।।20।।

जिनका अर्द्धदेह उमा (पार्वती) सहित है। जिनने अर्द्धचन्द्रमा मस्तक पर धारण किया है, श्वेतनामक राजा को अभय देने में जिनका श्वेतकान्ति वाला यश उत्पन्न हुआ है, एसे श्रीशंकर को नमस्कार।।21।।

विनत अर्थात् नम्र (नमस्कार करते हुए) भक्तों को आनन्द देने वाले नाग अर्थात् हाथी का जो विग्रह (शरीर, शरीर का ऊर्ध्वभाग) उससे उग्र (उत्कट, तेज) मुखवाले विनायक (श्रीगणेश) को तथा दूसरा अर्थ होता है कि 'विनता' नाम की माता के पुत्र तथा नागर अर्थात् सर्पों के साथ जो विग्रह (युद्ध) उसके कारण क्रूर मुख वाले वि (अर्थात् पक्षियों के) नायक गरुड को 'उप-आसना' (गरुड पर बैठने वाले) श्री विष्णु पर दृष्टि से अनुग्रह करते हुए स्वामी श्री शंङ्कर को नमस्कार।।22।।

ब्रह्मा-विष्णु-रुद्र रूप से जिनका यश फैला है, इस ही लिये क्रम से जगत् की उत्पत्ति पालन और संहार करने वाले संसार समुद्र के सेतु (संसार से पार उतारने वाले), वृषकेतु (नन्दिकेश्वर पर बैठने वाले) श्री शंकर को नमः।।23।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

अलग-अलग नाम के कारण अलग-अलग दिखाई देने वाले कर्णभूषण-कंकण-मालादि में जैसे सुवर्ण। तथा समुद्र-नद-नदी आदि में जैसे जल, नाम से भिन्न है, किन्तु सुवर्ण और जल के रूप में सब एक हैं, इस ही तरह सुर-नर-पशु-पक्षी आदि में नाम से भिन्न दीखने पर भी जो परमात्मा रूपी तेज सब एक है, उस परात्पर तेजोरूप शंकर को नमः।।24।।

एकमात्र जिनकी सेवा करने पर बड़े से बड़े देवता की वर प्राप्ति के लिये इच्छा नहीं होती जिनने आपत्ति में पड़े हुए समस्त दीनों के पालन का व्रत (नियम) ले रखा है, एसे सर्वसमर्थ पिनाकी (अर्थात् पिनाक नामक धनुष को धारण करने वाले) श्री शिव को नमः।।25।।

भगवान् ने जगत् की सृष्टि के लिये ब्रह्मा में जो स्थापन किया, जगत् की स्थिति (पालन) के लिए विष्णु में जो स्थापन किया, संहार के लिए अर्द्ध चन्द्रमा धारण करने वाले (श्रीशंकर) में जो स्थापन किया, उस परात्पर तेज (श्रीशंकर) को नमः।।26।।

तारकासुर को मारने वाले (स्वामिकार्तिक) को जिनने उत्पन्न किया। जिनके तीनों नेत्रों के ताराओं (डेलों) में सूर्य-चन्द्र-अग्नि रूप तीन तेज हैं। जिनके पवित्र कार्य जगत् के तारक (उद्धार करने वाले) हैं, एसे तारकराज (चन्द्र) को मस्तक पर धारण करने वाले श्री शिव को नमस्कार।।27।।

मस्तक पर अमृतभानु (चन्द्रमा) को रखने वाले को नमस्कार। अमृत (मोक्ष) सिद्धि देने वाले को नमस्कार। अमृत का घड़ा जिनके हाथ में हैं, उनको नमस्कार। अमृत भैरव रूप धारण करने वाले अथवा काल ग्रास समाधि में लगे योगिरूप श्री शंकर को नमः।।28।।

अज्ञान के पर पार में अर्थात् उस को उलाँघ कर जिनकी परात्पर (सर्वोत्कृष्ट) स्थिति है। पदमार्ग-वर्णमार्ग-मन्त्रमार्ग आदि समस्त मार्गों में जिनकी शक्ति बँट गई है। ब्रह्मा-विष्णु-रुद्रादि रूपों में क्रम से जिनकी मूर्ति अलग-अलग दिखाई देती है। शान्ति में स्थित योगियों को जिनने भोग और मोक्ष दिए हैं ऐसे श्री शिव को नमस्कार।।29।।

तपस्या के फल रूप में विजय अर्थात् अर्जुन को जय देने वाले ऐसे शबर (भिल्ल) रूपधारी श्रेष्ठ शंकर को नमः। सकल पापों के संकर (समूह) को हरने वाले श्री हर को नमः। जगत् को नीरोग करने में जिनका उत्कृष्ट वैभव है ऐसे

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

श्री भव (शिव) को नमस्कार। उत्कृष्ट से उत्कृष्ट वर देने में जिनने लोकों का कल्याण प्रकाशित किया है ऐसे श्री शिव को नमस्कार।।30।।

पशुपतिसेवाकुञ्ज मञ्जुनाथकरकञ्जकृत।
कुसुमाञ्जलिसुमपुञ्ज यह द्वितीय शिवचरणधृत।।

द्वितीय स्तोत्र समाप्त।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

आशीर्वादस्तोत्रम्

(३)

❀❀❀

जो सत्तारूप से सदा वर्तमान है, जिसमें अविद्या आदि कोई आवरण नहीं। जहाँ अपनी आत्मा का अनुभव ही एक प्रमाण (साक्षी) है। जिसमें दूसरी चीज का अनुभव ही न हो, ऐसे परम आनन्द का स्थान। संपूर्ण जगत् का एक मात्र मूलकारण (अर्थात् नीचे के कालाग्निरुद्र भुवन से लेकर ऊपर के शिवभुवन पर्यन्त 224 भुवनात्मक जगत् का कारण)। पूर्व, पश्चिम आदि दिशा, देश (स्थान, भूत, भविष्यद् वर्तमान-आदि काल, यह ऐसा, इतना इत्यादि परिच्छेद (इयत्ता-परिमाण), इत्यादि का जिसमें हस्तक्षेप (पुहँच) नहीं, ऐसा परात्पर तेज हम को कल्याण दे।।1।।

बादल जैसे आकाश में तरङ्ग समूह जैसे सरोवर में, चन्द्रमा का तेज जैसे सूर्य के तेज में जिस तरह उत्पन्न होता है और फिर उसही में लीन हो जाता है। इस ही तरह यह दृश्य प्रपञ्च (जगत्) जिसमें उत्पन्न होता है और फिर लीन हो जाता है वह भगवान् शंकर का वैभव (ऐश्वर्य) हमारी समृद्धि के लिये हो।।2।।

तीनों लोको की उत्पत्ति-स्थिति और संहाररूपी क्रीडा को करने वाला जो कार्य के लिये विष्णु शिव और ब्रह्मा का रूप धारण करता है जिसकी शक्ति संपूर्ण मनुष्यों की वाणी और मन से अतीत (परे) है, वह देव हम को सदैव अक्षय कल्याण दे।।3।।

जिसकी दया से- आत्मा, द्व्यणुक त्र्यणुक, शुभाऽशुभ कर्म, काल आदि यह कारण समूह विवश होकर विश्व की रचना में चतुर बन जाता है- त्रिलोकी के सर्वतन्त्र स्वतन्त्र स्वामी श्री महेश्वर आपकी रक्षा करैं। (इस जगत् सृष्टि मे- परमात्मा की दया (इच्छा) कर्ता (कुम्भकार) के स्थान पर, परमात्मा के ही लघुतर अंश प्रतिबिम्बभूत जीवात्मा के संबन्धी पृथिवी-जलादि के अणु (उपादान कारण) मृत्तिका के स्थान पर। सृष्टि के शुभाशुभ कर्म (निमित्त कारण) दण्ड के

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

स्थान पर। काल आदि (सहकारि करण) चक्र (चाक) आदि के स्थान पर हैं। यों परमशिव से उत्पन्न हुए सृष्टि प्रपञ्च को समझना चाहिये।।4।।

जिन भगवान् शंकर के ज्ञान और क्रिया किसी कारण की अपेक्षा (जरूरत) नहीं रखते। स्वतन्त्र जो अपने आगे भासित होते हुए विश्व प्रपञ्च को हाथ में लिये हुए आमलक (आँवला) की तरह तटस्थता से देखते हैं। वह परमेश्वर आपको लाभ (अर्थात् कल्याण) दें।।5।।

जिनकी महिमा का कोई उल्लंघन नहीं कर सकता। जो काल (मृत्यु) का खंडन (दूर) करने वाले हैं, बालक जिस तरह गैंदो से, इस तरह जो इन्द्र, ब्रह्मा, विष्णु आदि के द्वारा खेलते हैं, जिनका ब्रह्मादि भी पार नहीं पाते, वह पार्वती के पति प्रभु भगवान् शंकर आपका पाप दूर करैं।।6।।

सेवा के समय प्रणाम करते हुए देवताओं के मुकुटों में लगे हुए रत्नों की कान्ति से जिनके चरणों के स्थापन करने की चौकी लाल दिखाई देती है। इस ही लिये- नानारङ्ग वाले गेरू आदि धातुओं के शिखर पर शोभित चन्द्रमा के समान सुन्दर प्रतीत होने वाले भगवान् शिव आपका पोषण (रक्षण) करैं।।7।।

भुजाओं में जहाँ सर्पों के बाजूबन्द हैं। मस्तक पर तरङ्गों से आकाश को छूने वाली जहाँ गङ्गा बिराजती है। ललाट ऐसा है जिससे निकलते हुए अग्नि ने चपलता से भ्रमण करते हुए कामदेव का दाह कर दिया ऐसे प्रभाव वाले शरीर को धारण करने वाले श्रीशिव आपके संपूर्ण अभिलाष पूरण करैं।।8।।

जो त्रिलोकी के गुरु, अग्नि कुण्ड-यज्ञ के मण्डल-कमण्डलु (कलश) मन्त्र आवाहनादि मुद्रा-ध्यान-पूजा-स्तोत्रपाठ-जप इत्यादि का गुरु के द्वारा उपदेश दिवाकर भक्तों पर भोग तथा मोक्ष रूपी अनुग्रह करते हैं, वह शंकर आपको अनुरक्त करैं।।9।।

शरत्काल के विशाल मेघ के समान सुन्दर, चमकते हुए भस्म की श्वेत कान्ति जिसमें शोभित है, भ्रमर के समान जिसमें कण्ठ की कान्ति है, शरत्काल के पूर्णिमा चन्द्र के समान सुन्दर श्री शंकर का वह शरीर आपको शुभ दे।।10।।

गुरु को द्वार बनाकर जिनके बताये हुए, आगमशास्त्रोक्त, स्थिर उपाय को प्राप्त करके जिनके भक्त स्वर्ग, मोक्ष तथा अणिमादि सिद्धियों के द्वारा सर्व समर्थ हो जाते हैं। शुभाशुभ संपूर्ण कर्मफल प्राप्ति के प्रामाणिक स्थान (आश्रय) वह देव (शंकर) आप की वाञ्छित सिद्धि के लिये हों, अर्थात् आपके मनोरथ सिद्ध करैं।।11।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

भगवान् स्थाणु श्री शिव (तथा बिना पत्ते आदि का ठूँठ) अपने अद्भुत शरीर के द्वारा आपको कल्याणप्रद हों। भगवान् का शरीर मूल (उत्पादक) कारण से रहित है (भगवान् सब के कारण हैं, शिवका कोई उत्पादक नहीं)। कलिका (शिर में रहने वाली चन्द्रमा की कला) से युक्त है। त्रिविध तापों की शन्ति में समर्थ है। प्रणाम करने वाले भक्तों को लेश मात्र भी विपत्ति नहीं देता। तत्काल ही शुभफल देने वाला, तथा सुमन (अर्थात् देवताओं) के द्वारा उपासित है।

बिना पत्ते आदि के ठूंठ में अद्भुतता यही है कि वह मूल (अर्थात्) जड से रहित है (ठूंठ में जड जरूर होनी चाहिये।) उसमें पुष्पों की कलियाँ है। उसके नीचे आने वाले को वह शान्ति (ग्रीष्म ताप से) देने वाला है। विगत पल्लव (बिना पत्ते का) न ही। अर्थात् उसमें खूब पत्ते हैं। (ठूँठ में पत्ते कली नहीं होते् किन्तु इसमें पत्ते, पुष्प की कलिया हैं, यही आश्चर्य है)। तत्काल इसमें फल लगते हैं और सुमन (यानी पुष्प) उनसे युक्त हैं, यही आश्चर्य है। श्लेषमूलक विरोधालंकार।।12।।

ईश्वर (भगवान् शंकर) से आदर किया हुआ। (मस्तक पर धारण करने के कारण) द्विजाधिपति (नक्षत्रपति चन्द्रमा तथा ब्राह्मणों में श्रेष्ठ) आपके अन्धकार और त्रिविध संतापों को दूर करै। जो (चन्द्रमा) समीपस्थित गङ्गा के स्नान और तृतीय नेत्र में स्थित अग्नि के सेवन से शुद्ध, कलङ्क रहित देह को धारण करता है। तथा जो दोषा (रात्रि) के संबन्ध से रहित है (शंकर के मस्तक पर रहने के कारण)। दूसरे अर्थ में ब्राह्मण श्रेष्ठ भी तीनों सन्ध्या के समय गङ्गास्नान, पावक सेवन (अर्थात् अग्निहोत्र सेवा) इनसे उसका शरीर पवित्र और लौकिक कलङ्क (निन्दा) आदि से रहित है। वह (ब्राह्मण श्रेष्ठ), दोष जो (मानसिक चपलतादि पातक) उनके संबन्ध से रहित है। वह ईश्वरों से (देश के समर्थ राजाओं से) वन्दित है। अतएव तिमिर (अविद्यारूप अन्धकार तथा संसार भ्रमण जन्य ऊष्मा (संताप) की शान्ति करै।।13।।

जिनके पुत्र का कर (हाथ तथा सूंड) सदा दान जल (मद का जल तथा दान देने के लिये संकल्प का जल) से पूर्ण रहता है। धनद (कुबेर और धन देने वाला निधिपति) जिनके पास आज्ञाकारी बना रहता है। संपूर्ण दिशाओं में फैले हैं कर (किरण और हाथ) जिसके ऐसे राजा (चन्द्रमा और भूपति) ने जिसके मस्तक में आश्रय लिया है। वह सोने को बरसाने वाला मेघ भगवान् शंकर आपका पालन करै (मरुत्त नामक राजा के घर में सात दिन पर्यन्त भगवान् शंकर ने सौना बरसाया था)। जिनके समीप पुत्र, भृत्य और राजा इस तरह के रहते हो, वह सोने की वर्षा करैं इसमें क्या आश्चर्य? श्लेष मूलक काव्यलिङ्ग अलंकार।।14।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

जहाँ दिन को करने वाला सूर्य तथा रात्रि को करने वाला चन्द्रमा ईर्ष्याभाव को छोड़कर साथ-साथ रहते हैं। ऐसे ही जल और अनल (अग्नि), अमृत और हालाहल (विष) निर्वैर होकर साथ-साथ रहते हैं। जहाँ उज्ज्वल नया राजा अधिष्ठाता है, ऐसा भगवान् शंकर का शरीर आप को वाञ्छित सिद्धि दे (भगवान् के सूर्य चन्द्रात्मक नेत्र हैं। ऐसे ही मस्तक में गङ्गाजल तथा तृतीय नेत्र में अग्नि। कण्ठ में विष तथा हस्त में अमृत का घड़ा। मुकुट पर नया राजा (अर्थात् एक कलात्मक चन्द्रमा)। नया राजा जब होता है तो एक बार विप्लव हुआ करता है। किन्तु भगवान् के शरीर में पूर्वोक्त सब निर्वैर रहते हैं।।15।।

जो ईश्वर श्रुतियों (वेदों) के वक्ता तथा श्रुतियों (कानों) को (अमृतमय वेदवाणी सुनाने के कारण) सुख देने वाले हैं (ब्रह्मा रूप से)। जो कमल से अङ्कित हस्त और कमला (लक्ष्मी) से अङ्कित वक्षःस्थल धारण करते हैं (विष्णु रूप से)। जो मस्तक पर हैमवती (हिमाचल से पैदा हुई गंगा) को तथा शरीर में (वामाङ्ग में) हैमवती (हिमालय की पुत्री पार्वती) को धारण करते हैं (शंकर रूप से)। यों सृष्टि स्थिति संहार के लिये त्रिधा (तीन प्रकार से) विद्यमान भगवान् शिव हमारे कल्याण के लिये हो।।16।।

त्रिपुरान्तक (त्रिपराऽसुर को मारने वाले) भगवान् शंकर का तीनों लोकों में पूजित वह त्रिशिख (त्रिशूल) आध्यात्मिक आधिदैविक आधिभौतिक तीनों तापों को दूर करै। तीनों तेजों (सूर्य-चन्द्र-अग्नि)का लयन (घर) वह नयनत्रय (तीनों नेत्र) धर्म, अर्थ, काम, रूप तीनों पुरुषार्थों की सिद्धि के लिये हो। तथा त्रिस्रोता (त्रिपथगा, गंगा) का त्रिलोकपूजित जल तीनों मलों (शरीर का अणु संबन्धी, माया संबन्धी, कर्म संबन्धी) के दूर करने के लिये हो।।17।।

पुण्यवान् लोग जिनके दर्शनरूपी अमृत के सुखानुभव से् अपने नेत्र कमलों को बहुत देर तक आधे मुँदे हुए धारण करते हैं। मानों नेत्रमार्ग में आये हुए जो सूर्य और चन्द्र उनके किरण सम्बन्ध से ही आधे मिचें हो (आनन्दानुभव की अवस्था में नेत्रकमल अपने आप अधखुले रह जाते हैं किन्तु कवि ने उत्प्रेक्षा की है कि जिन भगवान् के दर्शन का आनन्द ले रहे थे उनके नेत्र में सूर्य और चन्द्र दोनों हैं। चन्द्रमा का स्वभाव कमल को बंद कर देने का और सूर्य का काम उनको विकसित कर देने का है। इस लिये आधा मूँद देना चन्द्रमा का और चन्द्रमा के कारण आधा खिला देना सूर्य का काम हुआ। अतएव नेत्र कमल आधे खुले रहे)। उत्प्रेक्षालंकार।।18।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

दृष्टिमात्र से काल को दूर करते हुए अद्भुत चमत्कारकारी जिन शंकर ने श्वेत (श्वेत नामक राजा) को काल से अभय प्राप्ति के कारण सफलप्रयास बना दिया। तथा दुष्ट चित्तों के श्वेत यश को दूर करते हुए जिनने सज्जनों के काल (समय) को सर्वलोकों से प्रशंसनीय बना दिया। वह शंकर आपकी रक्षा करें। पूर्वार्द्ध में –काल का निग्रह और श्वेत पर अनुग्रह। उत्तरार्द्ध में – श्वेत की शान्ति और काल को कृतार्थ कर देना, प्रभुता के कारण उत्तमचमत्कारकारित्व दिखाया है। श्लेषमूलक काव्यलिङ्ग।।19।।

प्रमथाधिप (शंकर) का भूरे रंग का जो जटाजूट ललाटस्थित अग्नि के साथ मित्रता धारण करता है। और जहां सर्प (कंठ में लपेटा हुआ वासुकि नाग) अग्नि के साथ समरसता (अत्यन्त-प्रीति) रखता है। तथा सर्प शिखी (अर्थात् स्वामिकार्तिक के मयूर) के साथ स्नेह रखता है। वो शिव का जटाजूट बैरियों के साथ भी रोषरहित व्यवहार को आपके सामने प्रकट करै। यहाँ बभ्रु' का दूसरा अर्थ होता है, 'नकुल' (नेऊला)। वह अग्नि के साथ प्रीति कैसे करता है तथा सर्प मयूर के साथ समरसता (अत्यन्त प्रीति) कैसे रखता है, यह विरुद्ध बातें दिखाई देती है? किन्तु श्लेष से 'बभ्रु' का 'भूरे रङ्ग का' यह अर्थ हो जाता है, तथा शम्भु के प्रभावातिशय से भी उसका परिहार हो जाता है।।20।।

जिनके मस्तक पर नेत्राग्नि की ज्वालामालाओं से सब तरफ से व्याप्त हुआ जो गंगाजल, उससे चारों तरफ से घिरा हुआ चन्द्रमा ऐसा मालूम होता है जैसे अब भी बाडवाग्निकी ज्वालाओं से घिरे हुए रमणीय क्षीरसमुद्र के बीच में स्थित हो। ऐसे वह महेश्वर आप की रक्षा करैं।।21।।

आपकी वह शंकर रक्षा करैं, जिनके चरण-रेणु समूह से (अर्थात् चरणरजरूपी) धूलि बिछाकर लेखपट्टी की तरह बनाये पुण्यवानों के ललाटों पर विधाता यह अक्षर लिखता है कि – 'भूमि में यह भूपतियों के मस्तक पर रखी हुई मालाओं से पूजितचरणकमल सम्राट् होगा।' महेश्वर की पदधूलि ललाट पर लगते ही विधाता को उसे सम्राट् बनाना पड़ता है।।22।।

शंकर के जटाजूट पर जो सर्प उसके रत्न-किरण पड़ जाने से रक्त वर्ण हुई वह चन्द्रमा की कला आप को कल्याण दे, जिसका प्रतिबिम्ब अपने कुचतट पर पड़ जाने पर देवी पार्वती नवीन नखक्षत की बुद्धि से उसको अपने उत्तरीय के अञ्चल से ढाँकती है।।23।।

चन्द्रशेखर भगवान् के शरीर के वामार्द्ध में विराजनें वाली पार्वती के कुच का वह अग्रभाग आपको मोक्ष दे, जो (अग्र.) अपराधी कामदेव ने पूजा के लिये

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

सुवर्ण के पट्टे के मध्य में स्थापित पन्ने के शिवलिङ्ग की सी शोभा को प्राप्त होता है। पार्वती का वक्षः स्थल सुवर्ण सिंहासन के समान, तथा वक्षःस्थल के ऊपर का स्तनाग्रभाग पन्ने के शिवलिङ्ग के समान वर्णित किया है।।24।।

जो चन्द्रमा की कान्तियें शंकर के जटा जूट की शोभा को ऐसी कर देती हैं मानों क्षीरसागर की तरङ्गों से घिरा मन्दरपर्वत हो। और जिनने गङ्गा की महातरंगों को दुगुना कर दिया है। वह शीतरुचि (चन्द्रमा) की कान्तियाँ आपके पाप को दूर करें।।25।।

जो (गङ्गा) तीनों लोकों के मङ्गल की जन्मभूमि है। जो सब से ऊँचे (स्वर्ग से भी महान्) स्थान के चढ़ने के लिये निसैनी (सीढ़ी) है, और जो चन्द्रशेखर के मुकुट रूप ध्वजा की पताका (फहराने वाला कपड़ा) है, और जिसने नीति का मार्ग सबके आगे प्रकट किया है (त्रिलोकी के कल्याण करने के कारण तथा पापियों के पातक दूर करने के कारण) वह जह्नु राजा की पुत्री भगवती गंगा आपकी रक्षा करै।।26।।

ललाटाग्नि की ज्वालाओं से जिसके संपूर्ण छिद्रभाग पूरित हो गये हैं, ऐसा भगवान् शंकर के शिर में स्थित कपाल आपको कल्याण दे। महाप्रलय के समय रुद्रभगवान् कालाग्नि रुद्र होकर जिस समय अनेक लोक समूहों को पकाते हैं, उस समय जो महानस (रसोई) का काम देता है।।27।।

चन्द्रमा का तेज (प्रकाश), श्रीगंगा का जल, हस्त में स्थित सुवर्ण कलश में भरा हुआ अमृतरूप जल, कृपा से स्निग्ध (सरस) दृष्टि और श्वेत हास्य ये सब आपके भवाटवी में भ्रमण जन्य संताप को दूर करने के लिये हों।।28

गंगा से श्वेत मस्तक पर श्वेत ही चन्द्र-कला, श्वेत कैलास शिखर पर श्वेत ही वाहन (नन्दिकेश्वर), हिम के समान श्वेत शरीर पर श्वेत ही भस्म यों भगवान् श्री शंकर की सदृश में सदृश संघटना (सदृश का सदृश के साथ मेल) आपको पुष्ट करै (अर्थात् भक्तिरस का उत्कर्ष करै)।।29।।

तपे हुए सुवर्ण के सदृश (पीले) जटाजूट पर चन्द्रकला, नवीन पत्ते के समान (लाल) हस्त में कपाल, रक्त ओठ पर यह श्वेत हास्य, यों यह भगवान् शंकर की अद्भुत शोभा (अन्य रङ्ग के साथ अन्य रङ्ग का मेल) आपका कुशल करै।।30।।

श्रेष्ठ कवि की वाणी के समान-सुन्दर विशुद्ध (सफेद) वर्ण (रंग) वाली, तथा पूर्ण हो गई है अभिलाषा जिनकी ऐसे इन्द्रादि देवश्रेष्ठों से वन्दनीय तथा पुण्य

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(प्रणाम करते ही पापियों को भी पवित्र करती हुई), बाल चन्द्रमा है शेखर में जिनके ऐसे भगवान् श्रीशंकर के चरणों का यह धूलिकणसमूह आपको कल्याण दे। कवि की वाणी भी कैसी है- विशुद्ध अर्थात् वर्णनीय रस के उपयुक्त हैं वर्ण (अक्षर) जिसमें ऐसी, पूर्णाभिलाष जो विबुधाधिप (पण्डितश्रेष्ठ) उनसे भी प्रशंसनीय, तथा पुण्य (सुन्दर, हृदय में पैंठने वाली)।।31।।

कण्ठ में हार के स्थान पर स्थापित किया हुआ जो भयंकर सर्प, उसके फण की जो इन्द्रनीलमणि, उसकी नीली कान्ति के मिल जाने से चित्र वर्ण हुआ ऐसा वह शंकर का वक्षःस्थल, भक्तिरस उत्पादन से आप का पोषण करै, जिस वक्षःस्थल में आलिङ्गन के समय पार्वती के स्तन के अग्रभाग में लगा हुआ कस्तूरी के लिखे मकर-चित्र का चिह्न छुप गया है। कस्तूरी का श्याम चिह्न इन्द्रनील मणि की श्याम प्रभा में मिल गया।।32।।

नवीन नील कमल के समान श्याम द्युति वाला वह भगवान् शितिकण्ठ (शिव) का कण्ठ आपको सुन्दर (शिवभक्ति के अनुकूल) बुद्धि दे। जो केतकी पुष्प के समान सुन्दर (शिवभक्ति के अनुकूल बुद्धि दे। जो केतकी पुष्प के समान श्वेत रङ्ग के वासुकि (हार बनाये हुए सर्प) के शरीर के संयोग से गंगा प्रवाह से मिले हुए आकाशगङ्गण की सी शोभा धारण करता है। शंकर का नीला कण्ठ आकाश के समान। उस पर श्वेत वासुकि नाग का शरीर गंगा प्रवाह के समान। उपमा।।33।।

दया के समुद्र तथा आश्रित (शरणागत) हैं प्यारे जिनको ऐसे शरणागतवत्सल भगवान् शंकर आपको आनन्द दें, जिनने सेवकी तरह चरण कमलों में पड़े हुए क्षीरसमुद्र के बेटे (बालक चन्द्रमा) को अपने मस्तक पर रखकर लाड लडा रखा है। जो अपने आश्रितों को मस्तक पर भी बैठा लेते हैं उनकी आश्रितवत्सलता किससे छुपी हुई है।।34।।

वर्षा का अन्त और शरद् ऋतु के आदि के दिनों के (ऋतुसंधि में) आकाश की तरह जो (नेत्रत्रयी, तीनों नेत्र) राजा (चन्द्रमा) हंस (सूर्य) शिखी (अग्नि) इन तीनों की कान्ति से पूर्ण है, तथा अतिशीघ्र (भक्तों को प्रणाम करते ही) जिसने अविद्या का घना आवरण (आच्छादन) दूर कर दिया है, जो शीघ्र ही प्रसाद (भक्तों पर प्रसन्नता, अनुग्रह) को धारण करती है वह भगवान् शम्भु की दृक् (दृष्टि, नेत्रत्रयी) आपके अभीष्ट फल को पकाने वाली (पूर्ण करने वाली) हो। ऋतुसन्धि का आकाश भी राजहंस और शिखी (मयूरों) से पूर्ण कान्तिवाला होता है, उसमें घनों (मेघों) का आवरण दूर हो जाता है। शीघ्र ही प्रसाद (निर्मलता) आ जाता है।।35।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

भीतर धारण किये हैं अहिमकर (सूर्य) अग्नि और बाल चन्द्रमा जिसने तथा गङ्गा के सङ्गम से सुन्दर एवं भक्ति करने वाले पण्डितों के लिये- हाथी, अच्छे घोड़े तथा लक्ष्मी (धन) का लाभ करने वाला भगवान् शंभु का नेत्रत्रय (तीनों नेत्र), समुद्र के शरीर की तरह आपको अमृत देने वाला हो। समुद्र का शरीर भी कैसा है कि - जिसने अन्दर धारण कर रखे हैं अहि (सर्प) मकर (मगर) बाडवाग्नि और चन्द्रमा जिसने ऐसा है। सब नदियों के समुद्र में मिलने के कारण-समुद्र शरीर भी गङ्गा के संगम से सुन्दर है। तथा सुमनसाम् (अर्थात् देवताओं के लिये) ऐरावत हाथी, अश्व (उच्चैःश्रवा घोड़ा) कौस्तुभादि-लक्ष्मी का लाभ करने वाला है। तथा वह भी सुमनसाम् (देवताओं के लिये) अमृत देने वाला है।।36।।

पुरारि (भगवान् शंकर) का वह नेत्रत्रय जो श्री (शोभा) और लक्ष्मी (धन) का स्थान है, वह आपको श्री (अर्थात् मोक्षलक्ष्मी) दे। जिस नेत्रत्रय में अग्नि जिह्वा (शिखा-ज्वाला) फैला कर कण (हवनीय का लेश) नहीं चाहता, (क्योंकि शंकर के नेत्र में स्थित अग्नि नित्य तृप्त है) और जो लक्ष्मी के धाम (घर) में रहता है वह भी जिह्वा फैलाकर किसी से धान्यांश नहीं माँगता। और जिस नेत्रत्रय में दूर हो गया है वसु (तेज) जिसका ऐसा अर्क (सूर्य) प्रत्येक रात्रि में अग्नि में प्रवेश नहीं करता। (रात्रि में सूर्य का तेज अग्नि में चला जाता है, यह आगम प्रसिद्ध है)। किन्तु नेत्रत्रय के सूर्य और अग्नि सदा जाज्वल्यमान रहते हैं। श्रीधाम में रहने वाला भी दूर हो गया है वसु (धन) जिसका ऐसा नहीं होता, सदा उसके पास धन रहता है। और क्षीण होकर चन्द्रमा नेत्र में रहने वाले सूर्य का कभी आश्रय नहीं लेता (अमावास्या के दिन क्षीण हुआ चन्द्रमा सूर्य का आश्रय लेता है (सूर्य और चन्द्र दोनों एक कक्ष्या में आ जाते हैं) किन्तु नेत्रत्रय का चन्द्रमा सूर्य का आश्रय नहीं लेता। और जो श्री (लक्ष्मी) के धाम में रहता है वह कभी क्षीण (दरिद्र) नहीं होता जो दूसरे का आश्रय ले।।37।।

भगवान् शंकर का वह नेत्रत्रय आपकी रक्षा करै। जहाँ शिशिर ऋतु में भी सूर्य का उत्तर दिशा में गमन (उत्तरायण) नहीं होता (मकर राशि के प्रारम्भ में सूर्य का उत्तरायण प्रसिद्ध है किन्तु शंकर के नेत्रत्रय में सूर्य सदा (एक सा है)। जहाँ चन्द्रमा की कलाओं का कृष्णपक्ष में अपलाप (हानि-क्षीणता) नहीं होती (नेत्र में रहने वाला चन्द्र सदा प्रकाशमान रहता है)। और जहाँ अग्नि दिन में क्षीण तेज धारण नहीं करता (लोक का अग्नि दिन में उतना नहीं चमकता जितना रात्रि में। किन्तु नेत्र का अग्नि सदा प्रज्वलित रहता है)।।38।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

शंकर के शरीर के वे तीनों नेत्र आपके कल्याण के पोषण करने वाले (बढाने वाले) हों। जिनमें सुन्दर तेजवाला अम्बरमणि (सूर्य) आश्रय लेता है। और अनलस (कभी मन्द नहीं होने वाले अर्थात् सदा तेज रहने वाले) जिस (नेत्रस्थ अग्नि) ने काम और यम को 'अनलसात्' अग्नि के अधीन अर्थात् जला दिया। और जो चन्द्र से पैदा होने वाले अमृत की भूमि (स्थान है। अर्थात् ये नेत्रत्रय क्रम से सूर्य अग्नि और चन्द्रात्मक हैं।।39।।

प्रथम संगम में भय से व्याकुल श्री पार्वतीके विश्वासन (सान्त्वन) के लिये आवश्यक जो प्रेम उसका कहीं भङ्ग नहीं हो जाय इसके लिये व्याकुल (चिन्तित) ऐसे उरगाभरण (सर्प को भूषण बनाने वाले) श्री शंकर का उस समय काम देने वाले कामदेव के देह दाह से पश्चात्ताप करने वाला चित्त भक्ति रस से आप को पुष्ट करै। (विवाह के उत्तर गौरी के साथ प्रथम समागम होने पर नवोढा स्वभाव से डरी हुई श्री पार्वती को राजी करने के लिये प्रेम आवश्यक था। किन्तु प्रेम के विषय में कामदेव सेवा करने योग्य था। ''उसको मैंने क्यों जला दिया' यों अनुतापयुक्त श्रीशम्भु का दयालु चित्त आपके भक्ति रस को पुष्ट करै)।।40।।

जिनके जटाजूट पर कपालों के टुकड़े (महाप्रलय के आदि में हरि-ब्रह्मादि के कपाल आप शिरमें रख लेते हैं)। तथा चन्द्रमा हस्त में सुधारूप जल (कलश में भरा हुआ) तथा गले में उदार विष) इन्द्रादिक देवताओं द्वारा प्रणाम और बैल की सवारी से जाना जिनका होता है। वह भगवान् हर, भवभ्रमण से हुई आपकी दुर्गति का हरण करैं। जिनके समीप परस्पर विरुद्ध वस्तुएं भी निःसंभ्रम रह रही हैं, यह भगवान् का ही माहात्म्य है।।41।।

जिस शेषनाग के मस्तक पर पृथिवी फूलों की माला की भाँति शोभित होती है और वह शेष जिनके बाजूबन्द के स्थान पर है, उन प्रभु शंकर की अमृत के झरने के समान (पीडितों को अभय देने वाली) सरस्वती (वाणी) आपके संपूर्ण पातक दूर करै।।42।।

जिस असाधारण शंकर के अनुग्रह को वह कल्पद्रुम भी नहीं दे सकता। जिस अनुग्रह के प्राप्त करने पर जराव्याधि दूर करने वाले रसायन रस (औषधि) के लिये भी तृष्णा नहीं होती। और जो अनुग्रह बड़े कठिन योग और हव (अर्थात् यज्ञों) से भी नहीं प्राप्त होता। वह अप्राकृत (अलौकिक) शंकर कृत अनुग्रह आपके पापको हरण करै।।43।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

अधिक कहने से क्या लाभ। चन्द्रमा की कला को अपने मस्तक का आभरण बनाने वाले श्रीशंकर की अविच्छिन्न भक्ति आपकी हो। जिस भक्ति के अन्तर (विशेषता) को जानने वाले विवेकी लोग मुक्ति को भी एक विघ्न ही मानते हैं, जो मुक्ति एक परम पुरुषार्थ गिनी जाती है।।44।।

भगवान् शम्भु का वह महान् तेज आप को तेज अथवा उत्कृष्ट स्थान दे जिसके आगे परस्पर विरोधी भी आपस में प्रमोद धारण करते हैं। स्वामिकार्तिक का मयूर शंकर के सर्प की जिह्वा को खैंचने की क्रीडा करता हुआ प्रसन्न होता है। पार्वती का सिंह गणेश जी की सूड खैंचता हुआ, तथा यम का महिष (भैंसा) सूर्य के घोड़ों के हिनहिनाने से (प्रसन्न होता है) महिष और घोड़े का परस्पर विरोध स्वाभाविक है।।45।।

भगवान् शम्भु के नेत्रों का तीसरा भाग (अर्थात् (अग्निरूपी तृतीय नेत्र) आपको अत्यन्त अभीष्ट कल्याण दे। जिसके आगे त्रिभुवन को जीतने वाला कामदेव भी भग्नकाम (असफल मनोरथ, पराजित) हो गया। अपना समय आने पर भी वह काल (यम) पतङ्गे की तरह तुच्छ हो गया। तथा गङ्गा का प्रवाह भी जिस (अग्नि) के तेज को रोकने में समर्थ नहीं हुआ।।46।।

वह भगवान् शंकरदेव त्रास (भय) को देने वाले परात्पर स्थान में भी (यहाँ सिंहादि दुष्ट जीवों से घिरे स्थान में, और वहाँ यमदूतों से भयानक मार्ग में) आपको विघ्नों का अभाव दें। जिनने कामदेव को क्रोधाग्नि का समिधा (काष्ठ) बना दिया अर्थात् जला दिया। जिसने जगत् का अन्त कर दिया ऐसे कृतान्त (यम) को भी गर्वमूल के नाश का जानने वाला बना दिया (अर्थात् उसके घमण्ड का समूल नाश कर दिया) और जो संपूर्ण संसार की मति (अपने को शंकर से भिन्न समझना इस भेद बुद्धि) के नाश करने में समर्थ है।।47।।

तीनों लोकों के गुरु (पिता या आचार्य) वो कामदेव के अरि (शंकर) आपकी रक्षा करैं- जिनके चरणों का (जो चरण भक्ति से नम्र हुए सुर और असुरों के अधीश्वरों के मस्तक पर की मन्दार पुष्पों की माला से झरे हुए केसरों के समूहों से नखभाग में पीले हो गये है) उपग्रह सहित सूर्य-चन्द्रादि ग्रहों की पङ्क्ति ने आश्रय इसलिये लिया है कि 'मस्तक पर रहने वाले चन्द्रमा की तरह हम भी शंकर के प्रिय क्यों न हो जाँय,' यो चन्द्रमा की ईर्ष्या से। यहाँ राहु-केतु-ध्रुव-अगस्त्य ये चार उपग्रह। और आदित्यादि सात ग्रह। यों ग्यारह हुए। उनमें चन्द्रमा तो शिरसे है ही। अतएव अवशिष्ट दश रहे। यों दश ग्रहोपग्रहों ने दश नखों के ब्याज (बहाने) से चन्द्रमा की ईर्ष्या से मानों जिनके चरणों का आश्रय लिया है। उत्प्रेक्षा अलंकार।।48।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

जिन प्रभु शंकर को सूर्य-चन्द्र-मंगल-बुध-बृहस्पति-शुक्र-शनि-मन्दार-कुन्द और कुमुद पुष्पों से ऊँचे प्रकार से अर्चन करते हैं, उन प्रभु की स्तुति पाप (वाचिक, मानस और कायिक) और मलों (मायीय-अणुसंबन्धी-कर्मसंबन्धी) की ऊष्मा (संताप) को दूर करने के कारण आकाश गंगा की तरह अमन्द (प्रभावशालिनी) स्तुति आपको आनन्द दे।।49।।

सब शरीर पर जिनने भस्म लगा रखी है, चन्द्रमा के समान श्वेत स्फटिक शैल के शिखर पर स्थित, हिम के समान श्वेत वृषभ पर आरूढ। अतएव दुग्ध समुद्र के मध्य में खिले हुए श्वेत कमल पर, क्रीडा करते हुए बालक हंस की तरह शोभित होते हुए श्री पार्वतीपति आपके कल्याण के लिये हों (आपको मङ्गल दें)।।50।।

भव (संसार) रोग से डरे हुओं के रक्षा करने वाले, चेतन और अचेतनों (जीव और जडों) के स्वामी, भक्ति से स्तुति करने वाले सज्जनों के क्लेश दूर करने वाले, दुष्टों का दमन करने वाले, सेवकों के लिये भोग और मोक्ष (पुनर्जन्म न होना) देने के स्थान, एकाग्रता से ध्यान करने वालों को अपनी समानता (अर्थात् सायुज्य) देने वाले, भूः, भुवः, स्वः नामक (और भी सब) भुवनों के निर्माण-पालन-और संहार रूपी क्रीडा को प्रकट करने वाले भगवान् मृड (सब को सुख देने वाले आपकी रक्षा करैं।।51।।

जिन शंकर से सुदर्शन (चक्र) प्राप्त करके त्रिलोकी में प्रसिद्ध हो गई है विजय की (कंस चाणूरादि दैत्यों को जीतने की) प्रसिद्धि जिनकी तथा चरणपूजाविधि में (शंकर के पूजा विधान में) लोचन देने वाले (श्रीकृष्ण ने शंकर पूजा में नित्य सहस्त्र कमल चढ़ाने का नियम किया था। एक दिन एक कमल घट गया। तब आपने अपना नेत्र निकाल कर उस कमल की पूर्ति कर दी यह प्रसिद्ध है)। वासव (इन्द्र) के सूनु, अनुज, छोटे भाई ('सूनु' छोटे भाई का भी नाम कोष में प्रसिद्ध है) श्रीकृष्ण ने जिस तरह संपूर्ण विश्व अपने अधीन कर लिया। इस ही तरह कृष्ण ने भी (अर्थात् अर्जुन ने भी, कोषों में कृष्ण अर्जुन का भी नाम है) जिन शंकर से सु (सुन्दर) दर्शन प्राप्त करके (अर्थात् जिनके दर्शनमात्र प्राप्त करके। त्रिलोकी में प्राप्त की है 'विजय' इस नामकी ख्याति जिसने (कोष में विजय अर्जुन का नाम प्रसिद्ध है) तथा वासव (इन्द्र) के पुत्र तथा जिन शंकर की पूजा विधि में भक्ति से आलोचना (नित्यचिन्तन) करते हुए, अर्जुन ने भी संपूर्ण विश्व को अपने अधीन कर लिया, अर्थात् जीत लिया, वह धूर्जटि (धूः अर्थात् गंगा है जटा में जिनके ऐसे शंकर भगवान् हमारे बहुत से श्रेय (यहाँ के और परलोक के कल्याण) संघटित करैं (पूर्ण करैं)।।52।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

नक्षत्रपङि्क्त के समान 'सकृत्तिका', 'कृत्ति' अर्थात् व्याघ्रचर्म के सहित। आर्त (अर्थात् पीडितों का) भरण पोषण करने वाली। सज्जनों को उन्नत स्थानों पर (ब्रह्मादि पदों पर) स्थापित करने वाली, ब्रह्मादि सब देवताओं में ज्येष्ठ (श्रेष्ठ), कल्याण देने वाले हैं पद (चरण) जिसके ऐसे वसु (तेज) से युक्त, अक्षत (दृढ) हस्तमूल (हाथ के मूलभाग) में ग्रहण किया है पलाश (छीले का दण्ड जिसने ऐसी। मघ (सुख, अथवा महिमा) से अलंकृत (शोभित)। वैश्रवण (मित्रभूत जो कुबेर) उसके द्वारा आश्रित ऐसी भगवान् श्रीकण्ठ (शंकर) की मूर्ति आपको श्रेय (कल्याण) दे।

नक्षत्र पङि्क्त भी कैसी है कि- कृत्तिका सहित, 'आर्त (आ-ईषत्'-ऋत, प्राप्त) है भरणी (तन्नामक नक्षत्र) जिसमें। सदा (नित्य) स्थित है रोहिणी नक्षत्र जिसमें ऐसी। ज्येष्ठा, भद्रपदा (पूर्व और उत्तर दोनों) और पुनर्वसु नक्षत्रों से युक्त। चित्रा और विशाखा से अन्वित (युक्त)। सदा हस्त-मूल से घटित (युक्त) है आषाढा (पूर्व, उत्तर दोनों) जिसमें ऐसी। मघानक्षत्र से अलंकृत। वै (निश्चय) श्रवण नक्षत्र से युक्त ऐसी। यहाँ श्लेष और मुद्रा अलंकार हैं।।53।।

आपकी वो श्रीभैरव (शंकर) रक्षा करैं जिनने सन्ध्याकाल के उद्धत ताण्डवनृत्य के समय पर्वतों की सन्धि (जोड़) तोड़ दी। समुद्र के जल समूह को उद्वेलित कर दिया (उबला दिया, चारों तरफ उफनाँ दिया)। चरणों के बोझ से पिस रहे जो शेषनाग के फण, तद्रूपी पीठकपर लुढक रही है दृढता जिसकी ऐसे भूमण्डल को चूर्णित कर दिया। नाट्य के समय ऊँचे किये हाथों के फट कारों से सशब्द (आवाज करते हु) टूट रह हैं तारागण जिसमें ऐसे आकाश को पीस दिया।।54।।

जगत्प्रभु शंकर का वह शरीर आपको मोक्षसंपत्ति देने वाला हो। जो सन्ध्याताण्डव के समय, मस्तक पर धारण की हुई गंगा के नाद से प्रतिध्वनि करते हुए अपने कपाल रूपी भूषणों से अपने अट्टहास की भी विडम्बना करता है (गंगा की गर्जना से मस्तक के कपालों की ऐसी प्रतिध्वनि होती है जैसे कि आपको अट्टहास होता है)। नाट्यरङ्ग स्थल में घूमते हुए नारद और तुम्बुरु के द्वारा बजाई हुई गम्भीर भेरी (नगारे) के शब्द से हर्ष में नाचते हुए स्वामिकार्तिक के वाहन मयूर ने जिस ताण्डव क्रीडा का अनुकरण (नकल) किया है (अर्थात् शंकर की ताण्डव क्रीडा की नकल उसने भी की, वह भी नाचने लग गया)।।55।।

पहले सेवा के लिये चन्द्रमा शंकर के चरण तल में स्थित रहा। फिर

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

उसको हाथ का आलम्बन (आश्रय) मिला (आगम में ध्यान है कि शंकर के हस्त में अमृत का कलश तथा चन्द्रमा है।) फिर उसको शुभ नेत्र में स्थान मिला, इसलिये शंकर की और भी प्रियता को प्राप्त हुआ। अन्त में यह चन्द्रमा मस्तक पर स्थापन कर लेने की महिमा को प्राप्त हुआ। यों क्रम से बढ़ी है महिमा (माहात्म्य) जिसकी ऐसा वह स्वामी (शंकर) का प्रसाद (अनुग्रह) हमको मोक्षसंपत्ति देने वाला हो।।56।।

एकमात्र जगत्कर्ता जिस परमेश्वर का वाहन वृषभ, सुवर्ण से भरा हुआ जो चरणन्यास उससे मनोहर है चरण धरने की पहचान जिसकी ऐसा है (जहाँ जहाँ शम्भु का वाहन चरण स्थापन करता है वहाँ वहाँ जाम्बूनद सुवर्ण बरसता है, यह आगम में प्रसिद्ध है)। तथा बेरोक टोक गति की जो स्वतन्त्रता उससे मनोहर (सुन्दर) लगता है आकार जिसका, ऐसा वह (वृषभ) 'प्रेङ्खति' सब जगह शोभित होता है। तथा जिस (परमेश्वर) का सृष्टिरचना का संरम्भ (व्यापार, काम) अति प्रख्यात है। और जो ओजस्वी (अत्यन्त तेजस्वी) काव्य (शुक्राचार्य) की उत्पत्ति का स्थान है (रुद्र के अङ्गविक्षेप से शुक्र की उत्पत्ति हुई, यह क्षीरस्वामी ने लिखा है)। ऐसा पुराने कवि (अनादिबोध सूरि, पण्डित) भगवान् शंकर आपके परमानन्द के लिये हों।

'कवि' का दूसरा अर्थ है, 'कविता करने वाला'। वह भी कैसा है कि जिसकी 'गौ' वाणी सुन्दर वर्णों (अक्षरों) से भरा हुआ है पदन्यास (सुप्तिङन्त पदों का स्थापन) जिसका ऐसी है। तथा निर्दोष है क्रम (आरम्भ से अन्त पर्यन्त परिपाटी) का प्रकाशन जिसका ऐसी। बिना रुकावट (शक्ति के कारण अविश्राम) जो गति (रचनाक्रम) की स्वच्छन्दता, उससे हृदयंगम है आकृति (अक्षरबन्ध) जिसका ऐसी। तथा सर्वत्र विख्यात। एवम् अद्भुत (आश्चर्यजनक) है सर्गबन्ध (महाकाव्य) की रचना का संरम्भ (आटोप 'ठाठ') जिसका, ऐसी तथा ओजोगुणयुक्त काव्य (कविता) की जो उत्पत्तिस्थान है, ऐसी जिसकी वाणी 'प्रेङ्खति' सर्वदा सुशोभित होती है।।57।।

त्रिलोकी के गुरु भगवान् शंकर की स्तुति कथा (स्तोत्रप्रबन्ध) के मध्यगत जो सूक्त (मधुर उक्तियाँ) हैं वे आपकी शिवभक्ति में एकाग्रता की वृद्धि करें। जो उक्तियाँ पूर्णिमा के चन्द्रमा से भी सुन्दर अर्थात् अमृत झरने वाली हैं। जो षोडशवर्ष की सुन्दरी के मुग्ध (मनोहर) बातचीत रूपी अमृत से भी अधिक हृदयंगम हैं। जो मोती के हार से भी मनोहर हैं। जो वर्षा समय में मनोहर लगने वाले मयूर शावक (बालक) के वचन से भी कानों में अधिक अमृत बरसाने वाले हैं।।58।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

सान पर चढ़ाये इन्द्र नीलमणि (नीलम) की तरह है नीली चमक जिसकी ऐसे श्रीकण्ठ (शंकर) के कण्ठ स्थान में प्रेम से डाली हुई, सोने के समान शोभावाली श्रीपार्वती की भुजारूपी लता आपको सांसारिक भयों से रक्षा करै। जिस (भुजलता) को देखकर जल से भरे बादल के खण्ड में लिपटी हुई बिजली की शोभा के भ्रम से स्वामिकार्तिक का मयूर, हर्ष के कारण प्रचण्ड नृत्य (नाचना) के नवीन बँधे हुए क्रम को नहीं छोड़ता (बादल में चमकती हुई बिजली की भ्रान्ति से बराबर नाचता ही रहता है, बन्द नहीं होता)।।59।।

आज जो भी कुछ ऐसे उदार लक्ष्मीवान् (धनिक) तथा श्रेष्ठकवि दिखाई देते हैं, जिनका कि शरीर संपूर्ण सृष्टि का भूषण स्वरूप है (जब तक वो शरीरसहित वर्तमान है, तब तक यह सृष्टि अलंकृत दिखाई देती है)। दश दिशा रूपी कामिनियों के कर्णभूषण समान है कीर्ति जिन की। तथा जिनकी शोभा स्वर्ग की तरह आनन्द देने वाली है। तथा जिनकी उक्तियाँ (वचन) दुष्काल (कलियुग का भयंकर समय) रूपी जो अग्नि उससे पीडित हुए सज्जनों के लिये अमृतवर्षा के समान हैं। आज ऐसे कई बिरले उदार लक्ष्मीवान् तथा कविश्रेष्ठ जो दिखाई दे रहे हैं यह जिसकी महिमा है, वह भगवान् शर्व (शंकर) की स्तुति आपका कल्याण करै। (उदार श्रीमान् होना अथवा उत्तम कवि होना, यह इस जन्म अथवा पूर्वजन्म की शंकर स्तुति (सेवा) का ही फल है, यह आशय है)।।60।।

पशुपतिसेवाकुञ्ज मञ्जुनाथकरकञ्जकृत।
कुसुमाञ्जलिसुमपुञ्ज यह तृतीय शिवचरणधृत।।

तृतीय स्तोत्र समाप्त।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

मङ्गलाष्टकं चतुर्थं स्तोत्रम्

(४)

❀❀❀

जो लक्ष्मी पाञ्चजन्यशङ्ख और कौस्तुभ (हरिआत्मक अर्द्धभाग में), चन्द्रमा-विष और अमृत (हररूप अर्द्धभाग में) इन सबकी भ्रातृभाव के कारण जो मैत्री (स्नेह) उसके सुखानुभव का एक स्थान। जिसमें गरुड-वृष दोनों ने रोष छोड़कर प्रेमभाव से निवास स्वीकार किया है [(हरिपक्ष में गरुड वाहन तथा हर पक्ष में धर्म (वृष)]। वह हरिहरात्मक भगवान् का शरीर (मूर्ति) आपको मङ्गल दे (सहोदर भाइयों का भी कभी-कभी विरोध हो जाता है, इसलिये यहाँ श्लेष से सूचना दी है कि 'सत्यधर्मकृतनिष्प्रतिघप्रतिष्ठं) सत्य और धर्म में यहाँ प्रेम के साथ प्रतिष्ठा (स्थिति) है। अतएव यहाँ सचाई और न्याय के कारण लक्ष्मी-विष-अमृत-आदि में कभी विरोध नहीं हो सकता।।1।।

भगवान् का हरिहरात्मक वह शरीर आपको मङ्गल दे जिसमें सर्पराज शेष एक भाग में जटाजूट के बाँधने में, तथा दूसरें भाग में शय्या में, अपने सर्प शरीर के भोग को धन्य मानता है। अर्थात् मेरा सर्प शरीर धन्य हुआ जो इसके द्वारा जटाजूट बाँधा गया। तथा शय्या का काम लिया गया (हरिभाग में)।।2।।

चन्द्रमा की तरह श्वेत जिस अर्द्ध भाग को श्रीपार्वती ने नील कमलों से, तथा भ्रमर की तरह नील अर्द्धभाग को श्रीलक्ष्मी ने मालती (चमेली) पुष्पों से पूजित किया। जिसकी शोभा अनिमेष नेत्र (जिनकी आँखों के पलक नहीं पड़ती, सदा खुली रहती) ऐसे देवताओं के द्वारा देखी जाती है। वह शंकर का हरिहरात्मक शरीर आप को मङ्गल दे। श्वेत वस्तु की नीले के साथ, और नीली चीज की श्वेत के साथ अधिक शोभा होती है। इसलिये हरात्मक भाग में नीले कमल तथा हरिपक्ष में श्वेत चमेली का संयोग दिखाया गया है।।3।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

नयन में स्थित अग्नि की ज्वाला, और गंगा के तरङ्गों की झंकारध्वनि जिनके अन्दर भरी है ऐसे केशों में रहने वाले मेघ (हरि आत्मक अर्द्धभाग में – क्योंकि 'विष्णु के केशों में मेघ रहते हैं, यह स्मृति कहती है) सदा स्थिर रहने वाली अद्भुत बिजली के शब्द को धारण करते हैं, वह हरिहरात्मक शरीर आपको मङ्गल दे। बिजली स्थिर नहीं रहती, किन्तु यह स्थिर है, यही अद्भुतता है (हर रूपी अर्द्धभाग में अग्नि की ज्वाला स्थिर बिजली तथा गंगा का तरङ्ग झंकार स्थिर बिजली का शब्द यही कल्पना है।।4।।

नाभि के अर्द्धभाग में- आधे कमल के तङ्ग स्थान में बड़े संकोच से जो निवास, इससे संकुचित और दुखी हो गये हैं अङ्ग जिसके, ऐसा ब्रह्मा भी जहाँ अपने शरीर को आधा करना चाहता है, वह भगवान् का हरिहरात्मक शरीर आपको मङ्गल दे।

(हरिहरात्मक विभाग नाभि पर होता है, अतः नाभि अर्द्ध रह जाती है।)।।5।।

जहाँ तृतीय नेत्र में स्थित अग्नि, सूर्य और चन्द्र दोनों को पूरे शरीर वाला और अपने शरीर को आधा देखकर, थोड़ा होने पर भी क्रोध के कारण अधिक जलता है, वह हरिहरात्मक शरीर आपको मङ्गल दे। हरिहरात्मक विभाग बीच के अग्न्यात्मक नेत्र से होता है। अतएव अग्नि आधा रह जाता है। और सूर्य-चन्द्रात्मक भाग पूरे रहते हैं। यही अग्नि के क्रोध में कल्पना है।।6।।

जिस हरिहरात्मक शरीर में शिवात्मक भाग का कमल गुण (तन्तु) युक्त है, हृदय (मध्यभाग का केसरा) से युक्त है। फल (अक्ष 'कमलगट्टा') सहित है। मूल (जड) सहित है, तौ भी हाथ से गिरा है। किन्तु शंख उससे विपरीत है। अर्थात् निर्गुण (तन्तु रहित), अहृदय (मध्यभाग रहित), निष्फल तथा निर्मूल है। तौ भी विष्णु आत्मक अर्द्धभाग में स्थित है। क्योंकि वह शरीर स्वातन्त्र्य का धाम (स्थान) है। भगवान् शंकर स्वतन्त्र हैं। अत एव गुणी, सहृदय, सफल, समूल (जिसका मूल-कारण साथ है), ऐसे का पतन कर दिया। और जो अगुणी निर्हृदय (बेकलेजे का) निष्फल (निष्प्रयोजन जिसका कोई हेतु नहीं), ऐसे को स्थिर कर रक्खा है। यह भगवान् की स्वतन्त्रता है। ठीक ही है 'न खलु परतन्त्राः प्रभुधियः'। शब्दश्लेष अलङ्कार।।7।।

अत्यन्त अद्भुतचरित्र तौ भी सुन्दर और स्वतन्त्र, ऐसा हरिहरात्मक शरीर आपको मङ्ल दे। जहाँ चरण से निकला हुआ गङ्गा का जल बेरोक टोक मस्तक

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi.

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

के ऊपर चढ़ता है। जल का स्वभाव नीचे बहना है किन्तु यहाँ ऊपर चढ़ता है। गङ्गा विष्णुपदी विष्णु के चरण से निकली है, और हरात्मक भाग में वह मस्तक पर रहती है। इस प्रसिद्धि पर यह कविकल्पना है।।8।।

पशुपतिसेवाकुञ्ज मञ्जुनाथकरकञ्जकृत।
कुसुमाञ्जलिसुमपुञ्ज यह चतुर्थ शिवचरणधृत।।

चतुर्थ स्तोत्र समाप्त।

O

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

कविकाव्यप्रशंसास्तोत्रम्

(५)

❀❀❀

शंकर की दया की तरह आपत्ति में पड़े हुओं के तापों को (आध्यात्मिक आदि) हरण करने में तत्पर। गंगा की तरह उछलते हुए तरङ्गों से मनोहर (वाणी पक्ष में तरङ्गों की तरह मनोहर)। चन्द्रमा की कला की तरह अमृत के सारभाग से शीतल। श्रीपार्वती की तरह शिव ही हैं आश्रय जिसके ऐसी। शंकर की स्तुति में लगाई हुई कवि की वाणी धन्य है।।1।।

जो भोगिराज (शेष) पृथिवी को माला की तरह मस्तक पर धारण करते हैं और वो शेष जिनके मस्तक पर उष्णीष (पगड़ी) की तरह रहते हैं। वाणी के पति (परा, पश्यन्ती, मध्यमा, वैरारी यों चारों के पति परम शिव) जिस वाणी में रहते है (अपनी शक्तिस्वरूपा वाग्देवी में नादरूप से शंकर रहते हैं)। और उस वाग् देवी को भी जो अपने हृदयमें धारण करते हैं वो कविलोग 'जयन्ति' अर्थात् सबसे बढ़कर है। शेष पृथिवी को धारण करते हैं। शेष को शंकर धारण करते हैं। शंकर को वाणी धारण करती हैं और वाणी को अपने हृदय में कवि धारण करते हैं। अतएव सबसे अधिक भारसह कविगण धन्य हैं।।2।।

वे कविगण धन्य हैं जो अपने मुखरूपी उपवन (बाग) में पैदा हुई वाणीरूपी लता के निर्मल-पवित्र, शम्भु भक्ति के परिमल से सुगन्धित, माधुर्य ओज प्रसादादि गुण रूपी गुण (डोरों) से गूँथे हुए तथा सुन्दर वर्ण (अक्षर) रूपी वर्ण (अर्थात् रङ्ग) वाले अपनी उक्ति (वचन) रूपी पुष्पों को सज्जनों के कानों में भूषण बना देते हैं।।3।।

वे सुकवि धन्य हैं जो ऐसे सुन्दर पदों से कि जिन पदों में निरन्तर मधु (शहद) की बिन्दु झरती रहती हैं, ऐसे पदों से गुम्फित अपने वचनों से सज्जनों के कानों को सुखी करते हैं। और वे सज्जन भी धन्य हैं जो स्वाभाविक चमत्कार वाले अपने प्रशंसा वाक्यों (साधुवादों) से उन कवियों के कानों को सुखी करते हैं।।4।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

जिनमें रचना का क्रम कभी रुकता नहीं ऐसे जो नवीन नवीन प्रबन्ध (साहित्यिक रचना) उनके निर्माण में सुन्दर वाणी वाले वे विरले कवि धन्य हैं। जिनकी सूक्ति (सुन्दर वर्णना) अच्छी तरह इसका आस्वादन किये बिना ही, केवल कान में पड़ते ही अमृत के समान आनन्द देती है।।5।।

जहाजी महाव्यापारियों की तरह अपार वाङ्मयरूप समुद्र के पर पार को देखने वाले (पारंगत) वे महाकवि धन्य हैं। जिनकी सूक्ति रूपी कोमल लवङ्गों के लेशमात्र से सज्जनगण (सभाओं में) अपने और दूसरों के मुखों को सुवासित (सुगन्धित) करते हैं।।6।।

अच्छे कवियों के जिह्वाग्र रूपी रंगस्थल (नाच का अखाड़ा) में आनन्दपूर्वक नृत्य करने का व्यसन (शौक) रखने वाली वाग् देवी (सरस्वती) सहृदयों की भृकुटि, कान के कुण्डल, मस्तक का मुकुट, गर्दन, इन सबके नृत्य कराने की गुरु (उस्ताद) बन जाती है। अर्थात् कवि की रचना सुनते ही सब सहृदयों के मस्तक मुकुट कुण्डलादि हलने लग जाते हैं।।7।।

अपनी उदरपूर्ति मात्र के लिये खर्च कराई है अर्थ कणिका (धनलेश) जिन्होंने ऐसी गणिका (वेश्या), अपनी उदरपूर्तिमात्र के लिये खर्च कराई है अर्थकणिका (खुशामद, चापलूसी की 'वचनकणिका बातें) जिन्होंने ऐसे विट (बदमाश) आदि मूर्खों को बस करते हैं। किन्तु भुजगभूषण (श्रीशंकर) की भक्ति से सरस सूक्तियों की रचना में चतुर कवीन्द्र तो निपुण बुद्धिवाले लोगों को अपने अधीन करते हैं।।8।।

वो सुकवि धन्य है, श्री शंकर के पवित्र चरित्र की तरह लोक की पीडा को दूर करने वाले, कार्तिक के चन्द्रमा की तरह कान्तिशाली, जिसके काव्य को सुकृती लोग गाते हैं (चरित्र और काव्य दोनों पीडा दूर करने वाले, और कान्तिशाली हैं)।।9।।

त्रिलोकी को भूषित करने वाला अद्भुत रत्न, तथा गुणी लोकों का बन्धु आकाश में एक सूर्य है, तथा भूतल में कवि है, (गुणी, गुण तन्तु' वाले कमलों का बन्धु सूर्य, उदारतादि गुण वालों का मित्र कवि)। जिन दोनों के माहात्म्य को अपने मस्तक पर जिनके चरणों को धारण करते हुए यही द्वार पर्वत और राजा) सूचित करते हैं। सूर्य के पादों (किरणों) को मस्तक पर धारण करते हुए पृथिवी भृत (पर्वत) सूर्य के तथा कवि के चरणों को मस्तक पर धारण करते हुए पृथिवी भृत् (राजा) कवि के, अलौकिक यश को सूचित करते हैं।।10।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

 In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi

हम उस सुकवि को प्रणाम करते हैं जिसके मुख में - शंकर के मस्तक पर रहने वाली गंगा और चन्द्रकला की तरह अमृत बरसाती हुई, हिम और मोती के हार के समान स्वच्छ कान्ति वाली, अद्भुत वङ्क्रिमा को (व्यङ्ग्यार्थक पदों के प्रयोग के कारण) धारण करती हुई सुन्दर उक्ति (वाणी) रहती है। गंगा और चन्द्रकला भी अमृत झरती हैं। चन्द्रकला सुधा, तथा गंगा जल झरती हैं, जल का नाम अमृत भी है)। तथा दोनों हिम (बर्फ) और हार के समान स्वच्छ कान्ति वाली हैं। तथा दोनों वक्र भङ्गी शोभा को धारण करने वाली हैं। गंगा कुटिल भङ्गी अर्थात् तरङ्गों को धारण करती है और चन्द्रकला एक कला होने से स्वाभाविक कुटिलता (टेढ़ापन) धारण करती है।।11।।

निपुणता गंभीरता आदि गुणों से वृद्धि को प्राप्त हुई, स्वभाव से ही निर्मल, सांख्य मत के अनुसार प्रकृति (सत्त्व रज तमोगुणों की आदिम अवस्था) के आदिम परिणाम को धारण करती हुई (मूल प्रकृति का आदिम परिणाम बुद्धि ही है) ऐसी सज्जनों की बुद्धि तथा माधुर्य ओज प्रसादादि गुणों से परिपूर्णता को प्राप्त हुई। और स्वभाव से ही निर्दोष। स्वाभाविक परिणति (अर्थात् प्रौढता) को प्राप्त हुई ऐसी सज्जनों की वाणी। ये दोनों ही चन्द्रकला को मुकुट में धारण करने वाले (श्रीशंकर) के प्रसाद से कहीं भी नहीं रुकती। कहीं भी उनको धक्का नहीं लगता।।12।।

श्रीचन्द्रशेखर के चरण के स्मरण से जो अनुग्रह उससे परिपूर्ण और गंभीर है वाणी जिनकी, ऐसे कवियों की सूक्ति (मधुर रचना)। मुखकमल रूपी रङ्गस्थल में नाचती हुई वाग्देवी के सुवर्ण नूपुरों (के पाजेब) के नाद की समानता को धारण करती है। अर्थात् वह वाग् सरस्वती के नूपुरनाद के समान मनोहर है।।13।।

अपने काव्य की मधुरता को विचार कर उसके रसास्वाद से मुकुलित (बन्द) हुए ऐसे भाग्यवान् कवियों के नेत्र, पलक डालने की स्वाभाविक चपलता को छोड़ देते हैं (अर्थात् रसास्वाद से निश्चल निस्पन्द हो जाते हैं)। किन्तु उनकी भोहैं (भ्रुकुटियाँ) अपनी स्वाभाविक निश्चलता को छोड़कर उस चञ्चलता को ग्रहण करती हैं। (शंकर की कृपा से धन्य हुए कवि लोग ही अपने काव्यरसास्वाद से आँखें मूँद लेते हैं किन्तु अर्थ चमत्कार के विचार से उनकी भौंहें फडक उठती है।।14।।

सत्कवियों ने पूर्व जन्म में किये, हिम और मोती के हार के समान स्वच्छ और सफेद पुण्य का ही वह परिपाक (परिणाम) है जो इस जन्म में भगवान्

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

चन्द्रशेखर की स्तुति की सूक्तियों में इस समय बिम्बित हुआ है। (पूर्वजन्म के पुण्यवान कवियों की वाणी ही शंकर स्तुति में इस तरह की शोभा धारण करती है)।।15।।

कविश्रेष्ठों का वह सूक्ति रूपी अमृत धन्य है (सर्वोत्कृष्ट है) जिसका आस्वादन करके सुमति (उत्तम बुद्धि वाले) लोग - लक्ष्य और व्यङ्ग्य अर्थात् (अतिबारीक) अर्थ के विचार विमर्श से फडकती हुई भ्रुकुटियों के नृत्य ने सूचित की है चेतनता जिसकी, ऐसा अपना मुख धारण करते हैं। (अर्थात् सूक्ष्म अर्थ का विचार करते करते आनन्द विभोर नेत्र बन्द हो जाते हैं। सुनने वाले में इस समय चेतना रही है कि नहीं इस संदेह में भ्रुकुटियों का फड़कना रूपी चेतन चेष्टा ही उस समय चेतना का अनुभव कराती है।।16।।

हम कवीन्द्रों की उस वाणी की स्तुति करते हैं कि जो लोग शब्द का अर्थ भी नहीं जानते है वे भी जिस वाणी की कानों से सुनते हुए गीत के अर्थ को न जानते हुए भी स्वरों के अवरोहाऽवरोह रूपी मूर्च्छना (तान) को कानों से सुनते हुए मृगों की तरह, चित्रलिखित की भाँति रुक गये हैं सब इन्द्रियों के व्यापार जिनके, ऐसे हो जाते है।।17।।

कविवरों को ऐसा सहृदय सज्जन कहाँ मिलता है जिसको अपनी रचना सुनाने पर जिसकी दोनों भ्रुकुटियाँ ऐसी मालूम देती है मानों नेत्ररूपी कमलों पर दो भौरें घूम रहे हो (अपनी रचना सुनकर हर्ष से फडकती हुई भ्रुकुटिवाला सहृदय मिलना कवियों को दुर्लभ है।)।।18।।

यदि वाग्देवी अपना मधुद्रव (रसायन की भाँति अपना मधुर रस) झरै तो कस्तूरी मृग के उत्कट सुगन्ध समूह से क्या प्रयोजन? कपूर का वह सार भी निःसार है। पुष्पों की माला भी मनको प्रसन्न नहीं कर सकती।।19।।

संसाररूपी मारवाड के प्रचण्ड संताप-खेद को दूर करने में चतुर यह कवियों का काव्य सर्वोत्कृष्ट बना रहे, जिसने यमुना से मिला हुआ सुप्रसिद्ध गङ्गा का जल भी हमको भुला दिया। शिवभक्ति से सरस काव्यके द्वारा ही संसाररूपी मरूभूमि का भ्रमणजन्य संताप दूर हो सकता है फिर गङ्गा यमुना संगम तक जाने की क्या जरूरत?।।20।।

मनुष्यों को पुण्यों के बिना ऐसा कवि कहाँ मिल सकता है, कैलास पर्वत के मानस सरोवर के समान गंभीरताशाली, पवित्र, अमृत के प्रवाह के समान शीतल, इस ही लिये मदनान्तक (कामदेव के वैरी श्रीशंकर) ने जिसको अपना

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

घर बना लिया। मानस सरोवर में स्वच्छता के कारण जिस तरह नानाविध पदार्थों के प्रतिबिम्ब (परछाँहीं) दिखाई देते हैं। इसही तरह जिस कवि के मानस (मन) में अर्थ (वाच्य लक्ष्य व्यङ्ग्य आदि) सुशोभित होते हैं।।21।।

विश्व का भूषण वह द्विजेन्द्र (जन्म और वैदिक संस्कार से उत्पन्न हुआ) कवि वर सर्वोत्कृष्ट है - गङ्गा की तरह निर्मल, विचार करते ही ज्ञान में प्रसन्नता देने वाली, अमृत रस झरने वाली, जिसकी वाणी चारों दिशाओं में फैलती है। यहाँ द्विजेन्द्र (द्विजराज) का अर्थ चन्द्रमा भी होता है। इसलिये अर्थ बना कि - वह नक्षत्रों का इन्द्र चन्द्रमा धन्य है जो विश्व का भूषण है तथा गङ्गा की तरह श्वेत, निर्मल, अमृत को झरने वाली, देखने वालों की दृष्टि में प्रसन्नता देती हुई जिसकी 'गावः' (किरण) दशों दिशाओं में फैलती है।।22।।

शंकर की स्तुति में तत्पर, अर्थ (धन) से विभूषित जिस महापुरुष के समागम को पाकर चरणों के पास रहने वाला तुच्छ पुरुष भी गौरव को प्राप्त हो जाता है। शुद्ध आचरण वाले तथा सुशोभित यश वाले, उस शंकर स्तुति तत्पर जन को प्राप्त होकर किसको आनन्द नहीं होता?

यहाँ श्लोक का अर्थ 'पद्य' भी होता है।, इसलिये दूसरा अर्थ निकलता है कि - शंकर की स्तुति में है तात्पर्य जिसका , निदोष है वृत्त (छन्द वसन्ततिलकादि) जिसके, ऐसे सुन्दर श्लोक (पद्य) को सुनकर किसका चित्त प्रमोद को प्राप्त नहीं होता? सुन्दर अर्थ से विभूषित जिसके भीतर, अग्रिम संयोग को प्राप्त होकर तथा पादान्त (श्लोक के चरण के अन्त) में आया हुआ लघु (एकमात्रिक) भी गुरु (द्विमात्रिक) बन जाता है। (पाद के अन्त में लघु भी दीर्घ माना जाता है। तथा अगाडी संयुक्त अक्षर आ जाने पर पहले का लघु अक्षर भी दीर्घ माना जाता है, यह छन्दःशास्त्र की परिभाषा है)।।23।।

माया अविद्या (शंकर से पृथक् जगत् को मानना आदि) से उत्पन्न हुआ जो मोहप्ररोह (अज्ञान अथवा मूढता का उद्भव), उससे ढके हुए जगत् की एक मात्र चिकित्सक (अर्थात् अज्ञान को निवारण करने वाली) वाग्देवी की महिमा (अर्थात् काव्यशक्ति का विकास) यहाँ चारों तरफ विस्तार को प्राप्त होती है। जो (महिमा) जरा (बुढापा), मृत्यु, रोग आदि के सम्बन्ध से उत्पन्न हुए विशेष प्रकार की आपत्ति-संताप-खेदों को दूर करने के लिए समर्थ है [सरस्वतीप्रसाद से प्राप्त हुआ का काव्योल्लास जरा-मृत्यु-रोगादि से जनित-खेदों को सर्वदा दूर कर देता है]।।24।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

विचार करने वालों के हृदय में अद्‌भुत चमत्कार को पैदा करने वाला कविवाणियों का वह परिणाम (परिपाक, प्रौढता) धन्य है (सर्वोत्कृष्ट है)। कवियों की जिस प्रौढोक्ति से (पकी हुई वाणी से) प्रभावित हुए श्रोताओं के चित्त में - "यही अमृत है, यही मोक्ष है यही सर्वोत्कृष्ट तेज अथवा स्थान है, यही सर्वोच्च पद (प्रतिष्ठा, स्थान)" ऐसी बुद्धियां हो जाती हैं। अर्थात् शंकर के स्तुतिकाव्य को पढने वालों के चित्त में 'यही अमृत अथवा मोक्षादि है' यह भान होने लगता है।।25।।

मधु (रसायन रस, अथवा शहद) को झरने वाला, दूर कर दी है विपत्तियों की उपाधि (उपद्रव अथवा मानसिक पीडा) जिसने संसार रूपी मारवाड (निर्जल प्रदेश) में भ्रमण करने से जो क्लेश (दुःख, दबाव) उसको शान्त करने मे वाञ्छनीय। घना जो चन्दन का रस, तथा नवीन अमृत का सार उनकी तरह सरस। ऐसा, श्रेष्ठ कवियों के काव्यामृतरूप श्रीवाग्देवी का प्रसाद (अनुग्रह) सर्वोत्कृष्ट है।।26।।

अमृत की तरह सरस ऐसी महाकवियों की वाणी भाग्यवानों के मुख को - घना जो आनन्दप्रवाह उससे उत्पन्न हुए आंसुओं से भीगे नेत्रों वाला, लीला (क्रीडा) के साथ जो भ्रुकुटियों का मरोडना उससे ऊपर की तरफ सिकुड गया है ललाटस्थल जिसमें। तथा उत्पन्न हुए रोमाञ्च से युक्त हैं कपोल जिसमें ऐसा बना देती है।।27।।

मन्दर पर्वत से मथा गया जो क्षीरसागर उसकी लहरों के समान सुन्दर है उठान जिनका। श्यामाकामुक (रात्रिपति चन्द्रमा) का खण्ड है मण्डन (मस्तकभूषण) जिनका ऐसे श्री शंकर के कथा समूह से गर्भित वाणियाँ, भाग्यवानों के हृदय में अमृत का झरना बनती हैं। गले में मोती के हार बनती हैं।।28।।

भाग्यवान् कविवरों के मुख में उनकी रचना के बहाने - हृदय-कमल में निवास करने वाले, तथा उन कवियों की रचना सुनकर प्रसन्नता से मस्तक हलानेवाले चण्डीपति (श्रीशंकर) की क्या ये मस्तक पर रहने वाले सर्पों के फण में स्थित रत्नों की कान्तियाँ हैं? किं वा, पुष्पमाला के पराग की शिखायें हैं? किं वा मस्तक के चन्द्रमा की किरणें हैं, किं वा गङ्गा की लहरें हैं [कवियों की यह सूक्तियाँ हैं] यह तो एक बहाना (मिष) मात्र है। किन्तु क्या ये कवियों के हृदय मे रहने वाले श्रीशंकर के मुकुट के सर्पों के रत्नों की कान्ति, पुष्पमाला के पराग, चन्द्रकिरणें, किं वा गङ्गा की तरङ्गें हैं]।।29।।

अमृत के सहोदर भ्राता, मधुर श्रीशम्भु के स्तुति व्यापार में जो आनन्द है,

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

वह आनन्द - अत्यन्त आनन्द को करने वाले, जिसने अमृतमय कर (किरण) धारण कर रखे हैं ऐसे पूर्णिमा चन्द्र में भी नहीं है। और वह आनन्द जोरदार प्रवाह वाले, स्वभाव से ठण्ढे, ऐसे स्वर्गङ्गा के झराव में भी नहीं है। तथा वह आनन्द गाढ प्रेम करने वाले, कामपीडा को हरने वाले, रक्तिमादि गुणयुक्त - कान्ता (सुन्दरी स्त्री) के अधरोष्ठ में भी नहीं है।।30।।

तेजस्वी, सुन्दर, शंकर के प्रसाद (अनुग्रह) से निर्मल, षोडश संस्कारों से शुद्ध। नाम, शिवभक्ति तथा लोगों में प्रसिद्धि, इनके कारण उत्तम है बरताव जिसका। अच्छे मार्ग से उपार्जित धनों से धारण किये हैं गहने जिसने। उत्तम आचार में स्थित। गाम्भीर्य गुणवान्। विरस नहीं अर्थात् सरस। अच्छी जीविका वाला। ऐसा असाधारण सत्कवि उस (सत्कवि) की सूक्ति परिपाटी (काव्यरचना) के समान, भूमि में किस के द्वारा प्रशंसनीय नहीं? अपि तु सबही के द्वारा प्रशंसनीय है।।

कवि की काव्य रचना भी कैसी है कि - ओजस्वी (आजोगुणयुक्त), मधुर (माधुर्यगुणयुक्त), प्रसादगुण से निर्मल, संस्कार (लोकचरित-काव्यपरिशीलनादि जनित अभ्यास) से विशुद्ध, अभिधा भक्ति (लक्षणा) व्यक्ति (व्यञ्जना नामक वृत्ति) - इनसे विशिष्ट (संयुक्त) हैं रीतियाँ (वैदर्भी पाञ्चाली आदि काव्य शैली) जिसकी। उचित जो अर्थ (वाच्य-लक्ष्य-व्यङ्ग्य से युक्त) उनके द्वारा धारण किये हैं उपमा-रूपकादि अलंकार जिसने। वृत्तों (वसन्ततिलकादि छन्दों) में स्थित। परिपाकवान् (रचनाप्रौढि से युक्त)। सरस (शृङ्गार-वीरादिरसों से युक्त), सत् (अच्छी) हैं वृत्ति (कैशिकी आदि साहित्य प्रसिद्ध) जिसमें। अप्राकृत (असाधारण अथवा प्राकृतभाषा रूप नहीं) ऐसा सूक्तिक्रम (काव्यगुम्फ) किसके द्वारा प्रशंसनीय नहीं?।।31।।

विरले भाग्यवानों के पूर्वजन्म के पुण्यों से कल्पलता की तरह अभीष्ट देने वाली भगवती वाग्देवी यदि प्राप्त हो गई हो, किन्तु वह अपने और दूसरों को अलौकिक आनन्द देने रूप उपकार में प्रौढ हो वह दुर्लभ है। वही (वाग्देवी), तत्त्वज्ञों के उपदेशों पर अवज्ञा (अनादर) रखने वाले, तथा धन की दुराशा से मारे गये ऐसे अज्ञों के द्वारा यदि शिवशक्तिपराङ्मुख दुष्ट लोगरूपी कीचड में फैंक दी हो ते वह शाप और पाप के सिवाय क्या फल दे सकती है?।।32।।

यह मुझ को उचित स्थान में ले जायेगा। यों विश्वास के साथ अध्यास करती हुई। शब्द और अर्थ के अलंकारों से भव्यपद (सुबन्त-तिङन्त) वाली। ... आकृतिवाली। ऐसी गौ विलास के कारण मस्ती से चलने वाली। तथा सुकुमार

Pandit Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(वाणी), अकारण बैरी कुकवियों के द्वारा मदसे ध्यान की गई (मद के कारण दुर्व्यवहार में लाई गई)। धन की दुराशा से व्याध (धीवरों) के समान गर्विष्ठ नृपतिरूप अन्धे कुए में डाल दी गई। तो वह गौ (वाणी) सून्ति (सुन्दर काव्योक्ति) के ब्याज से ऊँचे और करुण स्वर से रोती है। अर्थात् वह सूक्ति नहीं, वह उस (गौ - वाणी) का करुण क्रन्दन है।

गौ का दूसरा अर्थ निकलता है 'गाय'। तब अर्थ हुआ कि - 'यह मेरी रक्षा करेगा' यों विश्वास के साथ खेलती हुई सुन्दर चरण वाली। विलास से धीरे धीरे चलने वाली। कुलीन आकार वाली गौ। निष्कारण बैरी जंगली चांडालों ने यदि अन्धे कुए में डाल दी हो तो ऊँचे स्वर से करुण क्रन्दन (रोने) के सिवाय और क्या कर सकती है।।33।।

वागदेवी को धन दी दुराशा में पडे लोगों ने - कृपणता के कारण व्यर्थ ही रोष दिखाते हुए निर्दय नृपतियों (राजाओं) की जो स्तुति उसमें जो लज्जा, उसकी पात्र बना दी हो तो, वह प्रबल हृदय ज्वर से पीडित होकर ताते निसाँसे लेती है। जमीन कुचरती है। वाणी के स्वामी की उस सूक्ति से अत्यन्त प्रिय की भी स्तुति करना नहीं चाहती। केवल उदास होकर अपनी हथेली पर अपने कपोल स्थल को रखकर विषण्ण बैठ जाती है। 'इससे शंभु की स्तुति के द्वारा ही अपनी वाणी की सफलता कवियों को करना उचित है।' यह सूचित किया जाता है।।34

धन लोभ से मारी गई है बुद्धि जिनकी एसे लोगों की वागदेवी अस्थान में (शिवभक्ति से पराङ्मुख लोगों की स्तुति में) समाप्त कर दी हो तो वह लोगों के धिक्कार (निन्दा) , बडा भारी पराजय (हार), मानसिक संताप और बडे भारी पाप के लिये हो जाती है। किन्तु वही वाणी स्थान में (अर्थात् शंकर और उनके भक्तों की स्तुति में) लगाई हो तो वही कीर्ति , कल्याण, मन को आनन्द देना, दूसरों का उपकार तथा अन्त में मोक्ष प्राप्ति के लिये हो जाती है।।35।।

यह मेरी वाणियें कालिदासादि पूर्व कवियों के बनाये विविध ग्रन्थों के अमृतास्वादनरूप क्रीडा से नटखट (ढीठ) हुए सहृदयों के मन को कैसे हरण कर सकती हैं। किन्तु मेरे सदृश जो कतिपय सांसारिक क्लेशों से सताये हुए हैं और जिनको श्रीशंकर की स्तुति के पदों के कथन में होंस है, उनको इस भूमि में अपने आप स्पृहणीय (वाञ्छनीय) हो जायेगी।।36।।

पशुपतिसेवा कुञ्ज मञ्जुनाथ कर कञ्जकृत।
कुसुमाञ्जलिसुमपुञ्ज यह पञ्चम पशुपतिशरण।।

O

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

हराष्टकं षष्ठं स्तोत्रम्

(६)

संपूर्ण देवताओं में श्रेष्ठ जो ब्रह्मा विष्णु इन्द्रादि, उनके मुकुट के रत्नकिरणों से द्विगुणीभूत हो गई हैं चरणकमलोंकी नखकिरण जिनकी, तथा जिनके विशाल तीन नेत्रों में घर करने वाली जो तेज त्रयी (सूर्य-चन्द्र-वह्न्यात्मक) उसके द्वारा दूर कर दिया है तीनों जगत् का घनीभूत अन्धकार जिननें, एसे भगवान् हर (शंकर) की जय। (अर्थात् वह सर्वोत्कृष्ट हैं)।।1।।

देवताओं की बावडी (अर्थात् देवनदी, स्वर्गङ्गा) के जल सींचने से बढे हुए प्रचण्ड नेत्राग्नि से दूर कर दी है तीव्र ताप (सांसारिक आध्यात्मिकादि त्रिविध ताप) की पीडा जिसने। मनुष्य के विचारों से भी बाहर जो अलौकिक चरित्र उनसे उज्ज्वल। अत एव देदीप्यमान जो। असाधारण ऐश्वर्य का प्रभाव (प्रभुता - महिमा), उससे किया है त्रिलोकी का उपकार जिनने, ऐसे हर सर्वोत्कृष्ट हैं। ऐश्वर्य का अलौकि प्रभाव देखिये कि - जल सींचने से अग्नि बुझती है किन्तु यहाँ गङ्गाजल से नेत्राग्नि प्रज्वलित होती है। तथा अग्नि से ताप होता है। किन्तु यहाँ भगवान् की नेत्राग्नि त्रिविध तापों से दूर करती है। ऐसे ऐसे ही अचिन्त्य चरित्र हैं।।2।।

पार्वती की भुजलता से आलिङ्गित है, पिये हुए विष की कालिमा से युक्त सुन्दर कण्ठस्थल जिनका। अत एव वह श्याम कण्ठ ऐसा मालूम होता है कि बिजली से लपटा हुआ जैसे जलपूर्ण मेघ हो। इस ही भ्रम से मस्त हुआ स्वामिकार्तिक का मयूर नृत्यरूपी उपहार भेंट करता है उससे प्रसन्न हुए हर सर्वोत्कृष्ट हैं।।3।।

निरन्तर उछलती हुई विषाग्नि की ज्वाला माला जहाँ जटा की तरह चारों तरफ फैली हैं। ऐसे फणों से भयंकर यमराज के नागपाश से बचाने में समर्थ। उदार दयारसप्रवाह से सिंचा हुआ है हृदय जिनका। शरणागतों को विपत्तिरूपी समुद्र से पार उतारने में कर्णधार (केवट) ऐसे हर सर्वोत्कृष्ट है।।4।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

मथन के समय समुद्र से निकले हुए विष के पान के कारण अभय जिनको मिला, अत एव आनन्द भर से पूर्ण देव और दानवों के समूह से स्तुति किए गए। पातालतल से जलता हुआ जो लिङ्ग (अग्नि की लाट, लौ), उसके प्रकट प्रभाव से ब्रह्मा और विष्णु दोनों को जिनने मोहित कर दिया ऐसे हर सर्वोत्कृष्ट हैं। 'तवैश्वर्यं यत्नाद् यदुपरि विरिञ्चो हरिरधः' यह महिम्नः स्तोत्र यहाँ मिलता है।।5।।

अनुपम पराक्रम से उलझते हुए प्रचण्ड गर्व रूपी ज्वर से देदीप्यमान चपल कामदेव के दहन से दूर कर दी है संभोग की इच्छा जिनने। रावण की भुजमण्डली से हला दिया जो वैश्रवणाद्रि (कैलाश) उससे डरी हुई पार्वती ने बलात्कार से ग्रहण किया है कण्ठस्थल जिनका ऐसे हर सर्वोत्कृष्ट हैं। अमुष्य त्वत्सेवा समधिगतसारं., महिम्नःस्तोत्र ।।6।।

अपरिमित, उछलते हुए मद से उत्कट (प्रचण्ड) अन्धकाऽसुर की हिंसा और सान्त्वना से प्रसिद्ध है निग्रह और अनुग्रह की शक्ति जिनकी। त्रिभुवन को भय पैदा करने वाला जो त्रिपुरासुर रूपी घोर दावानल, उसको खेल के साथ बुझाने में प्रलय - महामेघ के समान श्रीहर सर्वोत्कृष्ट हैं।।7।।

कायिक-वाचिक-मानसिक त्रिविध तापरूपी वन के काटनें में वज्र। सन्मति रूपी माधवी लता के विकसाने में वसन्त। कृपारूपी अमृत के समुद्र। संसाररूपी महासमुद्र की नौका। विपत्तिरूपी तृणों को उडाने में वायु। प्रेमी भक्तों के मनचाहे अभिलाषों को पूरण करने में चिन्तामणि। समस्त भुवनों (240 संख्यक) की उत्पत्ति और विनाशरूपी क्रीडा को करने वाले श्री हर का जय हो (वह सर्वोत्कृष्ट है)।।8।।

पशुपतिसेवाकुञ्ज मञ्जुनाथकरकञ्जकृत।
कुसुमाञ्जलिसुमपुञ्ज षष्ठ हुआ शिवचरण धृत।।

O

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

सेवाभिनन्दनं सप्तमं स्तोत्रम्

(७)

❀❀❀

प्रातःकाल की निद्रा की तरह, बाल्यावस्था की तरह, नव विवाहिता स्त्री की लज्जा से चौंकी हुई दृष्टि की तरह, श्रीगङ्गा की तरह, भगवान् शंकर की कथा की तरह, कविश्रेष्ठों की वाणी आपको निर्वृति (आत्यन्तिक दुःखनिवृत्ति, चैन) दे।।1।।

अलौकिक आनन्द देने वाला, मन को प्रसन्न करने वाला, अपनी आत्मा का अनुभव ही साक्षी जिसमें ऐसा, सत् चित् आनन्द घन ऐसा श्रीशंकर का तेज-सुकवि की वाणी के रहस्य की तरह आपके हृदय में प्रकाशित हो।।2।।

सब ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति करने वाले किन्तु स्वयम् अभव (अनादि), भैरव (भयङ्कर) कहलाने वाले भी वे शिव आपके भय (इस लोक और परलोक के) दूर करें। जिनके हिमालय रूपी धनुष से च्युत (निकले), अग्निज्वालाओं से भयंकर अच्युत (विष्णु) रूपी बाण ने, पुरों को (त्रिपुरासुर को) अपुर अर्थात् पुर (नगर) का नाम निशान नहीं रखा। यहाँ च्युत-अच्युत, शिखायुक्त और विशिख, भैरव और भय दूर करनेवाला, पुर और अपुर, यह विरोधालंकार है।।3।।

त्रिलोकी के नाथ वह भगवान् शंकर , अमृत को बरसाने वाली अपनी वाणी से आपका संताप दूर करें। जिनके वृष (वाहनरूपी वृषभ) पर बैठने के समय अपनी पीठ पर चरण रखने को इन्द्र भी अनुग्रह (असाधारण दया) मानता है। 'असंपदस्तरस्य वृषेण गच्छतः 'कुमारसंभव'।।4।।

जिनके चरणों को प्रबल शासन (आज्ञा) वाला इन्द्र भी सदा सावधानी से पूजा करता है। वह अनङ्गशासन (कामदेव को भस्म करने वाले) प्रभु श्रीशंकर, प्रसन्नता के कारण सुनिर्मल अपनी दृष्टि के द्वारा हमारी विपत्तियों को नाश करें।।5

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain, Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

सुन्दरकान्ति से (उपलक्षित, युक्त), तरुण (उगते हुए) सूर्य के समान रक्तवर्ण जटाओं को धारण करने वाले, महातेजस्वी, भक्तों के दुःख-परिश्रमादि को दूर करने वाले। तथा भय पैदा करने वाले हैं नक्कारे जिनमें , ऐसी दैत्यों की कौनसी सेनाओं को नहीं जीत रहे (अपितु सब ही सेनाओं को जीतने वाले) 'सेनानी' स्वामी कार्तिक जिनके पुत्र हैं, वह शम्भु नाशभय रहित (अर्थात् अक्षय) ऐसी श्रियों (लक्ष्मियों) को दें।।6।।

हे शम्भु! आपने मेरे ऊपर कृपाऽमृत से सरस, तथा सर्व जगत् में महित (पूजित), हित करने वाली ऐसी दृष्टि स्थापन की, इसलिये आपका आशय (हृदय) दयादाक्षिण्य आदि गुणों के आधिक्य से युक्त है - इसलिये "संसार में आपका अभेद देखूँ (''संसार को शिवमय देखूँ'' यह दृष्टि मुझको मिल जायेगी, इस आशा से दूर कर दिये हैं मृत्यु और महारोग जिसने, अथवा मृत्युरूपी महारोग जिसने) ऐसी आपकी स्तुति मैनें की।।7।।

मात्सर्य रहित मन वाले, जरा (वृद्धावस्था), रोग तथा मरण की पीडा से डरे हुए मनुष्य, बिना मेघ के ही वर्षा के समान (अर्थात् बिना यत्न के, केवल दया से प्राप्तव्य) चन्द्र को मुकुट में रखने वाले (श्री शिव) की स्तुति को छोडकर रसायन (जरा-मृत्यु को दूर करने वाली औषधि) के लिए क्यों दौडते हैं।।8।।

सूक्ष्म (छोटी सी) गारुत्मत मणि (विष दूर करने वाली मणि) जैसे भयंकर विष को कणमात्र भी अग्नि बहुत ढेर तृण को। बच्चा भी सिंह गज (हाथी) समूह को। पतला सा भी दीपक समस्त अन्धकार को। थोडा सा भी औषध अत्यन्त उग्र रोग को। जरा सा भी अमृत (रसायन) जरा मृत्यु करने वाले रोग के भय को जैसे दूर कर देता है वैसे शंभु- शंकर की अणु (अति थोडी-एक छन्द, एक पदमात्र भी) स्तुति अनेक जन्मार्जित पाप को क्षणमात्र में दूर कर देती है (युग्मक)।।9 -10।।

महान् (ऊँचे दर्जे का) जो प्रबन्ध (रचना), उसमें गंभीर अर्थात् बुद्धिमानों से ही जानने योग्य है विलास जिसका तथा प्रौढ है वैदर्भ रीति (साहित्य प्रसिद्ध) की रचना का परिश्रम जिसमें। ऐसा भाग्यवान् कवि की वाणी का क्रम (परिपाटी से रचना) - सर्वगुणों से योग्य विभु (स्वामी श्रीशंकर) को प्राप्त करके अक्षय (पूर्ण) सौभाग्य (भाग्यवत्ता- भाग्यशाली) को धारण करता है। जैसे सुन्दर कामिनी का व्यवहार सुगुण (गुणयुक्त) स्वामी को प्राप्त करके सौभाग्य पाता है, वैसे धन्य कवि का वैदर्भमार्ग का उन्नत प्रबन्ध गुणसागर श्री परमेश्वर को प्राप्त

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

करके अवश्य ही सौभाग्य को प्राप्त करता है।।11।।

सदाचार के बिना जैसे कुलनारी। कार्याऽकार्य के विचार के बिना जैसे पण्डिताई। (अच्छे अर्थबोध के बिना जैसे श्रुति (शास्त्र का श्रवण)। पृथ्वीपति (राजा) के बिना जैसे पृथ्वी । कमल बान्धव (सूर्य के बिना जैसे आकाश)। चन्द्रमा के बिना जैस रात्रि। चतुर लोगों के बिना जैसे सभा। नम्रता के बिना जैसे वैभव। कृपा की परिपाक (अर्थात् दीनजनों का उपकार) के बिना बुद्धि। सुपुत्र के बिना जैसे घर की मर्यादा। ऐसे हरिणाङ्कशेखर (चन्द्रशेखर - श्रीशंकर) की स्तुति के उपयोग के बिना वाणी भी शोाचनीय है।। 12-13 -14।।

श्री लक्ष्मी देवी भी मेरे लिए मनोरम (अर्थात् आश्वासजनक) नहीं पृथिवी देवी भी मुझ को आश्वास (ढाढस) बँधाने के लिए समर्थ नहीं। भगवान् श्रीशंकर में परायण, तथा उन्हीं में रस (एकता भाव) को अनुमान करने वाली यह एक मेरी वाणी ही जन्ममरण रूपी पीडा को दूर करने में समर्थ है।।15।।

जो अचेतन (जड) है, कु (भूमि) में स्थिति ही जिसको प्रिय है। नाना तरह की जो उप (समीप में) आधि (वन के हाथी, दुष्ट जानवर, आदि से आन्तरिक पीडा) उससे क्षतिग्रस्त (टूटा फूटा) है मध्यभाग जिनका। किन्तु शुद्ध है मानस नाम का सरोवर जिसकी, ऐसा यह गिरि (कैलाश)। अपने शाखापर्वतों के द्वारा जो श्रेष्ठ मुनियों से आश्रित किया जाता है, (इसमें तपस्या करते हैं), यह श्रीगौरीशंकर (श्रीशंकर) के आश्रय रूपी कल्पवृक्ष का फलोद्गम है। (अचेतन और नानाविध कुस्थिति में रहने पर भी श्रीशंकर का आश्रय होने के कारण यह मुनीन्द्रों का तपस्या स्थान है, यह आशय है) यहाँ श्लेष से दूसरा अर्थ निकलता है - जो पुरुष अचेतन (मन्दबुद्धि) है। कुस्थिति में रहना ही जिसको प्रिय है। नाना तरह के जो उपाधिशत (शत्रु-रोग-आदि के सैकडों उपद्रव - कष्ट) उनसे क्षीण हो गया है हृदय जिसका। ऐसा होने पर भी जो शंकर का आश्रय लेता है वह शुद्धमानस (मन वाला होने के कारण श्रेष्ठ मुनियों से भी (पादतले) चरणों में सेवा किया जाता है अर्थात् मुनीन्द्र जिसके चरणों की सेवा करते हैं। यह गौरीश्वर का आश्रय लेना रूपी कल्पवृक्ष का एक फलोदय है।।1।।

जो फणी (सर्प) स्वभाव से ही राजमार्ग आदि अच्छे रास्तों में निन्दनीय स्थितिवाला है। जो मलिन (काला) और कुटिल गति वाला है। वह भी 'कुण्डली' कुण्डल धारणयोग्य, मणियुक्त मस्तक वाला तथा महान् भुजङ्ग अर्थात् फणियों में राजा। और बडे 'भोग' (सर्पशरीर) वाला गिना जाता है, यह शंकराश्रयरूपी कल्पवृक्ष का फलोद्गम है। यहाँ भी - "जो पुरुष स्वभाव से ही

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

सन्मार्ग में निन्दनीय स्थिति वाला, मलिन तथा सज्जनों की अपेक्षा टेढी गतिवाला है, वह भी कुण्डली (कुण्डलधारी), मणिमुकुट से भूषित, महाभुजङ्ग (अर्थात् महाकामी) तथा नानाभोगों का सेवन करने वाला है। यह गौरीश्वर के आश्रयरूपी कल्प वृक्ष का फलोद्गम है" यह श्लेष से अर्थ निकलता है।।2।।

जो सदा ही जड (जल [श्लेष में 'ड - ल' एक गिने जाते हैं]) संगम के योग्य है [चन्द्रमा समुद्र से निकला है] 'कलामय' (एक कलात्मक) होने के कारण स्वभाव से ही तुच्छ (नाचीज), ऐसा 'शशभृत्' (चन्द्रमा) भी। दूर कर दिया है 'दोषा' (रात्रि) में उदय जिसने ऐसा। सुधा (अमृत) मय, कलंकरहित, [शिवमस्तक स्थित एककलात्मक चन्द्रमा में कलङ्क नहीं], तथा उज्ज्वल शरीर को धारण करता है। यह गौरीश्वर के आश्रयरूपी कल्पवृक्ष का फलोद्गम है। यहाँ भी जो पुरुष जड (मूर्ख) पुरुषों के संगम योग्य है। स्वभाव से तुच्छ (नीच प्रकृति), कलामय (शिल्प आदि से जीवन करने वाला) है, वह भी कलङ्क (पातक आदि अथवा -अपवाद- निन्दा) रहित, अमृतमय (अमृतमय की तरह निर्दोष) समुज्ज्वल शरीर को धारण करता है। यह गौरीश्वर के आश्रय रूप कल्पवृक्ष का फलोद्गम है। इस (गौरीश्वर के आश्रय) को जिसका उत्तरकाल (आगे का समय) हितकारी है, ऐसा कौनसा चेतनावान् (ज्ञानी) प्राप्त करने को यत्न नही करेगा? अपि तु प्रत्येक ज्ञानी यत्न करेगा। (चार श्लोकों का एकान्वय)।।16, 17, 18, 19।।

अत्यन्त दूर इस भूमिलोक के मार्ग में श्रीशंकर के चरण कमल की भावनापूर्वक कहा गया 'नमः शिवाय' यह ध्वनि - घोर गरमी के संताप से जलता हुआ जो महान् मरु (मारवाड), उसमें घूमते हुओं के खेद को दूर करने वाले मार्ग के वृक्ष की अपेक्षा भी - जन्म - जरा - मरणादि से दुःखित मेरे हृदय में सफल - अमन्द - आनन्दामृत के रसप्रवाह को झरता हुआ चमत्कार करता है। तथा यमुना के जलप्रवाह से मिला हुआ जो गङ्गा का जलप्रवाह उसमें स्नान करने की अपेक्षा भी अमन्द आनन्दामृत के रसप्रवाह को झरता हुआ चमत्कार करता है। वाणी का जो सूक्ति चातुर्य, (सुभाषितपटुता) उससे पूर्ण, प्रसादगुणयुक्त, गंभीर , कवि की रचना की अपेक्षा भी अमन्द आनन्दामृत......। कस्तूरी और घनी केसर से लिपे है स्तन जिसके ऐसी सुन्दरी के आलिङ्गनविलास की अपेक्षा भी भवदुःखित मेरे हृदय में अमन्द आनन्दामृत के रसप्रवाह को बरसाता हुआ चमत्कार करता है। (तीनों का एक अन्वय)।। 20, 21, 22।।

मैं अपने इस जीवन को जीवन अर्थात् जलप्रवाह की तरह चंचल जानता हुआ। अथवा जीवन गङ्गाजल को ही जीवन अर्थात् जीव धारण का उपाय जानता

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

हुआ। पार्थिव अर्थात् मृत्तिका से बनाये शिवलिङ्ग को ही पार्थिव अर्थात् वरदानी राजा मानता हुआ। वै (निश्चय से) भव (इस संसार) को वैभव (विभु संबन्धी अर्थात् शिवमय) विचार करता हुआ मैं शं (कल्याण) करने वाले श्रीशंकर का आश्रय करूंगा।।23।।

अधम भी यह शरीर जो केवल शंकर के आराधन का साधन (उपकरण) है तो श्रेष्ठ है। और शंकर की सेवा में विघ्न डालने वालनी, अयुक्ति अर्थात् युक्ति के बिना, शंकर के अनुग्रह से अचानक आ पडने वाली मुक्ति (मोक्ष) भी श्रेष्ठ नहीं, जिसमें शरीर न रहने के कारण शिव की पूजा, अर्चना नहीं हो सकती।।24।।

श्री शंकर के मन्दिर में दर्शन – पूजन के लिए जाने में जिनका उपयोग स्पष्ट प्रतीत हो रहा है, अत एव महान् गुण वाले दोनों चरण (पांव) कहाँ और जिसमें स्मरारि (कामदेव के बैरी, श्रीशंकर) की सेवासुखरूपी सर्व संपत्तियों का मार्ग (संबन्ध) नही वह मोक्ष कहाँ ? अर्थात् इन दोनों मे बहुत तारतम्य है। मोक्ष की अपेक्षा यह शरीर अधिक उपयोग वाला है। आगे भी यों ही सर्वत्र अन्वय होगा। श्रीशंकर की प्रतिमा पर अंजन लगाना, उबटन लगाना, चन्दन का लेपन करना, इत्यादि श्रीशंकर की पूजा करने मे तत्पर दोनों हाथ कहाँ और सेवासुखरूपी सर्वसपंत्तियों से दूर मोक्ष कहाँ? प्रतिदिन प्रभु श्रीशंकर के नामग्रहणरूपी महोत्सव मे लगी यह जिह्वा कहाँ, और मोक्ष कहाँ? श्री पार्वती के स्वामी श्रीशंकर के चरण कमल की धूलिपङ्क्ति से शोभित यह मस्तक कहाँ, और मोक्ष कहाँ ? श्रीशंकर के स्वरूप – सौन्दर्य के देखने की अभिलाषा जिससे पूर्ण होती है ऐसी दृष्टि कहाँ, और मोक्ष कहाँ? जिससे क़ंदर्प (कामदेव) के बैरी श्रीशंकर का विचित्र चरित्र सुना जाता है अत एव परम पवित्र ऐसी श्रुति (कान) कहाँ, और मोक्ष कहाँ? दूर कर दिए हैं अनेक संकल्प विकल्पों (मानसिक चिन्ताओं) के उपद्रव जिसने ऐसा, त्रिलोचन (श्रीशंकर) के ध्यान में लगा मन कहाँ और मोक्ष कहाँ? यह जानते हुए भी, मानसिक व्याधियों को दूर करने वाली समाधि (अष्टाङ्ग योग के द्वारा आत्मा और मन को एक कर लेना) का आश्रय करने वाले भी, तथा संसार के संन्ताप (भय) से रहित भी, श्रेष्ठ बुद्धि वाले साधक, प्रभु के प्रणाम – स्तुति (कीर्तन) – ध्यान – और पूजा में जिसका उपयोग स्पष्ट प्रतीत हो रहा है ऐसे इस शरीर को बहुत मानते हैं (इसका आदर करते हैं)।।25, 26, 27, 28, 29।।

अङ्ग (हे) हे अभागे ! अनङ्ग (कामदेव) का भङ्ग (नाश) करने वाले श्रीशंकर के प्रसादन (आराधन) से अन्य किसको मङ्गलकारी मानते हो? जिसके

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

लिये धन को नष्ट करने वाले - अतिकठिन - और अत्यन्त प्रयास से होने वाले यज्ञों में तुम पचते हो, (खिन्न होते हो)। बर्फ की तरह स्वच्छ (निर्मल) ये देवताओं की संपत्तियाँ प्रभु श्रीशंकर की प्रसन्नता मात्र से जिनको मिली हुई हैं उन देवताओं की केवल तृप्तिमात्र की इच्छा से दया के पात्र प्राणियों की हिंसा का (यज्ञ में) पातक करते हो, खजिनकी प्रसन्नतामात्र से देवताओं को भी अणिमादिक सिद्धियाँ मिली हैं, उनही का आराधन क्यों नही करते, दान लेना, पढाना, यज्ञ कराना आदि कामों से धन पैदा करने के लिए प्रयत्नशील (खिन्न) हुए तुम्हारी आयु (उम्र) प्रतिक्षण वायु की तरह जा रही है। और यज्ञ के लिए यह तुम्हारी चेष्टा वास्तव में तुम्हारा अभिप्रेत (चाहे हुए - शंकराराधन) को नष्ट कर रही है ख्यज्ञ में लगे रहने के कारण शंकराराधन से वञ्चित कर रही है,। इसलिये अपने आप- प्रार्थित (सबकी चाही हुई) संपत्तियों के स्थान, कदर्थना (अनादर) से रहित, पाप से भी दीन (गरीब-अधम) नहीं। आनन्दोत्पत्ति का कारण, स्वयंभू (अनादि-श्रीशंकर) के चरणकमल के सेवन रूपी उत्सव (आनन्द) को सेवन करो (चरणे सेवा रूपी आनन्द का उपभोग करो) चार श्लोकों का एक अन्वय ।।30, 31, 32, 33।।

बिना प्रयास के ही कोमल (अथवा , क्लेश रहित और कोमल), अलंघनीय (जिनका निवारण नहीं किया जा सके) ऐसे जो यमदूत उनके हुंकारो का भङ्ग (नाश) करने वाला (यमदूतों से रक्षा करने वाला), पापरूपी काष्ठों का जलाने वाला। जन्म - जरा - मरणादि महारोगों को दूर करने वाले। ऐसे श्रीशंकर के चरण कमल के प्रतिदिन सेवा के सुख को कौनसा ऐसा बुद्धिमान् होगा जो आदर न करेगा?।।34।।

रोमन्थ (चर्वितचर्वण -'जुगाली') के कारण अलस ऐसे सैंकडों मृगों के द्वारा आश्रित। श्री गङ्गा की ठंडी फुँहारो से शीतल, जिनमें ऊँची जाति के पल और कन्द उगते हैं, अत एव सुन्दर ऐसी हिमालय की कन्दराओं मे स्थान बनाने वाले। धन-पुत्रादि का संबन्धरूपी बन्धन को काटकर बुद्धिपूर्वक समाधि (आत्मा और मन की एकता) को लगाते हुए तथा चित्त की एकाग्रता को धन समझने वाले भाग्यवान् जन। जिनसे अनन्त संकल्पविकल्परूप जाल दूर हो जाता है, परम ज्योतिः (तेज) स्वरूप ऐसे श्रीशंकर को अपने अन्तः करण में देखते हैं।।35, 36।।

राजमहलों मे द्वाररक्षकों के मुख हुंकारों से दीनबुद्धि हुए (पहले), किन्तु वे अब भाग्यवान् हैं जो वैराग्य के कारण वशीकृत चित्त हुए उन्नत मन वाले (बुद्धिमान्) जनों से स्थित गङ्गातट की नवीन पर्णशालाओं में भगवान् चन्द्रशेखर

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

का भजन करते हैं।।37।।

चन्द्रखण्ड है मुकुट में जिनके ऐसे श्रीशंकर की सेवा में होंस (अभिलाष) रखने वाले सज्जन। गङ्गा की तट भूमि में लक्ष्मी के लेशमात्र से उलझते हुए महान् मस्ती के गर्व से युक्त मूर्ख राजाओं के तिरस्काररूप उपद्रवों को स्मरण करते हैं।।38।।

यह 'मधुमुख विष' (मुख (आदि) में मधुर-किन्तु अन्त मे विष) जीवन को तत्क्षण हरण कर लेता है। यह वह अपथ्य भोजन है जो परिपाक मे शरीर को पीडा पहुँचाता है। यह तृणसमूह से ढँका हुआ वह खड्डा है जो क्षण में नीचे गिरा देता है। वो क्या है कि जो मलिन और भयंकर कामों से इकट्ठा किया हुआ धन। इसलिये थोडे से धन से उत्पन्न हुआ महान् गर्व जिनको ऐसे राजाओं के प्रणय (याचना) से उत्पन्न हुए तिरस्कार के आडम्बर (उफान) को छोडकर। गङ्गा के तट में रहने के अभिलाषी पुण्यवान् लोग निशापति (चन्द्रमा) है चूडामणि जिनका ऐसे श्रीशंकर का भजन करते हैं।।39-40।।

निःसार इन बहुत से कठिन विषय भोगों से क्या फल? साररहित इन लक्ष्मी के विकारों से भी क्या प्रयोजन। इस ही तरह जिनसे अन्त मे नीचे गिरना पडता है ऐसे स्वर्ग सुखभोगों की इच्छाओं से भी क्या? मैं तो इस संसार मं सांसारिक भयरूपी आपत्तियों से डरे हुए मनुष्यों के लिये भगवान् श्रीशंकर में भक्ति को छोडकर दूसरा प्रशंसनीय (उत्तम) चाहने योग्य वस्तु हो, यह नहीं मानता हूँ।

इस लिये भगवान् चन्द्रशेखर के चरणकमलों की सेवा का जो अभिलाष वही है मानसिक व्यसन (शौक) जिनका ऐसा सज्जन - दूर तक उछलती जो चञ्चल लहरें वही हुए जो सुन्दर हाथ, उनसे दूर कर दिये हैं विपत्ति और संताप जिसने ऐसी श्री गङ्गा के जल में गोता लगाना और बाहर उठना, इनमें अपनी श्रद्धा (भक्ति) के बन्धन को लगाते हैं, (श्रद्धा को दृढता से लगाते हैं)।। (युग्मक) ।।41-42।।

पशुपतिसेवाकुञ्ज मञ्जुनाथ कर कञ्जकृत।
कुसुमाञ्जलिसुमपुञ्ज यह सप्तम शिवचरणधृत।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

शरणाश्रयणम्, अष्टमं स्तोत्रम्

(८)

❀❀❀

कल्याण (सुवर्ण) से युक्त [संस्कृत कल्याण शब्द का अर्थ सुवर्ण भी है।] सुरगिरि (सुमेरु पर्वत) के पाद अर्थात् प्रत्यन्तपर्वत (आसपास के पहाड) जिस तरह भुवनों (लोकों) को पवित्र और भूषित करते हैं। लक्ष्मी से आश्रित श्रीहरि के पाद अर्थात् वामनावतार- समय के पादन्यास जिस तरह भुवनों को पवित्र और मण्डित करते हैं। दीप्ति (कान्ति) युक्त सूर्य के पाद (किरण) जिस तरह भुवनों को पवित्र और भूषित करते हैं। इस ही तरह कल्याणयुक्त अर्थात् मङ्गलयुक्त, लक्ष्मी अर्थात् वर्णों (अक्षरों) की शोभा से आश्रित (युक्त), दीप्ति अर्थात् 'कान्ति' नामक अर्थ गुण से युक्त, भगवान् श्रीशम्भु के वर्णन विषयक श्लोक के पाद अर्थात् चारों श्लोक के जिन चारों चरणों को कानों से सुनकर, नेत्रों के द्वारा पढकर, भुवन के संपूर्ण भक्तगण पवित्र हो जाते हैं, तथा अपने को बडा भाग्यवान् मानते हैं।।1।।

गङ्गा के तरङ्ग - भङ्ग अर्थात् लहर की लपेटों की तरह सुन्दर और बे रोक टोक गति वाली श्रीशंकर की स्तुति सर्वोत्कृष्ट हैं, जो पङ्क (कीचड, दलदल) युक्त मलिनता से दूर करती हैं और नित्य निर्मल ऐसे कल्याण से युक्त करती हैं।।2।।

श्रीशम्भु की स्तुति, ध्यान और पूजन सर्वोत्कृष्ट है जो संसार रूपी भयंकर दावालन से जलते हुए वाणी, चित्त और शरीर इन को नीरोग (पीडा रहित) करने में महौषधिरूप हैं। और लक्ष्मी, तथा इस लोक और परलोक की भोगपरम्परा, तथा मोक्ष इन को अपने वश करने के लिए जादू के समान हैं।।3।।

भगवान् श्रीशंकर की निरङ्कुश (बेरोकटोक) बेमुलाहिजा, वह स्वतन्त्रता धन्य (सर्वोत्कृष्ट) है, जिसके द्वारा दोषाकर (दोषों का दुर्गुणों का खजाना - वास्तव मे दोषा (रात्रि) का करने वला चन्द्र को मस्तक पर स्थापन किया, जिस

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(स्वतन्त्रता) के द्वारा ब्रह्मा का मस्तकच्छेदन किया, [ब्रह्मा के अपराध को देखकर बाँये हाथ की कनिष्ठा अङ्गुलि से मस्तक अलग कर दिया, यह पौराणिक कथा है] जिस स्वतन्त्रता से कुबेर के साथ मित्रता की। जिस स्वतन्त्रता से त्रिपुरासुर, यम तथा कमदेव इनको भस्म कर दिया। और जिस स्वतन्त्रता से दशों दिशाओं को रावण के वशीभूत कर दिया।

और जिस स्वतन्त्रता से राम (परशुराम) परशु देकर उस परशु रूपी पंखे से उनके शूरता रूपी अग्नि को प्रज्वलित किया। जिस स्वतन्त्रता से इन्द्र की बाहुरूपी अर्गला का प्रतिष्ठम्भ (रुकावट) कर दिया। और जिससे सात दिन तक मरुत्तराजा के (पुर में) सुवर्णवर्षा करी। और जिससे विष्णु को सुदर्शनचक्र समर्पण किया।।

जिस स्वतन्त्रता से श्वेतराजा के कण्ठतट से यमराज के नागपाश को दूर यिा। जिस स्वातन्त्र्य से दक्षयज्ञ - भङ्ग के समय भग के नेत्र हरण कर लिये। जिस स्वातन्त्र्य से उपमन्युनामक ऋषिबालक को दुग्धसमुद्र का दान किया। जिस स्वातन्त्र्य के द्वारा यज्ञ में दीक्षित हुए दक्ष प्रजापति के याज्ञिक कामों मे विघ्न किया।।

जिस स्वतन्त्रता के द्वारा अन्धकासुर को सूली पर चढाया। पूषा (सूर्य) की ठोढी पकड ली तथा जिसके द्वारा अर्जुन पर पाशुपत दान रूपी अनुग्रह (दया) किया। जिसके द्वारा नन्दिकेश्वर को यमराज से अभयदान किया। और जिस स्वतन्त्रता से मुनिपत्नियों का कामुकशैली (लम्पटता) के द्वारा अभिमान - मर्दन किया।।

अधिक क्या कहैं, जिस स्वातन्त्र्य के द्वारा ब्रह्मा - विष्णु और हर के स्वरूप धारण करके क्रीडा करते हुए ही इस त्रिलोकी के उत्पत्ति स्थिति - और संहार करते हैं वह भगवान् ईश्वर (शंकर) का अप्रतिहत (बेरोकटोक) स्वातन्त्र्य सर्वोत्कृष्ट है।।4,5,6,7,8।। (एकान्वय)

अत्यन्त घोर है विष जिसमें ऐसे जिनके कण्ठतट से प्रणाम करते हुए भक्तों के लिये संजीवन औषधिरूप वचन ('मत डरो' इत्यादि) निकलते हैं। जलती हुइ प्रचण्ड अग्नि शिखाओं से भयंकर भी जिनकी दृष्टि अमोघ अमृतरस को बरसाती है, उन प्रभु को मैं शरण जाता हूँ, यह 33 वें श्लोक तक एकान्वय है।

दाढों से विकराल घोर भी जिन (पञ्चमुख 'सकलनाथ') का 'अघोर' नामक मुख शरणागतों के भय दूर करने में चतुर है। (भयानक मुख भी भय दूर

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

करता है यह अद्भुत है)। जिनके अङ्ग की भस्मकणिकायें भी आश्रित भक्तों के लिये कपूर - पराग की शोभा को धारण कारती है। (उन विभु को मैं शरण जाता हूँ, यह सर्वत्र अन्वय है)॥

जिनकी भुजाओं में रहने वाले काले भुजङ्ग आश्रय लेने वाले भक्तों को नीलकमल की मालाओं की तरह आनन्दित करते हैं। जिनके अङ्ग में रहने वाला ब्रह्मा का मस्तक ('शिरः कपाल') हवा से भरकर शरणागत भक्तों के लिये निर्मल तथा मङ्गल शङ्ख की शोभा को धारण करता है। (ब्रह्मा का 'शिरःकपाल' हवा के द्वारा मंगल शंख सा बजता है, यह भाव है) उन प्रभु की शरण जाता हूँ।

जिनके अङ्गों में घने रुधिर पङ्क (कीचड़) से लिप्त हाथी का चर्म मङ्गल रेशमी वस्त्र के विलास (शोभा) को धारण कारता है। और जिनके हाथ का कपाल तापत्रय से विकल भक्तों के लिये अमृत से भरे कमण्डलु की लीला को धारण करता है। उनका मैं आश्रय......॥

जिनकी चरण धूलि - स्पर्श से पवित्र हुआ श्मशान, श्रीशैल. (सिद्धगिरि) नैमिषारण्य आदि पवित्रतीर्थों को भी तिरस्कार करता है (मात करता है)। जिनके स्पर्शरूप परिचय से कपालों की माला भाग्यवान् भस्मों के लिये कमल माला के समान - कुशल (आनन्द सुख) करती है। उन विभु को..... ॥

इन्द्र की गोदी में स्थापन किया है मस्तक जिनने, रावण के हाथ किया जा रहा है पंखा जिनको, बैठे हुए ही सुख निद्रा सेवन करने वाले जिन देव को ब्रह्मा शतरुद्रिय आदि मन्त्रों के द्वारा मधुर स्वर से स्तुति करते हैं, उनको मैं आश्रय. .... ॥

जिस काल (मृत्यु) ने इन्द्र-विष्णु - सूर्य- चन्द्र आदि को भी ग्रस लिया है, तिरस्कारपूर्वक जिसने त्रिभुवन का ग्रास कर लिया है, वह काल भी जिसके विशाल भाल में जलते हुए नेत्राग्नि की ज्वाला में पतङ्ग बन गया। उनको मैं... .... ॥

जो प्रभु श्वेत (शुक्ल) पक्ष को अपने नेत्र (वाम) का आश्रय करने वाले चन्द्रमा के उदय का कारण, तथा काल (कृष्ण) पक्ष को चन्द्रमा का क्षयकारक समझ कर, दया के द्वारा विशद हुई अपनी दृष्टि के द्वारा श्वेत नामक राजा पर अनुग्रह करके विपक्षी (शत्रु) का (यम, मृत्यु) को दृष्टि के द्वारा ही शान्त कर देते हैं, उन विभु को......॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

पर्वत श्रेष्ठ हिमालय है धनुष जिनका ऐसे जिन प्रभु (शंकर) का संग्राम के नाके पर, मुख के अग्रभाग में (अर्थात् बाण की नोंक पर) प्रज्वलित जो अग्नि उसकी उग्रज्वाला रूपी जिह्वाओं से व्याप्त कर लिया है आकाश जिसने, ऐसा 'चक्री' (चक्रधर श्री विष्णु) 'बाणीकृत' बाण (तीर) बना लिया गया था, तथा मुख के अग्रभाग में अग्नि की तरह लसन् (वर्तमान) जो उग्र जिह्वायें (शेष सहस्त्रमुख का है), उनसे व्याप्त कर लिया है 'अम्बर' अर्थात् युद्धवस्त्र जिसने, ऐसा 'चक्री' अर्थात् वासुकि (शेष) नाग जिनका गुण अर्थात् धनुष की प्रत्यञ्चा (डोरी) बन गया था। अत एव जिनका बाण बना लिया और डोरी बना लिया 'चक्री' (विष्णु तथा वासुकि) के (त्रिपुरासुर के) मरने में साधन (उपकरण, सामान) बन गया था, उन प्रभु की शरण..........॥

जिन प्रभु ने चक्रायुध (अर्थात् चक्रधारी विष्णु) को बाण बना कर नक्षत्रचक्रवर्ती (चन्द्रमा) तथा चक्रों (चक्रवाकों) के मित्र (सूर्य) को रथ के दोनों चक्र (पहिये) बनाकर। स्वर्ग में तथा पाताल में क्रम से पुर की नारियों के हर्ष तथा शोकमय अश्रु (आँसू) पैदा कर दिया उन प्रभु को शरण.... स्वर्ग की पुरनारी अर्थात् देवाङ्गनाओं के हर्षमय अश्रु पैदा किया (क्योंकि उनके शत्रु त्रिपुरासुर को मार दिया), तथा पाताल में पुर अथात् त्रिपुरासुर की नारियों के शोकमय अश्रु पैदा किया (क्योंकि उनके पति को मार दिया), यह तात्पर्य है।

अवहेला (अवज्ञा, तिरस्कार) के साथ भी दिये गये जिस दृष्टिपात को प्राप्त करके कामदेव प्रीति और रति नामकी अपनी भार्याओं को भूल गया। उस दृष्टिपात को प्राप्त करके सफल हुआ है काम (मनोरथ) जिसका ऐसा कौन भक्त हृदय में प्रीति (आनन्द) और रति (सुख) को नहीं धारण करता। अपितु शम्भु के दृष्टिपात को प्राप्त करके सबही को सुख होता है मैं उनही का आश्रय. ....।

कृष्ण अर्थात् काला दिखाई देता है मार्ग जिसका, पृथुल (बडी) ऊष्मा (गर्मी) से भयानक, तथा श्लाघनीय शरीर को धारण करने वाला। स्वीकार किया है वन अर्थात् जल के समीप में वास जिसने (नेत्राग्नि शिरःस्थ गङ्गा के समीप ही रहता है) ऐसा धनञ्जय (अग्नि) व्याधाकृति (शबर रूप धारण करने वाले) जिनके नेत्रगोचर में (नेत्रों के) स्थान बनाने के कारण तेजसे प्रदीप्त हुआ है। यहाँ 'धनञ्जय का दूसरा अर्थ अर्जुन भी निकलता हे। इस पक्ष मे अर्थ होगा - श्रीकृष्ण के द्वारा दिखाया गया है मार्ग ('अब शंकराराधन के बिना विजय नहीं हो सकेगा, यह उपदेश) जिसको, अत्यन्त पराक्रम की है गर्मी जिसकी ऐसे भीष्म पितामह द्वारा प्रशंसनीय शरीर को धारण करने वाला, तथा स्वीकार किया है

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

वनान्त (जंगल) में निवास जिसने, तथा अर्जुन के अनुग्रह के लिये शबर रूप को धारण करने वाले जिन शंकर के दृष्टि विषय में चरण रखने वाला 'धनञ्जय' अर्जुन, जिनके अनुग्रह के कारण तेज से प्रदीप्त हो उठा, उन प्रभु को शरण जाता हूँ।।

जिनके मन मे, सुधाकर (चन्द्र), तथा सुधा (अमृत) से भरा कमण्डलु, देवनदी (गङ्गा) का जल ये सब, सृष्टि- पालन- संहारादि के ताप को दूर कर दें, यह बात युक्त ही है। किन्तु जिनके अङ्ग में लगे शव ((मुर्दे) की भस्म, कपालों की माला, हलाहल (विष), अहि(सर्प) तथा दहन (अग्नि) आदि भी सब बडे सुन्दर प्रतीत होते हैं, यह अद्भुत है।

कीडे की सौ पैर वाली मूर्ति यदि कान में चली जाय तो मनुष्यों के प्राण हरण करने वाला रोग पैदा करती देखी जाती है। किन्तु जिनके नेत्र में स्थित सौ पद (पाद, किरण) वाली सूर्य की मूर्ति आश्रय लेने वाले भक्तों का मृत्युभय दूर कर देती हैं, यह आश्चर्य है। सौ पाँव वाली 'गिजाई' (वर्षा में उत्पन्न होने वाला एक कीडा) कान में चले जाने पर भयंकर रोग पैदा करती है किन्तु सौ (पाद -किरण) वाला सूर्य (शंकर के नेत्र में स्थित) भक्तों का मृत्यु भय दूर करता है। (यह तात्पर्य)।। उनकी मैं शरण.......।।

जो दयासागर 'मेरी रक्षा करो' इत्यादि पीडितों का दीनवचन सुनकर, दया की भावना मन में पैदा होते ही, कंपित हुआ जो मस्तक उसमें स्थित श्रीगङ्गा की बूँदों के समूहों से अपनी गोदी में स्थित श्रीपार्वती के स्तनों पर लगे मोतियों के मनियों को द्विगुण कर देता है। उनका मै आश्रय.... ।। दया के कारण श्रीशंकर का मस्तक हल जाता है और गङ्गा की बूँदे नीचे टपक कर पार्वती की मोती की माला को उन बूँदों से दूनी कर देती है। (यह तात्पर्य)।।

अत्यन्त गाढी भक्ति वाले विधुरों (सांसारिक तापों से पीडित भक्तों) का दूर कर दिया है तीव्र दोष (अपने की शंकर से भिन्न समझना) रूपी, अन्धकार जिसने (वचन सुनते ही आत्मा में शिव से अभेद भावना उत्पन्न हो जाती है)। जो अत्यन्त निर्मल है, प्रकाश अर्थात् अत्यन्त स्पष्ट है। विविक्त अर्थात् अलग अलग प्रतीत हो रहे हैं वर्ण अर्थात् अक्षर जिसमें, तथा जो भक्तों को 'कर्णान्तगामि' कानों में जाने वाला। ऐसा जिनका वचन अमृत बरसाता है। तथा जिनका विलोचन (नेत्र, तीनों नेत्र) भी 'उद्गाढभक्ति' (गाढी भक्ति 'विच्छित्ति' (रचना) वाले हैं) (सूर्य, चन्द्र नेत्रों को विचित्र प्रकार की बनावट है)। ऐसी रचना वाले जो विधु-रवि (सूर्य - चन्द्र) उनसे 'अपनीत' दूर कर दिया है 'दोषा' रात्रि का

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

अन्धकार जिसने ऐसा है। तथा तृतीय नेत्र कैसा है कि अत्यन्त है 'शुचि' अर्थात् अग्नि का प्रकाश जिसमें (संस्कृत में 'शुचि' अग्नि का नाम है)। तथा जिनका नेत्र विविक्तवर्ण अर्थात् अलग अलग हैं श्वेत - कृष्ण - और लाल रंग जिसमें ऐसा है (नेत्र में यह तीनों रङ्ग होते हैं) । तथा वह बडा होने से कर्णपर्यन्त जाने वाला है। ऐसा श्री शंकर का लोचन भी भक्तों पर अमृत बरसाता है। (ऐसे प्रभु का मैं आश्रय लेता हूँ, आगे से अन्वय।)

जिनके चरण कमल की रज से पवित्र मस्तक वाले, स्थिर और सच्ची है वाणी जिनकी ऐसे जिन (शंकर) के भक्त। अत्यन्त आडम्बर (रोब) के साथ किया जो क्रोध उससे विकट है भ्रुकुटी की छटा जिनकी, ऐसे प्रचण्ड यमदूतों की विभीषिकाओं (डराने के लिए मुखों की भयंकर चेष्टाओं) के पात्र नहीं होते। जिनकी चरण रज को मस्तक पर धारण करने वाले भक्त यमदूतों की विभीषिका कभी नहीं देखते।

जिन (शंकर) का आश्रय लेने वाले भक्त का यश, कवि और वीणा बजाने वाले दोनों गाते हैं। दोनों के विशेषण एक से हैं - कवि कैसे हैं - निर्दोष, कानों में अमृत को बरसाने वाली, वक्र अर्थात् औरों से अलग अपना नया स्थान रखने वाली, दृढ अर्थात् स्थिर हैं ओज, प्रसाद, माधुर्य आदि काव्य गुण जिसके ऐसी महती (बडी) सूक्ति (सुन्दर उक्ति, रचना) को धारण करने वाले तथा अति विशुद्ध है कुल और विद्या (ज्ञान) जिनका ऐसे। वीणावादक भी कैसे हैं कि - सुन्दर है बोल जिसमें, शुचि (निर्मल, सुस्वर) कानों में अमृत बरसाने वाली, बनावट से टेढी, सुस्थिर हैं गुण (तार) जिसके ऐसी 'महती' नाम की वीणा (सौ तारवाली, कइयों के मत से इक्कीस तारवाली) को धारण करते हुए। तथा विशुद्ध है 'वंश' (वीणा का बाँस) और वीणावादन की विद्या (कला) जिनकी ऐसे। ऐसे विभुं को मैं......।।

जिस प्रभु के सेवक कामदेव के बाण समूह से आक्रमण की गई (अर्थात् कामोन्मत्त), ललाट भाग में शोभमान जो तिलक (टीकी, सौभाग्य बिन्दु) उससे सुन्दर शोभावाली। तथा मधुर कण्ठ स्वर से मनोहर। कुसुमित (अर्थात् जिसका 'कुसुम' रजोदर्शन काल आ गया हो)। ऐसी सुन्दर पत्नी तथा 'कुसुमित' खूब फूलों से युक्त उपवनस्थली (पुष्पवाटिका) का अवसर पर (सुन्दर मौके पर) सेवन करते हैं। सब विशेषण 'उपवनस्थली' मे भी लगते हैं। यथा - पुष्पवाटिका कैसी है - मदन नाम के वृक्ष तथा 'उल्बण' (ऊँचे- ऊँचे) जो 'बाण' तन्नामक वृक्ष, तथा 'पूग' (सुपारी के वृक्ष), उनसे व्याप्त 'अलि' भ्रमरों से मनोहर और

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

खिलते हुए जो 'तिलक' जातीय वृक्ष उनसे सुन्दरशोभा वाली। कलकण्ठों (कोकिलों) के नाद से मनोहर।

जिन भगवान् के भीतर - प्रसन्नमनवाली, सांसारिक संतापों से पीडित लोगो की संतापशान्ति में जिन सबने अपनी संमति की हुई है ऐसी भगवती पार्वती, करुणा (दया) चन्द्रमा की कला, भक्तों पर दया रखने वाली दृष्टि गङ्गा और सरस्वती । 'ऐसे प्रभु की मैं शरण जाता हूँ' यह अग्रिम अन्वय।।

सांसारिक संतापों की 'संपत्ति' (बहुतायत) को दूर करने में चतुर, गङ्गा के जल की तरह चन्द्र समान उज्ज्वल ऐसे जिस प्रभु के यश (चरित्र) तीनों लोकों को भूषित, आनन्दित, पवित्र तथा अत्यन्त संजीवित करते हैं।

कर्पूर की तरह सुन्दर कान्तिवाले जिस प्रभु के चरित्र - दुष्ट जो कलिकाल वही हुआ तंग कटाह (कडाही) उसमें पकाये गये (पीडा दिए गये)। तथा तीव्र अभिमान युक्त है मन जिनका ऐसे मनस्वी लोगों की -' सुदर जो उत्तम चन्दन की बूँदे उनके समूहों की अभिलाषा को पूर्ण करते हैं। अर्थात् वे चरित्र ही ऐसे सुरभित और शीतल, सुखप्रद हैं कि मनस्वी लोगां को चन्दन बिन्दु प्रवाह की इच्छा ही नहीं होती।

जिस प्रभु के चरित्र को बुद्धिमान दिक्पाल (इन्द्र वरुण कुबेरादि) कमलयुक्त पुष्करिणियों (तलैयाओं) के तटों पर - तीर में खिले हुए जो कमल उनके मकरन्द पान में तेजी से लगी हुई जो भृङ्गाङ्गना (भौरियाँ), उनकी जो गुमगुमाहट (गुम् गुम् इत्याकारक गीति) बीच मे जिसके ऐसे चरित्र को गाते हैं।

जिन प्रभु के चरित्र को गाते हुए भक्त के मुख में कमल को आसन बनाले वाली श्रीलक्ष्मी के विजय की इच्छा से स्वयं वाग्देवी (सरस्वती) निवास करती है। अब मुख और कमल दोनों के समान विशेषण दिये जाते हैं। मुख कैसा है - व्यक्त (प्रकाशित), उज्ज्वल (देदीप्यमान) जो अलिक (ललाट) उससे व्यक्त। बडी हैं आँखे जिसमें, बडा है 'कर्णिका' कर्णभूषण जिसमें। अनर्गल (सीधा) खडा है 'नाल' (अर्थात् कण्ठ) जिसमें। अब देखिये, कमल भी कैसा है- व्यक्त (प्रकाशित) सुन्दर जो अलि (भौंरे) उनसे 'कचित' (शोभित) बड़े बड़े हैं अक्ष (कमल के बीज, कमलगट्टे) जिसमें। बडी है कर्णिका (कमल के बीच में रहने वाली बीजों की डोडी) जिसमें। सीधा है नाल (कमल की डंडी) जिसमें। उन प्रभु को मैं आश्रय बनाता हूँ, यह अग्रिम अन्वय।।

आपन्निग्रस्तों के बान्धव (सहायक)। जिनका डूबना समीप में है ऐसे

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

नमस्कार कते हुए भक्तजनों को 'मत डरो' इत्यादि सान्त्वना देने में जिनका वचनविलास सफल है, ऐसे बालचन्द्रमा को मस्तकभूषण बनाने वाले, आश्रितजनों की पीडा हरने वाले, देव भगवान्, शम्भु की शरण में जाता हूँ।। 9-33 (पच्चीस श्लोकों का एकान्वय)

मैं उन देव का आश्रय लेता हूँ जिनके मुकुट में सर्प श्रेष्ठों की चमकती हुई हजार मणियों के मिस से - गङ्गा जी के जल से छिडके गये लालाट के अग्नि ने मानों अङ्कुर सहस्र छोडे हों। अग्निपर जल डालने से चारों तरफ किरणें सी निकलती है। इस ही पर 'उत्प्रेक्षा' है कि सर्पो की मणियें नहीं, ललाट के अग्नि की ये किरणें हैं।।34।।

अनुग्रह सहित (कृपापात्र) जो उत्तमगण (पारिषद) उनसे सेवन किया गया है चरणमूल जिनका। मस्तक पर जिनने गङ्गा को धारण कर रखा है। शीतमूर्ति (शीतल बिम्बवाला जो चन्द्रमा) उस सहित। कडों के स्थान पर विषधर सर्पों से आश्रित। अतिमनोहर गुह (स्वामिकार्तिक, पुत्र) जिनका, ऐसे गिरीश (श्रीशंकर) को आध्यात्मिक आदि तापों की शान्ति के लिये आश्रय करता हूँ।

यहाँ श्लेष से 'गिरीश' शब्द का गिरिओं (पर्वतों) में श्रेष्ठ हिमालय भी अर्थ होता है। इस पक्ष में श्लोक का अर्थ है - 'सानु' (शिखरों) का आश्रय करने वाले जो शंकर के उत्तम गण उनसे आश्रित हैं 'पाद' प्रत्यन्तपर्वत (अर्थात् समीप के पहड़ों) का मूलदेश जिसका। जिसके मस्तक (चोटी) पर गङ्गा है। तुषार (हिम) सहित है मूर्ति जिसकी (इस ही लिये तो वह 'हिमालय' है)। कटकों (पर्वत के मध्यभागों में) विषधरों से सेवित । अत्यन्त मनोहर हैं गुहा (गुफा) जिसकी ऐसे 'गिरीश' हिमालय को मैं ग्रीष्मताप की शान्ति के लिये आश्रय करता हूँ।।35।।

जो शम्भु चरणकमल में क्षीरसमुद्र, हाथ में अमृत कलश, मस्तक पर लहराती गङ्गा को, संसार में जन्म लेने वाले प्राणियों के अणु (पुद्गल, आत्मा) संबन्धी, सब तरह के कर्म सबन्धी, तथा अविद्या (परमशिव से विश्व को पृथक् मानना), रूप तीनों मलों को हरण करने के लिये ही मानों धारण करते हैं। यहाँ 'इव' आदि वाचकशब्द नहीं रहने से गम्योत्प्रेक्षालंकार है।।36।।

जिनकी जटाओं पर गङ्गा फूलों की माला की तरह शोभित है और जो शिरःस्थ चन्द्रमा की चाँदनी को श्वेत चन्दन के विलेपन की तरह धारण करते हैं उन प्रभु का मैं आश्रय लेता हूँ।।37।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

जो प्रभु गणेश की जननी (माता), हिमवान् (हिमालय) से पैदा होने वाली, दर्शनमात्र से तीनों लोकों को पवित्र करने वाली 'गौरी' (गौर वर्ण और अजातरजस्का) भगवती कात्यायनी को तथा सुरनदी (गंगा) को धारण करते हैं (दोनों में सब विशेषण समान हैं। गंगापक्ष में 'गौरी' श्वेतवर्ण), 'निर्वाण' (अत्यन्तदुःख निवृत्ति, मोक्ष) को देने वाले उन चन्द्रमौलि को शरण जाता हूँ।।38।।

किसी समय विधाता (ब्रह्मा) रूपी मृग के मस्तक को काटने वाले (सन्ध्या को अतिरूपवती देखकर मुग्ध हुए ब्रह्मा उसके पीछे दौडे। सन्ध्या ने मृगी रूप धारण किया। ब्रह्मा भी मृग बन गये। भगवान् शंकर ने यह अपचार देखकर मृगरूपधारी ब्रह्मा का मस्तक काट लिया। जो मृगशिर नक्षत्र रूप से आज भी आकाश में विद्यमान है। यह पुराण कथा है।) और किसी समय गोदी में मृग को लेने वाले (मृग को गोदी में लेने वाले 'मृगांक' चन्द्रमा की मूर्ति धारण करने वाले। किसी समय मृगों को मारने में ही प्रीति रखने वाले 'किरात' व्याध का रूप धरने वाले। कभी मृगों को अपना 'रथ' (अश्व) बनाने वाले वायु-रूप (पृषदश्व-पृषत् (मृग) है अश्व जिसका, यह वायु का नाम है।) ऐसे 'विभु' (सर्वतन्त्र स्वतन्त्र) श्री शंकर का मैं आश्रय लेता हूँ।।39।।

मैं निरङ्कुश (किसी से भी नहीं दबने वाले) स्वतन्त्र प्रभु शंकर का आश्रय लेता हूँ। स्वतन्त्रता देखिये- उद्दाम (प्रचण्ड) हैं दोष (दूषण) जिसके वह 'दीर्घगुण' वाला कैसे होगा? किन्तु शंकर उद्दाम (विकट) हैं अन्धक त्रिपुरादि दैत्यों को मारने में 'दोष' अर्थात् भुजा जिनकी ऐसे हैं। जो भुजङ्गों (सर्पों) के शरीरों से आलिङ्गित है वह उत्पन्न हुआ है शिखि (अर्थात् मयूरों) का संबंध जिसको ऐसा कैसे हो सकता है? क्योंकि सर्प और मयूरों का आपस में वैर हैं किन्तु यहां 'शिखि' का अग्नि अर्थ है। उत्पन्न हुआ है ललाट में स्थित अग्नि का प्रसङ्ग (संबंध) जिसको यह अर्थ हो जाता है। जो कापालिकों (कपालों से खेलने वालों) का व्रत धारण करै वह द्विजेन्द्र (श्रेष्ठ ब्राह्मणों) का चूडामणि (सिरमौर) कैसे होगा? किन्तु शंकर द्विजेन्द्र (चन्द्रमा) है चूडामणि (मस्तकभूषण) जिनका ऐसे हैं इसही लिये तो शंकर निरङ्कुश, स्वतन्त्र हैं।।40।।

अपने अर्द्ध अङ्ग में ही धारण की है अङ्गना (श्रीपार्वती) जिनने ऐसे हैं तौ भी कामदेव के शरीर को जिनने भस्म कर दिया। संपूर्ण विश्व के जो एकमात्र स्वामी हैं तौ भी टूटा हुआ कपाल जिनके हस्त में है ऐसे। जो उग्र (प्रचण्ड क्रोधी) है तौ भी भक्तों के शिव (कल्याण) कारी हैं। जगत् के

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

संहारकर्ता हैं तौ भी अघोर अर्थात् परमानन्दप्रद हैं। जो अज, अजन्मा, ब्रह्मा आदि सबके आदिकारण हैं तौ भी सद्योजात (अर्थात् शिव को आदि लेकर पृथिवी पर्यन्त विश्व के नित्यनवीनोल्लासशाली होने कारण विश्वरूप शंकर भी नवीन जात) हुए। इस तरह आश्चर्य के निधान विभु श्री शंकर का मैं आश्रय लेता हूँ।।41।।

अत्यन्त दुर्गम इस भव (संसार) मार्ग में भयमुक्त मैं काम क्रोध आदि जो डाकू उनको दबाने में एकमात्र वीर, रात्रि ही है कुटुम्ब (गृह, गृहिणी) जिसकी ऐसा जो चन्द्र, उसकी एककला है शिरोभूषण जिनका, जिससे बढ़कर कोई उत्तम नहीं ऐसी सर्वोत्कृष्ट स्वातन्त्र्यशक्ति वाले स्वामी श्रीशंकर को मैं शरण स्वीकार करता हूँ।।42।।

सुमेरु वा मन्दर प्रभृति बड़े बड़े पर्वतों से क्या प्रयोजन? कैलास ही सबसे गौरववान् है क्योंकि सब प्राणियों को अभय देने वाले, 'अवकर' धूलि आदि कजोडेसे रहित, सर्वशङ्काशून्य, सुन्दर शोभाशाली निष्कलङ्क जिसके अङ्ग (मध्यभाग) को जगत् के एकमात्र गुरु श्री गिरीश (कैलास के स्वामी श्रीशिव) अलंकृत करते हैं।।43।।

अनन्यज (मनोज, कामदेव) का शासन (दमन) करने वाले श्री शम्भु के शासन (आज्ञा उपदेश) को उल्ङ्घन करके कोई मूर्ख ही अन्य के शासन (आज्ञा) का अनुगमन करने की इच्छा रखता है। नवीन नागरबेल के पानों से भरे बन को छोडकर कंटक समूह से व्याप्त ऐसे खड्डे का आश्रय ऊँट ही लेता है।।44।।

दूसरे के लिये की गई भी श्रीशंकर की सेवा कल्पवृक्ष की तरह लोगों को सर्वाभीष्ट फल देती है। दूसरे के लिये जलाई गई भी दीपशिखा (बत्ती) जलाने वाले के संमुख भी घट-पटादि पदार्थों को दिखा देती है।।45।।

यहि किसी ने जीविका के लिये भी भगवान् शंकर का पूजन किया हो तो भी भगवान् उसके पाप परिणाम (फल) को नाश कर देते हैं। यदि कोई गरमी के संताप को दूर करने के लिये भी गंगा में नहाता है तो भी वह निष्पाप हो जाता है।।46।।

दूसरों के द्वारा आज्ञा दिये हुए भी जो भगवान् शंकर की भक्ति करते हैं वे भी सांसारिक दुर्गति से छूट जाते हैं। अपने बच्चों को दूध पिलाने के लिये रखी गई 'धाय' (उपमाता) संपूर्ण भोग, तथा सुख पूर्वक सोने बैठने आदि आरामों की पात्र हो जाती है।।47।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

दम्भ (ढोंग) से भी की गई कामविजयी श्रीशंकर की सेवा परम आनन्द और समृद्धि देती है। दूसरों को प्रसन्न करने के लिए किया अङ्गराग (चंदनादिलेपन) पुष्पमाला- नये वस्त्र इत्यादि कृत्रिम वेष क्या वेश्या को सुख नहीं देता?।।48।।

इसलिये हे सज्जनो! जैसे हो वैसे भी प्रभु शंकर की ही शरण में जाओ। यदि दुर्भाग्य से मोक्ष न भी हो, तौ भी पाप तो दूर हो ही जाते हैं। जो पुरुष अपनी इच्छा से ही अमृत के सरोवर में गिर जाता है वह चाहै डूबै नहीं, किन्तु क्या वह अमृत बिन्दु से बिना सिँचा (सूखा) ही बाहर आता है? अपि तु नहीं।।49।।

बेपरवाही से बालक उपमन्यु को क्षीरसमुद्र का दान, बेरोकटोक सुवर्ण की वर्षा (सात दिन तक मरुत्त राजा के लिए), क्रुद्ध हुए यमराज के नागपाश के बन्धन से छुडाना (श्वेतनृपति को), प्रचण्ड हालाहल का पान करना इत्यादि और भी अद्भुत काम जिनकी क्रीडा मात्र है उन देव का वर्णन कैसे किया जाय?50।।

जो स्वच्छन्द (स्वतन्त्र) हैं, और कभी स्वेच्छा से अपनी भ्रूलता (भ्रुकुटि) को चञ्चल कर देते हैं (अर्थात् भ्रुकुटी के हिलाने से किसी काम की आज्ञा का इशारा करते है), उस समय शंकर की आज्ञा को ही अत्यन्त अनुग्रह लाभ मानकर- 'मुझको आज्ञा हुई है' यों परस्पर डींग मारना तथा होडा होडी से उत्कट हुए देवता और असुर सरगर्मी के साथ जिनकी सेवा करने के लिये परस्पर कलह करते हैं, उन भगवान् महेश्वर के माहात्म्य वर्णन में हम सरीखे कौन होते हैं, कोई चीज नहीं।।51।।

पृथिवी-जल-वायु-सूर्य-अग्नि-आकाश-आत्मा (यजमान) और चन्द्र इन आठ प्रकार के वैभवों (मूर्तियों) से जो भुवन की रक्षा करते हैं। जो स्वयं भोक्ता (कर्ता रूप), और भोग्य (कार्यरूप) हैं। उन महान् ईश्वर (जो ब्रह्मादिकों का भी कारण है) उनके संबंध में हम क्या कहैं? जो स्वतन्त्र प्रभु अपने उल्लास रूप ब्रह्मा-इन्द्रादि के द्वारा अपने ही उठाये हुए पाशों से जैसे कोई खेलता है वैसे अपने आप उठाये और बिगाडे खिलौनों की तरह इन्द्रादि से क्रीडा करता है।

शरणाश्रयणं नाम, अष्टमं स्तोत्रम्

पशुपतिसेवाकुञ्ज मञ्जुनाथकरकञ्जकृत।
कुसुमाञ्जलिसुमपुञ्ज यह 'अष्टम' शिवचरणधृत।।

O

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

कृपणाक्रन्दनं नवमं स्तोत्रम्

(९)

❀❀❀

हे स्वामी! थोड़े ज्ञान वाले हम सरीखों अन्दाज के वचनों से आप की स्तुतिरूपी जो चपलता की जाती है वह सूर्य की कान्ति को दीपकसमूह से पूर्ण करना है। ओस की बूँदों से समुद्र को भरना है।।1।।

पूर्ण प्रौढता को नही पहुँची हुई किन्तु 'वाचाल' बहुत बोलने वाली, प्रारम्भ के वर्णन की ही शक्तिवाली, यह मेरी वाणी परम पुरुष आप तक पहुँचना चाहती है इसमें हे स्वामी! मेरी वाणी की धृष्टता का अपराध है।।2।।

अथवा आपका आश्रय लेने वाले मेरे सरीखे की भी अनिर्वचनीय (जो कहने में न आवै) और प्रशंसनीय वह महिमा हो यह दुर्लभ नहीं। हे स्वामी जहाँ आपका बैल (नन्दी) स्वतन्त्रतापूर्वक धीरे से भी चरण धरता है वह भूमि सुवर्णमयी हो जाती है।।3।।

विष से भी भयंकर अकारणवैरी इस मोहरूपी रोग ने मेरे चित्तको दुःख से व्याप्त तथा अनेक विन्ता जाल से विकार युक्त बना दिया है। हे स्वामी! इसको मैं आपकी स्तुति रूपी रसायन के सेवन से नष्ट करता हूँ।।4।।

हे गिरीश! (कैलाश के स्वामी) अपूर्व आनन्द का उपदेश करता हुआ आपका स्तव (स्तुति) रूपी गुरु सर्वोत्कृष्ट (धन्य) है। जिस स्तुति के अन्तःप्रवेश (हृदय में आना) रूपी दुर्लभ सोपान (सीढ़ी) के द्वारा वाग्देवी मेरे संमुख शीघ्र ही स्फुरित (प्रकट) हो जाती है।।5।।

हे अन्धकारि (अन्धक नामक दैत्य के बैरी)! स्वादिष्ट षड्रस रसायन के लिये मेरे इस मन की इच्छा नहीं। चन्द्रमुखी के निरन्तर मुखामृत की भी चाह नहीं। आपके समीप इसका यही निर्बन्ध (हठ) है कि इसको 'निर्बन्ध' (सांसारिक बन्धन रहित मुक्त) कर दीजिये।।6।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

हे भगवन्! इन्द्र की पुरी अमरावती मेरी दृष्टि में बड़ी नहीं। सुवर्ण का सुमेरु भी प्रीति उत्पन्न नहीं करता। हे शंकर! जहाँ आपके चरण कमलों की पूजा का सुख मिलता है उस जंगल को ही मैं शरण लेने योग्य मानता हूँ।।7।।

मेरी दृष्टि रूपी जो भ्रमरी (भौंरी) कामदेव के अभिलाष के वशीभूत होकर बेबस कामिनियों की भुजलताओं में घूमती थी, सबल हुई वह दृष्टि अब आपकी भक्तिरूपी कल्प-लता के फलभोग की तृष्णा को प्रकट करती है।।8।।

हे प्रभु! भक्तों की सांसारिक तापशान्ति के लिये यह आपकी भक्ति क्या मुकुट की चन्द्रकला को निचोड़कर बनाई गई है? अथवा मस्तक की नदी (गंगा) के जल से बनाई गई है, कि वा आपके हस्त में स्थित कलश के अमृत-प्रवाह से बनाई गई है?।।9।।

हे स्वामी! अद्भुत चरित्रशाली आपके अद्भुत पराक्रमों के गानरूपी अमृतपान में अत्यन्त आसक्त हुई यह मेरी वाणी हरिणी की तरह और सब रास्तों को छोड़कर एक पैंड भी यहाँ से आगे हटने की क्षमता नहीं रखती। यह सत्य है।।10।।

यमराज के भय से व्याकुलता को प्राप्त हुओं के लिये आश्वासन (ढाँढस) स्वरूप, जन्ममरणरूपी दावानलकी पीड़ा से मरों के लिए संजीवनी (जीवनौषधि), सुकवियों की (सत्य) वाणी का आधार। आपके चरित्र रूपी अमृतों का कीर्तन (गान) करना सर्वश्रेष्ठ है।।11।।

तरङ्गों से चञ्चल दुग्ध का समुद्र आपका दान है (उपमन्यु के लिए) अत्यन्त भयंकर यमराज के भय से मुक्त कर देना यह आपका अनुग्रह है (श्वेतराजा के लिये)। सात दिन तक निरन्तर सुवर्णवृष्टि करना यह आपका त्याग है। हे प्रभु! आपका कौन सा सुन्दर चरित्र प्रशंसनीय नहीं।।12।।

रज (अर्थात् पुष्प के पराग) से परिचय रखने वाला, चपलस्वभाव, जाति से मलिन (काला) भौंरा कमल में अपने पक्षों (पंखों) को डालकर जैसे प्रसन्न हो जाता है, ऐसे ही रजोगुण से छुआ, चंचलस्वभाव तथा स्वभाव से ही मैला यह मेरा हृदय आपके चरणरूपी कमल में पक्षपात (स्नेह) रखकर प्रसन्नता से भरे भौंरे की शैली (शोभा) धारण करता है।।13।।

हे शंकर! आप वामदेव (संसार से 'वाम' विपरीत हैं, अथवा 'वाम' सुन्दर हैं) तो भी आश्रय लेने वाले भक्तों के पक्ष में दक्षिण (अर्थात् अनुकूल) हैं, आप सब जगह बसते हैं, वर्तमान हैं, तो भी कामदेव के बैरी हैं। वसन्त (ऋतुराज)

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

काम का बैरी कैसे होगा, किन्तु आप सर्वत्र निवासी होकर भी कामदेव का दाह करने वाले हैं। आप 'अन्तक' जो काल (मृत्यु) उसके शान्त करने वाले हैं तो भी अनन्त (अपरिमित, बेअन्दाज) जो क्रोध उसके शान्ति के कारण हैं। जो 'अन्तकोपशमहेतु' है वह 'अनन्तकोपशमहेतु' अर्थात् उससे भिन्न कैसे होगा? किन्तु एक जगह 'अन्तक' काल का उपशम हेतु, और दूसरे पक्ष में अनन्त जो कोप, क्रोध उसके शान्त करने वाले। अतएव अचिन्तनीय, विचार सीमा से बाहर है गति (चरित्र) जिनकी ऐसे विभु, सर्वसमर्थ आपका आश्रय लेता हूँ।।14।।

स्तुति (प्रशंसा) करने लायक है महान् महिमा (महत्त्व, प्रभाव) जिसका ऐसे 'आकाश', तथा समर्थ प्रभु आप, उनकी दूसरे के द्वारा 'नियति' नियमन (रोक, रुकावट) नहीं हो सकती। क्योंकि आकाश कभी स्वच्छ निर्मेघ अर्थात् निर्मल अवस्था में निर्मल प्रकाश देता है और कभी मेघों के आवरण (आच्छादन) से उपरोध (रुकावट) देता है। इस ही तरह आप किसी भक्त पर निर्मल चैतन्य का प्रकाश देते हो और किसी पर घना (गहरा) जो माया का आवरण उससे सब प्रकार 'उपरोध' रुकावट देते हो।।15।।

आपसे अन्य परम दयालु और कौन होगा जो भक्तों की जन्म-मरण-व्याधिरूप आपत्ति (क्लेश) तथा 'उपताप' (आध्यात्मिकादि त्रिविध संताप) इनके दूर करने में लगे हुए मन को। तथा सांसारिक भयों से डरे हुए लोगों को अभय ('मत डारो' यों सान्त्वन) दने रूप 'पण' (नियम) में तत्परवाणी को। तथा त्रिभुवन के उपकार (उत्पात मनाने वाले त्रिपुर, अन्धक आदि असुरों का वध करके तीनों लोकों को अभय देना रूप) में परवश ऐसे शरीर को धारण करता है। आकाश-पृथ्वी-वायु आदि अनेक मूर्ति धारण करके आप संपूर्ण लोकों का उपकार करते हैं।।16।।

हे भगवन्! आपके साथ वियोग (विरह) धारण करके इस चित्त को विषाद (दुःख) प्राप्त हुआ, प्रसाद (प्रसन्नता) नहीं। तुमसे बिछुड कर इस चित्तने उचित विचार को छोड़ा, समाधि (चित्त की एकाग्रता) आदि का बैरी बाह्य जनसंग नहीं (बाहरी आदमियों के साथ मेल मिलाप को नहीं छोड़ा) तुमसे दूर हुए इस चित्त में दुर्विचारों ने कहाँ नहीं छिद्र पाया? अपि तु सर्वत्र मौका पाया, इसके अतिरिक्त श्रेष्ठ प्रबोध (ज्ञान) नहीं पाया। यहाँ कवि ने यह शब्द चमत्कार भी रखा है कि यह चित्त धारण किया है 'वि' और 'प्र' रूप उपसर्ग रूप (शब्दों) का योग जिसने ऐसा है। तीनों चरणों में 'वि'षाद, 'प्र'साद। 'वि'चार, 'प्र'चार। 'वि'वर, 'प्र'वर यों सर्वत्र 'वि' और 'प्र' शब्दों का संबंध रखा है।।17।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

हे चन्द्रकिरीट ('सारंग', मृग है केतु में जिसके ऐसे हे चन्द्रशेखर), रजोगुण का विकार जिसका शान्त नहीं हुआ है, 'अश्रान्त' निरन्तर घूमने वाला (जिसको थोड़ा भी विश्राम नहीं मिला।) ऐसा यह अन्तःकरण का प्रकट अन्धकार (तम) मनुष्य को अन्धा बना दे, यह तो ठीक है। किन्तु जो बहरा भी बना देता है, यह क्या अतिप्रसङ्ग (आसक्ति) है, यह मैं तर्कना नहीं कर सकता। रज (धूलि) से मिला बाहर का अन्धकार मनुष्य को अन्धा बना देता है किन्तु वह बहरा नहीं बनाता। किन्तु यह हृदय का अन्धकार (तमोगुण) मनुष्य को अन्धा और बहरा बना देता है,? यह निश्चित है।।18।।

जो कामदेव विलास से चञ्चल हुए जो स्त्री के नयन उसका जो अन्त (अर्थात् नेत्र का अन्तिम हिस्सा 'कटाक्ष') उस निवास (स्थान) को प्राप्त करके अपने को मनस्वी (अर्थात् वशीकृत चित्त) मानने वाले मानियों का भी कहाँ नहीं भङ्ग करता है? अपि तु सर्वत्र जीत लेता है। धिक्कार योग्य वह मनोभू (कामदेव) मेरे चित्त में बैठ (घुस) कर मेरे मर्म का क्या भेदन नहीं करता? अपि तु मर्म मर्म भेदन कर रहा है। हे स्वामी। आपका ध्यान करने के कारण विमल हुए मेरे चित्त में निवास करते हुए आपको 'असन्तम्' अवर्तमान (नहीं रहते हुए) की तरह वह मानता है, यह क्या बात है? अथवा और क्या बात है। केवल यह आपका 'सर्वंकष' (सर्वव्यापक) प्रसाद (अनुग्रह) है, जो यह जला हुआ भी आपके अनुग्रह को प्राप्त करके गर्व (अभिमान) को धारण करता है कि आपके भक्तों को भी धनुष का लक्ष्य (निशाना) बनाता है (श्रीपार्वतीजी के परिणय के अवसर पर श्रीशंकर ने ही कामदेव का अपराध क्षमा करके अनुग्रह कर दिया था)।।19-20।।

उत्कृष्ट चन्दन में घिसे हुए जो कस्तूरी कपूर और केसर इनके मेल से किया है विलेपन जिस अङ्ग में। नवीन कदली (केले का खंभ) के समान कोमलता और चिक्कणता जिसमें हो। कामदेव रूपी नट का क्रीडा स्थान ऐसे अङ्ग को धारण करती हुई। खिले कमल के समान मुख वाली, फूले हुए शिरीष (सिरस के फूल) की माला के समान कोमल बाहु वाली। नये नीलकमल के समान नेत्रवाली, वसन्त ने अपने मित्र कामदेव के हित के लिये पुष्पों के द्वारा मानों ब्रह्मास्त्ररूप बनाई। 'हे नाथ!' यों प्रेम से, 'हे जीवितहर!' (विरह में जीवन भी हर लेते हो) यों कोप से, 'हे दयापर' (दासी पर दया करो) यों कोमल, इस तरह प्रेम-कोप- और कोमलता से बातचीत करती। वाणी से नहीं कहे जाँय ऐसे विलासों (विभ्रम, नखरों) से मन को इस तरह बस करती हुई कि मानों अपने दृढ़ प्रेम के द्वारा अपना भीतरी गुप्तभाव सब प्रकट कर दिया हो। अधिक क्या,

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

कुपित हुआ जो निर्दयी कामदेव उसके बाणसमूह से छिद गया है हृदय जिसका (कामोन्मत्त) ऐसी (मृगनेत्रा स्त्री) गाढा आलिङ्गन करके, मुग्धा स्त्रियों में स्वभाव से रहने वाली लज्जा को भी जीत कर, उत्कण्ठा से घने (गहरे) अधरामृत को देती हुई ऐसी मृगनेत्री स्त्री भी। समुद्र मंथन से उत्पन्न हुए अमृतप्रवाह को भी जिसने जीत लिया, ऐसे आपके भक्तिरस के पीने से नित्य तृप्त हुए। 'प्रत्याहार' नामक योग क्रिया से इन्द्रियों को विषयभोगों से लौटा ली हैं जिसने। आत्मा और मन की एकता रूपी जो समाधि उसका जिसने आनन्द प्राप्त कर लिया है ऐसे। आपमें परायण, आपके भक्त को हरण (वशीकरण) करने में समर्थ नहीं होती (सब प्रकार की मोहन सामग्री से युक्त परम सुन्दरी स्त्री भी आपके भक्त को हरण नहीं करती, यह भावार्थ)।। 21-22-23-24-25।।

शंकर के स्मरण से, उत्कण्ठा के कारण उनमें ही घूम रहा है चित्त जिसका ऐसे शंकर भक्त की। दक्षिण दिशा के पवन से कम्पित हुए जंगली पेड़ों के अपने आप टूटे हुए फलों से शरीरवृत्ति (अर्थात् भोजन) कहाँ, और गर्वित राजाओं के संमुख याचना से दीनतापूर्ण मुख कहाँ। अर्थात् भक्तों को जंगली फलों से भोजन उचित है। किन्तु कुल्सित राजाओं से याचना अत्यन्त गर्हित है।।26।।

हे शंकर! आपकी मूर्ति के दर्शन के समय मेरी अन्य इन्द्रियें नेत्र बनना चाहती हैं। आपके चरित्र का जो आस्वादन (कीर्तन) उसके आनन्दों में मेरी सब इन्द्रियों जिह्वा बनना चाहती हैं। आपकी कथाश्रवण के काम में मेरी अन्य इन्द्रियाँ 'कर्णता' (कान बन जाना) चाहती हैं।।27।।

छत्र और चमरों से धवल वैभव (अर्थात् छत्र चमरों वाली, सर्वतन्त्र स्वतन्त्र राजशक्ति) हे भगवन्! आपका थोड़ा सा ही अनुग्रह है। आपके साथ सायुज्य (एकात्मता, आप में मिल जाना) उसकी अपेक्षा कुछ अधिक प्रसाद है। किन्तु आपका निरन्तर ध्यान करते हुए के वृक्षों के बक्कलरूप वस्त्र और जंगल का निवास यह उससे भी अधिक प्रसाद (अनुग्रह) है।।28।।

यदि मेरे हाथ आपके चरणकमल की धूलि से व्याप्त हों, यह मेरी वाणी आपके चरित्रों के आस्वादन में अभिमान वाली हो। चित्त आपके गुणगणों के स्मरण में व्रती (नियमधारक) हो तो आहा! मैं बड़ा धन्य (बडभागी) हूँ।।29।।

हे वर देनेवाले! प्रलय के समय त्रिजगत् को भक्षण करने वाले, हे भगवन्! भिक्षा ही भोजन करनेवाले, कुछ पास नहीं रखनेवाले (दरिद्र), पुराने श्मशान में घर करने वाले, दिगम्बर (नग्न), और क्या कहूँ भस्म से रूखे शरीर वाले भी मेरे जन्म जन्म में आप ही स्वामी हों।।30।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

हे भगवन्! मैं और कुछ नहीं माँगता, आप जिस कैलास नामक पर्वत में निवास करते हैं मेरा निवास उसही में हो। वहां मेरे मित्र क्या नहीं हैं? मेरे जैसे बहुत हैं। रीछ, बन्दर, हिरन ये क्या मेरे सखा नहीं हैं?।।31।।

हे भगवन्! चारों तरफ विष को फैलाती हुई विषम (विकट) तृष्णा जिन विषयों के संबंध में मैंने अब तक अनुभव की, वे पाँचों इन्द्रियों के शब्द-स्पर्श रूप आदि विषय, वाणी से भी नहीं कहे जा सकते। इस लिये हे दयालु भगवन्। स्वच्छ और चञ्चल जो नेत्रप्रान्त (कटाक्ष) उसका मेरे ऊपर डालना रूपी जो सुन्दर धार वाला सुधा (अमृत) रस, उसके द्वारा मेरे ऊपर कृपा कीजिये। अर्थात् आपकी कृपा दृष्टि रूपी अमृत की वर्षा कीजिये।।32।।

हे स्वामी! आप में भक्ति के विना आपका अनुग्रह नहीं होता। और आपके अनुग्रह के विना आपकी भक्ति नहीं होती। बीज से जिस तरह अङ्कुर और अङ्कुर से बीज, इसही तरह आपकी भक्ति और अनुग्रह इन दोनों का परस्पर कार्यकारणभाव किसके लिये कल्याणकारक नहीं?।।33।।

यदि मन शान्त (हिंसा-पराये धन की इच्छादि से निवृत्त) है तो 'यम' (बाहरी शुद्ध आदि) तथा नियमों (व्रतादि) से क्या फल? वाणी यदि मधुर हितोपदेश देने वाली है तो स्तुति रूपी खुशामद से क्या लाभ। यदि प्राणियों पर दया है तो व्रत-होम, दोनों से क्या। यदि भगवान् शंकर में भक्ति है तो अन्य सुखों की अभिलाषाओं से क्या।।34।।

कुतर्क कल्पना करने वालों ने स्वर्ग लोक के सुख (अप्सरा, अमृतपान नन्दनविहारादि) के भोग को मुक्ति बतलाया है। किन्तु विविध शास्त्रों के ज्ञान के अनुसार हमनें तो 'शिवभक्ति ही मुक्ति है' यह निर्णय किया है। जो कानरूपी पान-पात्रों से पिया गया- समक्ष में आस्वाद्रन किया अमृतरूप है।।35।।

आषाढ मास में जिस तरह दिन बड़े होते हैं इस तरह मेरे पाप बड़े दीर्घ हैं शरत्काल में नदी के जल की जिस तरह प्रतिदिन हानि होजी है, इस तरह मेरे बल की हानि है। दुर्जनों के किये हुए तिरस्कारों की तरह मेरे दुःख दुःसह हैं। हे भगवन्! मैं इन कष्टों को सहन नहीं कर सकता। अशरण इस दीन पर दया करिये।।36।।

विपत्तिकाल में शरण के लिये आये हुए किन्तु तिरस्कार किए हुए (धमकाये हुए) अभिमान शाली बन्धु की तरह विवेक (कार्याऽकार्य का विचार) शास्त्राभ्यास से शून्य मेरे मन को चाहै मत छुओ। किन्तु गर्मी में हिमसमूह का

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

नाश करके सूर्य जैसे दुनिया को तपाता है, इस तरह मोह (अज्ञान), विद्या (तत्त्वज्ञान) को नाश करके मेरे चित्त को संताप देना है।।37।।

सायंकाल में उगने वाली प्रतिपदा की चन्द्रकला की तरह, मेरे शरीर का जब तक अवसान (समाप्ति) नहीं हो जाता तब तक मेरे ऊपर कृपा कर दीजिये। नीति को जिसने छोड़ दिया है ऐसे इस पाप ने मुझको मार लिया। जिस (पाप) ने कि मेरे ऊपर होने वाली आपकी कृपा को भी रोक दिया है।।38।।

विष्कम्प (निर्भय) होकर यमदूतों की पंक्ति सामने आ रही है जिसको मन में लाते (विचार करते) हुए भी हमको कम्प होता है। इस मामले में एकमात्र आपकी कृपा उपाय है। जो आपकी कृपा किस मनुष्य को शुभ और अभ्युदय (भाग्योदय) का पात्र नहीं बनाती? अपि तु सबको कल्याण और अभ्युदय का पात्र बनाती है।।39।।

आप निष्काम (निःस्पृह) हैं तो भी कामदेव को अपनी नेत्राग्नि का पतङ्गा बनाकर अर्थात् जलाकर आपने कुमार (स्वामिकार्तिक) को पैदा किया। यह चरित्र आपका दूसरों के लिये है (तारकासुर से देवताओं की रक्षा के लिये है), यह बालकों पर्यन्त प्रसिद्ध है। इसलिये आप वेग से (शीघ्र) आइये। मुझको नष्ट मत करिये। मेरा त्याग मत करिये। अभय की वाणी दीजिये।।40।।

हे स्वामी! महान् प्रहार (चोट) देकर मेरे बैरी सर्वस्व, हार की तरह निर्मल मेरे विवेक को हरण कर रहे हैं। मेरी रक्षा करने वाली आपकी कृपा इस समय मेरी अवहेला (तिरस्कार) कर रही है। मैं राजशेखरों में श्रेष्ठ अर्थात् श्रेष्ठ राजाओं के भी मुकुटमणि (राजा अर्थात् चन्द्रमा है शेखरमणि शिरोभूषण जिनका ऐसे) आपके सामने चोरों से लूटा जा रहा हूँ।।41।।

हे प्रभु! कबूतर देवालय मन्दिर में निवास चाहता है (जहाँ उसको हिंसा का डर न हो)। निःशंक है जहाज जिसका ऐसा जहाजी व्यापारी समुद्र में निःशङ्क होकर स्थिति करता है। हाथी अपनी पीठ पर नित्य लक्ष्मी को धारण करता है। इसलिए मण्डूक (मेंढक) का बच्चा जिस तरह तालाब में जाता है, इस तरह मैं भी आपकी भक्ति का आश्रय लेता हूँ।।42।।

यज्ञ के द्वारा आपकी सेवा करने वाले को जो नया धैर्य (ढाँढस) प्राप्त होता है वह स्वर्ग में वसुओं (देवताओं) के सैन्य से घिरे वासव (इन्द्र) को कदाचित् भी प्राप्त नहीं होता। भूमि में भी युद्धोत्तेजक 'नव' नया 'आसव' (मद्य) पी हुई सेना से भी वह धैर्य प्राप्त नहीं होता।।43।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

महान् (बड़े) ऋषभ (बैल) को यान (सवारी) बनाने वाले हे प्रभु! जो वाणी स्वर्ग में ब्रह्मा को भी दुर्लभ है। जो वाणी भयंकर काल को भी निधन (काल) देने वाली है। नमस्कार करने वाले भक्त के लिये अभयदान के 'आनक' (सूचना का नगारा) के समान शोभावाली आपकी शुभवाणी के द्वारा किस मनुष्य को आप कल्याण नहीं देते, अपि तु प्रत्येक को कल्याण देते हो।।44।।

नष्ट कर दिया है महान् कलि (अर्थात् कलह) करने वाला काल (यम) जिसने ऐसे। तथा कृतयुग (सत्ययुग) के समान बना दिया है बड़ा कलिकाल (कलियुग का समय) जिसने ऐसे हे प्रभु! जिस सन्त (सज्जन) को 'क्लिष्टं सन्तं' (क्लिष्ट होते हुए) देखते हो, उसको चन्द्रमा की अमृतमयी कला की तरह 'सोत्कलिका' (उत्कण्ठित हुई) सुन्दरी बाला (षोडश वर्ष की स्त्री), 'अलस' धन-यौवन से आलसी हुए तथा 'लसन्तं' क्रीडा करते हुए देखती है (जो पहले दुखी रहता है वह भी आपकी कृपा दृष्टि पड़ जाने पर स्त्री आदि के सांसारिक विषय विलासों से सुखी हो जाता है, यह भाव)।।45।।

हे शिव! नायक (बीच की धुगधुगी, लटकन) से रहित मोती की माला की तरह, विनायक (गणेश) जी से रहित आपके गणों की सभा की तरह अखिल विश्व के स्वामी आपसे रहित वाणी-हृदय को वशीभूत कर सकेगी, यह कौन संभावना करता है। कोई भी नहीं।।46।।

हे प्रसिद्ध मान को धारण करने वाले! (सकल अभिमान के धारक) जिस मानसी पीडा का अन्त समाधि (आत्मा और मन को एक कर लेने रूपी योगाभ्यास) द्वारा उचित है, उस आधि (मानसी पीडा) से यह मन व्यथा को धारण करता है। हे भगवन्! यह मलिन भाव का लेप (मति के ऊपर आवरण प्रभाव) विशुद्ध भी बुिद्ध को दबाता है। आप को भी इस समय अभिमान सुलभ हो गया है, जो इस दीन पर कृपा नहीं करते।।47।।

संसार में रमणीय स्वभाव वाले चाहै बहुत से पदार्थ हों, किन्तु मेरी अभिलाषा के लिये दो ही पदार्थ हैं। शब्द और अर्थ इन दोनों की प्रौढता से मनोहर कविजनों की वाणी (कविता) और गंगा को धारण करने वाले (श्रीशंकर) की स्थिर भक्ति। महाकवियों की कविता और श्रीशिव की भक्ति ये दो पदार्थ ही मेरे अभिलषणीय हैं।।48।।

चकोर को जैसे चाँदनी की लहरों (शोभाओं) से प्रीति होती है, कमल की कली को जैसे सूर्य की कान्तियों से प्रीति होती है, मयूर के बच्चे को जैसे मेघ

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

के जलों से प्रीति होती है, इस तरह हे शिव! आपकी स्तुति कथाओं से किसको प्रीति नहीं होती।।49।।

हे भगवन्! संपूर्णों के वाणी और मन से अतीत (परै) ऐसा आप का चरित्र कहाँ, और संसार में अज्ञान के आवरण से स्खलित हो गई है (बिगड गई है) गति (शक्ति) जिसकी ऐसा मेरा चित्त कहाँ? इसलिए त्रास (भय) युक्त मुझको आपकी पवित्र भक्ति ने प्रेरणा की, इस ही लिये शोभन छटा वाली (सुन्दर) आपकी यह स्तुति मैंने बनाई।।50।।

हम इस पेट के लिये प्रणाम करते हैं (कुत्सित राजा आदि को) नाना वाद करने वालों से विवाद करते हैं। लज्जित होते हैं और नानाविध पाप करते हैं। हम शुभ अशुभ नाना चेष्टा (काम) करते हैं। दुष्टों के कुत्सित वचन सहते हैं। इस तरह इस पेट के लिये पातकों से जलाये जाते हैं।।51।।

बहुत काल के अनन्तर अनेक जन्मों के अर्जित पुण्यों से प्राप्त किया यह मनुष्य जन्म, थोड़े काल तक रहने वाला, तथा फिर सुलभ नहीं है यह हम जानते ही हैं, किन्तु अपना हित करने की चेष्टा नहीं करते। आश्चर्य है, हम भाग्यपर सब छोड़ बैठते हैं।।52।।

इसलिये परवश (दूसरे के वशीभूत), विषयभोगों में रसिक तथा संसार से पार उतरने का स्वकार्य जिनने समाप्त नहीं किया ऐसे, हमको जैसे धीवर अकस्मात् आकर मच्छियों को पकड़ लेता है इस तरह अशरण (अगतिक) हमको अकस्मात् आकर मृत्यु जबरदस्ती जब तक नहीं पकड़ै तब तक हम पर प्रसन्न होइये और हे चन्द्रमा को धारण करने वाले! हम पर कृपा करिये। हमारे करुण विलापों को सुनिये और हमारा त्याग मत करिये। हे भगवन्! आप ही कहैं, दया के समुद्र आप के द्वारा त्याग किये गए हम और किस दूसरे की शरण जाँय?।।53-54।।

यदि यह कहा जाय कि उत्पन्न होने वाले प्राणी की मृत्यु जरूर होती है, तो हे चन्द्रशेखर! श्वेतनामक राजा ने और नन्दीश्वर ने क्या उस मृत्यु को नहीं लाँघा? (अर्थात् उनकी मृत्यु नहीं हुई)। यदि इन दोनों ने विपुल तपस्या से मृत्यु को जीत लिया (यह कहा जाय), तो नाममात्रकी तपस्या वाले हमारी तो मृत्यु नहीं रोकी जा सकती। यदि मृत्यु निश्चित है तो हे नाथ! आपके अनुग्रह से पूजा समाप्ति के अनन्तर आपकी दृढ भक्ति में लगे, आपके ही चरणों का आलिङ्गन करके निद्रा के बहाने से आँखें बन्द किए हुए मेरे प्राण निकलैं (यह प्रार्थना है)।।55-56।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

हे स्वामी! ये आपके आभरण बनाये भुजङ्ग गाढी गाँठ वाले (मोड़ गाँठ बँधना) तथा वक्रिमा (टेढापन की लीला) को धारण करने वाले नहीं हैं? मेरा सूक्तिरूपी अमृत भी कैसा है कि निबिड (अर्थात् दृढ़) है रचना जिसमें ऐसा है। तथा वक्रिमा- साधारण उक्तियों से जिसमें बाँकपन, अर्थात् नवीनता की लीला को धारण करने वाला है। किन्तु ये सर्प क्रम (अर्थात् पदन्यास) से गिरे हैं (सर्पों के पैर नहीं होते)। मेरी सूक्तिमें 'क्रम' से (जो मार्ग ग्रहण किया है उससे) हीन (पतित) नहीं हैं (काव्य में 'अक्रम' क्रमभङ्ग दोष गिना जाता है) ये सर्प पदगुम्फ (चरण रचना) से हीन है (चरण नहीं होने से सर्पों के चरण चिह्न भी नहीं होते)। किन्तु मेरी सूक्ति पदगुम्फ (पदों का जो निबन्धन (रचना) उससे हीन नहीं, अपि तु तच्चातुर्ययुक्त है। इसलिए ये भुजङ्ग मेरी सूक्ति रूपी अमृत के अनुकरण करने में कैसे समर्थ हैं? इसलिये हे स्वामी! नीति से दूर, प्राणियों की दृष्टि में भयंकर, सर्पो को कर्णाभूषण बनाने का अभिलाष रूपी जो दुर्व्यसन (दुरभ्यास) उसको छोड़कर, प्रणय (अर्थात् याचना) और पूजा (उपचार, नियमानुकूल सत्कार) है मध्यमें जिनके ऐसी इन मेरी वाणियों को चतुरता किं वा शीघ्रता के साथ अपने कर्णों का आभरण बनाइये, अर्थात् इन वाणियों को सुनिये।।57-58।।

अन्तक(यम) का भी नाश करने वाले, करुणा के समुद्र हे शंकर! बान्धवशून्य (निराधार) होने के कारण मैंने जो वाणी जगत् के एकमात्र बन्धु आपके सामने कही। कहते हुए मेरी उस वाणी को कानमें करिये।।59।।

निर्धनता की जो पीडा है वह देखते हुए को भी अन्धा बना देती है। अभिमानी को भी मानशून्य बना देती है, बड़े बड़े कान वाले को भी बहरा कर देती है। वह (निर्धनता की पीडा), कुत्सित पुरुषों की लक्ष्मी की तरह मनुष्यों को क्या नाँच नहीं नचाती? इसलिये हे भगवन्! मेरे निवेदन में जो असंबद्ध प्रलाप आदि अपराध हुए हों उनको क्षमा कर दीजिये।।60।।

कृतान्त (यम) को उच्छृङ्खल (स्वतन्त्र, निर्विचार), दुष्ट, जिसके बल का उलङ्घन नहीं किया जा सकै ऐसा, भीतर ही भीतर क्रोध से जलने वाला, निर्विकल्प ('समवर्ती' सबमें समान बर्ताव करने वाला) तथा बड़ा गर्व रखने वाला, श्रीशंकर के पवित्र चरित्रों की जो अद्भुत सूक्तियें (वाणी रचनायें) हैं उनमें भी स्थिर रोषवाला समझकर उसको समझाते हैं, बोध कराते हैं।।61।।

हे यमराज! तुम्हारे लिये हितकारी तथा थोड़ा भी बहुत अर्थवाला, आरम्भ में कठोर किन्तु आगामी काल के विपाक में हित निर्दोष, सत्य, हर्ष के सहित, दोष

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

से रहित, रोष के कारण जिनका पोषण (समर्थन) नहीं किया गया, ऐसा जो कुछ तुम से हम कहैं, वह तुम सावधान होकर निश्चित रूप से अमल में लाओ, क्योंकि हम तुमसे सन्धि (सुलह) करना चाहते हैं।।62।।

हे उच्छृङ्खल कृतान्त! हे दुष्ट अभिप्राय वाले! तुम किसी दूसरे आदमी पर हुंकार दिखाओ। खबरदार है, तुम अपने अभिमान नष्ट मत होने देना। क्या यह तुम मानते हो कि जिनने भगवान् चन्द्रशेखर को अपना स्वामी बना लिया है उनको भी तुम धमकाओगे? यह तुम्हरी आशा नष्ट हो चुकी है।।63।।

हे काल! जिस महान् ईश्वर ने अपराध करने वाले भी तुम पर फिर अनुग्रह कर दिया कि तुम फिर सजीव हो गये)। हम उनही ईश्वर (शंकर) के सेवक हैं। इसलिये बैरी भी तुम्हारे प्रति जो कुछ हित बात कहैं उसको तुम 'रोष से कहते हैं' यह तुम जान रहे हो।।64।।

हे दुर्विनीत (ढीठ) दुष्टकाल! मृत्युञ्जय भगवान् से अपनी ढीठता का जो कुछ शासन (दण्ड) प्राप्त कर चुके हो उसको सुनकर धैर्यशालियों का भी चित्त काँप जाता है। तुम फिर वही अविनीत चेष्टा (ढीठपन) आरम्भ करते हो।।65।।

हे पुरुषाधम काल! तुम अपने नागपाश को अपने हाथ में ही छुपा लो तुम्हारे रोष का यहाँ अवकाश नहीं। 'कातर' अर्थात् कायरों को डराने वाले हे काल! जो संकर (कचरा, दोष) से दूर रहने वाले, शंकर की शरण में जाने वाले हैं उन भक्तों में तुम क्या कर सकते हो।।66।।

हे कृतान्त! कठोर अपने दूतको शंकर भक्तों से अन्य पुरुषों के विषय में प्रेरणा करो। शंकर के किंकरों (सेवकों) पर अपना रोष मत अङ्कुरित (उत्पन्न) करो। हे सर्प को आयुध बनाने वाले कृतान्त! क्या यह बात तुम भूल गये कि उच्छृङ्खल क्रोध के लिये प्रबोध (चेतावनी) का पटह (नगारा) रूप श्रीशंकर का हुंकार है, उसको तुम भूल गये।।67।।

हे कृतान्त मूर्ख! उच्छृङ्खल विचारशून्य! खड्ग की तरह निर्दय अथवा मर्यादाशून्य और कठोर! किसी का अनुरोध (मुलाहिजा) नहीं करने वाले! यदि तुम शरणहीन पुरुषों में निष्कारण रोष करते हो, तो तुम महेश्वर (भगवान्) शंकर का आश्रय लेने वाले भक्तों पर रोष क्यों करते हो।।68।।

हे यम! बान्धव (सहायक) शून्य लोंगों में निष्कारण विरोध हुए तुम नाहक ऊँची ग्रीवा (गर्दन) किये हुए हो। जो दयालु और साधु हैं वे तीव्र अपराधों से युक्त तथा भयभीतों पर तथा अधमों पर भी पीड़ा पहुँचाने की सामर्थ्य नहीं रखते,

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

वह पीडा चाहै अपने द्वारा हो अथवा पराये के द्वारा।।69।।

गणों के नाथ (जो गणेश) उनके पिता (शंकर) के प्रसाद को प्राप्त करके जो तुम प्राणियों पर बलात्कार से प्रहार करने में समर्थ हो यह उनके पहले किये, दुर्लङ्घ्य (कठिन) पाप का फल है। हे अन्तक! ये क्या तुम्हारा पुरुषार्थ है?।।70।।

हे काल! प्राणियों के निष्कारण ही वैरी तुमको लोग धर्मराज कह कर स्तुति करते हैं, क्या यह सत्य ही है? ठीक है, लोग जगत् के अमङ्गल (अपशकुन) के मूल खजाने उल्लू को क्या 'मंगल विहङ्गम' (पक्षी) नहीं कहते? विपरीत लक्षणा से अमंगल भी उल्लू को जिस तरह 'मङ्गलपक्षी' कहते हैं इसही तरह तुमको भी धर्मराज कहते हैं।।71।।

हे यम! रोती हुई स्त्रियें, (मुर्दो पर रोने का व्यवसाय करने वाली 'निरीश्य' नाम से कश्मीर में प्रसिद्ध हैं।) कापालिक (मृतों के कपालों से क्रीडा करने वाले), मुर्दो को जलाने वाले, गुरु (अन्तिम कार्य कराने वाले कर्मकाण्डी) श्राद्धादिभोजी ब्राह्मण, तुम को 'जीवितेश' (जीवन का स्वामी) कह जो स्तुति करते हैं, यह योग्य ही है। क्योंकि तुम इनके मित्र हो, इनसे भिन्न जो और लोग हैं उनके तुम निष्कारण 'असुहृत्' वैरी हो क्योंकि 'असुहृत्' उनके 'असु' प्राणों के हृत् हरनेवाले हो।।72।।

हे रविज! (सूर्य के पुत्र यम) मृत मनुष्य को पञ्चगव्यादि से स्नान मुर्दे की चिता पर चिता का वास्तु याग, निर्याण कर्म, अन्त्येष्टि, शवदाह से लेकर नव दिन का कार्य (शिवक्रिया) आदि कार्यों में जो अत्यन्त दयालु गुरु लोग अन्यों के लिये क्लेश उठाते हैं वे तुमको 'श्राद्धदेव' कहकर स्तुति करते हैं। (तुम 'पितृपति' हो, श्राद्ध के अंशभागी हो, इसलिये श्राद्धदेव कहना उचित ही है)।।73।।

हे अन्तक! तुम्हारे पिता सूर्य अन्धकार को दूर करते हुए अच्छे अथवा बुरे देश (स्थान) को नहीं छोड़ते, इसलिये सूर्य 'समवर्ती' (समान बर्ताव करने वाले) हैं। तुम भी सज्जन और असज्जन पुरुषों में समान रूप से प्रहार (ताडना) करते हो, इसलिये तुम को भी 'समवर्ती' कहते हैं। तुम यद्यपि विषमवर्ती (साधु और असाधु के विचार शून्य) हो तौ भी व्याज से स्तुति (निन्दा) करते हुए तुम्हें समवर्ती कहते हैं। किन्तु जिन (शंकर) ने तुम्हारे ऊपर कोप करके भी अन्त में अनुग्रह कर दिया, उनके सेवक्रों पर क्या तुम अनुग्रह करना चाहते हो? फिर मेरे प्रति क्या बर्ताव करते हो?।।74-75।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

हे नीतिज्ञ (तुम नीति जानने वाले हो इसलिये नीति की बात तुम को सुझाता हूँ)। तुम मानवान् हो (अपने संमान की रक्षा करना चाहते हो) सो हे रौद्र! यदि तुम अपनी मानमुद्रा की रक्षा करना चाहते हो तो उन मनुष्यों का अपमान मत करो, जिनका ललाटस्थल चन्द्रशेखर के पादारविन्द के मकरन्द (रज) से श्वेतवर्ण देखते हो।।76।।

हे यम! दुराचारियों के गर्व को शान्त करने के कारण तुम 'शमन (गर्व को शान्त करने वाले) हो, और अधमों (पापियों) के 'संयमन' (दमन, जच्च करने) के कारण तुम 'यम' हो। यह बात दूसरी है, इसे जाने दो। मैं तो मानता हूँ कि- शिव में भक्ति करने वाले भक्त तुम्हारे ही मद को शमन (शान्त) करने में समर्थ हैं और तुम को ही 'यमन' (वशीभूत, जच्च) करने में 'प्रभु' (समर्थ) हैं।।77।।

नृशंस (प्राणियों का घात करने वाले)! अत्यन्त गर्व रखने वाले हे अन्तक! शर्व (शंकर) की स्तुति करने वालों में भी (अर्थात् उनके प्रसंग में भी) यदि तुम उच्छृङ्खल चेष्टा करते हो तो, वो (चेष्टा) भा (कान्ति-प्रकाश) के वैभव (आधिक्य) से भैरव (भयंकर) जो श्री भैरव (शंकर) का भालानल (ललाटाग्नि), उससे होने वाला जो पराभव (दाहरूप तिरस्कार) उसकी करने वाली पुनः हो जायेगी (वो तुम्हारी उच्छृङ्खल चेष्टा भालानल से होने वाले दाह तिरस्कार की करने वाली हो जायेगी- अर्थात् तुम्हारा दाह हो जायगा)।।78।।

शंकाशून्य विकराल मुख वाले हे सूर्य पुत्र (अन्तक)! अधिक क्या कहैं, ईश्वर का आश्रय लेने वाले भक्तों का जो तुम हास्य करना चाहते हो, सो मत करो। भगवान् महेश आश्रितों पर बहुत वात्सल्य (पुत्र के समान स्नेह) रखनेवाले हैं। वो यद्यपि तुम पर सानुग्रह हैं। (ब्रह्मादि के कहने से तुम्हारे अपराध क्षमा कर दिये थे)। तौ भी भक्तों का उपहासरूपी इस अनुचित चेष्टा को नहीं क्षमा करते हैं।।79।।

तिलक (भाल में किई चन्दनादि बिन्दु) से जिस तरह भालस्थली (ललाट देश)। वधू (स्त्री) के कटाक्षों से विक्षोभित (अर्थात् फूले हुए) तिलक वृक्ष से जिस तरह वनपङ्क्ति (कामिनी के कटाक्ष पड़ने से तिलक वृक्ष फूलता है,' यह कविसमय है।) मृग को तिलक (अंक, चिह्न) बनाने वाले चन्द्रमा से जिस तरह रात्रि शोभा धारण करती है, इस ही तरह मेरे द्वारा की गई शम्भु की यह विज्ञप्ति (प्रार्थना) 'वसन्त-तिलक' नामक छन्द से शोभा को धारण करती है (इस प्रकरण में वसन्ततिलका छन्द है)।।80।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

क्षीण (नष्ट) हो गये हैं 'दशा' (अंचल, अन्तभाग) जिसके ऐसा वस्त्र, तथा क्षीण हो गई है 'दशा' (बाल्य, यौवन आदि तथा ज्योतिष प्रसिद्ध आयुष्य की दशा) जिसकी ऐसा वय (अवस्था) धारण करते हुए। 'अक्षम' असमर्थ इन्द्रिय समूह को और 'अक्षम' नहीं है क्षमा (सहनशीलता) जिसमें ऐसे मन को धारण करते हुए। निःसार (कृपणचित्त होने के कारण भीतर से शून्य) ऐसे दुरीश्वर (कुत्सित धनिकों) से 'अपचिति' अपमानजनित 'उद्वेग' (पीड़ा) को तथा 'निस्तार' (दुर्बल अतएव असमर्थ)। ऐसे अङ्गों में 'अपचिति' अर्थात् क्षय जनित 'उद्वेग' 'उत्' अधिक जराजनित कम्प आदि 'वेग' को धारण करते हुए। तथा 'व्यर्थ' विगत है, 'अर्थ (धन) जिससे ऐसे घर को, तथा 'व्यर्थ' निष्फल, पारलौकिक मार्ग का शोधन नहीं करने के कारण निरर्थक संपूर्ण नर जन्म को भी धारण करते हुए। 'कल्याण' अर्थात् मुक्तिका उपायरूप कोई श्रेयस्कर काम से शून्य इस शरीर को, तथा 'कल्याण' अर्थात् 'धन' से शून्य 'कोष' (खजाने) को धारण करते हुए मेरे ऊपर - 'चित्ते करुणां कुरुष्व, श्रुतौ करुणां गिरं कुरुष्व' (चित्त में दया करो, और श्रुति अर्थात् कान में करुण अर्थात् दयनीय इस वाणी को करो। अर्थात् सुनो)। यहाँ 'क्षीणदशम्' 'अक्षमम्' इत्यादि विशेषणों के दो दो अर्थ होते हैं, अतः यहाँ 'श्लेष' अलङ्कार है।।81।।

हे स्वामी! मैं 'अज्ञ' अज्ञानी मूर्ख हूँ। अतएव मन्दबुद्धि होने के कारण उन मनोहर स्तुतियों को नहीं कर सकता, जिनसे कि आपकी कृपापात्रता को प्राप्त करूं। किन्तु हे दयालु! मैं आर्त (पीडित) हूँ। अशरण हूँ (मेरा कोई रक्षक नहीं) और 'कृपण' दीन हूँ। मेरे द्वारा जो यह 'आक्रन्दन' (अपने दुःख का रोदन) किया गया है, उसको कानों में करके त्वरा (जल्दी) के साथ आँवैं। और अभाग्य ऐसे मेरे मस्तक पर चरण को दैं (स्थापन करैं)। अभी मैं अभाग्य हूँ। किन्तु मेरे ऊपर जब चरण दैंगे तब मैं अपने को 'मूर्धन्यधन्य' अर्थात् मस्तक पर स्थान पाने वाले उच्च पुरुषों में भी 'धन्य' कहूंगा।।82।।

'कृपणाक्रन्दन' नामक नवमस्तोत्र

पशुपतिसेवाकुञ्ज मञ्जुनाथकरकञ्जकृत।
कुसुमाञ्जलिसुमपुञ्ज मृत्युञ्जयरञ्जन नवम।।

O

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

करुणाक्रन्दन दशम

(१०)

❀❀❀

पुण्यात्माओं के चित्तरूपी चकोर के लिये चन्द्रिका, मुखरूपी कमल के लिये सूर्य की कान्ति, कानरूपी मयूरों के लिये वर्षा की धारा, ऐसी चन्द्रमा की कला को मुकुट बनाने वाले भगवान् शंकर की स्तुति धन्य (सर्वोत्कृष्ट) है।।1।।

भक्तिरूपी लता के लिये नवीन वसन्त, पुण्यरूपी वृक्ष के पके हुए फलों का उद्गम (उत्पत्ति), जन्म-जरा-मरण रूपी विपत्तियों से घबराये हुओं के लिये बन्धु, सुकवियों की सूक्तिरूपी वधू का मुखमद्य (मस्त कर देने वाला वदनामृत) संसार समुद्र के तरने का जहाज, श्रेष्ठ पण्डित रूपी मयूरों के लिये मेघध्वनि, हृदय के दाह हरने में अमृत का प्रवाह, ऐसा चन्द्रमा को आभूषण बनाने वाले श्रीशम्भु का स्तव (स्तुति) धन्य है।।2-3।।

चन्द्रमुखी के मुख से भी मधुर, गंगा के जल से भी खेद के हरने में अधिक, त्रिलोकनाथ श्रीशंकर की स्तुति से पवित्र ऐसा सत्कवियों का सूक्ति रूपी रसायन (अमृत) धन्य है।।4।।

नवीन नव (स्तुति) रूपी जो भ्रमर उनके शब्द से मनोहर, संसार रूपी मरु में भ्रमण से उत्पन्न जो गर्मी उसके शान्त करने में समर्थ, हृदयरूपी नन्दनवन (देवताओं का बाग) की चन्दन लता, ऐसी शंकर की अविच्छिन्न भक्ति धन्य है।। चन्दनलता भी नवीन नवीन भ्रमरों के शब्द से शोभित होती है तथा मरु के भ्रमण से उत्पन्न गर्मी को शान्त करने वाली होती है। इसलिये ये दोनों विशेषण दोनों में लगते हैं।।5।।

अब मैं- कष्टों के कारण से मन में थोड़ी देर के लिये उत्पन्न हुए, किन्तु अनेक तरह के काम-क्रोधादि व्यसन रूपी जल प्रवाह से टकराये, विवेक (विचार) रूपी नये अंकुर को देखकर, जगद्गुरु भगवान् श्री शंकर को कुछ निवेदन करना चाहता हूँ।।6।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

हे हंस (परमात्मा, श्रीशिव)! आप त्रिलोकी में प्रसिद्ध दीनदयालु हैं जिनने संसार समुद्र में डूबते हुओं के उद्धार रूपी हित के लिये स्वीकार किया है 'सकलनाथ' रूपी मूर्ति जिनने ऐसे हो, और आप शरण चाहने वाले दीनों के हृदय कमल में स्थिति भी करते हो फिर हम सरीखों की विपत्ति (जन्म-जरादि) को क्यों नहीं नष्ट करते हो।।7।।

हे स्वामी! यदि आप हृदय में स्थिति (स्थान) कर लो तो यह जन्म-जरा-मरणादि व्यसनों की संपत्ति (प्रभाव) क्यों फैले? और यदि वह संपत्ति न फैले तो विज्ञ (पण्डित) जन भी अयोग्य कामों में क्यों लगें?।।8।।

बड़े दुर्लङ्घ्य (कठिन) शिकार-जूआ आदि व्यसनों के आ पड़ने से बड़े उत्कट हुए उन व्यसनों के स्वीकार के आग्रह के कारण जकड़ ली गई है बुद्धि जिसकी ऐसा यह मनुष्य दीनता, परतन्त्रता (बेबसी), निष्फलता (नाकामयाबी) और दुर्जनता को यदि प्राप्त न हो तो.... 'भवत्पदपंकज पूजाव्यसनपरमानन्दं विहाय कार्यविकारकदर्थनां कः सहेत' आपके चरणारविन्द के पूजा व्यसन के आनन्द को छोड़कर कृपणों के नानाविकाररूपी तिरस्कारों को कौन सहै। यह 24वें श्लोक से अन्वय है। ऐसे आगें भी।।9।।

सज्जनों के समागम रूपी व्यसन (नित्य का अभ्यास) से फैलती हुई बडी कृपा का पात्र (स्थान) यह मनुष्य का हृदय, चन्द्रकिरणों के टकराने रूपी संपर्क से झरते हुए चन्द्रकान्तमणि की शोभा को यदि नहीं धारण करै तो... (आप की पूजा के परमानन्द को छोड़कर कृपणों के नानाविकाररूपी कदर्थनाओं को कौन सहै,' यह अग्रिम संबन्ध।।10।।

निरन्तर दरिद्रता के प्रसाररूपी लंबे गर्मी के समय से पीड़ित अर्थी (चाहने वाले याचक) प्यासे हरिण जिस तरह मेह के आने को, इस तरह धन के आगमन को यदि नहीं चाहैं तो....।।11।।

पुष्ट और कर्डे स्तनों से भङ्गोन्मुख (अब टूटूँ अब टूटूँ, इस तरह भार से दबा) तथा उदर की त्रिवलि (तीन रेखा) रचना से मानों तीन तरङ्ग युक्त है कटिभाग जिनका, अति सुख और प्रमोद (मस्ती) देने वाली स्त्रियाँ अपने कटाक्ष विलोकन से यदि मन न हरण करैं तो....।।12।।

बलवान् नेत्र-कर्ण आदि इन्द्रियरूपी डाकुओं से घिरे, रूप-रस आदि पाँच विषयरूपी सर्पो से भयंकर, पापरूपी बड़े दावाग्नि (जंगली आग) से भयानक, घने अज्ञानरूपी तम (अन्धकार) से नष्ट हो गया है चैतन्य का प्रकाश जिसमें, ऐसे इस संसाररूपी लम्बे रास्ते में, प्रबल कर्म रूपी वायु के वेग से जिनका

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

आत्मा उड़ रहा है ऐसे, इस ही लिये भव-मार्ग मं दौड़ते हुए बुद्धिमानों को भी ये काम-क्रोध-अहंकार आदि शत्रु (डाकू) अवसर पर (आपके ध्यान के अवसर में) यदि प्रहार न करैं तो.......।।13-14।। (युग्मक)

नवीन आम के मौरों की पङ्क्ति के आस्वादन (खाने) से दुगुने उत्कण्ठित हुए कोकिलों के कुहू शब्दों से और भी बढ़ा हुआ। वसन्त में कामदेव के दिग्विजय करने के समय का यह डिंडिम (नगारा) मनुष्यों को तर्जन करने में यदि समर्थ नहीं हो तो.....।।15।।

हे हर (शंकर)! कमलों के मधुपान की मस्ती से उन्मत्त हुए भ्रमररूपी गायकों की गुंजनरूपी ये गीतियां वसन्त में सुखलेश के अनुभव के लिये इच्छा करने वाले इस मनरूपी मृग को यदि हरण नहीं करैं तो.....।।16।।

नवीन पुष्पों के गुच्छों रूपी स्तनों से नमी हुई, पवन से नचाये गये हैं पत्ते रूपी हस्त जिनके, भ्रमरों का गुञ्जन ही है मधुरवाणी जिनकी ऐसी ये लतारूपी कामिनियें मनरूपी मृगों का जिसमें बन्धन हो जाय इस तरह की समृद्धि (शोभा) को प्राप्त नहीं करैं, तो......।।17।।

ग्रीष्मकाल में रज (धूलि) सहित इन दिशाओं को अपने तरुण (देदीप्यमान, नये) करों (किरणों) से गाढ आलिङ्गन करने की इच्छा वाला सूर्य- 'अब हम कामिनियों के समीप नहीं जाँयगे। यह अभिमान रखने वाले लोगों के स्वच्छ मन में यदि घना संताप नहीं पैदा करै तो...। यहाँ श्लिष्ट (दो अर्थ वाले) विशेषणों से अप्राकरणिक (दूसरे प्रसङ्ग का) अर्थ भी प्रतीत होता है- ''जैसे कोई कामी तेजी वाले अपने नये हाथों से रज (ऋतुकाल) वाली (रजस्वला) स्त्रियों को गाढालिङ्गन करता हुआ- मानवाले मनुष्यों के निर्मल हृदय में भी विरह का संताप उत्पन्न कर देता है'' (कामी की आलिङ्गनलीला से विरही को उत्कण्ठाजनित संताप हो जाता है)।। (समासोक्ति अलंकार)।।18।।

पृथु (बड़े) और शोभायुक्त हैं 'जघन' (नाभि के नीचे का भाग) तथा जाँघ और स्तन जिनके, तेज पवन के द्वारा फहरा रहा है तथा इधर उधर हटा हुआ है शरीर का वस्त्र जिनका, ऐसी ये मृगसदृश नेत्रवाली स्त्रियाँ वर्षा के समय पुरुष के धैर्य को हरण करने वाली यदि न हों तो........।।19।।

वर्षा के समय दिशायें भी कैसी हो जाती हैं कि पृथुल (विशाल) वर्षा के लिये तयार, घने, बड़े-बड़े हैं बादल जिनमें, वेग वाले पवन से और 'चपला' अर्थात् बिजली से व्याप्त है आकाश जिनमें, ऐसी ये दिशायें पावस की ऋतु में मनुष्य को उत्कण्ठित करके धैर्य हरण करने वाली नहीं होतीं तो...।। वर्णन के

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

लिये दिशा और स्त्रियाँ दोनों प्राकरिण हैं और श्लेष से आती है। अतः 'समुच्चय' अलंकार।।19।।

शरत्काल में सुगन्धित तथा 'हास' अर्थात् विकास युक्त हैं मुख (अग्र) भाग जिनके ऐसे हैं कमल जिनमें ऐसी, मनोहर हंसों का विभ्रम (विलास, क्रीडा) जिनने धारण कर रखा है, तथा मज्जन की घर ये पहाड़ी नदियाँ यदि पुरुषों को सुन्दर भ्रुकुटि वाली स्त्रियों की याद नहीं दिलावैं तो....। नदियों की शोभा देखकर उनके सदृश सुन्दरी स्त्रियों का भी स्मरण हो जाता है। स्त्रियाँ भी कैसी है कि सुन्दर गन्ध वाला है हास्ययुक्त मुखकमल जिनका। धारण किये हैं मनोहर 'हंसक' (चरण में पहने हुए कड़े के) विलास जिनने (**हंसकः पादकटकः** यों पैर के कड़े को 'हंसक' कहते है)। जो 'मज्जन' संसार में डूब जाने की स्थान हैं। यहाँ उपमा और स्मृति अलंकार हैं।।20।।

हेमन्त में ठंडी होने से असह्य है उत्कट पवन जिनमें, ऐसी बड़ी-बड़ी रात्रियाँ यदि धारण की है घनी ऊष्मा (गर्मी) जिनने ऐसे बड़े-बड़े तरुणी स्तनों के स्मरण की कारणता को नहीं प्राप्त करैं तो...। ठंडी और बड़ी बड़ी रात्रियें, शीत में गर्मी पहुंचाने वाले तरुणी स्त्रियों के स्तनों को याद न दिलावैं तो...... ।।21।।

तपस्या में लगा है रस (आनन्द) जिनको ऐसा तपस्वी जन भी। 'वि' जो पक्षी उसके 'असन' अर्थात् अत्यन्त शीत से उड जाने के कारण व्याकुल (शोभाशून्य) ऐसे 'तपसि' शिशिर ऋतु में, तथा चित्त भी जब 'व्यसन' अर्थात् मृगया-जुआ-मद्यपानादि से व्याकुल हो जाय तब। तथा सूर्य भी, बाहर की ओर 'घनों' (मेघों) के आवरण (ढँक जाने) के पैदा होने से दब गया है 'धाम' (तेज) जिसका ऐसा हो जाने पर, यह मनुष्य अलस अर्थात् अपने कर्तव्य में ठंढा न हो जाय तो...।।22।।

हे भव (शिव)! यदि पूर्व श्लोकों में जो बात कही गई है वह पैदा न हों जाय तो संपूर्ण आपत्तियों से उद्धार करने में समर्थ। बड़ी कठिनता से मिलने योग्य। तथा वायु से हलाई गई नई कमलिनी (कमलपुष्प) की पत्ती पर हलते हुए जल बिन्दु के समान (अस्थिर) इस मानुष शरीर को प्राप्त करके, कौन ऐसा होगा कि आप के चरण कमल के पूजारूपी 'व्यसन' (नित्य का अभ्यास) से पैदा होने वाली 'सौमनसी' (सुचित्तता परमानन्द में विश्रान्ति) को छोड़कर, वैभव के थोड़े से लेश (हिस्से) से बढी हुई है मस्ती जिसको, ऐसे तुच्छ, कृपण (लोभी) मनुष्य के नानाविकारजनित कदर्थनाओं (तिरस्कारों) को सहन करै? (यदि

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

पूर्वोक्त विघ्न बाधायें न हों तो आपकी सेवा के आनन्द को छोड़कर ओछे आदमियों के तिरस्कार कौन सहै। किन्तु ये विडम्बनायें इनके सहन करने के लिये मनुष्य को बाध्य कर देती हैं (मध्य में युग्मक)।।23-24।। यों 16 श्लोकों का एकान्वय 'कुलक' है। (पुस्तकों में 18 श्लोक यह पाठ है, किन्तु यह ठीक नहीं बैठता।)

हे हंस (परमात्मन् शिव) मेरा 'अघमय' पापमय (पापों का परिणामस्वरूप), आच्छादित कर दिया है (ढँक दिया है) बहुत कान्ति वाला 'तेज' (ज्ञान स्वरूप) जिसने, ऐसा 'महत्' बड़ा 'तम' (विवादात्मक तमोगुण) उठ खड़ा हुआ है। प्रचण्ड बल वाला वह 'काल' (कृतान्त, यम) भी उपस्थित हो गया है (समीप आ गया है) इसलिये इस मेरे मन में स्थिति करिये। श्लेष के द्वारा दूसरा अर्थ निकलता है- यह मेघमय (बादलों से व्याप्त), ढँक दिया है 'भास्वत:' (अर्थात् सूर्य का) प्रचण्ड तेज जिसने, ऐसा बड़ा अन्धकार उदय हो गया है। मेघों का जिसमें जोर है ऐसा वह वर्षाकाल भी आ गया है। इसलिये हे हंस! तुम अब 'मानस' नामक सरोवर में स्थिति करो (वर्षा काल में हंस मानस सरोवर में चले जाते हैं, यह प्रसिद्ध है)।।25।।

हे अनन्त! (ब्रह्मादि भी जिसका अन्त नही पा सके) आनन्दको लुप्त करता हुआ जो महान् मोह रूपी तम (अन्धकार) पहले कहने के अनुसार हृदय में उमड़ रहा है। यह सूर्य-चन्द्र-अग्नि रूप तीन नयन वाले आपकी अवर्तमानता हृदय में सूचित करता है। क्योंकि परम ज्योति के नहीं रहने से ही मोह रूपी अन्धकार को अवकाश मिला है।।26।।

हे महेश्वर! आप जिस चित्त के अधिष्ठाता हों उस चित्तको जन्म-जरा-मरणादि रूप संसार की लहरें नहीं घुमा सकती। सिंह के द्वारा रक्षित जंगल को बन्दर कभी भी बाधा नहीं पहुँचा सकते।।27।।

जंगल, नदीतीर, मैदान तथा वृक्ष की नीचे, कन्द, फल और जल, खा पीकर तथा स्वच्छन्द वल्कल (वृक्षों की छाल) पहन कर रहना अच्छा, किन्तु भगवान् शंकर की भक्ति के बिना इन्द्र होना भी अच्छा नहीं। (क्षेपक)

हे महेश! आपके देखने पर (कृपादृष्टि डालने पर) दुर्गति दूर हो जाती है। सामर्थ्य उत्पन्न हो जाता है। बुद्धि का धैर्य मिल जाता है। और सब लोकों से पूज्य हुए तथा श्रुति (वेद) स्मृति (धर्मशास्त्र) में पारंगत हुए ऐसे आप के स्तुति करने वाले में परमानन्द सुस्थिर हो जाता है।।28।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

इस संसार सागर में जल के समान कितने जीव पैदा नहीं होते और बिला

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

जाते हैं। किन्तु जो भगवान् शिव का सेवक है वही जगत् में उत्पन्न हुआ कहलाता है। उसी का जन्म प्रशंसा करने लायक है।।29।।

श्रीशंकर के चरणों के धूलिकणों की तरह उन (शंकर) की चरण चौकी पर लोटा दिया है शरीर जिनने, अतएव पवित्र हुए, उनकी भक्ति को धारण करने वाले हम सरीखों ने देवताओं के मस्तक पर भी स्थान कब लिया है। दोनों में सब विशेषण समानता से लगते हैं। 'कृतम्' स्थान कर लिया यों भूतकाल कहने से 'ध्वनि' होती है कि जिस समय शंकर के चरणों में लोट गये उसही समय देवताओं के मस्तक पर स्थान 'हो गया' (होगा, या हो सकता है, इस संदेह की जरूरत नहीं)।।30।।

भयंकर जन्म-जरा-मरणादि समुद्र में पड रहे जीवों के लिये विघ्न विडम्बना रहित जो एकमात्र सहारा है, जो जगत् के अमंगलों का नाश करने वाला है वह शिव का सेवन रूप रत्न धन्य है।।31।।

सकल मङ्गलों का स्थान, अमृत (रसायन) रूप, भगवान् का पूजन रूप महौषध धन्य है, जो जन्म-जरा-मरणादि की पीडा को शमन करने में समर्थ तथा संपूर्ण अविद्या- अस्मितादि क्लेशों को दूर करने वाला है।।32।।

अविच्छिन्न (कभी जिसमें व्यवधान, अन्तर नहीं पड़ता) ऐसा यह शंकर का सेवन बिना परिश्रम के साधन किया रसायन (जरा-दुर्बलतादि को दूर करने वाला महौषध) है, उपभोग से नहीं घटने वाला आत्यन्तिक सुख (सकल कर्म तथा दुःख निवृत्ति रूप) है, समुद्रमंथन के बिना पैदा होने वाला अमृत है।।33।।

संसार में इन्द्रजाल से दिखने वाले, निष्फल, हाथी-घोड़े-रथ आदि अन्य ढोंगों से क्या फल, हे स्वामी! आपके चरण कमल का सेवाव्यसन ही मेरे तो अक्षय धन होओ।।34।।

प्रसिद्ध सुन्दरी चाहै रमणीयता धारण करो। अमृत भी (सदा जीवित, अक्षय) बना रहौ। मधु (शहद) भी मीठा बना रहो। हमारे तो यामिनीरमण (रजनीपति, चन्द्र) को मण्डन बनाने वाले भगवान् चन्द्रशेखर का सेवन ही परम आनन्द का धाम होओ।।35।।

संसार की गतियों (व्यवहारों) को मुश्किल से उल्लङ्घन करने योग्य (कठिन) जानकर उपराम (समाप्ति) को प्राप्त हो गये है मद (मस्ती) कामदेव और मात्सर्य (ईर्ष्याद्विष) जिसके ऐसा मैं एकचित्त होकर भगवान् चन्द्रशेखर को अपना शरण (रक्षक) समझ कर आश्रय लूं।।36।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

दयारूपी अमृत के सागर, बाल चन्द्रमा को मुकुट बनाने वाले भगवान् शंकर से मैं यही प्रार्थना करता हूँ कि जन्म जन्म में मेरा यह शरीर आपकी आराधना का साधन बनै (आपकी सेवा में काम आवै)।।37।।

जो शिवनाम संकटशून्य, अतिमनोहर, एक अद्भुत शोभाविशेष को धारण करता है, अविद्यादि क्लेशों को दूर करने वाला वह शिवनाम मेरे मुख में कलङ्कशून्य अलंकार हो।।38।।

हे हृदय तू निर्मल (पाप मलिनता रहित) भाव (स्वभाव) को धारण कर। सावधानी नहीं रखने वाले (हे हृदय) भक्ति में दृढ बुद्धि लगाओ। हे डरपोक (दुर्बल)! श्रीशंकर की सेवा के बिना अक्षय सुख क्या समझते हो।।39।।

हे मन इस समय संसार में जो आनन्द दिख रहा है उसकी तृष्णा से संमानपूर्वक जो तुम्हारी उन्नति हो रही है उसका त्याग कर रहे हो। कामदेव को दमन करने वाले श्री शंकर के दर्शन के अतिरिक्त नाश (नुकसान) रहित और कौनसा उपाय (साधन) देखते हो।।40।।

पवन से हलाई जो माधवी लता उसके पुष्पों से सफेद हो रहे, नाना वृक्ष पंक्तियों से घिरे, निर्मल और कोमल ऐसे बीजकोषों (डोडियों) पर बैठे हुए भौंरों की पालना करने से पवित्र है कमल जिसमें, मदन नामक वृक्षों सहित उपवन (बाग) में कामदेव से वशीभूत सुन्दर स्त्रियों को छोड़कर प्रभु शंकर की सेवा करो। अशरण (असहाय) पुरुषों के उद्धारक, स्वतन्त्र है बुद्धि जिनकी ऐसे वह (शंकर) तुम्हारे जन्म-जरा-मरणादि दुःखों का एकदम नाश कर देंगे।।41-42।।

अविद्या (अज्ञान) को छोड़ो। अपनी मर्यादा पर आओ। सोच फिक्र छोड़ो। अपने संमान को स्वीकार करो। हे चित्त! प्रतिदिन श्रीशंकर के चरण कमलों का ध्यानरूपी रसायन (जरा मरणादि दूर करने वाला महौषध) के पीने में संलग्न होओ।।43।।

सांसारिक बाहरी कामों में लगे रहने के कारण बहिर्मुख हे चित्त! कामिनी के नेत्रों की चपलता रूपी शाप (नरक दुःख देने वाले) को अपना प्राप्य (प्राप्त करने योग्य सुख) मान रहे हो और श्रीशंकर के स्मरण से प्राप्त होने वाली सुचित्तता (परमसुखरूपी विश्रान्ति) को त्याज्य बना रखा है यह अयोग्य है।।44।।

हे चित्त! यदि कुपित हुए यमराज के दूतों की भ्रुकुटी (भौंह) के भय को दुर्लंघ्य (अतिकठिन, भयंकर) मानते हो तो, असाध्य इस भव रोग का औषध, सर्पों को भूषण बनाने वाले श्री शंकर का प्रसादन (प्रसन्न करना) स्वीकार करो

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection of Devavani Parishad Uttam Nagar New Delhi.

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

अर्थात् अराधन करके शंकर को प्रसन्न करो।।45।।

हे चित्त यदि अपनी सुचित्तता (बेफिक्री, सुख) करना चाहते हो और पाप बन्धनों को दूर करना चाहते हो तथा संसार सागर को तैरना चाहते हो तो कल्याण (परमानन्द) कारक श्री शंकर के सेवन का आश्रय लो।।46।।

दया के पात्र हे चित्त! अच्छे कर्मों के परिणाम से यदि तुम्हारे हाथ यह निधि (खजाना) पड़ गया है, तौ संपूर्ण आपत्तियों को दूर करने में समर्थ उस (निधि) को (मानुष जन्म) को हे मूढ निरर्थक क्यों करते हो।।47।।

निर्मल शील (चरित्र), कुल तथा 'श्रुत' (शास्त्रों का ज्ञान) इनसे विख्यात। अव्छे और बुरे कामों के विचार में निपुण ऐसे इस मानुष जन्म को शंकर के पूजन सुख से बहिर्मुख होकर बिताते हो।।48।।

हे हर! आप आवैं। घूमते हुए तेज मन्दरपर्वत रूपी मन्थान दण्ड (रई) के वेगपूर्वक आघात से ध्वनि (आवाज) करता हुआ जो निर्मर्याद (वेला को छोड़ा हुआ) समुद्र उसकी ध्वनि के समान वाणी से शान्त कर दी है जन्ममरणादि क्लेशरूपी शापदशा की आपत्ति जिसने ऐसा सत्य वर मुझ को दीजिये।।49।।

हे दयासागर! कृपा करिये। इस याचक के याचनानुसार वचन को अंगीकार करिये। भवसागर से उद्धाररूपी मेरा उपकार करिये। थोड़ी देर के लिये निःसहाय पुरुषों के उद्धार में तत्पर मन को दृढ कर लीजिये।।50।।

आपका विशाल मस्तक देवनदी (गंगा) ने आश्रय कर रखा है। और विशाल (उदार) हृदय दया ने आश्रय कर रखा है। तथा विशाल (विस्तृत) शरीर श्री गिरिजा ने आश्रित कर रखा है। फिर इस अत्यन्त सूक्ष्म, कान के छिद्र रूपी स्थान में भी मेरी वाणी का धारण कैसे नहीं होता (इस दीन की वाणीको क्यों नहीं सुनते)।।51।।

हे हर! यह मेरी बुद्धि आप में गाढ अनुराग (प्रेम) के कारण पीडित है। और आपको प्रसन्न करने में असमर्थ है। इसलिये आपकी स्तुति से विमुख हुई यह (मेरी बुद्धि) अपनी पीडा को निवेदन कर रही है। कामिनी भी स्वामी में अनुरक्त हो और उसको राजी करन में असमर्थ हो तो खुशामद आदि न करके अपनी व्यथा स्वामी के आगे निवेदन कर देती है।।52।।

हे महेश! आप मेरी मति के प्रियतम (अत्यन्तप्रिय, तथा प्राणप्यारे पति) हो। वह गुण (सत्त्व रजः तम) वाली, (कमिनी पक्ष में सौन्दर्य-चातुर्य आदि

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vahi Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

वाली) है तौ भी आपकी हृदयंगम (हृदय तक पहुँच वाली) नहीं। इसलिये हे महेश! आपके विरह से विह्वल होकर नहीं कही जा सकै ऐसी नाना प्रकार की कामनाओं से कदर्थना (पीडा) को प्राप्त होती है (कामिनी भी गुणवती होकर भी जो प्रिय की हृदयंगम नहीं होती वह कामदेव की पीडा को प्राप्त होती है)।।53।।

हे भव! (शंकर) इस मेरी मति को आपके आलिङ्गन का आनन्द न हो, फिर आपके द्वारा किये गये उपभोग (आस्वादन) की तो बात ही कहाँ? किन्तु हे स्वामी! तुम्हारे दर्शनमात्र की अभिलाषा रखने वाली मेरी इस मति को यों उपेक्षा (बेपरवाही) क्यों कर रहे हो?।।54।।

यह मेरी मति (मतिरूपी कामिनी) स्वभाव से कुटिलता (कर्मशाठ्य, कामिनी पक्ष में कुटिलहृदयता) को नहीं पहुँची। तथा स्वभाव से मलिनता (सदोषता, कामिनी पक्ष में मैलापन को पहुँचने वाली भी नहीं। फिर आपके प्रति अत्यन्त गाढ़े प्रेम से पीड़ित इस बुद्धि तथा (कामिनी) के प्रति कठोर हृदय क्यों धारण करते हैं (कृपा करिये)।।55।।

मेरी इस मुग्धतम (अत्यन्तमूढ, कामिनी पक्ष में-मुग्धावस्था वाली सुन्दरी) मति को परिणाम दशा को प्राप्त हुई (प्रकृति की परिणाम दशा को ही सांख्य में बुद्धि कहते हैं) समझकर यदि त्याग करते हैं (कामिनी पक्ष में अतिमुग्ध को भी परिणाम (प्रौढता) को प्राप्त समझते हैं) तौ और क्या कहा जाय। यह घने मोह (अज्ञान) से मूर्च्छित (पीडित) होकर आपकी निर्दयता को प्रकट करो (आप निर्दय हैं जो इस पर दया नहीं करते)। कामिनी पक्ष में अतिमुग्ध सुन्दरी को भी प्रौढ (पकी अवस्था की) समझकर जो त्याग किया जाय तौ वह 'मोह' (काम के बढाव) से मूर्छित होकर प्रियतम की निर्दयता को सूचित करती है।।56।।

हे अमृत कलश को धारण करने वाले, देवनदी (गंगा) को धारण करने वाले तथा चन्द्रमा को मुकुट बनाने वाले! अनङ्ग रूपी चण्डाल के समागम से चारों तरफ भ्रमण करने वाले, अत्यन्त मैलवाले इस चञ्चल मन को शुद्ध कर दीजिये।।57।।

हे भव! संसाररूपी निर्जल मरु प्रदेश के भ्रमण क्लेश से दुःखित, तथा बड़ी विकट इन्द्रियों के शब्द-स्पर्श-आदि विषयरूपी ऊष्माओं (गर्मी) से प्यासे इस मेरे हृदय को आपके चरणों का स्मरण रूपी अमृत आनन्दित करता है (भव से संतप्त मेरे हृदय को चरणों का स्मरणरूपी अमृत, शीतल तथा आनन्दित करता है)।।58।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

हे हर! विषयरूपी नागपाश से बेबस, संसार रूपी महासमुद्र में डूबा, अनाथ, तथा घनी अविद्या रूप जो पाषाण उससे पीडित, किन्तु आपका शरणागत ऐसे मेरा उद्धार करिये।।59।।

हे कामदेव के मर्दन करने वाले! निरंकुश यमदूतों से ले जाया जा रहा, अना:थ, किन्तु अब आपके चरणों का आश्रय लिये हुए मुझ को, घने कृपा रूपी अमृत से पूर्ण आपकी दृष्टि से देख लीजिये।।60।।

अभयदान का जो शब्द उसके मिससे फैल रहा है अमृत प्रवाह जिसका। धारण की है मन्दहास्य रूपी अमोघ चाँदनी जिसने, ऐसे आपके मुखरूपी चन्द्रमा को देखते हुए मेरा अज्ञानरूपी अन्धकार कब शान्त होगा?।।61।।

हे प्रभु! प्रबल आध्यात्मिकादि संतापों से पीडित शरीर वाले शिशु (बालक) इस द्विजपति (विप्रश्रेष्ठ) को पालन करने के लिये, शिशु द्विजपति (चन्द्रमा) को पालन करने के लिए जिस तरह मस्तक में देवनदी को धारण करते हैं उस तरह हृदय में क्या दया को धारण नहीं करते है? अवश्य करते हैं।।62।।

हे प्रभु! आपके चरणों में प्रणाम करने वालों के तापरूपी विपत्तियों के नाशन में समर्थ, नष्ट कर दी है अज्ञानरूपी अन्धकार की स्थिति (सत्ता) जिसने, अमृत को झरने वाली ऐसी दया को- मस्तक पर जैसे चन्द्रकला को धारण करते हो,- वैसे हृदय में धारण करो। ताप और अन्धकार को दूर करना, तथा अमृत को बरसाना ये धर्म दया और चन्द्रकला दोनों में हैं।।63।।

हे प्रभु! अभिलाषा से भी अधिक सिद्धि को देने वाली, संसार रूपी दावाऽनल को दूर करने वाली, कभी दूसरी तरफ नहीं जाने वाली दया को इस तरह धारण करिये जिस तरह अपने अंग में हिमालयकन्यका को धारण करते हैं। ये सब विशेषण दया और पार्वती दोनों में समान है।।64।।

स्फटिक जाति का (अर्थात् पाषाण जाति का) चिन्तामणि (इस नाम का रत्न) अचेतन है, कल्पवृक्ष कठिन काठ का बना है, कामधेनु पशुजाति की है, तौ भी ये भाग्यवानों के भाग्य से अभीष्ट फल देने वाले हैं।। हे प्रभु! आप तो त्रिलोकी के स्वामी, परिपूर्ण शक्तिवाले, पूर्ण कृपा के समुद्र हैं, तौ भी करुणाऽक्रन्दन करते हुए तथा विधाता के द्वारा ठगे हुए मुझ पर दर्शन देने मात्र का भी आदर नहीं स्वीकार करते, अर्थात् दर्शन भी नहीं देते।।65-66।।

'कब अवसर मिलै' इस बुद्धि से दरवाजे के समीप बहुत काल तक ठहरे। कुपित और हर कुछ बोलने वाले दरवानों के द्वारा तिरस्कार सहे। इस तरह वैभव

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

लेश के अभिमान से अन्धदृष्टि वाले कुत्सित धनिकों के आगे कौन सा तिरस्कार न सहा?।। संमान मुरझा गया। दुबला होता हुआ यह शरीर भी अत्यन्त खिन्न हो गया। मन मोह (अज्ञान) के भँवर में चक्कर खा रहा है। धैर्य समाप्त हो रहा है। पाँचों तरह के क्लेशों की बात कभी नष्ट नहीं होती, अर्थात् अविद्यादि पाँच क्लेश सदा बने रहते हैं। दूर दराज इस संसार की भूमि में यह बुद्धि व्यर्थ भटक रही है।। इस तरह हे स्वामी! भयंकर सैंकडों पीडाओं के आने से अति कठिन, मोह रूपी ओंडे निर्जल गड्ढे में घुसता हुआ आपत्तिकाल में ढाँढस बँधाने में समर्थ अन्य किसी मित्र को नहीं पाता हुआ, यह दीन जन दयासागर आपकी अवज्ञा का पात्र होने योग्य नहीं।।67-68-69।।

इस संसार में चंचल कमल के पत्ते पर पड़ी ओस के समान चंचल इस लक्ष्मी (धन) मूढ मन वाले ऐसे (तुच्छ धनिकों) के आगे कठिन और टेढी भ्रुकुटियों से उत्पन्न हुए अपमान को, धन के लेश की तृष्णा से अन्धी हो गई है दृष्टि जिनकी, अतएव नष्टबुद्धि हुए लोग सहते हैं।। मैं तो प्रभु के चरणकमलों क नवीन रज (पराग) से पवित्र, भक्ति के आवेश से गौरवयुक्त मस्तक को धारण करता हुआ। आनन्द के उत्कर्ष (बढ़ाव) से जो असाधारण वेग उससे मिली हुई उत्कण्ठा से स्त्री वेष धारण करके नाचने वाले पुरुष का रूप धारण करूंगा, जिससे श्री भूतनाथ की भ्रुकुटि रचना का पात्र होऊँ (भगवान् भूतेश कौतुक से मेरे ऊपर दृष्टि डालें)।।70-71।।

तीरस्थित वृक्षों के पुष्प समूह से सुगन्धित, पर्वत के शिला समूह से गिरने के कारण शब्द सहित प्रवाह वाले देवनदी (गंगा) के जल में संसार के भ्रमण जन्य खेद से दुर्बल अंगों से उपलक्षित, सांसारिक क्लेश और आपत्तियों को कुछ नहीं गिनते हुए हमारी श्री शंकर की चरण सेवा से तृप्ति कब होगी?।।72।।

भगवान् चन्द्रशेखर के चरणकमल को मस्तक पर धारण करते हुए इस ही लिए अत्यन्त आनन्दयुक्त, नष्ट हो रही हैं सांसारिक संताप रूपी विपत्ति जिनकी, ऐसे हमारा सांसारिक बन्धनरूप काष्ठ समूह यमुना जल से मिले हुए गंगा के तरंगों से (अर्थात् प्रयाग में) अँगारा (कोयला) कब होगा अर्थात् देखिये कब दग्ध होता है।।73।।

सब प्रकार से एकमात्र पार्वतीपति श्रीशंकर के शरणागत हुआ, इस ही लिये अन्य किसी भी बात का ध्यान न हो, ऐसे परमानन्द से निश्चल अङ्ग वाला, गंगा के किसी तीरवृक्ष के नीचे बैठा हुआ, अपने आत्मा में ही जिसको आनन्द प्रतीत हो रहा ऐसा कोई बड़ा भाग्यशाली ही शान्तिस्वरूपी अमृत के

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

आस्वाद को प्राप्त होता है।।74।।

हे स्वामी! आपके बार-बार लापरवाही रूपी क्रीडा से तिरस्कार करने पर ये इन्द्रियरूपी बैरी मनुष्य को संसारी चक्रमें घुमाने के लिये तयार न होवैं तो कुल-गुण (चातुर्यादि) कीर्ति-बुद्धि इनके अभिमान से स्तब्ध (ऊँची) हुई गर्दन को सभा में झुकाने के लिये कौन क्षमता धारण करता है? आपकी अवज्ञा ही अर्थात् दयादृष्टि न होना ही सभा में नीची गर्दन कराता है।।75।।

संमान किसको प्यारा नहीं? अपनी दीनता के कारण दुष्टों के मुख देखने की खोटी स्थिति किसको प्यारी लगती है। लज्जा से नम्र हुआ मस्तक किसको पसन्द है? किन्तु स्वामी मन से दया न रख कर, अवज्ञा (तिरस्कार, बेपरवाही) रखते हों तो वैरियों से दास बनाये गये हम (काम-क्रोध से बेबस हुए हम) धन के मद से मस्त, आज कल के धनिओं (राजा आदि) को लाचारी से से रहे हैं (उनकी सेवा कर रहे हैं)।।76।।

हे प्रभु! राजाओं के चोबदारों (दरबान पहरायती) से धमकाये गये भी राजाओं के दरवाजे पर ढीठ होकर जो हम बैठते हैं। अभिमान में मस्त राजा के प्रिय पुरुषों के दुष्ट भाषण और दुष्ट विचारों से जो जलाये जाते हैं, स्तुति रूपी पापों से जो भगवती सरस्वती का हम तिरस्कार (अपमान) कर रहे हैं, हे प्रभु! यह सब हमारी तरफ से आपके मुँह मोड लेने का चमत्कार (फल) है।।77।।

प्रथमापराध (कौमारावस्था में संगमादि) से कुपित हुए मृगनेत्री के मुख को देखकर, जिसमें कि कोप के कारण कपोल लाल हो गये, आखें लाल और आँसुओं से भरी, बिम्बफल के समान रक्त ओष्ठ फडक रहा था, उस मुख को देखकर जो हमारा मन प्रेम से युक्त, आश्चर्यसहित, नम्रतायुक्त, लज्जा सहित तथा लालसा और त्रास (भय) सहित हो गया था वही अब श्रीशंकर के भक्ति रस से सिक्त (सिँचा) होकर दुनियां से खिन्न और शम (शान्ति) युक्त हो गया है।।78।।

हे प्रभु! क्षणिक (अस्थिर) तथा थोड़ा, यह इन्द्रियों के विषयों (रूप-रस आदि) से उत्पन्न हुआ सुख, आपके ध्यान से पैदा हुए, स्थिर और महान् सुख के द्वारा दबा दिया जाय तो इसमें क्या आश्चर्य, किन्तु यह आश्चर्य है कि आपके ध्यान करने से जो आनन्द का आँसू थोड़ी देर के लिए पैदा हुआ और थोड़ा भी आया, उससे बड़ा स्थिर और बडा (अधिक मात्रा वाला) सांसारिक दुःखों से पैदा हुआ यह नेत्र जल दबा दिया जाता है (स्थिर और विशाल भी सांसारिक दुःख क्षणकाल के लिये हुए थोड़े से भी आपके ध्यान से दबा दिया जाता है।।79।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

हे महेश! अज्ञान से अन्ध, आश्वास देने वाले बान्धवों से रहित, इन्द्रिय नामक राक्षसों से ग्रास किये गये (खाये गये), काम-क्रोधादि, भीतरी शत्रुओं से मोहरूपी महान् अन्धे कुए के खद्ढे में डाले गये, विलाप करते हुए, शरण के लिए आये हुए, जन्म-जरा-मरणादि संपूर्ण आपत्तियों के स्थान (अर्थात् उनसे घेरे गये) धैर्य रहित मुझको मत छोड़िये। दया से कोमल इस दृष्टि से आश्वासन करिये।।80।।

हे स्वामी! त्रिलोकी के उद्धार में समर्थ, असहायों की रक्षा करने के स्वभाव वाली, यह आपकी दृष्टि पीड़ित भी मेरी उपेक्षा (लापरवाही) करती है, यह मेरे खोटे कर्म की महिमा (वैभव, करामात) है। यह सर्वसमर्थ आक़ाश (संस्कृत में आकाशवाणी 'दिव्' शब्द स्त्रीलिङ्ग है) मेघों में भरे अमृत (जल) के द्वारा पृथ्वी को पूरित करता है तौ भी मोर के मुख में यदि दो तीन भी बूँदें न पड़ें तो आकाश को क्या कहा जाय? (उसकी क्या निन्दा)।।81।।

हे पार्वतीपति शम्भु! निरन्तर नई रहने वाली करुणा (दया) से भीतर भरे हुए, शान्त हो गया है नमस्कार करने वाली जनता (जनसमूह) के क्लेशों के लेशमात्र का भी प्रवेश (स्पर्श) जिससे, ऐसे स्वच्छ हृदय को धारण करने वाले आप, प्राणों की रक्षा की याचना से दीन हुए साधारण (क्षुद्र) प्राणिवर्ग की व्यापत्ति (जन्म-जरा-मरणादि आपत्ति) से पैदा हुए संताप के नाशन में निपुण, ऐसी आपकी वाणी को छोड़िये (अभयदान की वाणी दीजिये।)।।82।।

बड़े विकट हैं खड्डे जिसमें ऐसा यह संसार मार्ग दुःखों (रोग, भयों) से भरा है। यह अज्ञान रूप रात्रि जिसका अन्त नहीं, वह जिससे ज्ञान रूप चाँदनी (प्रकाश) दूर हो गया है ऐसी (अर्थात् अँधेरी) है। ये भयंकर विषयरूपी प्रलय के वायु प्रज्ञा (चेतना) नामक दीपक को बुझा रहे हैं। इसलिये हे स्वामी! सांसारिक क्लेशों को शान्त करने वाली कृपादृष्टि दीन पर दीजिये।।83।।

नीरोग शरीर, नवीन (तरुण) अवस्था, संस्क़ारयुक्त बुद्धि, सबों से आदरणीय ब्राह्मण जाति, भक्ति से सुलभ आप सरीखे स्वामी, अनेक पुण्यों से मिलने वाली यह सब सामग्री जब तक न बिखर जाय तब तक हे स्वामी! मेरा यह करुणाजनक विलाप सुन लीजिये।।84।।

श्रीशंकर के चरणकमल की स्तुति के कारण पवित्र और सुन्दर है क्रम (परिपाटी) जिनकी, अमृतसार से सींचे हैं अक्षर जिनके, शरत्काल के पूर्णचन्द्रमा की किरणों के समान कान्ति वाली, खिलती हुई जो मालती की कली उसके

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

समान कोमल, ऐसी सूक्तियाँ (सुन्दरवाणी, रचना) किसी भाग्यवान् कवि की ही सर्वोत्कृष्ट (विजय पाने योग्य) होती हैं।।85।।

जो भगवान् शंकर की स्तुति करते हैं वे वसन्त में मलय पवन से हलती हुई लताओं से झरते हुए मकरन्द के मदसे मस्त हुए भौंरो के गुञ्जारव के मिससे (अर्थात् भौंरो का शब्द तो बहाना है अन्यथा वह) नाद (आवाज) करती हुई जो कामदेव की प्रत्यञ्चा (धनुष की डोरी) उसके शब्द हैं, उनसे डरी हुई जो श्रेष्ठ अङ्गना (स्त्रियाँ), उनकी भुजाओं से आलिङ्गन की गई है ग्रीवा (गर्दन) जिनकी, ऐसे होकर क्रीडावन में निवास करते हैं (शंकर की स्तुति करने वालों को लौकिक सब सुख अनायास मिलते हैं)।।86।।

श्री शम्भु की स्तुति करने वाले भाग्यवान् कामदेव के प्रभाव से अलस हुई जो सुन्दर स्त्री उनके स्तनभार से लिपटा हुआ है वक्षःस्थल जिनका ऐसे, प्रातःकाल के समय समीप में स्थित जो बाहर का आँगन उसमें के बाग में उत्पन्न हुए आमों में बैठे हुए मनोहर कोयलों के शब्दों से। चलते हुए मलय पवन से हलती हुई सुन्दरमल्लिका (बेला) के खिले फूलों से फिसलते हुए भ्रमरों के गुञ्जारव से। जल में डूबे हुए मत्स्यों (मछली) के फड़कने से बढ़ा हुआ जो बावड़ियों का कम्पन (लहर) उससे डरे, और कमल के गुम्फों में बैठे हुए बालक हंसों के शब्दों से। बजते हुए नगारे, झालर, मृदङ्ग, तुरुही, बड़े नगारे, इनके शब्दों से बोलते हुए गृहपालित मोरों के शब्दों से। अमृत समान मधुर मद्य से साफ हुए कण्ठ से निकली तान रूपी रसायन से सुन्दर गायिकाओं के गीतों से। चतुर वीणावादकों से निकले विभास राग के स्वरक्रम का साथ करने वाली वीणा, तथा बंसी के शब्दों से। प्रातःकाल के गुणवर्णन में लगे बन्दी समूहों की स्तुति से जगे तोता मैनाओं की आपस की क्रीडा कलह के हल्लों से। बाहर क्रीडा करती हुई स्त्रियों की झनझनाती रत्न की काञ्ची (कौंधनी-कनगती) के बजते हुए सुवर्ण के घुँघरुओं के झनझनाहट शब्दों से। अपने खुरों से भूमि खोदते हुए घोड़ों के हिनहिनाने से उत्पन्न हुआ है जागरण (जगना) जिनका ऐसे, तथा हलाई है गर्दन जिनने ऐसे हाथियों के गले के घण्टा शब्दों से, धीरे-धीरे शयन (निद्रा का रस) छोड़ते हैं।।87-88-89-90।।

पशुपति सेवा कुञ्ज मञ्जुनाथकरकञ्जकृत।
कुसुमाञ्जलिसुमपुञ्ज मृत्युञ्जयरञ्जक दशम।।

O

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

दीनाक्रन्दन एकादशस्तोत्र

(११)

❀❀❀

स्नेह के कारण झर रहे हैं दोनों स्तन जिसके ऐसी माता अपने बच्चों के जीवनरक्षार्थ जैसे अमृत (दुग्ध) झरती हुई उसका संजीवन करती है, इसही तरह वाणी का अद्भुत अमृतरूप रसायन झरती हुई भगवती सरस्वती (उक्तिदेवी) पीडाविह्वल जिस मेरा संजीवन (रचनाविषय में) करती है वह मैं धन्य हूँ।।1।।

मैं धन्य हूँ कि दुःसह (कठिन) विपत्तियों में पड़े हुए मेरे-धारण की है उन्नति (शब्द और अर्थ का प्रकर्ष, तरक्की) जिसने ऐसी, जिनने पुण्य नहीं किए उनके लिए अप्राप्य, कल्याण देने वाली, देवताओं के सेवन योग्य, अतएव सुमेरु पर्वत की (राह, मार्ग) के समान यह वाणी दूर स्थित नहीं। अपि तु निकट ही है, क्योंकि वाणी मुख में ही तो है।। सुमेरु की राह (मार्ग) भी दुःसह विपत्तियों में पड़े हुए के लिये धारण की है ऊँचाई जिसने अर्थात् अत्यन्त ऊँची (कठिन)। जिनने पुण्य नहीं किए उनके लिये अगम्य, 'कल्याणिनी' (संस्कृत में 'कल्याण' सुवर्ण का भी नाम है) अतएव सुवर्णमयी है। तथा देवताओं से सेवन योग्य है।। श्लेष अलंकार।।2।।

मैं धन्य हूँ कि मोह (अज्ञान) रूपी तिमिर (नेत्ररोग से) अन्धदृष्टि) वाले भी मेरे लिये श्री गिरिश (शंकर) के आराधन के वास्ते दयावान् विधाता ने सुन्दर रचना वाली, माधुर्य, ओज, प्रसाद, गुणवाली, धारण की है लक्षणादि वृत्ति के द्वारा टेढी (साधारण उक्ति से विलक्षण) भङ्गी (बोलने का प्रकार) जिसने ऐसी यह सरस्वती (वाणी) प्रदान की।।।।

श्लेष से यह भी अर्थ होता है कि तिमिर नामक नेत्र दोष से अन्धे पुरुष के लिये दयालु विधाता ने सुन्दर स्वर वाली, गुण (तार) वाली, टेढी बनावट वाली, सरस्वती (वीणा) शंकर के आराधन के लिए दी।।3।।

शंकर के नेत्र की अग्नि से भस्म किये कामदेव के संजीवन करने वाली

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

नवीन औषधि की तरह, शंकर ही हैं एक स्थान जिसके ऐसी नवविवाहित गौरी की चकित दृष्टि लहरी (नेत्रशोभा) के समान विधाता ने - भव (संसार) रूपी अग्नि से भस्म हुए मेरे लिये संजीवन औषधि की तरह, तथा गौरी की दृष्टि शोभा की तरह श्रीशंकर ही हैं एक विषय (वर्णनीय विषय) जिसके ऐसी यह मेरी वाणी मेरे लिये बना दी है, यह मैं जानता हूँ।।4।।

जन्म-जरा-मरणादि जन्य शोकरूप अग्नि से तपे हुए मेरे हृदय से जैसे तैसे उठी, तथा गद्‌गद हैं कोमल (दुर्बल) सुप्तिङन्त (शब्द और धातु क्रिया रूप) पद जिसके ऐसी यह मेरी वाणी- तपे हुए स्थान से जैसे तैसे डगमगाते कोमल चरण वाली गौ (गाय) जैसे जल प्रवाह से शीतल स्थान में प्रवेश करती है इस तरह धीरे-धीरे करुणारूपी अमृत प्रवाह के झरने से शीतल ऐसे श्रीशंकर के हृदय में भी प्रवेश कर लेगी। अर्थात् वह भी इस वाणी को हृदय में स्थान दे देंगे।।5।।

अविद्या नामक अज्ञान को धारण करता हुआ, तथा संसार में भ्रमण करना जिसका किसी तरह भी लंघनीय (दूर करने योग्य) नहीं ऐसा मैं स्तुति के नाम से जो शंकर की खुशामद रूपी चपलता बार बार करता हूँ इससे अहार्य (पर्वत) पुत्री (श्रीपार्वती) के पति श्रीशंकर का स्पृहणीय तथा बड़े ऊँचे दरजे का सौकुमार्य (कोमल भाव, दया) ही अपराधी है।।6।।

जो भगवान् शंकर मस्तक पर निरन्तर आवाज करते हुए निर्झरों (झरनों) के प्रवाह से गग्गगार करती हुई अमर नदी (गंगा) को धारण करते हुए भी भक्तजनों से कलशों के द्वारा अभिषेक स्वीकार करते हैं ऐसे दयालु प्रभु से विज्ञप्ति (प्रार्थना) करने का कौन नहीं उत्साह करै, अपि तु प्रत्येक का उत्साह होता है।।7।।

पापरूपी भयंकर निदाघ (ग्रीष्म, गर्मी) के कारण जन्म है जिसका ऐसा दमुना (अग्नि) मेरे अन्तःकरण में जल रहा है, उसने मुझको जला डाला। इसलिये प्रतिभा (उत्तमबुद्धि) से रहित, जरा-मरणादि के भय से विगलित हुए (गिर रहे) मेरे गले से वाणी कैसे निकलै।।8।।

हे पिनाक नामक धनुष को धारण करने वाले! (इससे मेरे सब शत्रुओं का संहार हो जायगा, यह ध्वनि है) तथा तीव्र पीडाओं से छुटकारे के कारणभूत हे शिव! मैं जो कुछ विलाप करूँ- मोह (अज्ञान) रूपी विकट जंगल के अतिसंकट स्थान में स्थित, अतएव आतुर (घबराये हुए) मेरे कल्याण के लिये वह विलाप आप विचारपूर्वक सुनिये।।9।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

हे इन्दु (चन्द्र) को धारण करने वाले! मेरे इस करुण-क्रन्दन को कान में

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

धरिये। ब्रह्मादि सब कारणों के भी परमकारण। आपसे भी बढ़कर स्तुति को कान में धरने वाला और कौन है? 'कर्णधार' का दूसरा अर्थ है नाव को चलाने वाला। आपसे बढ़कर ऐसा चतुर नाविक कौन होगा जो मस्तक पर नक्षत्रपति (चन्द्र) के खण्ड को धारण करते हुए आप न जाने किस किस अखण्डपुण्य अर्थात् पूर्ण पुण्य (सुकृत) करने वाले को संसार सागर से तरा देते हो। 'उडुप' छोटी नौका (डोंगी) को भी कहते हैं। तो जो एक छोटी नौका के खण्ड को धारण करता है वह सागर से मनुष्यों को तरा दे यह आश्चर्य नहीं क्या है?।।10।।

हे चन्द्रशेखर! अपवित्र हम सरीखों से की गईं 'खुशामद' (स्तुति) रूपी चपलतायें आपके मन को आनन्दित नहीं करती, यह मैं जानता हूँ। चाहै कुत्ते ने प्रसन्न करने के लिये ही किये हों, किन्तु उनके भूमि में लोटने का क्या आदर किया जाता है? नहीं।।11।।

अथवा, हे स्वामी! मूढों के चरित्र भी कृपा सागर आपको क्या प्रसन्नता पैदा नहीं करते? अपितु करते हैं। लम्पटों के 'लम्पाकपुर' में रहने वाले स्वतन्त्र आपको क्या बालकों की चेष्टा आनन्दित नहीं करती? अपितु करती ही हैं।।12।।

अस्पष्टार्थ, करुणा उत्पादक, भोले आदमियों के वचनों से दयालु पुरुषों के हृदय जिस तरह पिघल जाते हैं उस तरह जिनने बहुत सभा देखी है (अर्थात् अत्यन्त सभाचतुर), प्रतिभा (विशिष्ट बुद्धि) शाली, ऐसे प्रौढ पुरुषों के बड़े सुन्दर और प्रौढ प्रकरण हैं मध्य में जिनके ऐसे वाणी के विस्तार से द्रवित (प्रसन्न) नहीं होते।।13।।

दुग्धसमुद्र को देने वाले भी (बालक उपमन्यु को) आप भक्त जनकी दी हुई दुग्ध की एक बूँद भी स्वीकार करते हो (अर्चन के समय)। सूर्य-चन्द्र-वह्नि रूप तीन तेज युक्त नयन वाले भी दीपक को स्वीकार करते हो। वाणियों की उत्पत्ति के कारण भी आप हम सरीखे मुग्धों के वचनों को सुनते हो। भक्त जनों के अनुरोध (मुलाहजे) से आप क्या-क्या नहीं करते हो।।14।।

हे देव! 'सत्यवती' सत्ययुक्त भी यह मेरी वाणी जगत्प्रसिद्ध अनसूया असूया (रोष) रहित है, यह आश्चर्य है। श्लेष से दूसरा अर्थ निकलता है कि जो 'सत्यवती' (पराशरमुनि की स्त्री) है वह 'अनसूया' अत्रिमुनि की पत्नी कैसे होगी, किन्तु यह आश्चर्य यहां घटित होता है। पूर्वोक्त प्रकार से कही गई भी यह वाणी आपको 'न रुन्धती' नहीं रोकती (नहीं रोक पाती) हुई है, तौ भी आपका आराधन करना चाहती है। श्लेष से अर्थ निकलता है कि जो 'अनसूया' (अत्रिपत्नी) है वह 'अरुधन्ती' (वसिष्ठपत्नी) कैसे होगी (यह विरोध है),

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

किन्तु 'न रुन्धती' (नहीं रोकती हुई) यह श्लेष के कारण दूसरा अर्थ होने से विरोध का परिहार हो जाता है (विरोधालङ्कार)।।15।।

आपके पररूप इस मेरे हृदयमें प्रवेश करके उसी जगह स्थिति करने वाली मेरी इस वाग्देवी (वाणी) को आपने ही 'उन्मुख' (अपकी तरफ ऊँचे मुखवाली) बनाया है। अब उस वाणी को धैर्य 'तेरा मैं स्वीकार करूंगा' यों दृढता बँधाकर, अब जिसकी विरहपीडा पराकाष्ठा को पहुँच गई है ऐसी इस वाणी का तिरस्कार (लापरवाही) करते हो, यह अनुचित है।।16।।

यदि यह कहा जाय कि 'शंकर के हृदय में दूसरी का अवकाश नहीं शंकर का आधाभाग श्रीपार्वती को मिल चुका है ' तौ - 'एकमात्र तुम ही मेरी प्रिया होगी, यह श्रीपार्वती को दिया हुआ 'वर' (वचन) यदि स्मरण करते हो तो फिर प्रेम के साथ आकाशनदी (श्रीगंगा) तथा चन्द्रकला को मस्तक पर कैसे धारण करते हो? (इस लिये मेरी वाणी को भी हृदय में स्थान देना अनुचित नहीं)।।17।।

हे स्वामी! अपने आपको आप अत्यन्त धीर और गंभीर मानते हैं, इस लिये स्वभाव से ही सीधी, कुलीन, तथा मुग्ध इस मेरी वाणी को निश्चय ही आप तिरस्कार करते हैं। किन्तु क्या यह नहीं जानते हैं कि भक्ति से विनम्र हुए आपके भक्तों के सान्त्वना के समय में इस वृद्धा बढी हुई करुणा (दया) ने आपको सैकडों बार नचा नचा दिया है। श्लेष से अर्थ होता है कि जब आपको एक वृद्धा नाना नाच नचा रही है तब एक मुग्धा (इस मेरी वाणी) को क्यों छोड़ते हैं?।18।।

हे स्वामी! यह मेरी वाणी 'किस प्रकार मैं स्वामी की प्रिय बनूं' यो पीडा से कदर्थित (दुखी) होकर निर्लज्जता से खुशामद के वचन भी शुरू करती है, जो वचन इसकी मुग्धता से विशृङ्खल (गडबड) हो जाते हैं। किन्तु श्रीकात्यायनी (पार्वती) वचन सुनने से 'दुर्ललित' (लाडले) आपको ये (मुक्तोपम) (संसार से 'मुक्त' के समान, अथवा मोती के समान भी) वचन आनन्दित नहीं करते। 'कात्यायनी' पद का संस्कृत में 'अर्द्धवृद्धा' (आधी बूढी) अर्थ है। इसलिये जो 'अर्द्धवृद्ध' के वचन सुनता है उसको मुग्धतामिश्रित वचन कैसे आनन्दित करेंगे, यह भी अर्थ होता है।।19।।

सबके हृदयतत्त्व को जानने वाले हे प्रभु! असहनीय विरह ज्वर से पीडित इस मेरी वाणी में सर्वतन्त्र स्वतन्त्र आपकी प्रीति न होती हो तो फिर सबके अन्तर्गत (अर्थात् अन्तःकरण की) पीडा हरण के लिए जो आपने दृढ प्रतिज्ञा की है वह कैसे भूली गई(आपने सबके हृदय की पीडा दूर करने का व्रत ले रखा

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva-Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi.

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

है वह मिथ्या हो जायगा)।।20।।

हे नीलकण्ठ! आपने शरीर के अर्द्धभाग में भगवती पार्वती को धारण करते हुए आप चन्द्रकला को (अथवा 'कला' शिल्प को) भी धारण करते हो। अर्द्ध भाग में पार्वती को धारण करते हुए हृदय में उस दया को भी धारण करते हो जिस दया ने रक्षा की प्रार्थना करते हुए ब्रह्मादिक देवताओं के बीच में आपको ही नीलकण्ठ बना दिया (अर्थात् ब्रह्मादि सब ही देवता मौजूद थे, परन्तु समुद्र मंथन जन्य कालकूट से त्रिलोकी को बचाने के लिये आपको ही 'नीलकण्ठ' बनना पड़ा, याने विष पीना पड़ा जिससे कण्ठ में नीलता आ गई)। किं वा सुदया ने शरण चाहने वालों में नचाते नचाते आपको 'नीलकण्ठ' अर्थात् नाचने वाला मयूर बना दिया। किन्तु यह सब होने पर भी विरह पीडित इस मेरी वाणी के विषय में रोष में जिस तरह होओ इस तरह मुख टेढा करते हो।।21।।

हे स्वामी! स्वच्छ, चञ्चल, ऐसे जलों (ड, ल की श्लेष में एकता है, इसलिए 'जडों') से कम्पयुक्त। 'जड' पक्ष में 'उद्वेलिताम्' अर्थात् अपनी वेला मर्यादा उलाँघ गई, अतएव अपने (पद) स्थान से नीचे आ गई (तथा अपने साध्वी पद से नीचे गिर गई) ऐसी देवनदी (गंगा) को मस्तक पर धारण करते हो, फिर जिसकी आप समर्थ को छोड़कर दूसरे किसी देवता में 'गति' वर्णनीयता की योग्यता नहीं (तथा पति को छोड़कर दूसरी गति जिसका उपाय नहीं, अर्थात् पतिव्रता) तथा साधु 'वृत्त (चरित्र) वाली- वाणी पक्ष में साधु (सुन्दर) हैं 'वृत्त' वसन्ततिलकादि 'छन्द' जिसमें ऐसी इस मेरी वाणी को आप त्याग करते हैं! स्वतन्त्रचरित्र आपको क्या कहा जाय।।22।।

अधिक कहने से क्या लाभ, हे प्रभु! यदि यह मेरी वाणी आपके हृदयंगम नहीं, तौ फिर इस (वाणी) के घर में अर्थात् मेरे हृदय में क्यों निवास करते हैं? प्रियतम के साथ एक घर में रहना और उस (प्रिय) के द्वारा उपेक्षा (लापरवाही) करना यह मानिनी स्त्रियों के लिये मरण से भी अधिक दुःखदायी है।।23।।

हे वाग्देवी! हे माता! धैर्य धारण करिये। वामाङ्ग में स्थित शिवा देवी (पार्वती), शिर में स्थित चन्द्रकला, तथा गंगा, ये पीडा के कारण विह्वल तुम्हारी विज्ञप्ति (प्रार्थना) को प्रभु के लिये निवेदन करके स्त्रीजनोचित तुम्हारा पक्षपात (तरफदारी) करेंगी। स्त्रीजनोचित स्नेह के कारण स्वामी को तुम्हारे अभिमुख कर देंगी।।24।।

यह चन्द्रकला स्वभाव से ही कुटिल (टेढी, कुटिलहृदयवाली) यदि है, और यह देवनदी भी नित्य तरङ्गवाली (मनमौजी) यदि है तौ श्रीनगेन्द्रपुत्री

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(पार्वती) दया ये आर्द्रहृदयवाली वह धन्य है, और नगेन्द्र की पुत्री है अर्थात् पर्वत के समान क्षमाशील है, वह तुम्हारी अधिक अवज्ञा (अवहेलना, तिरस्कार) नहीं करेगी।।25।।

हे देवी वाणी! मैं तुम्हारी शरण लेता हूँ। हे कल्याणी! तुमही सुन्दर उक्तियों से भगवान् चन्द्रशेखर की स्तुति करो। मैं तुमको झूँठ बोलने वाले वाचाल (मुखर, अस्तव्यस्तवादी) मूर्खों के लिए तिरस्कारों का पात्र नहीं बना रहा हूँ।।26।।

शरणागतों को वर देने वाली, गुणों से गौर (उज्ज्वल) हे देवी गौरी! ये गौ (मेरी वाणी) गौ (धेनु) की तरह जो कुछ परिमित (अंदाज का) झरती है, अर्थोपनिबन्धन द्वारा कविता करती है। (गोपक्ष में जितना कुछ दूध देती है) उसको उचित समय में सुन्दर कवितापरिपाकयुक्त करके (गोपक्ष में सुन्दर, अग्नि से पका कर) स्वामी के संमुख निवेदन करने के लिये प्रसन्न हो जाओ। क्यों कि आप सबके आकूत (आशय) को समझने वाली हैं।।27।।

यह मेरा वचन अपनी इच्छा से (स्वतन्त्रता से) बनाया है, इस वचननिर्माता ने कभी अच्छे अच्छे प्रौढ पाक (कविता की विशिष्टता) नहीं देखे। मात्रा (यह बात यों और इतनी कहनी चाहिये यों अन्दाज) से रहित है। तथा श्रेष्ठ लोगों से सेवित नहीं, अतएव प्रलापरूप है। तौ भी विषमय (विष की तरह परिणाम में दुःख देने वाले) 'भव' (संसार) रूपी दीर्घ रोग का अच्छा औषध है (उन्मत्तप्रलाप भी मेरा वचन शिवभक्तिमय होने के कारण भक्तजनों के सांसारिक रोगों का औषधरूप अवश्य हो जायगा।।28।।

हे स्वामी! आपके मुकुट में सदा रहने वाली यह सिद्धसिन्धु (गङ्गा) ललाट के अग्नि को जैसे शान्त नहीं कर सकती, इसही तरह मेरे हृदय में निरन्तर जलने वाले एक शोकरूपी अग्नि को मेरे मुख में सदा रहने वाली सरस्वती (वाणी तथा नदी) भी शान्त नहीं कर सकती। आपकी कृपा की आवश्यकता है।।29।।

हे स्वामी! पूर्व जन्म में मैंने यदि खोटा ही काम किया है तौ आप में मेरा यह दृढ अनुराग (प्रेम) क्यों है? और यदि मैंने अच्छे काम किये हैं तौ फिर मेरे अन्तःकरण में जरा-मरणादि चिन्ताजन्य यह शोकाग्नि, जो हृदय को जलानेवाली है, क्यों हो रही है?।।30।।

किसी पहले जन्म में प्रभु शंकर की वाणी-मन और कर्मों के द्वारा

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

आराधना करके भी यह मेरा मन पश्चात्ताप युक्त हो गया है। अन्यथा कुल तथा गुणादि के द्वारा पवित्र भी यह मेरा मानुष जन्म संपूर्ण ही निष्फल कैसे हो गया? (सेवा के अनुसार थोड़ा फल मानता हूँ, किन्तु यदि आपकी भक्ति पर दृष्टि देता हूँ तौ मेरे जन्म जैसी सफलता आज तक किसी को नहीं मिली)।।31।।

अनेक जन्मों के पीछे मनुष्य जन्म रूपी नौका पाकर, तथा आप सरीखे करुणाभूषण (दयालु) को भव-सागर से तराने वाला पाकर, जिस मुझको संसार समुद्र को तैरने का पूरा भरोसा हो चुका था, वही मैं यदि इसमें डूबता हूँ तौ इसमें किसकी विडम्बना (हँसी) है? आप ही की तो है।।32।।

स्वामी यदि वाणी-मन-शरीरादिके द्वारा सेवारूप उपकार करने वाले सेवकों पर, तथा कुल-शील चरित्रादि से भूषित योग्य भक्त जनों पर कृपा करते हों तो इसमें क्या आश्चर्य। किन्तु दयालु हृदय सन्त अपात्र जनों पर भी बिना कारण ही करुणा रूपी अमृत के सार से सिँचा हुआ हृदय धारण करते हैं।।33।।

इसलिये समाप्त हो गये हैं अभ्युदय (कल्याण) के सकल उपाय जिसके-खिन्न हो गया है चित्त जिसका, सब आवश्यक चीजों के अभाव से नष्ट हो गया है आचरण जिसका तथा यमराज के भय से अत्यन्त दुःख पाते हुए, जरा-मरणादि अनर्थो से कदर्थित (पीडित) इस (मुझ) को अभयदान देकर स्वयम् आदर करिये।।34।।

जो नीतिमान् आपकी सेवा करता है वह 'अनीति' नीति रहित हो जाता है (यह विरोध दिखता है), किन्तु 'अनीति' अर्थात् 'ईति' (उपद्रवों) से रहित हो जाता है, यह असली अर्थ है। जो आपने अपने हृदय से नहीं मुक्त (त्याग) किया, वह 'मुक्त' हो जाता है (यह विरोध है), किन्तु जिसको आपने अपने हृदय में स्थान दिया (छोडा नहीं) वह 'मुक्त', संसार से उसका 'मोक्ष' हो गया। जो आपकी 'अपचिति' पूजा के लिये तत्पर है वह कभी 'अपचिति' को नहीं पाता, यह विरोध है .किन्तु 'अपचिति' अर्थात् (अपचय, हीनता, क्षीणता) को प्राप्त नहीं होता यह वास्तविक अर्थ है। इसलिये 'भव' (जिससे ब्रह्मा आदि षट् कारणों का भी प्रादुर्भाव होता है) ऐसे आपका आश्रय लिया है) इसलिए तीनों चरणों माफिक यहाँ भी 'भव' का आश्रय लेने से मुझको 'अभव' हो जाना चाहिये, मैं अभी तक 'अभव' (असंसार) संसार से मुक्त क्यों नहीं हुआ?।।35।।

सदा चिन्ता सहित चित्तवाले मुझको रात्रि में 'स्वाप' (सुषुप्ति, सुखनिद्रा) दुर्लभ है। हे प्रभु! निर्दाह (दाह अर्थात् हृदय की जलन से रहित होकर) सदा' अहः' दिन को कब बिताऊंगा? हे शिव! आपके ही एकमात्र वशीभूत

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

मुझको अवश्य रक्षा करिये। 'अपरुषः' अपगत दूर हो गई है 'रुट्' (रोष) जिससे अर्थात् रोषरहित ऐसे मेरे ऊपर आप 'कर्कश' कठोर क्यों हो रहे हैं। जो सीधा है उस पर कर्डा नहीं होना चाहिये। यहाँ भी विरोध अलंकार है। जो 'स्वाप' (सुखसे प्राप्ति योग्य) है वह 'दुराप' (दुःख से प्राप्ति योग्य) कैसे? ऐसे ही जो 'वशग' (वश में आया) है, वह 'अवश्य' (नहीं वशीभूत) तथा 'अपरुषः' (कोमल) वह 'कर्कशः' (कडा) कैसे। किन्तु श्लेष के कारण दूसरा अर्थ होने से विरोधनिवृत्ति।।36।।

यह पापी है, खल (दुष्ट, चुगल) है, यों समझकर मुझको छोडना उचित नहीं। जो 'कृतमति' (बुद्धिमान्) है, तथा किसी तरफ से भी जिसको भय की संभावना नहीं, उसको रक्षा की क्या जरूरत? मैं असज्जन और अधम हूं, पुण्य मैंने नही किये, इसही लिये आपके द्वारा दया करने योग्य हूँ।।37।।

यद्यपि मैं अपने ही कुकृत्यों (खराब कामों) से नीचे गिरा हूं तौ भी मैं आपके तिरस्कार का पात्र नहीं। पशु गर्व में आकर अपने आप ही अन्धेरे (सूखे) कुए में गिरता है, किन्तु दया करने वाले दयालु लोग उसकी भी उपेक्षा (लापरवाही) नहीं करते।।38।।

'अत्युन्नत अपने स्थान से गिरा यह चपल और दुष्ट प्रकृति बहुत से कुमार्गों पर घूमेगा' यों मानकर आप मुझको छोड़ते हैं तो ऐसा ही गङ्गा का प्रवाह आपने मस्तक पर क्यों धारण कर रखा है? क्योंकि वह भी अत्यन्त उन्नत अपने पद (आकाश) से गिरकर चंचल और जड (ड-ल-का ऐक्य है, इसलिये जल) प्रकृति यह बहुत से 'कु' अर्थात् पृथिवी के मार्गों को घूमेगा ऐसा है।।

इसको मस्तक पर धारण किया गया है तौ यह गंगा प्रवाह नारकियों (नरक में पडे पापियों) की पीडा को भी दूर करेगा' यह समझकर गंगाप्रवाह को धारण करते हैं तो यह बात अनाथ लोगों की पीडा दूर करने का सदा व्यसन (शौक) रखने वाले, तथा गाढ़ी दया रूपी अमृत के सागर, आपके लिये उचित ही है।।

'अपरिमित जन्मों के पुण्य परिणामों से आपके मस्तक पर स्थान प्राप्त करके मैं सुखपूर्वक रहूंगा यह कहती हुई मेरे जिह्वा के तो हजार टुकडे हो जाँय (आपके मस्तक पर चढने की बात मुख से निकालना भी भक्तों का घोर अपराध है) किन्तु आपके चरण के अग्रभाग के स्पर्शमात्र से मैं एक दो पापी क्या, तीनों लोकों का उद्धार करूं, यह मैं प्रतिज्ञा करता हूँ (चरणस्पर्श मात्र से मेरा इतना प्रभाव हो जाय कि त्रिलोकी के उद्धार करने का सामर्थ्य प्राप्त कर लूँ, नारकियों के उद्धार की तो बात ही क्या?)।।39-40-41।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

"अत्यन्तदुर्बल, अत्यन्त जड़ता (मूर्खता) युक्त, कुटिल (व्रक्रहृदय वाला), दूसरों को ठगने की कला (चातुर्य) धारण करने वाला, दोषों (ऐबों) का खजाना, यह है" यों समझकर हे प्रभु! मुझको त्याग करते हैं तौ ऐसे समस्त दोषों से युक्त शशाङ्क (चन्द्रमा) को आपने क्यों धारण किया। क्योंकि वह भी कलामात्र होने से अत्यन्त दुर्बल, अत्यन्त है जडिमा (शीतलता) जिसकी ऐसा है। तथा कुटिल (टेढा), कला (एक कला) वान्, दोषा (रात्रि) को करने वाला है। श्लेष अलंकार।।42।।

शान्त (शीतल होने से शान्ति देने वाली) है आकृति जिसकी, द्विजों (नक्षत्रों) का राजा, स्वच्छ, कलात्मक होने से कलङ्करहित है, इसलिये यदि चन्द्रमा को मस्तक पर धारण करते हों तो - ऐसा ही मैं भी हूँ, क्योंकि आपकी भक्ति के कारण शान्तियुक्त हूँ, द्विजों (ब्राह्मणों) में श्रेष्ठ हूँ, पवित्र हूँ और अकुलीनता आदि किसी तरह के कलङ्क मुझमें नहीं। फिर ऐसे ही गुण वाले मुझको मस्तक पर रचाने की बात तो पाप है, किन्तु आपकी चरणचौकी के समीप भी धरने के योग्य नहीं समझा?।।43।।

पाप में है 'ग्रह' (आग्रह, अभिनिवेश) जिसको तथा दूसरों के 'स्व' (धन) के अपहरण के बिना यह धैर्य को नहीं पाता, अर्थात् सदा दूसरों का धनापहरण करता है, इसलिये यदि आप मुझको त्याग करते हैं तो हे परमेश्वर (सकल समर्थ!) ऐसा ही रुचिमान् (सूर्य) आपके दक्षिण नेत्र के स्थान का पात्र (दक्षिण नेत्र के स्थान पर) कैसे हो गया? क्योंकि सूर्य भी 'पापग्रह' (अनिष्ट फलदाता) गिना गया है। और दूसरों के 'स्वाप' (अर्थात् 'निद्रा') के हरण के बिना उसकी स्थिति नहीं (सूर्योदय होते ही लोगों की निद्रा भग्न हो जाती है)। यहाँ भी श्लेष अलङ्कार।।44।।

हे नाथ! यह सूर्य आपके मित्रत्व (जो भूमि को वर्षा के द्वारा 'मेद्यति' स्निग्ध करै, सींचै) तथा 'गुणी' (गुण अर्थात् तन्तुयुक्त कमल) उनका यह 'बन्धु' (विकासक) है, यह विख्यात करके आपका प्रिय हो गया हो तो, मैं तो नित्य आपकी दासता प्राप्त करके तथा सदा गुणियों की सेवा में तत्पर रहकर भी आपका अप्रिय कैसे हूँ?।।45।।

अत्यन्त गर्मी (संताप) करने वाला (अतिगर्वयुक्त), मलिन (निन्दनीय) मार्गवाला, अनेक जीभवाला (कभी कुछ कभी कुछ बोलने वाला) छूने के भी योग्य नहीं, ऐसा समझकर यदि आप मुझको छोड़ते हैं तो ऐसे ही इस 'आश्रयाश' (अपने आश्रय को खाने वाले, अग्नि) को अपनी शुभदृष्टि (नेत्र) में स्थापन

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

करने का पात्र कैसे बना लिया? यह भी अत्यन्त गर्मीवाला, जिस रास्ते होकर अग्नि लग जाय वही काला हो जाय ऐसा, अनेक जिह्वा (सात जीभ) वाला, स्पर्श में भी भयंकर, फिर जिसका आश्रय ले उसही को खा जाय (अपने आश्रय काष्ठ आदि को भस्म करने वाला) ऐसे अग्नि को आपने तृतीय नेत्र कैसे बनाया? श्लेष अलंकार।।46।।

'बन्धुजीवद' बन्धुओं को जीव देनेवाली 'लसत्' शोभमान है कान्ति जिसकी, अर्थात् अपने बान्धवों को जीवदान करने वाला- परोपकारी समझकर, (वास्तव में 'बन्धुजीव' नाम का जो रक्त पुष्प उसके पत्ते के समान है (लाल) कान्ति जिसकी ऐसा)। यह अग्नि देवताओं के 'व्रज' (समूह) के जीवन (अर्थात् उनको तृप्त करने) के लिये यजमानों से घृतादि की आहुति की प्रार्थना करने वाला बनता है (घृताहुति लेता है)। तथा यह अग्नि अपने मित्रमण्डल को 'मुख' प्रधान करके संपूर्ण विश्व का पोषण करता है (वास्तव में अग्नि मित्र (सूर्य) मण्डल के द्वारा विश्व का पोषण करता है ('रात्रि में सूर्य का तेज अग्नि में चला जाता है' यह स्मृति है) इसलिये दहन करने वाले इस अग्नि में यदि आप सादर हैं।।

तौ हे स्वामी! 'सुमनस्' (देवता और पण्डित) इनका सदा (आप्यायन) पोषण करने के लिये यदि मैं भी अर्थी (याचक) होऊं तो मुझे देने वाला कोई दाता नहीं। बन्धुजनों का जीवन करने के लिये मैं स्वयम् असमर्थ हूँ। और मित्रों के मुख से (इनको द्वार बनाकर) जगत् का पोषण करने के लिये भी मैं असमर्थ हूँ (अर्थात् ये दोनों काम मैं चाहता हुआ भी नहीं कर सकता। इसमें मेरी अशाक्ति है, दोष नहीं)

इसलिये मुझको निरपराध जानिये। प्रसन्नता से स्वच्छ हुई तथा अमृत (कृपा) प्रवाह से आर्द्र (सरस) ऐसी दृष्टि दीजिये। और दया के पात्र इस दीनको घने मद (हर्ष, प्रसन्नता) से वारंवार है भ्रमण जिसमें ऐसे भ्रुकुटि विलास से (अर्थात् प्रसन्न भौंहें डालकर) मेरे ऊपर कृपा कीजिये।।47-48-49।।

हे भगवन्! कृपा के द्वारा निर्मल दृष्टि देने से यदि आपने 'मित्र' (सूर्य) 'शुचि' (अग्नि), 'द्विजपति' (चन्द्रमा), पर कृपा की है तो यह उचित ही है। ऐसे ही अर्थात् सकलजनों के मित्र, शुचि (पवित्र, निर्दोष), द्विजपति (ब्राह्मणश्रेष्ठ) मुझपर जो आप अप्रसन्न दृष्टि दे रहे हैं यह विधाता मेरे विपरीत है।।50।।

यह 'निष्कर्ण' अच्छी बात नहीं सुनने के कारण 'कर्ण' कान रहित है, कुत्सित मार्ग में व्यासंगी (रसिक) है, तथा जो जिह्वा वाला (संपन्न कुछ, परोक्ष

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

में कुछ, यों दो तरह बोलने वाला) समझ कर यदि असहाय मुझको आप त्यागते हैं तो हे श्रीकण्ठ! ऐसा ही यह पवनाशन (वायु का भोजन करने वाला, वासुकि सर्प) अपने कण्ठ के समीप आपने क्यों ग्रहण किया? क्योंकि यह भी निष्कर्ण ('चक्षुःश्रवा' आखों के द्वारा सुनता है)। 'कु' (भूमि) में जो 'सृति' रेंगना उसका व्यसनी है। तथा दो जीभ वाला है।।51।।

इस (शेष) ने पहले आपकी दो हजार जीभों से स्तुति की, इस लिये यदि आपके कण्ठस्थान में स्थित है तो हे महेश! आपकी स्तुति में मेरे पास यदि एक ही जीभ है तो आपके चरणतल में ही मेरा स्थान होओ।।52।।

यह सींगवाला (गर्वयुक्त), विवेक (विचार) शून्य, अलमस्त, पशुप्राय है समझकर यदि मुझ दीन को आप छोडते हैं तो ऐसा ही (सींगयुक्त, विवेकरहित, मस्ती में आने वाला, पशु) यह वृषभ (नन्दी) चरणस्थापन से कृपापात्र कैसे बना रखा है?।।53।।

यह (वृषभ) भी कभी आपको पीठ पै धारण करता है, इतने मात्र से यदि यह आपकी कृपा पात्रता को प्राप्त होता है तो हे स्वामी! मैं तो आपको प्रतिदिन हृदय में धारण करता हूँ, इसलिये आपका मैं अनुकम्पनीय (दया करने योग्य) क्यों नहीं?।।54।।

टेढ़ा तथा कठोर यह-विद्या, विनय आदि गुणों के ग्रहण में योग्य याचक समूह को पराङ्मुख (विमुख, निराश) करके त्याग कर देता है यह समझकर यदि मेरा आप त्याग करते हैं तो हे स्वामी! ऐसा ही 'पिनाक' (धनुष) आपने अपने हस्त में कैसे धारण किया है? क्योंकि यह भी क्रूर और टेढा है। तथा 'गुण' अर्थात् प्रत्यञ्चा (डोरी) के ग्रहण करने में योग्य ऐसे 'मार्गण' (बाण) समूह को पराङ्मुख (अपने से पीछे मुँह वाला) करके छोड़ता है। श्लेष।।55।।

इसका गुण उत्कृष्ट कोटि (करोड़ संख्या) को पहुँच गया है (वास्तव में 'गुण' डोरी दूसरी 'कोटि' (दूसरे छोड- अन्त) पर्यन्त गया है यह अर्थ है) तौ भी यह अत्यन्त नम्र है (धनुष चलती बार नीचा हो जाता है) यह समझकर इस पिनाक ('अजगव' नामक धनुष) को नहीं छोड़ते हैं तो थोड़े से 'गुण' (दया-दाक्षिण्यादि) में मैं अत्यन्त नम्र (विनीत) हूँ फिर क्या कारण है कि मैं आपका दयापात्र नहीं होता (जिसके गुण कोटि पर्यन्त पहुँच गये हों उसका नम्र होना क्या आश्चर्य, किन्तु मैं थोड़े ही गुण की सत्ता में भी नम्र हूँ, अतएव और भी दया का पात्र हूँ)।।56।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

अत्यन्त तीक्ष्ण (उग्रस्वभाव, सरोष) और अतिकठोर। फिर सीधेपन से प्रवेश करके, अन्त में अत्यन्त मर्मव्यथा पहुँचाने वाला समझकर यदि आप मुझको छोड़ते हैं तो हे नाथ! इस ही तरह के इस त्रिशूल को हस्तगत क्यों कर रखा है। क्योंकि यह भी अत्यन्ततीक्ष्ण तथा कठोर है। और सीधेपन से हृदय में प्रवेश करके अन्त में भीतर से मर्मो को भेदन कर देता है।।57।।

इस त्रिशिख (त्रिशूल) को समर में संहित (संधान, संधि) कर्मयोग्य और तीन कोटि (शिखा, शूल की शाखा) से उज्ज्वल मुख वाला (अथवा युद्ध की तीन शाखाओं में विजय करने से उज्ज्वल मुख वाला) समझ कर धारण करते हो तो, हे स्वामी! मैं निर्धन हूँ तौ भी सबसे समान रस (समान प्रेम भाव) रखने वाला हूँ। और हित के कामों में योग्य हूँ (अर्थात् मुझको भी समरसं हित कर्मयोग्यम्' मान लीजिये) आप क्या मुझको ऐसा नहीं मानते हैं, जो मेरे ऊपर प्रसाद (कृपा) नहीं करते हैं।।58।।

नीचे करा दिये हैं ब्राह्मण जिसने, पहले जो अखर्वित (अर्थात् नीचे नहीं हुए थे, अच्छी हालत वाले थे, ऐसे) देवता और आचार्य (गुरु) उन को सदा आपत्ति देने में तत्पर, किया है 'गोत्र' (वंश) का भेद (हानि) जिसने ऐसा समझकर यदि मुझको छोड़ते हैं तो ऐसा ही कुमार (स्वामिकार्तिक) जगद्विजयी आपके नेत्रों को आनन्द देनेवाला कैसे है? क्यों उनने भी 'द्विज' (पक्षी-मयूर) को नीचा किया है, वाहन बनाया हैं तथा वह अखर्वित जो पूर्वदेवों (असुरों) के गुरु उनको आपत्ति (क्लेश) पहुँचाने में तत्पर हैं। 'गोत्र' (क्रौञ्च पर्वत) को उनने भेद किया है।।59।।

हे नाथ! यदि इन विशाख (स्वामिकार्तिक) को शुचि (अग्नि) से है जाति (जन्म) जिनका ऐसा मानकर इनमें पूर्ण प्रसन्न मन धारण करते हैं (पहले श्रीशंकर का वीर्य श्रीपार्वती से धारण नहीं हो सका। उसको उनने अग्नि में पटक दिया। वहीं उनका जन्म हुआ। इसीलिये उनका नाम 'अग्निभू' यह भी है। तो हे स्वामी! मैं भी ऐसा ही हूँ ('शुचि' (पवित्र) ब्राह्मण जाति वाला हूँ। 'विशाख' शाखाशून्य (अवलम्ब शून्य) हूँ, मेरे अन्य (दूसरी) गति नहीं। फिर ऐसा मैं अवलेप (गर्व, तिरस्कार) का पात्र क्यों हो रहा हूँ?।।60।।

सब वस्तुओं के अपहरण (उड़ा लेने) में है प्रेम जिसको, मस्त, तथा सदा टेढा (गर्व से) रहता है मुख जिसका, कर्णो से चपल (एक बात सुनकर इधर उधर फैला देनेवाला) तथा 'तुन्दिल' (आलस्य के वश सदा पेट फुलाये बैठे रहनेवाला) मैं यदि आप का त्याज्य (त्याग करने योग्य) हूँ तो ऐसा ही यह

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi.

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

गजमुख (गणेश) गणों की नायकता (प्रबन्धकता) पर क्यों नियुक्त किया है?। क्यों कि यह भी 'सर्वापहार' इस नाम में ही है 'रति' प्रेम जिसको ('सर्वापहारो गजास्यः' अमरकोष) ऐसा है। उन्मद 'सहर्ष' और 'वक्रतुण्ड' इनका नाम है ही। ये भी बार-बार कर्णताल (कर्णो का शब्द) करने वाले हैं तथा तुन्दिल (तौंदवाले) हैं ही।।61।।

यह सदा अपना हस्त (सूँड) दान के जल से गीला रखते हैं ('दानजल' मदजल से गीली सूँड रखते है, यह अर्थ है)। इस ही लिये यदि गणों का स्वामित्व मिल गया है तो हे स्वामी! निर्धन मैं दान देने में असमर्थ हूँ। अतएव मुझको आपके गणों का अधिपतित्व न मिलकर दासता तो हो जानी चाहिये।।62।।

वाणी-मन-कर्म के द्वारा मैं जिस तरह आपके चरणाविन्द का सेवक नहीं हूँ, इसही तरह सब ग्रहों में मेषादि राशियों का भोग सब ही ग्रह समानतया करते हैं किन्तु इनमें दो ग्रह (सूर्य और चन्द्र) ही आपकी दृष्टि को नहीं छोड़ते अर्थात् वाम और दक्षिण नयन बने हुए हैं। इतने मात्र से आपने अन्य ग्रहों को क्यों छोड़ दिया (मैं तो आपके चरणों का ध्यान करनेवाला छोड़ने योग्य क्यों समझा जाऊँगा)।।63।।

हे नाथ! दो कुमार जो द्विज (ब्राह्मण) पति (श्रेष्ठ), तथा 'द्विज' (नक्षत्र) उनमें श्रेष्ठ हैं, आपके भक्त हैं। उनमें एक (चन्द्र) प्रजाओं का घोर अन्धकार हरण करता है। किन्तु दूसरे बालक (मुझ) को अन्धकार (अज्ञान) से व्याप्त होता हुआ देखते हुए आप सह रहे हैं। इस ही लिये आप 'विषमदृष्टि' (भेद युक्त दृष्टि वाले) प्रसिद्ध हैं। (वास्तव में 'विषमदृष्टि' अर्थात् तीन नेत्र होने से विषम संख्या वाले आपके नेत्र हैं)।।64।।

मात्सर्य आदि दोषों से उद्धत वैरी में तथा मित्र में समान दृष्टि रखने वाले आपका हृदय यदि दया से सदा स्निग्ध रहता है- तो यह उचित ही है। इसलिये इस समय गति (उपाय) हीन तथा आत्मा का हित नहीं करने वाले इस दीन के प्रति आप की कृपा का निरादर (अभाव) क्यों है।।65।।

आप सरीखे करुणासागर के द्वारा हम सरीखे अशरणों (निःसहायों) का अकस्मात् तिरस्कार होना, हे स्वामी। चन्द्र मण्डल से वज्र निकलना और सूर्य से अन्धकार की उत्पत्ति है।।66।।

हे स्वामी! आप 'मृड' (त्रिलोकी को सुख देने वाले) हैं, और मैं विशाल दुःखभार से पीडित हूँ। आप 'मृत्युञ्जय' हैं और मैं मृत्यु के भय से व्याकुल हूँ।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

आप 'गंगाधर' हैं और मैं उग्र सांसारिक संतापों से तपा हुआ हूँ। फिर हे स्वामी! आपके द्वारा दया करने योग्य क्यों नहीं।।67।।

आप 'भक्तप्रिय' भक्ति करने वालों के प्रिय हैं फिर आपके दर्शन की जिनको भूख लग रही है उनकी पीडा को क्यों नहीं जानते। श्लेष से दूसरा अर्थ होता है 'भक्तप्रिय' अर्थात् 'भक्त' (भात) जिसको प्यारा है वह भूखे आदमी की पीडा को जानता है आप 'भक्तप्रिय' होकर भी क्यों नहीं जानते। जिसको रसायन पान के आनन्द का रस है वह प्यासे की पीडा को जानता है, आप पान (अर्थात् रक्षण) के आनन्द के रसिक है फिर आपके नेत्रान्त (कटाक्ष) डालने के जो प्यासे हैं (इच्छुक हैं) उनकी पीडा को क्यों नहीं जानते? आप 'घन' (मेघ) के सेवन में सादर हैं फिर संताप (त्रिविध) से पीड़ित की वेदना को क्यों नहीं जानते (श्लेष से- जो घने (अर्थात् निरन्तर) सेवन में सादर (कदरदान) हैं वह सेवक की पीडा को जानता है फिर आप क्यों नहीं जानते?।।68।।

आप सर्वज्ञ हैं- भूत (जो पहले हो चुका), भावी (आगे होने वाला) आप यह सब जानते हैं। किन्तु यह मेरे भाग्य का ही क्षय है- जिसके कि आप हृदय में स्थित हैं उसही की पीडा को नहीं जानते। अथवा जान करके भी 'गजनिमीलिका' (देखकर भी हाथी की तरह बेपरवाही) करते हैं।।69।।

आपके ललाट में अग्नि, कण्ठ में विष, और हाथ में शूल (त्रिशूल) है, यह प्रकाशित बात सब लोग जानते हैं। ये तीनों की तीनों चीजें मेरे हृदय मे हैं (ज्ञान के विरह से शोकरूपी अग्नि है, परिणाम में भयंकर दुष्कर्म रूपी विष, और जन्म-जरा-मरणादि के त्रास से शूल रोग को) अन्तर्यामी आप सब जानते हैं, फिर भी दयालु नहीं होते, अतएव मैं मारा गया।।70।।

एकमात्र आप ही संसारी आदमियों के निष्कारण बन्धु हैं, सूर्य की जैसे कान्ति वैसे आपकी कृपा स्वाभाविक है। किन्तु मेरे ऊपर विधाता वाम (प्रतिकूल) है कि मेरे सब विलाप (रोने धोने) 'अरण्यरोदन' (जंगल में रोने के) समान हो गये।।71।।

हे महेश! अत्यन्त अभाग्य, अयोग्य, दुर्दैवयुक्त, उमर भर सुख से विमुख, मुँहफट (संमुख जवाब देने वाला) कठोर वाणी वाला, सकलों से अधम ऐसे मुझको दैवगति से प्राप्त होकर कुलवधू जिस तरह आपने पति को नहीं छोड़ती, इस तरह जन्म-जरा-मरणादि की विपत्ति (अथवा यह नित्य की सांसारिक विपत्ति) मुझको नहीं छोड़ती।।72।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

हे शिव! 'असम' (विषम, बड़ी-बड़ी) आधियों (मानसिक पीडाओं) को हरने वाली समाधि (योग से आत्मा और मन की एकता रूप) को छोडकर, तथा उत्कृष्ट तेज वाले अमृत रूप आपका स्थान परम चैतन्य प्रकाशमय छोड़कर, मलय पवन से उठाई गई जो समुद्र की महा तरंग उनके समान चञ्चल है विनाश जिनका ऐसे धनों को प्राप्त करने की आशा में दशों दिशाओं में घूमता हूँ।।73।।

हे स्वामी! मैंने 'चपला' (बिजली) के समान चञ्चल चित्तवाले दुष्ट धनिकों का सेवन किया। गुण समूह से गंभीर ऐसे गुरुओं का नहीं। इसलिये मेरे वे दिन व्यर्थ नष्ट हो गये। विस्तृत मोह रूपी तम (अज्ञान) से मारा हुआ मैं अब थक चुका हूँ।।74।।

नेत्रों में तीन तेजों को धारण करने वाले हे नाथ! हेमन्त ऋतु की रात्रि की तरह लम्बी यह तृष्णा दिनों दिन मेरे मन में अपना बढ़ाव बढ़ाती जा रही है। हे नाथ! दृष्टिरूपी प्रसाद (कृपा) दीजिये। भ्रम (असत्य को सत्य समझना रूप) से भरे इस अज्ञानरूपी गाढ अन्धकार को समाप्त कर दीजिये।।75।।

महान् गर्व (अहंकार) रूपी ज्वर से पैदा हुए अग्नि का यह दुःसह संनिपात (संनिपात का ज्वर) कपटरूपी स्तम्भ (शरीर का ठूंठ बँध जाना) को फैलाता है। भ्रम (असत्य को सत्य समझना रूप) को बढ़ाता है। वाणी में मौन (चुपचापी) पैदा करता है। यह संनिपात कौन सा 'आतप' (रोग-कम्प-मूर्छा-आलस्यादि) को नहीं करता? अपितु नाना रोग करता है। संनिपात ज्वर भी वात के बिगड जाने से स्तम्भ (स्तब्धीभाव) पित्त के बिगड़ जाने के भ्रम, तथा श्लेष्मा के बिगड़ जाने से वाणी में मौन (चुप्पी) पैदा कर देता है।।76।।

इसलिये अब औषधीपति (चन्द्र) है चूडामणि (शिरोभूषण) जिनका ऐसे (वास्तव में - औषधियों के स्वामी अर्थात् वैद्यों के शिरोभूषण, श्रेष्ठ) जिनकी अठारह भुजाओं की सिद्धि भुवनों में विख्यात है (श्लेष से अर्थ है- जिनके हाथ की करामात विश्व में प्रसिद्ध है) ऐसे महावैद्य आपका आश्रय लेता हूँ। अतः मौन को दूर करैं (आपकी स्तुति में जो अशक्तता है उसको हटा दें, श्लेष्मविकार से जो वाणी का मौन है उसे दूर कर दीजिये)। मोह रूपी निद्रा को संकुचित कीजिये। शीघ्र ही इन इन्द्रियों के उपद्रव को भंगा दीजिये।।77।।

हे भगवन्! मूर्ख मैं अगाध जल को थोडा सा समझने का विश्वास करता हूँ। वैरियों के द्वारा निश्चित प्राणबाध होने पर भी आलस्य करता हूँ। क्योंकि यमराज सामने मारने को तयार है और मैं अब भी नहीं जगता। किन्तु हे स्वामी! यदि आप थोड़ी सी भी अवज्ञा (लापरवाही) करते हो तो मेरी क्या गति

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi.

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

होगी।।78।।

जो आपके संमुख पूजा के समय 'रव' (अर्थात् ब ब् ब ब्' इत्यादि मुखवाद्य) करता है उसको आप 'वर' देते हो। जो आपके आगे भी 'मद' (मस्ती) करता है (यमराज-कामदेव आदि) उसका 'दम' (दमन) करते हो। यों दो अक्षरों को उल्टा करने की क्रीडा करना आपका स्वभाव है। फिर 'नमः' (नमस्कार) करते हुए मेरे ऊपर 'मनः' कृपा करने का 'मन' क्यों नहीं करते?।।79।।

हे भगवन्! आपके हाथ में चन्द्र है (देवं सुधाकलश-सोम-करम्' इत्यादि ध्यान है)। मस्तक पर चन्द्र है। नेत्र में चन्द्र है (बाँये में), चरणतल में चन्द्रमा है (सेवक रूप से) मूर्ति में चन्द्रमा है (आप श्वेतमूर्ति है)। यों हे शंकर आपके दरबार में चन्द्रमाओं का 'सुकाल' (समर्थता-सुलभता) है। फिर त्रिविध तापरूपी अन्धकार से व्याकुल शरणागत मुझको दूर करते हुए आपके यहाँ यह निष्फलता क्यों आवै। ऐसे चन्द्रों के सुकाल में मेरे तापान्धकार को दूर करके अपनी सफलता प्रमाणित करिये।।80।।

हे नाथ! आपके ध्यान में आसक्त मेरे चित्त ने आपके चन्द्रखण्ड से कुटिलता प्राप्त की, अमृतमयता नहीं। ललाट के नयन (अग्नि) से गर्मी (गर्व, क्रोध आदि) प्राप्त की, प्रकाश नहीं। आपके कण्ठ से मलिनता (श्यामता) प्राप्त की, गंभीर भाव नहीं। मेरा चित्त चलनी सदृश है जो असार लेती है और सार छोड देती है।।81।।

जन्म-जरा-मरणादि विपत्ति की गुरुता (कठिनता, अलंघनीयता) मैं क्या कहूँ जिस (विपत्ति) ने 'निःशाखता' (निराचारता, अर्थात् जो अन्य किसी का आधार नहीं रखते, सर्वाश्रय) देवताओं के भी जो 'उपेय' (प्राप्तव्य) नहीं (अर्थात् देवताओं की भी जहाँ अपनी स्वतन्त्रता से पहुँच नहीं किन्तु अप्राप्य उनही की कृपा से प्राप्तव्य) ऐसा 'अनुपेयभाव', श्वेत पीत आदि नाना कान्तियों का अभाव, 'विफलता' (अर्थात् काम्यफल हीनता, जहाँ कामनारूप फल की इच्छा नहीं) तथा इहलोक के रस (आनन्द) हीनता का उपदेश करके मुझे 'स्थाणु' (सबके ऊपर स्थिति करने वाले श्री शंकर) के पद में उनके चरण में नियुक्त किया।

यहाँ श्लेष से यह भी अर्थ प्रतीत होता है कि विपत्तियों की गुरुता (उपदेशकता) क्या कहूँ, जिसने श्रीस्थाणु (शंभु) के संसर्ग होने पर भी उन (स्थाणु) की शाखारहितता, सुमनस (पुष्पों) की अप्राप्यता (अर्थात् पुष्पहीनता), छायारहितता, फलशून्यता और ठूंठ होने के कारण नीरस(शुष्क)ता का उपदेश

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

करके मुझको भी 'स्थाणु' (अर्थात् ठूंठ) के पद पदवी) पर नियुक्त कर दिया, पहुँचा दिया। अर्थात् विपत्ति ने मुझे इस परिस्थिति पर पहुँचा दिया। (अब हे नाथ! आप ही 'निःशाखता' आदि के दूसरे (शंकर विषयक) अर्थ पर पहुंचाने की कृपा करेंगे।।82।।

हे देव! सर्वज्ञ शम्भु (शं-कल्याण को उत्पन्न करने वाले) शिव शंकर विश्वनाथमृत्युञ्जय-ईश्वर-मृड (जगत् को सुखी करने वाले) आदि नाम अन्य भक्तों के विषय में फलवान् अर्थात् सार्थक (सबको जानने वाले- कल्याणदायक-आदि) होंगे किन्तु मुझ मन्दभाग्य के विषय में आप 'स्थाणु' (निःशाखद्रुम, ठूंठ) ही हैं (वस्तुतः मेरी बुद्धि से आप सबके ऊपर स्थिति करने वाले परात्पर श्री शंकर हैं)।।83।।

श्वेत नामक राजा को आप 'सु' (शोभन) दर्शन 'आपका दर्शन, साक्षात्कार) समर्पण में तत्पर हो। और श्रीकृष्ण को भी 'सुदर्शन' (तन्नामक चक्र) के समर्पण (देने) में आप तत्पर हो। यों श्वेत और कृष्ण तथा सफेद और काले में आपको भेद बुद्धि नहीं हुई। वही आप पुण्यजनों (वैश्रवण-कुबेर आदि यक्षों में) लक्ष्मी उत्पन्न करते हैं और मुझको अपुण्यजन (सुकृतशून्य) समझ कर छोड़ते है, यह मेरा भाग्य ही बिगडा हुआ है। श्वेत-कृष्ण-सफेद-काले में आपको समान बुद्धि होने पर भी, पुण्यजन और अपुण्यजन में आपकी भेद बुद्धि हुई, यह मेरा भाग्य ही क्षत है, यह भाव है।।84।।

हे देव! जिसकी कृपा की महिमा से हाथी-घोडे-रत्न (कौस्तुभमणि), श्री (लक्ष्मी) पारिजात (कल्पवृक्ष) मदिरा, इन्दु (चन्द्र), सुधा (अमृत) इनके अर्पण (देने) से देवताओं का वशीकरण करके अर्थात् इन्द्र को ऐरावत और उच्चैःश्रवा, विष्णु को कौस्तुभ और लक्ष्मी इत्यादि। यों अच्छी अच्छी चीजे देकर आपने सब देवताओं का संतोष कर दिया, किन्तु अपने लिये आपने गरल (विष) ग्रहण किया। यह काम जिस कृपा के कारण हुआ वह आपकी कृपा मुझ मन्दभाग्य के विषय में कहाँ गई?।।85।।

जगत् को जीत लेने से गर्विष्ठ हुए कामदेव-दक्षप्रजापति-यमराज-अन्धकासुर इनके विषय में, आपके मन में जो रोषरूपी विष का अंकुर पैदा हुआ, उसने आपकी कृपा के द्वारा सिँचा जाने पर अमृतरूपी प्रसाद (अनुग्रह) को उत्पन्न किया (उन सबको पुनः संजीवित कर दिया गया), वह आपकी कृपा मुझ मन्दभाग्य के विषय में कहाँ हो रही है? नहीं है।।86।।

हे भगवन्! आपकी कृपा को चाहने वाले कितनों ही ने आपके हस्त में

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

स्थित 'वर' की पात्रता प्राप्त की, अर्थात् उनको वर मिला। कितनों ही ने 'अभय' की और कितनों ही ने आपके हस्त में स्थित गहरे अमृत की पात्रता प्राप्त की। अभाग्य से पीडित मैंने आप के हस्त में स्थित 'शूल' (त्रिशूल, आयुधविशेष) की पात्रता प्राप्त की। 'श्लेष' से शूलनामक हृदय की पीडा प्राप्त की।।87।।

'अभ्रान्तवृत्ति' अभ्र अर्थात् आकाश के अन्त में है स्थिति जिसकी ऐसा तथा 'प्रकाश' (तेज) रूपता से प्रसिद्ध ऐसे सूर्य से अधिष्ठित 'बिम्ब' अर्थात् सूर्य मण्डल की तरह। प्रकाश (तेज अर्थात् ज्योतीरूप) है शरीर जिसका ऐसे आपके द्वारा अधिष्ठित, तथा 'अभ्रान्त' नहीं भ्रमयुक्त है 'वृत्ति' जिसकी ऐसा यह मेरा चित्त कभी 'तमसा' (अज्ञान के द्वारा) उपद्रव (विकार) युक्त कर दिया हो, तौ भी इसके पुण्य की महिमा क्षीण नहीं हुई है, ऐसा ही शोभित होता है। कभी अज्ञान का चक्कर आने पर भी इस चित्त में आप अधिष्ठान करते हो इस लिये इसके पुण्य का माहात्म्य अक्षीण है यही निश्चय होता है। जैसे कि प्रकाश शरीर ऐसे सूर्य के द्वारा अधिष्ठित 'सूर्यमण्डल' कभी 'तमसा' राहु के (तमस्तु राहुः) द्वारा सोपप्लव (सोपद्रव, ग्रस्त) होने पर भी अक्षीण पुण्य महिमा वाला गिना जाता है।।88।।

प्रचण्ड जरामरणादि जन्य दुःखरूपी जो दावाग्नि उससे जला हुआ मैं अमृतमय आपके हृदय में प्रवेश करना नहीं जानता। मेरी दुःखरूपी दावाग्नि से आपका हृदय स्थित अमृत भी कदाचित सूख न जाय इस भय से। तथा देवनदी (गङ्गा), अमृत, तथा सुधांशु (चन्द्रमा) इनसे शीतल आपको भी मैं अपने हृदय में धारण नहीं कर सकता (इतनी शीतल वस्तुओं से कदाचित् शीतज्वर हो जाय, इस भय से)। अतएव मन्दभाग्य मुझको धिक्कार है, मैं न आपको अपने हृदय में धारण कर सकता, न आपके हृदय में मैं स्थान प्राप्त कर सकता, यह मेरा मन्द भाग्य ही है।।89।।

जन्म-जरा-मराणादि की चिन्ता से क्षीण (दुर्बल), नष्ट हो गई हैं कला (शिल्प-चातुर्यादि) जिसकी ऐसा, तथा लुप्त हो गया है 'धाम' (तेज) जिसका ऐसा मैं। कृष्ण पक्ष में क्षय को प्राप्त हुआ, नष्ट हो गई हैं संपूर्ण कला (षोडशभाग जिसकी ऐसा, अतएव लुप्त तेजवाला चन्द्रमा जैसे सूर्य का आश्रय लेता है (कृष्णपक्ष के अन्त में (अमावास्या में) चन्द्रमा सूर्य मण्डल में प्रवेश कर जाता है, यह प्रसिद्ध है) ऐसे मैंने आपका आश्रय लिया है। इसके अतिरिक्त मेरे जीवन की कला (गति) कोई नहीं है। यदि आप ने चरणदान के द्वारा मेरे ऊपर अनुग्रह नहीं किया, यदि चरण की शरण आपने नहीं दी, तो मेरी और कोई गति

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi.

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(ठिकाना) नहीं। सूर्य अपने 'पाद' किरणों के अर्पण से अनुग्रह न करै तो चन्द्रमा की जीवनरूपी कला फिर कहाँ? शुक्लपक्ष में सूर्य किरणों से ही चन्द्र में प्रकाश आता है, यह विज्ञान है।।90।।

घोर अन्धकार से विह्वल, नाना तापों से संतप्त, विपत्तिरूपी बड़े भारे पाले (बर्फ) से दबाये हुए (पीडित) मुझको यदि आप छोड देते हैं तो सूर्य-चन्द्र-अग्नि नेत्रवाला और दूसरा कौन है जो मेरी ऊपर कही हुई त्रिविध पीडा को हरण करै। आप के तीन तरह के नेत्र- सूर्यात्मक मेरे अन्धकार को, चन्द्रात्मक मेरे संताप को और अग्न्यात्मक मेरी हिम पीडा को हरण कर सकता है।।91।।

हे प्रभु! विपत्ति (जन्म-जरा-मरणादि आन्तर, दारिद्र्यादि बाह्य) रूपी अपस्मार (मिरगी) रोग से पीडित मुझको 'व्यक्ति' (अङ्गों की प्रकटता फुर्ती) नहीं, बुद्धि नहीं, चलने की शक्ति नहीं तथा और कामों का सामर्थ्य नहीं, एवं स्मृति (स्मरण) भी नहीं, ऐसे रोगी मेरी चिकित्सा, औषधियों का स्वामी (चन्द्रमा) जिनके मुकुट में है, तथा जो त्रिलोकी के गुरु हैं ऐसे आपको छोड कर और दूसरा कौन कर सकता है।।92।।

हे शिव! आप निर्गुण (सत्त्व-रजस्-तमस् इनसे परे) हैं, मैं भी 'गुण' दया-दाक्षिण्य-पाण्डित्यादि से शून्य हूँ। आपका धाम 'शून्य' (ब्रह्माण्डादि से भी ऊँचा, किसी वस्तु की स्थिति नहीं ऐसा) है, मेरा भी धाम (गृह) सांसारिक उपकरण (सामग्री) से शून्य है। आप गौ (वृषभ, नन्दी) पर 'धृति' स्थिति करते हैं (बैठते हैं), मैं भी गौ (वाणी) में धृति (धैर्य, प्रीति) रखता हूँ। किन्तु कष्ट यही है कि आप शिव (कल्याणस्वरूप) हैं, और विधाता का मारा मैं 'अ' (अविद्यमान) है 'शिव' (शर्म, सुख) जिसको ऐसा हूँ।।93।।

आपके विषय में काम (कामदेव) को निष्फलता मिली, अर्थात् आप पर उसका प्रभाव न चला, उल्टा उसे भस्म होना पड़ा। मेरे विषय में भी काम (नाना तरह की अभिलाषायें) निष्फल हुईं (दरिद्रता और असमर्थता के कारण इच्छा होकर रह जाती हैं, उनकी पूर्ति नहीं होती)। आपने 'काल' (मृत्यु) को वापस फैंक दिया, लौटा दिया (श्वेतराजा के उद्धार के प्रसङ्ग में)। मैंने भी अपना काल (समय) निष्फल (निरर्थक) बिता दिया। हे प्रभु! आपका शरीर 'विध्वस्तधाम', 'विधु' अर्थात् चन्द्रमा के द्वारा 'अस्त' जीत लिया है अन्य 'धाम' तेज जिसने, ऐसा है। मस्तक के चन्द्रमा के द्वारा अन्य सब कान्तियां दबा दी गई है, ऐसा आपका शरीर है। मेरा भी शरीर 'विध्वस्त' नष्ट है 'धाम' तेज जिसका ऐसा, तेजो रहित है। कष्ट यही है आप 'शिव' कल्याणस्वरूप हैं और अभागा मैं अ'शिव'

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

सुख-कल्याण रहित हूँ।।94।।

हे प्रभु! जैसे आपके वक्षःस्थल में नाग (सर्प) शोभित हैं वैसे ही आप में ही एकमात्र परायण (एकमात्र निर्भर, भरोसा रखने वाले) मेरे भी हृदय में अब कोई 'नाऽऽगः' ' न आगः, कोई अपराध नहीं)। आपकी शरण लेने वाले मुझमें अब कोई दूषण नहीं रहा। जैसे आप अपने 'स्व' धर्म (वृषभ, नन्दी) मैं आसक्त हैं, वैसे मैं भी आपकी शरण लेने के कारण अपने कर्तव्य में लगा हूँ। यदि आप वैसा नहीं मानते तो (स्वधर्मनिरतः) (सु-अधर्मनिरतः), अच्छी तरह, पूरे तौर पर 'अधर्म' जो वेद आदि ने नहीं बताया उस कर्तव्य में तत्पर हूँ। किन्तु कष्ट यही है आप 'शिव' हैं और दैव का मारा मैं 'अशिव' हूँ।।95।।

हे शिव! आपकी मूर्ति जिस तरह 'विधुरोचित्त' विधु अर्थात् चन्द्रमासे 'रोचित' प्रकाशित है, वैसे मेरी भी मूर्ति (शरीर) विधुर विह्वल (दीन) लोगों के उचित (योग्य) है। हे भगवन्! जैसे आपकी दृष्टि (नेत्र) विषम (ऊने अर्थात् तीन हैं, वैसे मेरी दृष्टि 'विषम' (संसार के पदार्थो में भेदभाव रखने वाली) है। आप जिस तरह 'शूली' त्रिशूल को धारण करने वाले, तथा 'विषादहतशक्ति' (विषात् अर्थात् विष से 'अहतशक्ति' नष्ट नहीं हुई है शक्ति (सामर्थ्य) जिनकी, ऐसे हैं। तो मैं भी 'विषाद' अर्थात् जन्म-जरा-मरणादि दुःखों से हत हो गई 'शक्ति' सामर्थ्य जिसकी ऐसा हूँ। बस, कष्ट यही है आप शिव हैं, और दैवहत मैं अशिव हूँ।।96।।

हे शिव! जैसे आपके कण्ठ में विषम (भयंकर) विष रहता है, वैसे मेरे भी कण्ठ में मत्सरतादि अवगुण रूपी भयंकर विष रहता है जैसे आप 'भूत' प्राणिमात्र के ईश्वर हैं, और 'पशु' आणव (अणु उत्पन्न), मायीय (माया से उत्पन्न), कार्म (कर्मो से जनित), त्रिविध पाशों से बद्ध जनों के पति हैं, वैसे मैं भी भूत अर्थात् अत्यन्त उग्र भयंकर मनुष्यों का ईश्वर (मालिक, श्रेष्ठ) तथा पशु (जड, मूर्खो) का पति (शिरोमणि) हूँ। आपका अङ्ग जैसे 'गुरुरुग्ज्वलित' बडी भारी जो 'रुक्' रुचि, शोभा, कान्ति उससे देदीप्यमान है, वैसे मेरा भी अङ्ग, बडी भारी जो रुक् 'रुजा' (पीडा) उससे जला हुआ है। कष्ट यही है, आप शिव हैं, और दैव का मारा मैं अशिव हूँ।।97।।

राहु से ग्रास किये गये पूर्ण चन्द्रमा के मण्डल की तरह, भयङ्कर बीमारी से पीडित षोडशी (सुन्दरी) के अङ्ग की तरह, अजगर से लपटे मलयागिरि चन्दन की तरह, दुष्ट लोगों से घिरा हुआ राजा के चरणतल (राजा का सामीप्य) की तरह, हलाहल (विष) से व्याप्त क्षीरसागर के जल की तरह, भयंकर मगर

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

से रुके श्री गङ्गा के तीर की तरह, दरिद्रता से दग्ध (जला) हुए सज्जन गृहस्थ के चरित्र की तरह, द्वेष-द्रोहादियुक्त शास्त्रज्ञान के कारण प्रसिद्ध ऐसे विद्वान् के चित्त की तरह, विद्या से हीन कुलीन पुरुष के रूप की तरह, दान तथा 'उपभोगों (खर्च), से रहित कंजूस के धन की तरह, हे प्रभु! उत्तम कुल, और शील (स्वभाव, चरित्र) से शुद्ध ऐसा मेरा मनुष्य जन्म दरिद्रतादि विपत्तियों से पीडित होकर शोचनीय (शोच करने योग्य) हो गया।।98, 99, 100।।

नागपाश को हाथ में लिये हुए दुष्ट यमराज को आता हुआ समझ कर पीछे, आगें, प्रत्येक दिशा में, देखता हुआ मैं भूमि में गिरता हूँ, दीनता से विलाप करता हूँ, (आपकी मूर्ति की) चरण चौकी पर लोटता हूँ, आप धूर्त की तरह कठिन हृदय कैसे हो गये?।।101।।

ओः महेश! यह यमराज मुझको ले जा रहा है। आप रक्षा क्यों नहीं करते? क्या यह क्रीडा से तिरस्कार करने का समय है? चाहै दया से आप के हृदय को पीड़ा न हो, किन्तु अपने शरणागत को छोडते हुए क्या आपको लज्जा भी नहीं आती।।102।।

हे प्रभु! क्या अज्ञ (पराये की पीडा को नहीं जानने वाले) हो? क्या निबल हो, क्या व्याकुल हो, तथा जगत् की रक्षा के कारण दूसरे काम में व्यग्र (फँसे हुए) हो? क्या निर्दय हो, क्या असमर्थ हो, क्या निद्रा के कारण आलसी हो रहे हो। क्या समुद्र मंथन से उत्पन्न मदिरा की मस्ती से घूम रहे हो जो यम के भय से पीडित और रोते हुए मेरी उपेक्षा (बेपरवाही) करते हो।।103।।

हे सबके स्वामी! क्या यह गरीब मेरे ऊपर द्वेष है, अथवा उपेक्षा है? अथवा यह कठोरता है। किं वा यह असमर्थता ही है? जो हुंकार मात्र से जिसका गर्व दूर किया जा सकता है ऐसे इस दुष्ट काल (मृत्यु) पर यह उपेक्षा (बेपरवाही) हो रही है।।104।।

दुष्ट विचार वाले (अथवा अनिमन्त्रित ही अपने आप आये) की तरह खराब और जोर जोर से बोलने वाले भूताविष्ट की तरह, निःशङ्क होकर जो कुछ मुँह में आवै वह बोलने वाले की तरह, पीडा के कारण मैं अनुचित भी बोल रहा हूँ तौ भी आप ऐसे निर्दय (कठोर) हो रहे हैं कि अपनी मौन मुद्रा (चुप्पी) को नहीं छोडते।।105।।

हे विश्व के साक्षी! सब तरह से डरे हुए, संसार की पीडा से विह्वल, इसही लिये आपके चरण के आगे पडे हुए, जिसकी सब अभिलाषायें (भवसागर

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

से उतरने की) टूट चुकीं, अन्य किसी दूसरे उपाय (शरण) को नहीं देखते हुए, तथा निरपराध मेरे ऊपर जिनका हृदय गरीबों के ऊपर स्नेह से व्याप्त है, ऐसे होकर भी, पराङ्मुख (मुँह मोडे हुए) क्यों हो?।।106।।

हे स्वामी! मैं स्वभाव से मलिन, कुटिल (टेढा) तथा चञ्चल हूँ। मेरा बैरी यम का पाश भी ऐसा मलिन, कुटिल, तथा चञ्चल है। आपका भ्रुकुटिपल्लव (भौंह) भी ऐसा ही श्याम, टेढ़ा, और चञ्चल है। भयंकर विष पर विष ही शान्ति के लिये पथ्य (हितकारी) होता है (अतएव यम की तर्जना के लिये आपकी भ्रुकुटी जरा इधर मुड़ जानी चाहिये) यह आशय है।।107।।

बारबार उन्हीं को दुहराये गये, अतएव बासी, मन को उद्वेग (नफ़रत) करने वाले, निष्फल, ऐसे इन प्रलापों (निरर्थक वचनों) से क्या काम है? यह जानता हुआ भी बार बार बडे जोर से क्रन्दन (चीत्कार) करता हूँ क्योंकि आपसे अन्य किसी को भी शरण के योग्य नहीं देखता हूँ।।108।।

आप यदि प्रसन्नता से हँसमुख हैं तो विनम्र वचनों से क्या। और यदि आप किसी पापी पर मुँह मोडकर अनादर दिखाते हैं तो विनम्रवचनों से क्या? यदि मनुष्य का भाग्योदय हो गया तो गुणों में यत्न (कोशिश) से क्या (अपने आप ही कार्यसिद्धि हो जायगी)। और यदि भाग्योदय नहीं हुआ तो गुणों में प्रयत्न से क्या? (गुणोपार्जन होने पर भी भाग्य नहीं हो तो कुछ फल नहीं)।।109।।

यह पूर्वोक्त जानता हुआ भी मैं प्रलापों (निरर्थक बडबडाने) से बाज़ नहीं आता। यह आपकी दृष्टि की तरह यह इस पीडा की करामात है। जो पीडा रात को ही दिन बना देती है (पीडित को यह भान नहीं होता कि यह रात्रि है)। अन्धकार को प्रकाश, अग्नि को हिम (बर्फ) और विष को अमृत बना देती है। आपकी कृपादृष्टि भी ऐसी है कि रात्रि को दिन, अन्धकार को प्रकाश, अग्नि को हिम, और जहर को अमृत कर देती है। किसी ने कहा भी है कि - **'अरिर्मित्रं विषं पथ्यमधर्मो धर्मतामियात्। अनुकूले जगन्नाथे विपरीते विपर्ययः।।१'** वैरी मित्र, विष पथ्य, और अधर्म धर्म बन जाता है। यदि ईश्वर अनुकूल हो तो। और जगत् का स्वामी प्रतिकूल हो तो विपरीत। अर्थात् मित्र भी बैरी, हितकारी भी जहर, और धर्म भी अधर्म बन जाता है।।110।।

दीनजन से सुनाई गई ही पीड़ा आपके हृदय में करुणा को उत्पन्न कर देती है। जैसे शमी (खेजडे) की शाखा अग्निको (तत्काल उत्पन्न कर देती है)। किन्तु यह आश्चर्य है कि जिस पीडा से आपके हृदय में करुणा उत्पन्न हुई वह अपने उत्पादन करने वाली उस पीडा को ही दग्ध कर देती है (जैसे शमी की

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar, New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

शाखा से उत्पन्न हुआ अग्नि उस शमी-शाखा को दग्ध कर देता है) क्या कहैं, ऐश्वर्य (ईश्वरता) बड़ा निरङ्कुश (बेपरवाह, बेमुलाहिजा, स्वतन्त्र) है।।111।।

हे प्रभु! यथार्थता से रहित, पामर (नीच) जनों के योग्य जो कुछ असमंजस (अनुचित-अयोग्य) कहा गया हो, वहाँ भी स्वामी की रुचि (सुनने की इच्छा) ही उचित है, क्योंकि समर्थ बडे आदमियों को बन्दर की उछल कूद भी चित्त में चमत्कार पैदा करती है।।112।।

चोरों से पकड़े, साँपों से डसे, भूत-प्रेतादि से आविष्ट (दबाये), बैरियों से घिरे, जल्दी से खैंचते हुए नाहर आदि से पीछा किये, रोष सहित राजा के सिपाहियों से पकड़ लिये गये, दुष्ट-ग्रहों (राहु-केतु आदि) से (अथवा भूत-प्रेत आदि से) दबाये, समुद्र के जल में डूबे, संग्राम में हारे, दावाग्नि में पड़े, और अधिक से क्या, यमदूतों से खैंचे गये को महेश्वर को छोड़कर और कौन रक्षा कर सकता है?।।113-114।।

व्यङ्ग्यपूर्ण आक्षेप से कहता है कि -मैं बड़ा 'विचक्षण' (बुद्धिमान्) हूँ कि अक्षयसुख को चाहता हुआ मैं दुःख का ही एक स्थान इस अस्थिर (नाशवान्) शरीर को माँगता हूँ (**'मनुष्या नित्यदुःखिनः'** मनुष्य नित्य दुःखी हैं, यह जानता हुआ भी मनुष्य शरीर चाहता हूँ, यह अज्ञता नहीं तो और क्या है)। और संसार समुद्र तरने के लिये-पुराने और उग्रस्वभाव के, तथा आधी डौंगी (छोटी नौका) को धारण करने वाले, पुरुष का आश्रय लेता हूँ (श्लेष से अर्थ होता है कि - सबसे पुराने आदिपुरुष, 'उग्र', अपने प्रणपर निश्चल, 'उडुप' (नक्षत्रपति-चन्द्रमा) के अर्द्धभाग अर्थात् खण्ड को धारण करने वाले श्रीशिव का आश्रय लेता हूँ)।।115।।

जिसके नेत्र भाग में सहसा पडे हुए सूर्य, चन्द्र और अग्नि भी पञ्चत्व (मृत्यु) को प्राप्त हो गये (वस्तुतः अर्थ है जिसकी नेत्रता को प्राप्त हुए सूर्य, चन्द्र और अग्नि भी श्री शङ्कर के 'सद्योजात, तत्पुरुष, अघोर, वामदेव, ईशान, यह पञ्चमुख होने के कारण पाँच पाँच हो गये)। मैं बुद्धिमान् हूँ कि मरणपीडा से डरा हुआ उनही देव सदाशिव को शरण (रक्षक) समझकर आश्रय लेता हूँ। जिनके नेत्रमार्ग में आते ही सूर्य चन्द्र सदृश भी पञ्चत्व को प्राप्त होते हैं, यह वाच्यार्थ है। किन्तु जिनके नेत्रस्थान पर आने के कारण सूर्य चन्द्रादि भी पाँच रूप हो गये। उन सर्वैश्वर्यसंपन्न भगवान् सदाशिव (सर्वदा कल्याण स्वरूप) का शरणत्वेन आश्रय लेता हूँ (यह व्यङ्ग्य तात्पर्य है)।।116।।

जिस स्थान पर स्थाणु (महाप्रलय में अविनश्वर स्थिति वाले श्री शङ्कर,

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

तथा ठूँठ) प्रभु हैं, उनकी स्त्री अपर्णा (पार्वती, तथा विना पत्ते वाली लता) हैं। और जहाँ उन दोनों के संतान 'विशाख' (विशाखानक्षत्र में उत्पन्न स्वामिकार्तिक, तथा बिना शाखा का वृक्ष) हैं। मैं बुद्धिमानों में श्रेष्ठ हूँ कि उसही स्थान में अभीष्टफल (चाहा हुआ मनोरथ परिणाम तथा आम्रादि) की प्राप्ति के लिये प्रवेश करना चाहता हूँ। जहाँ स्वामी और स्त्री, पुत्र, अपत्र, अशाख हैं, उनसे पत्र-पुष्प की भी नहीं, फल की इचछा रखना कितनी बुद्धिमानी है, यह वाच्य निन्दा किन्तु सप्तलोकों में अविनश्वर स्थितिशाली श्रीशिव, पर्णमात्र भी ग्रहण न करके घोर तपस्या करने वाली श्रीपार्वती, तथा श्री स्वामिकार्तिक का अपनी मनोरथ पूर्ति के लिये आश्रय लेता हूँ। यह स्तुतिपर्यवसायी व्यङ्ग्यार्थ है।।117।।

मार्जार, सूअर, सिआर के भयङ्कर हैं मुख जिनके ऐसे सैकड़ों बेतालभूत इनसे भरे हुए, राक्षस और पिशाच इनके शब्दों से भयङ्कर ऐसे शङ्कर के घर में अतिडरपोक स्वभाव वाला मैं प्रवेश करना चाहता हूँ, कितना बुद्धिमान हूँ? यहाँ भी वाच्यनिन्दा से श्रीशंकर के आश्रय करने वाले आत्मा की स्तुति व्यङ्ग्य है।।118।।

कान ही जिसके नेत्र हैं, जिसके चरण (पाँव) नहीं, तीन जिसके फण हैं ऐसे यमराज के नागपाश से डरा हुआ मैं, जिनने हजार फण वाला महासर्प धारण कर रखा है, तथा जिनके हजार मस्तक, हजार नेत्र, हजार चरण हैं ऐसे पुरुष को शरण (रक्षक) बनाता हूँ। कैसा बुद्धिमान् हूँ? तीन फणवाले सर्प से डरा हुआ हजार फणवाले सर्पको धारण करने वाले हजार हजार नेत्र-मस्तक-चरण वाले भयंकर पुरुष को रक्षक बनाता है, यह वाच्य निन्दा। उस (निन्दा) से ऐसे अव्यय परमात्मा का आश्रय लेता हूँ यह स्तुतिपर्यवसायी व्यङ्ग्यार्थ है।।119।।

समस्त जनता (जनसमूह) के अपहरण (संहार) में चतुर, प्रज्वलित अग्नि के समान भयंकर नेत्रवाले ऐसे जीवितेश (यम) से डरा हुआ मैं, समस्त जन के तापहरण में चतुर, अग्नि ही है उग्र (नेत्र जिसका, ऐसे सब जीवितों के स्वामी आपका आश्रय लेता हूँ, कितना बुद्धिमान हूँ? 'जनतापहृतिप्रगल्भ, अनलोग्रदृष्टि, जीवितेश' से डरा हुआ मैं वैसे ही 'जनतापहृतिचतुर' आदि विशेषणवाले पुरुष का आश्रय लेता हूँ, यह उपहासात्मक वाच्यनिन्दा। किन्तु श्लेष से जन-ताप-हृति आदि दूसरा अर्थ होने से स्तुतिरूप चरम अर्थ प्रतीत होता है।।120।।

दक्षप्रजापति के यज्ञ विध्वंसन के समय नष्ट कर दिया है यज्ञ रूपी मृग जिननें ऐसे आपको कालामात्र होने के कारण दूर कर दिया है लाञ्छन रूप हिरण जिसने ऐसे मृगाङ्क (चन्द्रमा) ने आश्रय बनाया, यह ठीक ही है। (मृग को दूर

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

करने वाला मृग को मारने वाले का आश्रय ले, यह समंजस ही है) किन्तु आप को काम (कामदेव) का बैरी समझकर भी सकाम (कामना, फल प्राप्ति की इच्छा, हृदय में रखने वाला) ही मैं आपका आश्रय लेता हूँ, इससे मैं बुद्धिमानों में सबसे अधिक हूँ। (यहाँ भी वाच्यनिन्दा)। किन्तु पर्यवसान में स्तुति है। जो सकाम है वह काम के बैरी का आश्रय कैसे लेगा, यह विरोध, किन्तु 'काम' का दूसरा अर्थ हो जाने से उसका परिहार हो जाता है।।121।।

पद्मा (लक्ष्मी) से आश्रय किया गया (अर्थात् बडा समर्थ)। वस्तुतः पद्म (कमल) रूप आसन पर बैठा हुआ। शत अर्थात् अनन्त है धृति, धैर्य जिसको, 'चतुर' (अत्यन्त निपुण) है आनन (मुख) जिसका, (वस्तुतः चार हैं मुख जिसके) ऐसे ब्रह्मा ने भी जिससे वह पराभव (तिरस्कार) प्राप्त किया जो कहा नहीं जा सकता। अब मैं कैसा बुद्धिमान हूं कि श्री (लक्ष्मी) से रहित, धृति (धैर्य) रहित, दुर्बल और मन्दमुख वाला भी मैं उसही ईश्वर (शंकर) से अनुग्रह को माँगता हूँ। लक्ष्मी का आश्रय, अनन्त धृतिवाला, चतुर्मुख युक्त ब्रह्मा भी जिससे तिरस्कार पा चुका है, उस ही से निःश्रीक, अधैर्य, और दुर्बल मुख वाला मैं अनुग्रह की याचना करता हूँ, कैसी बुद्धिमानी है? (वाच्यनिन्दा)। सर्वसमर्थ 'ईश्वर' से कृपा चाहना, यह पर्यवसान में स्तुति।।122।।

जन्म से आरम्भ करके जो काम किये, उनसे जो कुछ फल पाया, चिरकाल तक जिस (फल) को भोगा जा सकता था, उस संपूर्ण को क्षणमात्र में हरण करके फिर न आने के लिये जो अपने भक्त को स्वीकार करता है, उसही ईश्वर की मैं सेवा करता हूँ, कैसा मतिमानों में श्रेष्ठ हूँ? चिरकाल तक भोगे जाने लायक भक्त के जन्मभर के कामों के फल क्षणभर में जो हरण कर लेता है, फिर न आने की रूक्षता भी जिसके साथ है, उस स्वामी को मैं सेता हूँ, यह वाच्यनिन्दा। किन्तु संसार में यातायात कराने वाले कर्मबन्धन से तत्काल छुडा देता है, उस सर्वसमर्थ की मैं सेबा करता हूँ, यह पर्यवसान में स्तुति है।।123।।

श्मशानरूपी एक स्थान में ही रहने का है व्यसन (शौक) जिनको, अग्नि से जिनका नयन महाभयंकर है, जहर के अग्नि की लपटों से जटिल (जटायुक्त सा), कुटिल (टेढा), सर्प ही हैं कडे जिनके। कपालमाला ही है विकट मुकुट (शिरोभूषण) जिनका ऐसे स्वामी को आश्रय करता हुआ डरपोक हृदयवाला मैं बुद्धिमानों के लिये उपहास्य नहीं हूँ। (अवश्य हूँ)। सर्वेश्वर महाप्रलय में ब्रह्मादिक के कपाल भी जिनकी क्रीडा के उपकरण होते हैं, ऐसे आश्रय करने वाला मैं कैसा भाग्यवान् हूँ, यह स्तुतिरूप व्यङ्ग्यार्थ है।।124।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

करतल में लगा है एक साँप जिनके, क्रम से जिनने एक एक प्राणी का ग्रास (संहार) कर लिया है। संपूर्ण अंगों में जिनके साँप सुलभ हैं। एक बार ही जो संपूर्ण संसार के ग्रास करने में तत्पर हैं, काल से डरा हुआ मैं महाकाल के शरण जाता हूँ। आहा, कैसा तत्त्वज्ञानी हूँ? (यहाँ भी वाच्यनिन्दा से पर्यवसान में स्तुति)।।125।।

जिन स्वामी का स्फटिक का पर्वत (कैलाश) शृङ्ग (शिखर) वाला है। जिनका पिनाक (धनुष) शृङ्ग से बना है। और स्वामी का प्यारा यह (बैल भी शृङ्ग वाला है, (यों सब 'शृङ्गी' है, संस्कृत में 'शृङ्ग' का अर्थ 'गर्व' (अभिमान) भी है। अतएव अर्थ हुआ कि जिस स्वामी के पास रहने वाला संपूर्ण परिकर ही गर्वित है) वहाँ स्वभाव से ही सरल, थोडा बोलने वाला, अप्रौढ (होशियार नहीं) तथा डरा हुआ मैं सेवा के योग्य समय की प्रार्थना करता हूँ, कितना बुद्धिमान् हूँ (यहाँ भी वाच्यनिन्दा से पर्यवसान स्तुति)।।126।।

हे भव (शंकर)! विपत्तिरूपी गरमी की भयंकर ऊमस (ऊष्मा) से तपे हुए चित्त में कहीं भी शान्ति नहीं। धन के नाश होने पर और पूर्वजन्म के) दुश्चरित्र के यहाँ फलने पर (अर्थात् इस जन्म में यहाँ उस कुत्सित आचरण का फल भोगते हुए)। इस ही लिये अत्यन्त अन्धे हुए, अतएव दीर्घ दुःखरूपी अन्धे कुए में गिरे मुझको उद्धार करने के लिये दया के समुद्र आप को छोड़कर और कौन समर्थ है?।।127।।

जिनको स्वल्पधन के लेश की प्रार्थना रूपी अनर्थ की यह जीर्ण कन्था (गूदडी), आनन्द देने वाला दूसरा स्थान प्राप्त करने को मार्ग नहीं देती (अर्थात् रोकती है), हे उदार! आशा रूपी पाश से व्याकुल चित्तवाले (अतएव) आपके कृपापात्र, उन मनुष्यों को चाही हुई (अर्थात् कृपा से स्निग्ध) दृष्टि दीजिये।।128

हे प्रभु! जरा मुख ऊँचा करिये। मेरे प्रति अभयदान की घोषणा को ऊँचे स्वर से घोषित करिये। निर्मल कृपा दृष्टि दीजिये। इस निरुपाय जन का आश्वासन करिये। अधिक क्या कहूँ, यह रोषयुक्त दृष्टिवाला गर्दन उठायें काल आ गया। इसलिये घने अभिमान से अलस न होइये।।129।।

हे प्रभु! बार बार क्या कहूँ। नागपाश को हाथ में लिये क्रुद्ध यमदूत को सामने आता हुआ सा देखते हुए मेरा धैर्य विचलित होता है। चाल स्खलित होती है (बिगड़ती है), शरीर काँपता है। आसन डिगता है (शय्या जलती है) चैन दूर होता है। स्मरण लुप्त होता है।।130।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

जिस भयंकर पीडा के प्रभाव से दुर्गम स्थान भी सुगम हो जाता है। दूर पास होता है, तथा मरु (निर्जल) भूमि भी जिसके प्रभाव से क्रीडा योग्य उपवन (बाग) बन जाता है। जिस पीडा की करामात से बैरी भी मित्र बन जाता है इस तरह इस भूमि में जिस पीडा की इस तरह की अप्रतिहत (किसी से नहीं रुकी) शक्ति है उस पीडा ने मुझ को आपके प्रति क्रन्दन करने के लिये प्रेरणा की। अब आपकी कृपा भी मेरे आश्वासन के लिये आपको प्रेरणा करो (यह प्रार्थना है)।।131।।

हे स्वामी! आपके द्वार में लक्ष्मी और सरस्वती दोनों क्रोध छोडकर रहती हैं। (किन्तु) इस लक्ष्मी ने आपकी चरण चौकी के नीचे सदा स्थिति बनाये हुए मुझको, थोडा सा जो सरस्वती का परिचय है उसके द्वेष से छोड रखा है। इस लिये जैसे समुद्र हृदय में बडवानल को धारण करता है उस तरह मैं अपने हृदय में दुःख रूपी अग्नि धारण कर रहा हूँ।।132।।

हे नाथ! प्राथमिक अवस्था (बाल्यावस्था) पशु की तरह विवेकशून्य होकर बिताई। तरुण अवस्था प्रेम से कुपित हुई स्त्रियों को बार बार मनाने में नष्ट कर दी। अब इस समय बुढापे से जर्जर हुए मेरे कान के पास जब तक यह मृत्यु न दौड आवै तब तक आपके चरणों में पड़े इस दीन की रक्षा करिये।।133।।

अत्यन्तगर्वयुक्त इन्द्रिय समूह से जब तक मेरी आकृति (शरीर) सुन्दर रही तब तक मोह रूपी अन्धकार अन्धे हुए मैंने सामने स्थित भी खड्डा नहीं देखा। अब अकस्मात् गिर जाने के कारण दीनमति हुआ मैं किस की प्रार्थना करूँ, किसका आश्रय लूँ? क्या मैं उठ सकता हूँ? क्या करूँ? अब कृपा करिये, हितमार्ग में नहीं चलने वाले इस आत्मद्रोही की रक्षा करिये।।134।।

जन्म से अन्धा हो और ऊबट मार्ग में किसी का हाथ पकड़े बिना यदि खड्डे में गिरकर विपत्ति (मृत्यु) में पड़ गया हो तो इसमें इसका क्या अपराध? (किन्तु) मुझको बार बार धिक्कार है कि शास्त्ररूपी नेत्र होने पर, बुद्धिरूपी अच्छा दीपक होने पर, तथा दीन पर स्नेह करने वाले स्वामी के मार्ग दिखाने पर भी जो मेरे सरीखा मूर्ख खड्डे में पड़ता ही है।।135।।

अत्यन्त संकटपूर्ण मार्ग में जहाँ रक्षक कोई नहीं, प्रहार करने के लिये मारने वाले जहाँ सजग हो रहे हों वहाँ रक्षा के लिये और क्या किया जा सकता है। जहाँ दया के सागर (त्रिलोकी की रक्षा करने में प्रवीण आप प्रभु मौजुद हों, वहाँ हिंसक (काम-क्रोधादि) वैरी शरणागत पर प्रहार करैं तो यह पराजय किसकी निन्दा सूचित करता है।।136।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

उस सामर्थ्यवान् से भी क्या प्रयोजन जिसका मन करुणा रूपी अमृत से सिँचा नहीं। और उस कृपालु से भी क्या, जो पराये का हित करने में समर्थ नहीं। हे प्रभु! आपकी शक्ति और दया दौनों है। और यह यम के भय से डरा हुआ दीन मनुष्य निःशरण होकर आपके आगे आया है। इसके आगे स्वामी स्वयं जान लेंगे।।137।।

हे स्वामी! आपके हस्तकमल में सदा रहने वाली इस 'झारी' (रामझारा, राजस्थानी, कलश) में ('देवं सुधाकलश-सोम-करं', यह ध्यान है) स्वादु और शीतल यह अमृत संसारियों के दाह को दूर करने के लिये सुलभ आपके संमुख है। स्वर्गनदी (गङ्गा) के प्रवाह में (जो आप के जटाजूट में है) स्वादु, शीतल अमृत भवजन्य दाह को दूर करने के लिये सुलभ है। आपके संपूर्ण कृपारस में भी वह स्वादु, शीतल अमृत भवदाह दूर करने वाला सुलभ है। एवं पूर्ण विकास युक्त इस हिमकिरण (चन्द्रमा) में भी वह स्वादु शीतल अमृत सुलभ है। और यह अर्थी आपके सामने आया हुआ है। इसके आगे स्वामी स्वयं जान लेंगे।।138।।

यह (जन्म-जरा-मरणादि की) पीडा जब तक किसी दयालु हृदय सहृदय के आगे प्रकट नहीं की जाय तक तक बाण की तरह हृदय में खटकती है। किसी कठोरहृदय दुष्ट के आगे प्रकट की जाय तो केवल अपनी लघुता (तुच्छता) प्रकट होती है। इसलिये सर्व के अन्तर्यामी, कृपारूपी अमृत के समुद्र, स्वामी आपके आगे यह प्रकट की है। जो उचित था वह मैंने कर दिया। इसके आगे स्वामी स्वयं जान लेंगे।।139।।

देवसभा में देवगण (ब्रह्मा-विष्णु-आदि) प्रसन्न हों। देवसभा (अथवा-पण्डितसभा) में निर्दोष शास्त्रज्ञान का लाभ हो। मिथ्यादृष्टि (अज्ञान) न हो, निष्कपट तथा दीर्घकाल से 'भोग' (इस लोक तथा परलोक का उपभोग) भी हो। सब पण्डित लोग भी अनुवृत्ति (अनुमति संमति) करते हो। यह सब होने पर भी न्याय से मुक्ति (सब तरह दुःख से निवृत्ति) नहीं होती। जब तक विश्व के साक्षी ज्ञानसागर आप श्री ईश्वर विचार नहीं करते। यहाँ अदालत के 'न्याय' का रूपक है- लेख्यपत्र (लिखावट) साफ साफ हो। पण्डित सभा में 'शुचि' (न्यायानुकूल) 'आगम' (स्वत्व के कारण- राजा से प्रतिग्रह मिलना, क्रय-आदि) हो। 'दृष्टि' अर्थात् साक्षी भी मिथ्या न होकर सच्ची हो। दीर्घकाल से, अन्य किसी के द्वारा नहीं भोगा (रोका) ऐसा 'भोग' (भुक्ति, 'अमलदरामद') भी हो। अदालत के सब सदस्य (सभ्य) भी संमत हों तौ भी न्याय के अनुसार मुक्ति नहीं होती, जब तक ईश्वर विचार न हो।।140।।

Pandit Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

हे ईश्वर! रोगी चरणवाला (लूला लँगडा) घुटनों से रेंगकर कौन सुमेरु पर चढता है। उछल कर आकाश से चन्द्रमण्डल को कौन लेता है। मूर्खवचनों से प्रभु का प्रसाद (अनुग्रह) कौन प्राप्त कर सकता है। यह अपने मन में विचार करता हुआ भी मैं इस पीडा (जन्म-जरा-मरणादि, तथा सांसारिक दुःखों) से इस तरह 'वाचाल' (अधिक, कटु बोलने वाला) बना हूँ (पीडा के कारण आपसे कटु तथा अधिक प्रार्थना करने को बाध्य हुआ हूँ)।।141।।

पौंडे (साँठे, गन्ने) की बनाई उत्तम शर्करा भी बहुत काल तक चबाई जाय तौ गले में कटुता पैदा करती है। अन्दर बार बार डुबकी लेने से आकाश नदी (गङ्गा) भी उद्वेग (घबराहट, नीरसता) पैदा करती है। सुन्दर स्त्री भी आसक्तिपूर्वक बहुत काल तक सेवन (उपभोग) की गई हो तो नीरसता पैदा करती है। मीठी कथा (कहानी) भी यदि लंबी हो तो 'विश्रद्धा' (नीरसता) पैदा करती है, इसलिये मैं यहीं स्तुति का विश्राम करता हूँ।।142।।

इस तरह निरन्तर होने वाले अनन्त चिन्ताशत (सैकडों चिन्ताओं) से बड़ा लम्बा जो व्यामोह (मन की मूढता चक्कर) उससे पैदा होने वाले दुःख से खिन्न (उदास) मनवाले मैंने जो दीन (दयापूर्ण) आक्रन्दन (रोना, कल्पना) किया, हृदयनिधान! उसको अपने हृदय में स्थान दें, क्योंकि आप सबके अन्तरात्मा हैं। आप भीतर की सब जानते हैं। इसलिये शरणागत इस प्रार्थी के इस अतिक्रम (ज्यादती प्रौढता से इस तरह बोलने) को क्षमा करने के योग्य हैं।।143।।

पशुपतिसेवाकुञ्ज मञ्जुनाथकरकञ्जकृत।
कुसुमाञ्जलिसुमपुञ्ज एकादश शिवचरणधृत।।

दीनाक्रन्दन एकादश स्तोत्र

O

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

तमःशमनाख्य द्वादश स्तोत्र

(१२)

❀❀❀

मख अर्थात् (अग्निष्टोमादि यागों) के द्वारा जो सेवनीय होगा वह 'न-यज्ञसेव्यः' यज्ञों के द्वारा नहीं सेवनीय कैसे होगा? यह विरोध। किन्तु जो श्रीशम्भु यज्ञों (यागों) के द्वारा यजनीय (सेवनीय) हैं वह नयज्ञ (नीतिज्ञ, नीतिशास्त्र को जानने वाले) विद्वानों द्वारा सेवनीय हैं, यों पदच्छेद से विरोध परिहार। जो निरामय अर्थात् 'आमय' (रोग) रहित है, वह प्रसिद्ध है 'उग्र' (भयंकर) 'शूल' शूलनामक रोग जिसके ऐसा कैसे होगा? किन्तु प्रसिद्ध है (शत्रुसंहार के लिये) 'शूल' (त्रिशूल) जिनका, ऐसा वास्तव अर्थ है। जिसको वेद प्रिय हैं वह अश्रुतिवल्लभ' श्रुतियों (वेदों) का नहीं वल्लभ (प्रिय) कैसे होगा? किन्तु 'अश्रुतयः' 'श्रुति' कर्णरहित (सर्प) है, 'वल्लभ' (प्रिय) जिसको, ऐसा अर्थ करने से उसका परिहार होता है। अतएव (अचिन्त्य) नहीं बुद्धिगम्य है सामर्थ्य जिनका ऐसे श्रीशम्भु का मैं आश्रय लेता हूँ।।1।।

हे प्रभु! स्तुति करने योग्य तथा स्तुति करने वाला एवं स्वयं 'स्तुति' रूप सब कुछ आप ही हो। आपको छोडकर और कुछ नहीं (अर्थात् कर्ता करण कार्यरूप, स्थूल, सूक्ष्म, ब्रह्मादि सब कुछ प्रपञ्च आप ही हो। इस 'अद्वैत' को छोडकर और कुछ नहीं है। मैं (स्तुतिकर्ता) स्तुति स्तोत्रों के द्वारा, आपकी स्तुति करता हूँ, यह कर्ता-करण-और कर्म की 'पृथक्' (अलग) बुद्धि होना अविद्या अर्थात् मिथ्याज्ञान है।।2।।

ऐसा होने पर भी मैं आपकी बार बार स्तुति करता हूँ क्योंकि अविद्या का नाश अविद्या से होता है। जैसे **'विषस्य विषमौषधम्'** जहर की काट के लिये जहर देना। 'मुकुर' अर्थात् काच के ऊपर चढी हुई मट्टी को साफ करने के लिये मट्टी के सिवाय दूसरा उपाय नहीं, मट्टी लगे हाथ से ही काच की मट्टी दूर की जाती है।।3।।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

अविद्यानामक अत्यन्त उग्र अज्ञान अन्धकार के फैलने पर भी मैं 'भव' अर्थात् इस संसार में आसक्त बुद्धि हो रहा हूँ। ऐसे ही हे प्रभु! उस तम अर्थात् अज्ञान के नष्ट हो जाने पर उत्पन्न हुआ है अवबोध (तत्त्वज्ञान) जिसको ऐसा मैं 'भवासक्तमति' भव अर्थात् श्रीशंकर (आप) में आसक्तचित्त होऊं (यही मेरी प्रार्थना है।।4।।

हे भगवन्! देवता और दैत्यों सहित संपूर्ण जगत् आपके वशीभूत है, और आप कृपा के वशीभूत हैं (जिधर कृपा हो जाती है उधर ही आपको झुकना पड़ता है)। और वह कृपा भक्तों की दीनता के वशीभूत है। और वह दीनता मुझको बिना प्रयत्न, स्वभाव से ही मिली हुई है।।5।।

मैं जानता हूं कि आप मेरी पीडा दूर करने में कभी शिथिलता नहीं करते, तौ भी मेरे पुराने किये काम, जिनके शुभ वा अशुभ होने में संदेह है, वे ही आपके अनुग्रह होने में अर्गला (रोकने वाले) न हो जाँय, इसलिये आपसे विज्ञापना (अर्ज़) की जाती है।।6।।

हे चन्द्रमौलि! सांसारिक पीडा दूर करने में हित, सच्चा, जगत् के उद्धार का भार उठाने में समर्थ, भक्तों पर स्नेहयुक्त, मनोहर अक्षरवाला, अतएव चित्त को हरण करने वाला, विलास सहित तथा प्रसादगुणयुक्त वचन प्रकाशित करके इस शरणागत को आश्वासन करिये।।7।।

हे प्रभु! आरम्भ में मधुर किन्तु परिणाम में रूखे इन सांसारिक विषयों का जो हम सेवन करते हैं वह शहद से लिपटे जहर को खाते हैं। अन्न (चून) की गोली में छुपे मच्छी के पकडने को बेधने के काँटे को निगलते हैं। भीतर जिसके भयंकर कंटक समूह लगा है ऐसे गन्ने (साँठे, पौंडे) के टुकड़े को खा रहे हैं। हे स्वामी! यह पूर्वोक्त सब जानते हुए भी इस विषय में हम क्या करैं। यह बिचारी जड बुद्धि विषयों में आसक्ति को नहीं छोडती।।8, 9।।

भगवान् शंकर की भक्ति करने वाले साधुजन और पण्डित मोती के हारों की तरह ईश (भगवान् शंकर) के हृदय में कैसे नहीं स्थान पाते हैं- अर्थात् अवश्य स्थान पाते हैं। सज्जन कैसे है- 'मुक्त' अर्थात् छूट गये है सब 'आमय' (सांसारिक रोग) जिनके, बड़े हैं विद्वत्ता-कविता-चातुर्यादि गुण जिनके। अच्छे आचरणवाले, सदा निर्मलता (निर्दोषता) को धारण करते हुए तथा पहले किये हुए सुकृत (पुण्य) फल की संपत्ति को भोगते हुए।

हार भी कैसे है कि 'मुक्तामय' मोतियों से भरे हुए, लम्बे हैं 'गुण' डोरे

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

जिनमें, 'सुवृत्त' गोल, 'फलों' (मुक्ताफलों) की 'ऋद्धि' (वैभव) को धारण करने वाले तथा 'भक्ति' गूँथने की रचना चातुरी से युक्त।।10।।

हे भगवन्! आपके अनुग्रह से मैं आपकी तरह कब होऊंगा। आप कैसे हैं- ''गुहाश्रितः' 'गुह' स्वामिकार्तिक के द्वारा आश्रित सेवित। मैं कैसा हूँ 'गुहा' (तपस्या के लिये गुफा में आश्रित) आप कैसे हैं- धर्म (वृषभ नन्दी) में है प्रीति जिनको। मैं कैसा कि धर्माचरण में प्रीति जिसको। आप कैसे है कि -गिरीश (गिरि में शयन, निवास करने वाले) इस तरह की प्रसिद्धि को धारण करने वाले। मैं कैसा- गिरीश अर्थात् शंकर 'प्रथा' पद्धति-मार्ग को अनुसरण करता हुआ। अथवा 'गिरीश' गिरा वाणियों का जो स्वामी (वाणीपति) उनकी पद्धति को अनुगमन करने वाला। आप कैसे- 'सती' पार्वती में स्थापन की है प्रीति जिनने। मैं 'सत्य' सत्य बोलने आदि में लगाई है प्रीति जिसने। आप है 'अहीनभक्ति' 'अहीन' सर्पो में 'इन' श्रेष्ठ जो 'वासुकि' आदि, उनसे है 'भक्ति' रचना-शोभा जिनकी। मैं कैसा- नहीं 'हीन' हुई है भक्ति आपके विषय का अनुराग जिसका, ऐसा।।11।।

जिस एक हरि (विष्णु) का आराधन करके भक्तजन महान् 'अरि' (वैरियों) के समागम से निःसंदेह बचते हैं। हे उग्र (शंकर)! आपके प्रसाद से उस हरि (विष्णु) को 'महारिसंगम' (महान् अरि बैरी का सामना) कैसे हुआ? (महान् बैरियों का संघर्ष रुकना चाहिये, वह उल्टा कैसे हो गया? यह (विरोध)। श्लेष से अर्थ होता है कि 'महान्' बड़े बड़े हैं 'अरा' (चक्र के आरे) जिसमें ऐसा 'महारि' महान् अरे वाला 'चक्र-सुदर्शन', उसका संगम आपके अनुग्रह से हुआ। ''शंकर ने प्रसन्न हो कर विष्णु को सुदर्शन चक्र दिया, यह आगम प्रसिद्ध है।।12।।

हे प्रभु! आप में यह मेरा 'ग्रह' आग्रह, आपमें यह आसक्ति फिर दुर्लभ है (अभी जो भक्ति उमडी है वह फिर जाने रहेगी कि नहीं)। और इस समय यह 'सरस्वती' स्तुति के योग्य वाणी मेरे मुख में आई हुई है। अतएव इस 'क्षेत्र' अर्थात् मुझको अत्यन्त पवित्र कर दें। उचित इस प्रार्थी के मौजूद होने पर भी क्यों विलम्ब करते हैं? दूसरा अर्थ होता है कि 'ग्रह' अर्थात् 'उपराग' (ग्रहण का समय) सुदुर्लभ होता है। बार बार नहीं आता। और संमुख में यह सरस्वती नदी भी संनिहित है। ग्रहण के समय तीर्थ स्थान के योग्य यह सरस्वती नदी भी संमुख में है। और यह 'कुरुक्षेत्र' ग्रहण के समय अत्यन्त पवित्र गिना जाता है। उचित इस अर्थ के समय क्यों विलम्ब करते हो। मेरे सदृश दीन का उद्धार ग्रहण के

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

समान पुण्यजनक है', यह आशय है। 'कुरु क्षेत्रम्' दो पद हैं। तथा दूसरे अर्थ में 'कुरुक्षेत्रम्' एक पद भी हो जाता है।।13।।

सौन्दर्ययुक्त तथा उत्तमभाग्यवाली यह सरस्वती (वाणी) किसको चमत्कार (आश्चर्यजनक प्रभाव) नहीं देती? जो, जीते हैं क्लेश (अविद्या आदि पाँच) जिनने तथा स्थिर है चर्म वस्त्र जिनका अर्थात् सदा चर्म धारण करने वाले तथा अस्थि (कंकाल) ओं से शोभित होने वाले, ऐसे जगत्प्रभु शंकर को भी संमुख उपस्थित कर देती है (सर्वसमर्थ शंकर को भी संमुख उपस्थित कर देने वाली सरस्वती सब को आश्चर्य चमत्कार देती है)। यहाँ शब्दों से जो 'सौभाग्यवती' है वह 'असौभाग्यवती' कैसे? तथा जो 'स्थिराजिन' हैं वह 'अस्थिराजिन' कैसे यह 'विरोध'। किन्तु श्लेष से 'असौ' भाग्यवती तथा 'अस्थि' 'राजिन्' (शोभित होने वाला) यह दूसरा अर्थ होने से विरोध परिहार। विरोधाऽलङ्कार।।14।।

जो प्रभु प्रसन्न होकर तथा कुपित होकर भी प्राणियों को एकसा बना देते हैं प्रसन्न होकर देहियों को कैसा कर देते हैं कि- नहीं छोड़ी है अत्युत्तम दान की संपत्ति जिनने (अर्थात् उत्तमोत्तम संपत्ति को भी दान में दे डालते हैं, बाकी नहीं रखते), 'सदा अखिलज्ञाः' सदा सब कुछ जानने वाले। जो कभी हीनचित्त नहीं होते अर्थात् सदा उन्नत मनवाले। तथा जो कभी काल (मृत्यु) की भीति (भय) से बाधित (उदास-खिन्न) नहीं होते। कुपित होकर कैसा कर देते हैं- अनुज्झित' नहीं छोडा है 'अनुत्त' किसी से भी अप्रेरित 'मद' (नशा आदि का व्यसन) जिनने। अर्थात् सदा सब तरह के व्यसनों से युक्त। 'असंपदः' संपत्तिरहित (दरिद्र)। सदा सब तरह के ज्ञान से रहित चित्तवाले। अकाल (असमय, बेमौके ही) डरने वाले। जिस प्रभु के नेत्र में- विधु (चन्द्र), जिसने कि चिरकाल तक 'वन' जल के बीच स्थान किया (अर्थात् समुद्र में रहा)। तथा जिसकी कुरङ्ग (सुस्से) के साथ 'सौहार्द' मैत्री बँधी है (प्रसिद्धि है कि चन्द्रमा में 'शश' बैठा है, इस ही लिये वह 'शशाङ्क' कहलाता है)। तथा जो रवि (सूर्य) परों (दूसरों) के 'स्वाप' (शयन अर्थात् निद्रा को हरण करता है) सबको प्रातः जगा देता है। ऐसे चन्द्र और सूर्य दोनों की ही जिस प्रभु की दृष्टि में समता है। अर्थात् सूर्य और चन्द्र जिनके नेत्र हैं। यहाँ दूसरा अर्थ होता है कि- जो 'विधु' (विष्णु-विष्णु के अवतार, राम) कुरङ्ग अर्थात् हरिणों के साथ मैत्री रख कर चिरकाल अर्थात् चौदह वर्ष तक वनमध्य में स्थान कर चुके हैं। तथा 'यः' जो 'परस्वापहरः', 'पर'अर्थात् दूसरे के 'स्व' धन का अपहरण करता है- इन दोनों की जिसकी दृष्टि में समानता है (अर्थात् जो श्रीरामचन्द्र सदृश उन्नत, और पराये धन को हरण करने वाले एक प्रावाहिक पुरुष, दोनों को समान देखते हैं, निःसङ्ग,

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

समदर्शी हैं) हे प्रभु! जो आप सदा दया के 'विधेय' अर्थात् वशीभूत हैं। (दयालु) हैं, तथा पूर्वोक्त प्रकार से जो समान दृष्टि रखने वाले हैं, ऐसे आपका हमारे अति अनादर (तिरस्कार) कैसे हो सकता है? यद्यपि हम लोगों ने अपनी आत्मा को सज्जनों से असेवनीय (नहीं जाने योग्य) असत् मार्ग में लगा रखी है तौ भी समदृष्टि रखने वाले दयानिधान आपकी हम सरीखे दया के पात्रों पर दया ही हो सकती है, अनादर नहीं।।15, 16, 17।।

हे प्रभु! आपका एकाग्र मन से ध्यान करने के कारण, प्रसन्न आप को संमुख देखकर-आपके ललाटनेत्रस्थित अग्नि से उत्पन्न हुए धूम से ही मानों नेत्रों में आँसू युक्त, दक्षिण नेत्र में स्थित सूर्य के कान्तिसमूह से ही मानों प्रस्वेद युक्त, आपके किरीट में स्थित जो चन्द्रखण्ड उसके किरण समूह से ही मानों घने उठ आये हैं रोमाञ्च जिसके ऐसा हिम (बर्फ) समूहः के समान शीतल, आपके मस्तक की गङ्गा के जल से ही मानों 'दन्तवीणा' युक्त (शीत से कड़कड़ाते दाँतवाला), आपके बाजूबन्द में फड़कते हुए जो सर्प उनके फूत्कार पवन से ही मानों कम्पित शरीरवाला, आनन्दरूपी अमृत से आप्लावित (स्नान किया हुआ) मैं होऊं (यह प्रार्थना है, इसही लिये प्रार्थना में 'लिङ्') आपके दर्शन से अश्रु, स्वेद, रोमाञ्च, जडता, कम्प, ये सात्त्विकभाव हो जाँये, आनन्द से यह मेरी परिस्थिति हो जाय, यह प्रार्थना है।।18, 19, 20।।

इस चन्दन वृक्ष ने ''मैं प्रभु का प्रिय हो जाऊँ'' इस उत्कण्ठा से कुल्हाड़ी से काटने की पीडा सही। इस ही लिये श्रीपार्वतीपति (शंकर) की समानता इसको मिली है कि सर्पों से इसका भी कण्ठ (तने से ऊपर का भाग) आलिङ्गित है।।21।।

सहन की है नखों के अग्रभाग से तोडने की पीडा जिनने ऐसे इन 'सुमनस्' (पुष्पों) ने जो स्वामी की प्रीति उत्पन्न की (अर्थात् पूजा से उनको प्रसन्न किया) यही इनका 'सुमनस्त्व' (सुन्दर मनवाला होना, अर्थात् उत्तमता) है। 'अगुरु' (धूप) ने अग्नि में गिरकर भी स्वामी की सेवा का अभिलाष नहीं छोडा यह उसका गौरव, बडप्पन है। यद्यपि इसका 'अगुरु' (नहीं गुरु) यह नाम है, किन्तु काम से इसने गुरुता प्राप्त कर ली है।।22।।

हे स्वामी! पहले अत्यन्त सीधापन दिखाकर धीरे धीरे अन्दर प्रवेश पाकर बाण का तरह ये दुष्ट लोग वनों के अन्दर विद्वानों (अच्छे आदमियों) का जो मर्म में वेधन (पीड़ा) नहीं करते यह आपके चरण कमल के रज का अनुग्रह है। तीर पहले सीधे रहते हैं, फिर भीतर जब पहुँच जाते हैं तब तिरछे रहने के

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

कारण मर्म को बेधते हैं। इस ही तरह दुष्टलोग वन में रहनेवाले तापसों को जो पीडा नहीं कर सकते, यह आपका ही प्रभाव है।।23।।

हे स्वामी! नीचजनों के द्वारा भी गीतों में गाया हुआ आपका नाम भक्तों के हृदय में जो आनन्द देता है, वह आनन्द अङ्गों में नहीं माता हुआ रोमाञ्च के व्याज से बाहर निकलता है।।24।।

स्वेद, कम्प, रोमाञ्च और वाणी में गद्गदपना इत्यादि अवस्था अन्त समय में आपके दर्शन से अमन्द आनन्द धारण करने वाले पुण्यवानों की हुआ करती है किन्तु पापियों की यही स्वेद, कम्पादि अवस्था यमराज के भय से होती है।।25।।

हे भव! आपके चरणारविन्द की सेवा के अभिलाषी धन्यभाग्य भक्त, जीवन के अन्तिम क्षण में आपके गण बनकर अपने कण्ठ में फणीन्द्र का फण धारण करते हैं। और पापी लोग अपने कण्ठ में फणीन्द्र का फण तो धारण करते हैं किन्तु यमराज के करमध्य के कोने से खेंचा गया। अर्थात् उनके कण्ठ में नागपाश यमराज का पड़ता है।।26।।

हे देव! दयालु जो आप भीतों को अभयदान करने में काल का नाश (समय का अतिक्रम-बिताना) एक क्षण भी सहन नहीं कर सकते उन्हीं आप को श्वेत राजा को अभय देते समय काल (मृत्यु) के नाश का सहन कैसे हुआ? (काल का अर्थ समय और मृत्यु दोनों हैं। पहले अर्द्ध वाक्य में समय, और दूसरे में मृत्यु अर्थ होता है। जो कालनाश करने में अक्षम है उन्हीं को कालनाश करना पड़ा, यही श्लेष से अर्थ हुआ। विरोध अथवा असंगति।।27।।

हे देव! कृपारूपी अमृत से कोमल आपका दृष्टिपात कहीं भी काम (अर्थात् अभिलाष, मनोरथ) का भङ्ग नहीं कर सकता। हे महेश! प्रचण्ड रोष से भयंकर हुए उसही इस आपके दृष्टिपात ने पहले काम (कामदेव) के भङ्ग (नाश) को कैसे स्वीकार किया? (यहाँ भी – 'जो कामभङ्ग का आङ्गीकार नहीं करता वही कामभङ्ग करता है' यह आश्चर्य है। काम का अर्थ अभिलाष और कामदेव दोनों हैं। यहाँ भी वही अलंकार।।28।।

सुमेरु, मन्दर प्रभृति पर्वत अत्यन्त ऊंचे अपने मस्तकों (शिखरों) से इतना बड़ा गर्व (अभिमान) क्यों धारण करते हैं। चन्द्रमा जिनका आभरण है ऐसे शम्भु के प्रणाम के लिये नीचा हुआ यह मेरा मस्तक ही धन्य है।।29।।

हे भव! यह मस्तक और अंगों की अपेक्षा अतिशय सूचन करने वाला

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

'उत्तमाङ्ग' (उत्तम अंग, मस्तक) यह नाम धाारण करता है, यह इस लिये नमस्कार करने योग्य है अर्थात् प्रशंसनीय है। क्योंकि यह आपके चरणारविन्द के तल में प्रणाम में तत्पर है (प्रणाम के कारण उत्तमाङ्गता है अन्यथा और अंगों की अपेक्षा कोई विशेषता नहीं)।।30।।

हे स्वामी! आप 'श्रीघन' (परमैश्वर्य-मोक्षरूपी लक्ष्मी से घने-भरे पूरे) हैं, तौ भी 'असुगत' प्राणियों के प्राणतक पहुँचे हुए हैं, प्राणस्वरूप हैं। जो 'श्रीघन' (बुद्धरूप) हैं वह 'सुगत' नामधारी हाते हैं, किन्तु आप श्रीघन होकर भी 'असुगत' हैं, यह विरोध। किन्तु श्लेष से दूसरा अर्थ होने से परिहार। आप उमा (श्रीपार्वती) के 'धव' (पति) हैं, तौ भी 'जनार्दन' नहीं (जनों को अर्दन पीडन नहीं करते)। जो माधव है वह 'जनार्दन' (जना, माया का अर्दन, विष्णु) होता है। आप माधव होते हुए भी जनार्दन नहीं, यह विरोध। किन्तु 'किम्- उमाधवः' यों पदच्छेद से उमाधव अर्थ निकाल कर उसका परिहार। हे स्वामी! आप 'गजारि' (गजासुर के बैरी) हैं तौ भी 'नगजाप्रिय' (नग-नर्वत-पुत्री पार्वती के प्रिय हैं। जो गज का 'अरि' बैरी है, वह 'नगजाऽप्रिय' अर्थात् गज का अप्रिय ही होता है, प्रिय नहीं। किन्तु श्लेष से 'नगजा' पार्वती यह अर्थ होने से उसका परिहार। अथवा- यह सब कुछ नहीं, सर्वसमर्थ आपकी यह सर्वतन्त्र स्वतन्त्रता है।।31।।

हे स्वामी! प्रभात समय के समान अरुण (लाल) कानित से मन्द कर दिया है 'शीतदीधिति' (चन्द्र) जिसने, तथा प्रकाशित है 'अलिक' ललाट जिसमें, ऐसा आपका भाल का लोचन देखकर मेरा भयंकर यह तम (अज्ञान) कब नाश को प्राप्त होगा? प्रभात काल भी कैसा है कि- 'अरुण' (अर्थात् सूर्य) की द्युति से ग्लपित (मन्द) पड गया है चन्द्रमा जिसमें। और प्रकटीकृत हैं 'अलि' जिसमें ऐसे हैं कमल जिसमें। अर्थात् प्रभात होते ही रात्रि के कमल में बन्द हुए भौंरे प्रकट हो जाते हैं। प्रभात में 'तम' (अन्धकार) नाश हो जाता है। और मेरा तम (अज्ञान) कब नाश होगा। यहाँ भी श्लेषमूलक उपमा।।32।।

पशुपतिसेवाकुञ्ज मञ्जुनाथकरकञ्जकृत।
कुसुमाञ्जलिसुमपुञ्ज यह द्वादश शिवचरणधृत।।

जगद्धरकृत स्तुतिकुसुमाञ्जलि स्तोत्र की देवर्षि भट्टश्रीमथुरानाथशास्त्री 'मञ्जुनाथ' कृत हिन्दी टीका समाप्त।

O

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

कुसुमाञ्जलि की यह हिन्दी टीका

उमापति आशुतोष भगवान् शिव की स्तुति में लिखे गए शतशः काव्य, शतकों, [illegible] आदि [illegible] ग्रन्थों में लिखे गए शतशः स्तोत्र सहस्राब्दियों से इस देश में विख्यात हैं। रावणकृत शिवताण्डव स्तोत्र और पुष्पदन्त कृत महिम्नःस्तोत्र तो जन-जन के कण्ठहार बन गए हैं किन्तु विद्वज्जनों में जगद्धरकृत स्तुतिकुसुमाञ्जलि की प्रतिष्ठा अनेक कारणों से पिछली सदियों में बनी रही। प्रमुख कारण तो संभवतः यह रहा कि इसमें उनका वरद, आशुतोष, सौम्य और कृपालु स्वरूप प्रमुखतः प्रतिफलित रहा, दूसरे उसकी शैली सरस, प्रसादगुणयुक्त और भावप्रवण है जो तत्काल हृदय को आकर्षित कर देती है। यही कारण रहा कि उत्तर भारत में लिखे गये यह स्तोत्र दक्षिण भारत के अनेक विद्वानों को प्रायः कण्ठस्थ था, शैव मनीषी इसका पाठ कर आह्लादित होते थे।

आधुनिक संस्कृत के युगपुरुष, प्रमुख पत्रकार, विद्वत्प्रवर कविशिरोमणि भट्ट मथुरानाथ शास्त्रीजी ने अपने ग्रन्थ जयपुरवैभवम् में लिखा है कि उनके गुरु वैयाकरणमूर्धन्य, [illegible] शास्त्री, महाराजा संस्कृत कालेज जयपुर के प्रधानाचार्य [illegible] पं. लक्ष्मीनाथ शास्त्री दक्षिण भारत के शीर्षस्थ विद्वान् थे किन्तु [illegible] स्तुतिकुसुमाञ्जलि के पद्यों को सस्वर गाते हुए भावविभोर हो जाते थे।

[illegible]

अस्तु। [illegible] काव्यप्रतिभा के निखार के लिए अनेक महत्त्व उसके पद्यों को कण्ठगत हो गये थे। यह मेरे पिता भट्ट मथुरानाथ शास्त्रीजी कवि स्तुतिकुसुमाञ्जलि पर अनुशीलन करते थे, कुसुमाञ्जलि के प्रारंभ से ही प्रभावित थे। बतलाते रहते थे। अस्तु, आधी सदी से भी अधिक पहले की बात है। भारत को स्वतन्त्रता प्राप्त हो गई थी किन्तु रियासतों का विलय नहीं हुआ था। [illegible] हिन्दुस्तान में मिलें या पाकिस्तान में यह विचार हो रहा था। उस समय जोधपुर [illegible] ऐसी अफवाह फैल गई थी। हैदराबाद आदि रियासतों में — यह दुविधा राजवंशों में हो रही है ऐसी [illegible] इतिहास को विदित ही है। उस समय जोधपुर राजवंश रियासतों के प्रमुखों की ऐसी दुविधा इतिहास को विदित ही है। योगिराज [illegible] गुरु, स्वामी माधवानन्द जी का प्रभाव अनेक रियासतों पर था (जिनमें [illegible] यह बात प्रसिद्ध थी [illegible] अनेक राजाओं [illegible] हैं)। वे विद्वान् थे, तपस्वी थे, त्रिवेदी थे [illegible] नीति छोड़कर भारत गणराज्य में सम्मिलित होने या अपना राज्य अलग रखने की [illegible] राजस्थान की रियासतों [illegible] यह बात उन दिनों सुनाई दी थी। ये ही स्वामी माधवानन्दजी [illegible] के एकीकरण और संयुक्त राजस्थान राज्य के गठन की योजना पूरी होने के बाद

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(२)

[illegible] राजस्थान के राज्यों का भ्रमण करते हुए जयपुर आए। यहाँ ईश्वर के [illegible] नरेश के संयोजन में अनेक संस्कृत विद्वानों से मिले। संस्कृतरत्नाकर के सम्पादक कविशिरोमणि भट्ट मथुरानाथ शास्त्री से भी मिले। उनके प्रभाव से पद ही चुके थे। उसी समय उन्होंने भट्टजी से कहा कि जगद्धरकृत स्तुतिकुसुमाञ्जलि आत्मा और ईश एवं अनेक भक्ति स्तोत्र हैं किन्तु इसकी हिन्दी टीका मुझे अब तक नहीं मिली है। अतः आप यथाशीघ्र इसकी हिन्दी टीका लिखें जिसे मैं मूल सहित प्रकाशित करा सकूँ या करा दें।

स्वामी माधवानन्द जी के इस आग्रह पर भट्टजी ने १९५३ में (सरल) हिन्दीटीका लिखना आरम्भ किया। प्रन्थ विशाल था अतः कुछ समय लगना स्वाभाविक था। टीका पूरी हुई। [illegible] स्वामी भलीभाँति अनुमोदन करें इससे पूर्व ही स्वामी माधवानन्द जी का आकस्मिक ही देहावसान हो गया। तब से टीका की पाण्डुलिपि भट्टजी के संग्रह में ही रखी रही, प्रकाशित नहीं हुई। इसका कारण क्या रहा यह पूर्णतः मुझे ज्ञात नहीं है। या तो उन्हें कहीं से यह पता लगा हो कि इसकी हिन्दी व्याख्या आदि पहले छप चुकी हैं या वे अन्य कार्य लेखन, सम्पादन आदि में व्यस्त हो गए हों। इस कारण यह पाण्डुलिपि ज्यों की त्यों रखी रही।

हाल ही में भट्टजी की सम्पूर्ण ग्रन्थावली का जो प्रकाशन राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान ने किया उसमें मेरे सहयोगी सह सम्पादक डॉ. रमाकान्त पाण्डेय (वर्तमान में संस्थान के दूरस्थशिक्षा केन्द्र के निदेशक) ने सूचित किया कि राष्ट्रपति सम्मानित पद्मश्री डॉ. रमाकान्त शुक्ल स्तुतिकुसुमाञ्जलि का सम्पादन और प्रका-शन कर रहे हैं, अतः साथ भट्टजी की यह हिन्दीटीका प्रकाशित हो यह शुक्लजी की इच्छा है। शुक्लजी स्वयं भट्टजी के प्रशंसक रहे हैं, उनके पिता विद्वद्वर ब्रह्मानन्द शुक्ल (खुर्जा निवासी) भट्टजी के प्रिय सुहृद् रहे हैं। शुक्लजी ने सोत्साह भट्टजी की इस हिन्दी टीका का प्रकाशन मूल के साथ करने का निश्चय कर मुझसे आग्रह किया कि तत्काल यह टीका उन्हें भेजी जाए। उन्होंने तत्काल स्वयं अपने प्रति-निधि डॉ. [illegible] श्रीमाली से [illegible] टीका की पाण्डुलिपि मँगवाई। यह आपके हाथों में है। इसमें सरल शैली में मूल पद्यों का आशय बतलाया गया है, उनमें जहाँ श्लेष आदि हैं उन शब्दों के सभी अर्थों को समझाया गया है। अन्त में अलंकार-निर्देश भी है। यह संक्षिप्त टीका पाठक को मूल पद्य का आशय समझने में पर्याप्त सहायता कर देती है। इसके प्रकाशन के लिए डॉ. रमाकान्त शुक्लजी को हार्दिक धन्य-वाद समर्पित है।

देवर्षि कलानाथ शास्त्री
(महामहोपाध्याय, राष्ट्रपति सम्मानित)

अध्यक्ष, आधुनिक संस्कृत पीठ, जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, प्रधान सम्पादक 'भारती' संस्कृत मासिक, पूर्व अध्यक्ष, राजस्थान संस्कृत अकादमी तथा निदेशक संस्कृत शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार ८/८ [illegible] रोड सी-स्कीम, जयपुर ३०[illegible]

[illegible]

पद्मश्री राष्ट्रपतिसम्मानित डॉ. रमाकान्त शुक्ल
सम्पादक 'अर्वाचीनसंस्कृतम्'
रमाकान्त, ८/८ नागरिक[illegible]
[illegible] उत्तमनगर
नई दिल्ली New Delhi

देवर्षि कलानाथ शास्त्री

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

ग्रन्थसम्पादकः रमाकान्तशुक्लः



जन्मतिथिः २४-१२-१९४० ई०

जन्मस्थानम् खुर्जा (उ०प्र०)

पिता (स्व०)श्री ब्रह्मानन्द शुक्लः

माता श्रीमती प्रियम्बदा शुक्ला

शिक्षास्थले खुर्जास्थश्रीराधाकृष्णसंस्कृतकालेजः, एन.आर.ई.सी.कालेजश्च।

शिक्षा एम.ए. (हिन्दी-संस्कृतयोः) पीएच०डी० (आगरा), साहित्याचार्यः।

राष्ट्रपतिसम्मानप्रमाणपत्रेण पद्मश्री- सम्मानेन चालङ्कृतः संस्कृतविद्वान्।

उ.प्र. संस्कृत संस्थानस्य 'नारद' पुरस्कारेण सम्मानितः।

प्रकाशिता ग्रन्थाः जैनाचार्य रविषेणकृत पद्मपुराण और तुलसीकृत रामचरितमानस (उ०प्र० शासनपुरस्कृतः), उत्तररामचरितप्रियम्वदाव्याख्या (सहलेखनम्)।

प्रकाशितानि काव्यानि भाति मे भारतम्, जय भारतभूमे (उ०प्र० संस्कृत-अकादमी-पुरस्कृते काव्ये), भाति मौरीशसम् (काव्यम्), भारतजनताहम् (उ०प्र० संस्कृतसंस्थानस्य कालिदास-सम्मानेन पुरस्कृतं कवितासंकलनम्), सर्वशुक्ला (कवितासंकलनम् आशा-द्विशती, मम जननी, राजधानीरचनाः)।

नाट्यकृतयः पण्डितराजीयम् (उ०प्र० संस्कृत अकादमी-पुरस्कृतं ध्वनि-नाटकम्), अभिशापम् (उ०प्र० संस्कृत अकादमी-पुरस्कृतं ध्वनिनाटकम्), द्वयोरपि मञ्चप्रस्तुतिः नैकधा जाताः। पुरश्चरणकमलम्, नाट्यसप्तकम्, (दिल्लीसंस्कृतअकादम्या अखिलभारतीयमौलिकसाहित्यरचनापुरस्कारेण सम्मानितम्)।

सम्पादिता ग्रन्थाः संस्कृतसुधा, संस्कृगद्यगुच्छः, अर्वाचीनसंस्कृत-महाकाव्यविमर्शः (खण्डत्रयम्), अर्वाचीनसंस्कृत-साहित्य-परिचयः (खण्डद्वयम्), अर्वाचीनसंस्कृत-संग्रहः (खण्डत्रयम्), अर्वाचीनसंस्कृतम् (त्रैमासिकपत्रम्) १९७९ तः अद्यावधि (दिल्लीसंस्कृत-अकादम्या अखिलभारतीय संस्कृतपत्रकारितासम्मानेन सभाजितम्)। **अनूदितग्रन्थः**-अमीना (उपन्यासः)।

काव्यपाठः विदेशेषु मौरीशस-अमेरिका-इटली-यू०के० प्रभृतिषु देशेषु भारतवर्षस्य विविधराज्येषु च समायोजितेषु विविधसमारोहेषु किञ्च आकाशवाणी-दूरदर्शनयोः १९६३ तः अद्यावधि संस्कृतकाव्यपाठः कृतः। आकाशवाण्याः सर्वभाषा-कविसम्मेलने संस्कृतकविरूपेण अनुवादकर्तृकविरूपेण च सहभागिता कृता।

साम्प्रतिकवृत्तिः प्रधान-सम्पादकः - अर्वाचीनसंस्कृतम् (त्रैमासिकपत्रम्)।

आवासः 'रमालयः' आर-६, वाणी विहारः, नई दिल्ली-११००५९ (भारतम्) दूरभाषः ०११-२८५६१८४६।

राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्

(भारतशासन-मानवसंसाधनविकासमन्त्रालयाधीनः,
राष्ट्रियमूल्याङ्कन-प्रत्यायनपरिषदा 'ए'-श्रेण्या प्रत्यायितः मानितविश्वविद्यालयः)

56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नवदेहली-110058

email : rsks@nda.vsnl.net.in website : www.sanskrit.nic.in

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi